सहकारिता आन्दोलन में दुग्ध सहकारिता की भूमिका एवम् योगदान — इलाहाबाद दुग्ध उत्पादकता सहकारी संघ लिमिटेड के विशेष सन्दर्भ में

इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद की
डी० फिल् उपाधि के लिये
प्रस्तुत शोध-प्रबन्ध

प्रस्तुतकर्ता

सुरेश चन्द्र यादव

निर्देशक

डा० असीम कुमार मुखर्जी

उपा-चार्य, वाणिज्य एवम् व्यापार प्रशासन विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

वाणिज्य एवम् व्यापार प्रशासन विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
इलाहाबाद
1998

अनुक्रमणिका

पृष्ठ सख्या

प्राक्कथन

प्रस्तुत शोध–प्रबध मे "सहकारिता आन्दोलन मे, दुग्ध सहकारिता की भूमिका एवम् योगदान – इलाहाबाद दुग्ध उत्पादकता सहकारी सघ लिमिटेड के विशेष सन्दर्भ में" सर्वप्रथम हमने सहकारिता एवम् दुग्ध सहकारिता के विश्लेषणात्मक पक्ष मे सहकारिता एवम् दुग्ध सहकारिता के उद्देश्य की पूर्ति के लिए व्यवहारिक – विश्लेषण का निरूपण यथोचित रूप मे किया है, इसके अन्तर्गत सर्वप्रथम सहकारिता के उद्देश्य मे "सहकारिता का उद्देश्य मुनष्यो का विकास करना है, ऐसे मनुष्य विकसित करना है जोकि आत्म–सहायता एवम् पारस्परिक सहायता की भावना से ओत – प्रोत हो ताकि व्यक्तिगत रूप से वे एक पूर्ण वैयक्तिक लक्ष्य तक और सामूहिक रूप से एक पूर्ण सामाजिक जीवन तक पहुँच सके।" 1947 तक भारत पर विदेशी राजनीति का प्रभाव रहने से विदेशी सरकार ने सहकारिता आन्दोलन को प्रोत्साहन सामाजिक कल्याण की भावना से नही दिया वरन् जनक्रान्ति के उठते हुए ज्वार को शान्त रखने हेतु दिया था । स्वतन्त्रता बाद सरकार ने अपने दृष्टिकोण मे कल्याण कारी राज्य का आदर्श स्वीकार किया इस उद्देश्य की पूर्ति मे राष्ट्र के आर्थिक जीवन को नियत्रित, सुव्यवस्थित एव सतुलित ढग से विकसित करने की आवश्यकता को अनुभव करते हुए योजनाबद्ध विकास का तरीका अपनाकर सभी पचवर्षीय योजनाओ मे सहकारिता को एक महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान कर रही है । इस उत्पादन व वितरण के विभिन्न क्षेत्रो मे एक राष्ट्रीय कार्यक्रम की भाँति लागू किया जा रहा है एक सबके लिए कार्य करेगा और सब एक के लिए कार्य करेगे। सहकारिता का उद्देश्य वर्ग, विहीन और जाति विहीन समाज की स्थापना करना होता है। इसमे एक व्यक्ति को एक व्यक्ति की भाति ही समझा जाता है और जाति तथा वर्ग को कोई महत्व नही दिया जाता है । इस प्रकार सहकारिता अपने उद्देश्य मे अपने सदस्यो को समानता का पाठ पढाती है, और उनकी आन्तरिक विशेषताओ को जागृत व विकसित करने का प्रयास करती है । सहकारिता का दर्शन "जियो और जीने दो" है अर्थात् समाज मे सभी व्यक्तियो को समान रूप से जीने का अधिकार होना चाहिए। यही सहकारिता का सौन्दर्य है और इसी से सहकारिता को महत्व प्राप्त होता है ।

सहकारिता जनतत्र की आधारशिला है ।इसमे सभी व्यक्ति समान रूप से मिलते है और समान रूप से सगठन का लाभ उठाते है । सहकारिता आर्थिक सगठन का स्वरूप के साथ ही साथ जीवन का एक मार्ग भी है । जिसके माध्यम से व जिसके सिद्धान्तो का पालन करते हुए हम लोग अपने जीवन को सुन्दर, शातिमय और मधुर बना सकते है। दूसरी तरफ दुग्ध सहकारिता के उद्देश्य मे हम सभी उपभोक्ता वर्ग निश्चुलिखित बाते अपने स्वस्थ शरीर के सर्वागीण विकास मे पाते है जो निम्न है ।

- कृषक समुदाय के आर्थिक विकास हेतु दुग्ध उत्पादो के उत्पादन, उपार्जन, प्रसस्करण एव विपणन गतिविधियो को प्रोत्साहन ।

- डेरी उद्योग के विकास एव विस्तार से सबधित उन सभी गतिविधियो को प्रोत्साहित करना, जिससे डेरी उद्योग मे सुधार हो और दुग्ध उत्पादको की आर्थिक उन्नति हो ।

- सदस्यो के हितो को बिना प्रभावित किए हुए सदस्यो या अन्य स्रोत से वस्तुओ का उपार्जन या क्रय तथा उसी के सग्रह, प्रसस्करण, निर्माण – वितरण और विक्रय के उद्देश्य के उपार्जन एव अवशीतन केन्द्रो, तरल दुग्ध इकाइयो, प्रसस्करण सुविधाओ आदि की स्थापना ।

- पशु चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान एव पशु स्वास्थ्य सेवाए उपलब्ध कराकर पशु स्वास्थ्य रक्षा एव रोग नियत्रण सुविधाओ मे सुधार तथा सदस्य दुग्ध सघो को इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु सहयोग ।

- विभिन्न स्तरो पर दूध एव दुग्ध उत्पादो के रख–रखाव हेतु सगठित गुणवत्ता नियत्रण तथा अनुसधान व गुणवत्ता नियत्रण प्रयोगशाला की स्थापना ।

- प्राथमिक दुग्ध समितियो एव दुग्ध सघो के सगठन एव उनमे विशेपत दुग्ध व्यवसाय मे सहकारी सिद्धान्तो और सहयोग भावना को प्रोत्साहन ।

– आवश्यकतानुसार अनुबन्ध करके सदस्य दुग्ध सघो को तकनीकी, प्रशासनिक वित्तीय और अन्य आवश्यक सहायता प्रदान करना ।

– जहा भी आवश्यक हो नये क्षेत्रो का सर्वेक्षण करके दुग्ध उपार्जन की सम्भावनाओ का पता लगाना ।

– अवशीतन केन्द्र व डेरी भवन हेतु स्थान के चयन, ले–आउट की तैयारी, भवन योजनाओ और नये इकाइयो की स्थापना एव निर्माण कार्य, इकाईयो की टर्न की आधार पर स्थापना एव परियोजनाओ का पर्यवेक्षण ।

– सदस्य दुग्ध सघो के व्यवसायिक प्रबन्ध, पर्यवेक्षण एव सम्प्रेक्षण की समस्न कार्य प्रणाली हेतु परामर्श, मार्गदर्शन, सहयोग एव नियत्रण ।

– दुग्ध एव दुग्ध पदार्थों के सग्रह, भण्डारण एव परिवहन की व्यवस्था।

– फेडरेशन द्वारा विपणन किए जाने वाले एव दुग्ध पदार्थो की गुणवत्ता क मानक का निर्धारण ।

– दुग्ध उत्पादको और उनसे सबधित दुग्ध समितियो तथा सदस्य दुग्ध सघो की उत्पादकता वृद्धि हेतु मापदण्ड का सुझाव ।

– दुग्ध सघो एव फेडरेशन के हितो को ध्यान मे रखते हुए सम्पूर्ण उत्पादन कार्यक्रम की रूप–रेखा तैयार करना ।

– दुग्ध सघो से सम्बद्ध दुग्ध सहकारी समितियो के दुग्ध उत्पादक सदस्यो हेतु दुधारू पशुओ के क्रय की व्यवस्था या सहायता प्रदान करना ।

– दुग्ध सहाकारी समितियो के सदस्यो या इस हेतु कार्य करने वाले कार्मिको और सरकारी कर्मचारियो हेतु प्रशिक्षण व्यवस्था ।

– सदस्य दुग्ध सघो या उनके सदस्य दुग्ध समितियो को हरा चारा उगाते हेतु प्रोत्साहन ।

फेडरेशन के उद्देश्यों और गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करना ।

इस प्रकार उपरोक्त वर्णित सहकारिता व दुग्ध सहकारिता के उद्देश्यों के अध्ययन के बाद पाते है कि समस्त व्यवसायिक कार्यकलाप वित्तीय परिसीमाओं के द्वारा निर्धारित होते है। प्रत्येक व्यवसायिक निर्णय का कोई न कोई वित्तीय पक्ष होता ही है। अत यह भी साथ ही साथ आवश्यक हो जाता है कि सहकारिता आन्दोलन का पक्ष क्या होगा। सहकारिता की प्राप्ति के लिय प्रत्येक व्यवसायिक क्षेत्र को अवश्य ही किसी आर्थिक सगठन का सहारा लेना पडता है। शोध प्रबंध मे इस बात को दर्शाने का पूरा प्रयास किया गया है कि भारतीय सहकारिता आन्दोलन ने भारतीय सहकारिता के पूँजी बाजार क्षेत्र मे किस प्रकार सहकारिता की भूमिका निभाकर एक शीर्षक सहकारिता आन्दोलन का दर्जा प्राप्त किया है, दुग्ध सहकारिता अपने उद्देश्य की पूर्ति में विभिन्न क्षेत्रों को किस प्रकार अपनी दुग्ध उत्पादकता के द्वारा विकसित किया है। आदि समस्त योगदान को समावेश करने का पूरा प्रयास किया गया है।

एम0काम0 मे श्रेष्ठता अक व श्रेष्ठता सूची मे उत्तीर्ण करने के बाद पूज्यनीय माताजी व पिताजी (अपरिमित उत्साह के धनी, आर्शीवाद के अक्षुण कलश, कर्मठ पौरूष, आत्मीयता ज्ञान, सदर्शन एव सूझबूझ के अथाह सागर) के असीम कृपा से मुझमे शोध के प्रति रूचि उत्पन्न हुई और दोनों के आर्शीवाद से ही मैने शोध करने का निश्चय किया। प्रस्तुत शोध कार्य मे मै प्रोफेसर जगदीश प्रकाश, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य एव व्यापार सगठन, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद एव प्रोफेसर शिव प्रताप सिह, सकायाध्यक्ष, वाणिज्य सकाय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद का आभार प्रकट करता हूँ, जिनके प्रेरणा से एवम् उपाचार्य डा0 असीम कुमार मुखर्जी के मार्ग-दर्शन से यह शोध कार्य सम्पन्न हुआ। मै उनके प्रति श्रद्धावान हूँ। शोध कार्य को पूरा कराने मे पूज्य उपाचार्य से समय-समय पर महत्वपूर्ण निर्देश मिले। उन्होंने अपना अमूल्य समय प्रदान करके महत्वपूर्ण

सुझावो व दिशा निर्देशन के द्वारा समस्याओ का समाधान किया। उनके मार्ग दर्शन व निर्णयन के लिए मै सदैव उनका आभारी रहूँगा। शोध ग्रन्थ के लेख मे जिन ग्रन्थो एव पत्र पत्रिकाओ के आकडे व जानकारी मुझे सहायता प्राप्त हुई है उनके प्रति मै अत्यन्त कृतज्ञ हूँ।

अपनी ममतामयी माँ, पिताजी, भैया-भाभी, चाचा, चाची व प्रिय बहन तथा अन्य रिश्तेदारो के प्रति हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिन्होंने मेरी सारस्वत-साधना के लिए अनुकूल वातावरण दिया और मै निश्चिन्त होकर अपना कठिन शोध पूर्ण कर सका। इस शोध प्रबध मे मै अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रजना यादव के पूर्ण सहयोग हेतु भी साधुवाद देता हूँ।

शोध प्रबन्ध मे हिन्दी टकण त्रुटियो को दूर करने का सम्पूर्ण प्रयास किया गया है, फिर भी यत्र-तत्र त्रुटियाँ रह गई है जिनके लिए मै विद्वज्जनो से क्षमा प्रार्थी हूँ।

प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में "सहकारिता आन्दोलन मे दुग्ध सहकारिता की भूमिका एवं योगदान - इलाहाबाद दुग्ध उत्पादकता सहकारी सघ लिमिटेड के विशेष सन्दर्भ में" की महत्त्वपूर्ण भूमिका को दर्शाते हुए कुछ कमियो का दर्शन भी किया गया है। साथ ही साथ उन्हे दूर करने के समुचित उपाय भी बताए गये है।

मेरे इस परिश्रम से यदि वाणिज्य - जगत् का कुछ भी उपकार हुआ तो यही मेरी कृतार्थता व कृतकृत्यता होगी।

विनयावनत्

वाणिज्य विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय,
इलाहाबाद
1998

सुरेश चन्द्र यादव

प्रथम अध्याय

सहकारिता का अर्थ, आशय, तत्व और सिद्धान्त

एक सामान्य अवलोकन

****

सहकारिता का उद्भव एवम् विकास स्वयभूत होकर सरकारी अधिनियम मे सरकारी सरक्षण एवम् नियत्रण मे हुआ । सर्वप्रथम 1904 मे सहकारी साख अधिनियम बना और तदनुसार सहकारी ऋण समितियों का पजीकरण एवम् गठन प्रारम्भ हुआ । इस अधिनियम को अधिक व्यापक एव बहुउद्देशीय बनाने के लिए 1912 मे दूसरा सहकारी साख अधिनियम बना । 1919 मे सहकारिता को राज्य सरकारों के अधीन कर दिये जाने के कारण राज्यों ने अपने-अपने सहकारी अधिनियम बनाये । भारत मे सहकारिता का विशाल कार्यक्षेत्र राज्यों के सहकारी अधिनियम के अन्तर्गत विकसित हुआ । आज यह सहकारिता ससार का सबसे बडा सहकारी क्षेत्र बन चुका है । 3 5 लाख समितियों एवम् 15 करोड समितियों को अपने मे समाहित किये हुए भारत का सहकारी क्षेत्र कृषि उत्पादन, विपणन, प्रक्रिया एव छोटी बडी अनेक इकाइयों को सचालित करता है ।

युवकों की चिन्तन शक्ति, उनकी सवेदनशीलता और उनके संवेगी स्वभाव मे एक गत्यात्मक प्रवाह होता है । इस प्रवाह को रचनात्मक यह ध्वसात्मक मोड दिया जा सकता है । उनकी इस नैसर्गिक शक्ति का सुवांछित उपयोग किया जा सकता है । उनकी नैतिक भावना को संवेगी बल देकर उनके आदर्श मूल्यों को उभारा जा सकता है । उनकी क्रियाशीलता को उत्साहित कर उन्हे कुशलकर्मक बनाया जा सकता है । उनकी रचनात्मक प्रवृत्तियों को प्रोत्साहित कर उन्हे कुशलकर्मक बनाया जा सकता है । साथ ही उनके पौरूष विम्ब को उद्वेगी उछाल देकर उन्हे ध्वश का कारण भी बनाया जा सकता है । निश्चय ही सहकारिता एक ऐसा क्षेत्र है जिसमे युवकों को भागीदार बनाकर उनकी शक्ति को सगठित व सार्थक बनाया जा सकता है ।

सहकारिता के उद्देश्यों, महत्व तथा सिद्धान्तों एवम् उसकी विशेषताओं का अध्ययन करने के बाद विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि सहकारी सगठन एक ऐसे व्यक्तियों का सगठन है जो स्वतत्र इच्छा से समानता के आधार पर और सामान्य हितों की वृद्धि के लिये संगठित होते है । जिससे कि वे अपने सामान्य व सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति कर सकें । इस प्रकार वे अपनी आर्थिक दुर्बलता को पारस्परिक सहयोग द्वारा दूर करने मे समर्थ पाते है और सीमित साधनों को एकत्रित करके आत्म

मे सफल पाते है । कारण कि सहकारिता प्रजातांत्रिक सिद्धान्तों पर आधारित है । वस्तुत यह स्वय मे एक आर्थिक लोकतत्र है जिसमे व्यक्तियों का विशेष महत्व है न कि पूँजी या व्यक्तिगत लाभ का । सहकारी सस्था लाभोपार्जन के उद्देश्य से स्थापित नहीं की जाती है । उसका मुख्य उद्देश्य अपने सदस्यों की तथा समाज व समुदाय की अधिकतम् सेवा करना होता है । इसीलिए हम सहकारिता को जीवन का दर्शन भी कहते है ।

पारस्परिक सहयोग का ही दूसरा नाम सहकारिता है। साथ-साथ मिलकर कार्य करना या एकाधिक लोगों द्वारा मिलकर कुछ ऐसा काम करना जिससे कि सबको लाभ हो, सहकारिता का प्रथम निर्देशक तत्व है । आज का समाज जटिल है और इस जटिल जीवन की समस्याये उससे भी कहीं अधिक जटिल हैं। ऐसी अवस्था मे यह आशा करना व्यर्थ है कि आज हममे से कोई भी आत्म निर्भर होगा। अपने आप मे पूर्ण होगा। स्वय ही अपनी सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के योग्य होगा। अपने सहयोग पूर्ण हाथों को आगे बढाना होगा, दूसरों के उसी भाँति सहयोगी हाथों को पकडने के लिये, यही सहकारिता है। सहकारिता एक संस्थात्मक सहयोग है। इसका तात्पर्य है कि जब तक कुछ व्यक्ति स्वेच्छा से समानता और सामान्य हितों की प्राप्ति के आधार पर अनेक नियमों से बधकर एक दूसरे को सहयोग प्रदान करते है। ऐसे सहयोग को हम सहकारिता के नाम से जानते है।

वर्तमान समय मे सहकारिता हमारे जीवन का एक तरीका बन गया है। साधारण तौर पर साथ-साथ मिलकर किन्हीं कार्यो को करना सहकारिता कहलाता है। परन्तु इतना ही कह देना सहकारिता के महत्व को स्पष्ट नहीं करता है। वास्तव में सहकारिता के अन्तर्गत एकाधिक लोगों द्वारा साथ-साथ मिलकर किये जाने वाले वे कार्य सम्मिलित किये जाते है जो मानव हित व आर्थिक उन्नति के लिए आवश्यक हैं। और जो कि पूर्व निर्धारित शर्तो के अनुसार किये गये है। "इस प्रकार से हम कहते है - सहकारिता वह आत्म सहायता है जिसे सगठन के द्वारा प्रभावपूर्ण बनाया जाता है।" हिन्दी मे एक कहावत है कि एक और एक ग्यारह होते है। मुनष्य अकेला दुर्बल हो सकता है परन्तु यदि बहुत से व्यक्ति एक साथ मिल जायें तो वे सभी आपस मे मिलकर असम्भव कार्य को भी सम्भव कर सकते हैं, यही सहकारिता है। इस प्रकार सहकारिता दुर्बल

व्यक्तियों का एक ऐसा शस्त्र है जिसके द्वारा अपनी दुर्बलताओं को नई शक्तियों मे बदलने मे सफल हो सकते है। सहकारी योजना समिति द्वारा "सहकारी समिति एक ऐसा सगठन है जिसमे व्यक्ति समानताधार पर अपने आर्थिक हितों की उन्नति आपस मे स्वेच्छा से सगठित होते है।" इस प्रकार सहकारिता उस सयोग की ओर सकेत करती है जो कि न्यायपूर्ण साधनों द्वारा आर्थिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिये बनायी जाती है। सहकारिता का साधारण भाषा मे अर्थ है एक दूसरे को सहयोग करना या मिलजुलकर काम करना। आर्थिक सगठन से सहकारिता आर्थिक दृष्टि से व्यक्तियों के उस सगठन का नाम है जो स्वेच्छा से आर्थिक दृष्टि से बनाया जाता है। इस सगठन से आपसी सहयोग, त्याग, आत्मनिर्भरता और मित्रव्ययिता आदि गुणों का विकास होता है। सहकारिता मे व्यक्तिगत उत्तरदायित्व नहीं बल्कि सामूहिक उत्तरदायित्व का विकास होता है। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम सगठन ने भी इसी रूप को सहकारिता के रूप मे स्वीकार किया गया है। इस प्रकार हम कह सकते है कि "सहकारिता एक ऐसा सगठन है जिसमे व्यक्ति मानव के रूप मे समानताधार पर अपने आर्थिक हितों की पूर्ति के लिए स्वेच्छा से सहयोग करते है।" सहकारिता जीवन दर्शन के साथ ही साथ यह व्यक्ति को स्वार्थ परायणता एव सकीर्णता से सार्वजनिक सेवा की ओर ले जाता है। प्रतिस्पर्धा को समाप्त कर पारस्परिक सहयोग से व्यक्ति अपने स्वय के सगठन व मैत्री द्वारा आर्थिक क्रियाओं का सचालन करने लगता है। सहकारिता पूँजीवादी और समाजवादी दोनों व्यवस्थाओं से उत्तम है। सहकारिता के माध्यम से व्यक्तिगत स्वतत्रता की रक्षा करते हुए आर्थिक समृद्धि व सार्वजनिक कल्याण के लक्ष्य प्राप्त किये जा सकते है। सहकारिता, लोकतान्त्रिक, समाजवाद व आर्थिक नियोजन तीनों मे परस्पर गहरा सबध है। सहकारिता से मातृ भावना, समता, आत्म विश्वास, व्यवस्था, कुशलता आदि व्यवहारिक व नैतिक गुणों का विकास होता है जो कि समाज व देश की समृद्धि के लिये आवश्यक है।

वर्तमान समय मे दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण व ज्वलत आवश्यकता राष्ट्रों के आर्थिक विकास की गति को तेज करना है। सहकारिता का आर्थिक व सामाजिक विकास, उत्थान से धनात्मक सहसबध है। इन प्रक्रियाओं मे सहकारिता का स्थान बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। किसी भी अर्थ व्यवस्था मे सहकारिता के जन्म के पीछे भीषण अकाल, अत्याधिक

गरीबी, पूँजीपतियों द्वारा अत्याचार, मदी अथवा तेजी, समाज का शोषण व उत्पीडन तथा अत्यन्त उत्पादित जैसे तत्व रहे है। जो कि आर्थिक विकास की गति को हतोत्साहित व समाज को विघटित करते है। इग्लैण्ड मे सहकारिता का जन्म उस समय हुआ जब श्रमिक वर्ग घोर कष्ट का अनुभव कर रहा था। जर्मनी मे व्यापारियों व ऋणदाताओं द्वारा किये जाने वाले कृषकों के तीव्र शोषण ने सहकारिता को प्रोत्साहित किया। हमारे देश मे सहकारिता का जन्म भारतीय ग्रामीणों को साहूकारों एव महाजनों से छुटकारा दिलाने तथा प्रकृति के प्रकोप से राहत किसानों के लिये किया गया। सहकारिता के माध्यम से आर्थिक निर्माण के क्षेत्र मे सामाजिक हितों, न्यायपूर्ण वितरण व सामाजिक बधुत्व की भावना को ध्यान मे रखा जा सकता है। कृषि प्रधान देशों की प्रगति के लिए सहकारिता एक साधन है। सहकारिता कृषि विकास की एक प्राविधि है और इसके अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प नहीं है। सहकारिता का उत्पादन के अतिरिक्त आर्थिक जन-जीवन के क्षेत्र मे स्थान है - जैसे - उपभोग, विनियम व वितरण। यह ग्रामीण क्षेत्रों मे कृषि अर्थव्यवस्था, ग्रामोद्योग एव रोजगार के विकास मे भी सहायक है। इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि सहकारिता एक ऐसी व्यवस्था है जो किसी भी अन्य व्यवस्था से विरोध न करते हुये आर्थिक विकास को गति प्रदान करती है। अब सहकारिता ही एक ऐसा माध्यम है जो कि विशेष कर ग्रामीण जन-जीवन को सुखमय बना सकता है।

प्रारम्भिक अवस्था मे सहकारिता कृषि सहकारिता के रूप मे विकसित हुई। लेकिन बाद मे चलकर सहकारिता के कई प्रारूप सामने आये। हमारे देश मे आज सहकारी समितियों का प्रारूप मुख्य रूप से त्रिस्तरी है। सहकारिता प्रारूप के आधे भाग पर प्राथमिक समितियॉ है जो विभिन्न प्रकार की सेवाओं की उपलब्धि के लिये कार्य करती हैं। इनमे से लगभग 80% कृषि से सबंधित है अर्थात् वे कृषि सहकारी समितियॉ है, इनमे भी लगभग 60% ऋण समितियॉ है। भारत एक कृषि प्रधान देश होने के नाते कृषि से संबंधित समितियों का होना स्वाभाविक है। इसके साथ ही यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि भारत में कृषि वृत्त की समस्या को दूर करने और

ग्रामीण साहूकारों के चगुल से आक्रान्त भारतीय ग्रामीण समाज को मुक्त कराने के लिए ही सहकारिता का जन्म हुआ। अखिल भारतीय ग्रामीण साख सर्वेक्षणानुसार 1951 की सिफारिश पर कृषि साख प्रदान करने हेतु एक नियोजित उपागम शुरू किया गया। फलस्वरूप ग्रामीण स्तर पर प्राथमिक समिति, जिला स्तर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक और राज्य स्तर पर शीर्ष सहकारी बैंक के रूप मे सहकारिता का एक त्रिस्तरीय ढॉचा तैयार किया गया। कृषि क्षेत्र के अतिरिक्त आज एक गृह निर्माण, उपभोग एव अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में सहकारी समिति ने अभूतपूर्व प्रगति की है।

हमारे देश मे कानूनी सहकारिता के रूप मे अग्रेजी शासन के विकास मे प्रमुख भूमिका रही है। यूरोप मे वैधानिक सहकारिता के माध्यम से सहयोग, उत्पादन मे व्याप्त शोषण एव असमानता को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। अग्रेजी सरकार ने उसे भारत में भी लागू करने का प्रयास किया। इसका प्रारम्भ किसानों को साख सुविधा प्रदान करने, उपभोग वस्तु उपलब्ध कराने, वस्तुकारों को कच्चा माल उपलब्ध कराने एव बाजार की सुविधा की दृष्टि से किया गया। अत इग्लैण्ड मे जन्मी कानूनी सहकारिता के वृक्ष को भारत मे भी कानूनी सहायता या मान्यता प्रदान करने का प्रयास किया गया। इस प्रकार की सहकारिता का सूत्रपात सन् 1904 मे किया गया और आजादी के बाद सहकारिता योजना का एक प्रमुख मार्ग बन गई। आज सहकारिता जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में प्रवेश कर गई है। सहकारिता मानव जीवन को सुखमय बनाने व समूचे रूप से समृद्धि की ओर ले जाने मे लगी हुई है। सहकारिता के माध्यम से कृषि उत्पादन, कृषि विपणन, बनुकर, गृह निर्माण, औद्योगिक विकास आदि क्षेत्रों मे प्रगति की है। सक्षेप में मै इतना तो जरूर कर सकता हूँ कि सहकारिता के माध्यम से आर्थिक लाभ के अतिरिक्त सामाजिक एव नैतिक लाभ भी हुए है। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता सफल हुई है वहॉ लोगों मे सहयोग व सद्भावना बढी है। मुकद्मेबाजी वे फिजूल खर्ची कम हुई है। लोगों मे आत्मनिर्भरता, ईमानदारी, शिक्षा, मितव्ययिता, स्वालम्बन और पारम्परिक सहयोग की भावना का विकास हुआ है।

इस प्रकार हम कह सकते है कि सहकारिता को ग्रामीण अर्थव्यवस्था का

आधार बनाने के लिये क्रान्तिकारी परिवर्तन की आवश्यकता है । मनुष्यों के नैतिक स्तर से परिवर्तन लाना होगा जिससे वे समझ सके कि सहकारिता उनकी स्वम् की सहकारिता है, सस्था है। यह उन्हीं के द्वारा सचालित होकर उन्हीं को लाभ देगी। सरकार तो मात्र मार्गदर्शक है। आज की सहकारिता के आधार स्तम्भ सदस्यों को प्रशिक्षित करना आवश्यक है। सहकारी समितियों की स्थापना उपर से नीचे की ओर न होकर नीचे से ऊपर की ओर होनी चाहिए। अब यह भी देखना जरूरी हो गया है कि क्या किसी सीमा तक परम्परागत् सहकारी एवम् कानूनी सहकारिता मे समन्वय सम्भव है यदि सम्भव है तो उस दिशा मे कदम उठाया जाना चाहिए। हमारे राजनेताओं, जनप्रतिनिधियों एवम् आर्थिक योजनाकारों को समझ लेना चाहिए कि हमारी मानवीय कमियों की वजह से हमारे देश मे सहकारिता की जडे जमने मे कई दशक लगेगें। इसीलिए हर वर्ग को जिम्मेदारीपूर्वक सोच-समझकर कदम उठाना चाहिए। इस प्रकार मै कह सकता हूँ कि यदि इन बातों पर ध्यान दिया गया तो निश्चय ही सहकारिता अन्य देशों की भॉति भारत मे भी अपना महत्वपूर्ण भमिका निभा सकेगी।

सहकारिता का आर्थिक विकास से गहरा सबध है। आर्थिक विकास में सहकारिता का गहरा सबध है तथा सहकारिता का स्थान बडा है। किसी भी सहकारिता के जन्म के पीछे भीषण अकाल, अत्यन्त गरीबी, पूँजीपतियों द्वारा शोषण मदी अथवा तेजी, समाज मे उत्पीडन एवं निम्न आपत्ति जेसे तत्व रहे है जब आर्थिक विकास की प्रक्रिया मे साधनों का व्यक्तिगत स्वामित्व हतोत्साहित होता है तो उस समय सहकारिता आर्थिक क्रियाओं के सचालन को सबसे अच्छी व्यवस्था करती है। 20वीं शताब्दी के प्रथम दशक के मध्य से सहकारिता आन्दोलन शुरू हुआ। सहकारिता को लाखों गरीब, किसान, खेतिहर मजदूर तथा गरीबी की रेखा के नीचे रहने वालों के आर्थिक रूपान्तरण के लिए एक कारगर हथियार समझा गया और सहकारी आन्दोलन के सूत्रधारों ने हमेशा इसके लोकतांत्रिक स्वरूप पर जोर दिया। इस समय देश के प्रत्येक क्षेत्र में सहकारी आन्दोलन का म0पू0 स्थान है। किसानों को सस्ते अल्पकालीन, मध्यकालीन एव दीर्घकालीन ऋण की सुविधा नगद एवं उवर्रक, कृषि यन्त्र, दवाये आदि वस्तु के रूप में उपलब्ध

कराते हुए अनुसूचित जाति, जनजाति, भूमिहीन तथा लघु सीमान्त किसानों को अनुदान सहित औद्योगिक, दस्तकारी एवम् व्यवसायिक सुविधा भी प्रदान कराता है। ग्रामीण जनता को रोजगार देने के लिये ही नहीं बल्कि बडे उद्योगों के फलस्वरूप शहरों मे बढ रही आबादी के परिणाम, वायु प्रदूषण, गन्दी वस्तियाँ, मजदूर समस्या आदि का समाधान सहकारिता धार पर ग्रामीण औद्योगिकीकरण से ही सम्भव है। यह ठीक है कि प्राथमिक स्तर की छोटी - छोटी औद्योगिक सहकारी समितिया हमारा अभी तक का अनुभव अनुकूल नहीं, लेकिन इसमें सदस्यों का दोष कम और व्यवस्था का अधिक है।

सहकारिता सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा जनमानस का हर भाई, हर जाति के हर व्यवसायी को हर सुविधाए सुलभ कराते हुए दैनिक आवश्यक वस्तुओं का वितरण कर रही है। जिन - जिन क्षेत्रों मे सहकारिता की समितिया सक्रिय हुई है उनमे उन्हे सफलता मिली है। दूध हो, मछली पालन हो, तिलहन हो, मूँगफली हो, दाल, फल, हरी सब्जी आदि मे ज्यादातर लोग लगे है। सहकारी चीनी मिलों मे जो किसान का गन्ना आता है उसमे यह शिकायत नहीं रहती है कि उनका करोड रूपया चीनी मिल मालिकों के ऊपर पडा है। इस प्रकार जिस क्षेत्र मे सहकारी समितिया सफल हुई है उनके सदस्यों को आर्थिक लाभ हुआ है।

सहकारिता का मुख्य उद्देश्य उत्पादक और उपभोक्ता दोनो को निहित स्वार्थो के शोषण से बचाना है। स्वार्थी तत्व न केलव शहरी व ग्रामीण जनता का शोषण करते है अपितु वे राष्ट्रीय विकास मे भी बाँधा पहुँचाते है। देश के सीमित साधनों और उसके ऊपर छाये आर्थिक सकट की विभिषिका से बाण केवल सहकारी समितियाँ ही दिला सकती है। इसी उद्देश्य से राष्ट्रहित मे सहकारी आन्दोलन देश की अर्थव्यवस्था को विभिन्न क्षेत्रों को अपने अन्दर या अन्तर्गत लाने के लिए अपनी गतिविधियों को विस्तृत बना रहा है ताकि हर गाँव के हर वर्ग का हर व्यक्ति विशेषकर छोटे वे सीमांत कृषि श्रमिकों, ग्रामीण शिल्पियों तथा निम्न व मध्य आय वाले वर्ग को सहकारी परिधि मे लाकर हम व्यक्ति के उत्थान से राष्ट्रीय हितको सम्भव कर संके। ऐतिहासिक

परिपेक्ष्य मे 1895 से ही जस्टिस रनाडे के सतत् प्रयत्नों के प्रयास से ग्रामीण ऋण को हल करने के लिए कृषि बैंको की स्थापना की गई। उ0प्र0 मे डूपर्नेक्स की सहायता से ग्रामीण ऋण समितियों के गठन की उल्लेखनीय पहल थी। सर्वप्रथम 1904 मे सहकारी साख समिति अधिनियम पास हुआ। तत्पश्चात् 1912 मे पुन सहकारी साख अधिनियम पारित होने से समाज मे चेतना जागृत हुई। इस अधिनियम के पारित होने के 2 वर्ष बाद लगभग 15000 सहकारी साख समितियाँ गतिशील थी। 1915 मे मैकलेगन समिति गठित हुई, किन्तु इसकी अनुशसा का क्रियान्वयन प्रथम विश्व युद्ध छिडने से न हो सका। 1919 मे मांटेग्यू चेम्सफोर्ड सुधारों के फलस्वरूप सहकारिता को राज्य सरकारों का विषय बनाया गया। 1935 में रिजर्व बैंक की स्थापना से सहकारी समितियों को बल मिला। 1945 की सरैया समिति की अनुशसा से सहकारिता को अधिक गति प्रदान हुई। वस्तुत 1951 से देश मे योजनाबद्ध सहकारिता का प्रारम्भ हुआ। स्वीकार्यतया आध से अद्यतन तक इस मानवीय चेतना (सहकारिता) का दिश्दर्शन समाज मे पूर्णतया परिलक्षित है। सहकारिता एक मानवीय चेतना है इसे राजनैतिक परिसीमा मे नहीं परिवेछित किया जा सकता है। न किसी बाद तक सीमित ही किया जा सकता है। सहकारिता मानवीय आवश्यकता के साथ ही साथ विकास की कुजी भी है, जिसमे आर्थिक लाभ के साथ ही साथ नैतिक लाभ भी परिलक्षित होता है। लोगों मे मद्यपान, जुआखोरी व बुरी प्रवृत्तियों का अत होता है। इसके स्थान पर परिश्रम, लगन, कर्तव्यनिष्ठा, परस्पर सहयोग एवं स्वालम्बन के गुण परिलक्षित, पल्लवित व पुष्पित होते है। इस प्रकार उपरोक्त बातें होने पर निष्कर्ष रूप मे हम कह सकते है कि सभी चीजों के बाद सामाजिक परिवर्तन होकर, समाज मे सहकारिता नव जीवन का सचार करती है।

				(हजार रू0)			(हजार रू0)		
1	आन्ध्र प्रदेश	312	277020	976	982	48860	137226	1787	27
2	असम	99	26274	65248	489	201561	18404	17	
3	बिहार	293	49014	-	1558	179983	1152935	269	
4	गुजरात	190	111927	183513	1037	382480	494420	7240	228
5	हरियाणा	68	43324	427048	71	70687	29422	98	[illegible]
6	हिमाचल	43	6131	3231	73	17288	91626	6	
7	जम्मू कश्मीर	84	23787	49817	67	24492	306769	7	
8	कर्नाटक	196	271861	9368	1487	562312	69937	1221	32
9	केरल	42	89511	600132	329	148434	427527	163	3
10	मध्य प्रदेश	233	106292	230479	696	266207	513509	780	5
11	महाराष्ट्र	320	420075	1374673	1704	769570	8500	13696	47
12	मणिपुर	15	2387	344	1	537	6410	6	
13	मेघालय	64	1863	1217	56	6332	-	20	
14	नागालेण्ड	-	-	-	-	-	-	-	
15	उडीसा	61	24996	20710	650	203645	99387	0428	2
16	पजाब	117	84872	1209563	85	126534	824489	1692	5
17	राजस्थान	141	58899	7800	107	202046	152770	1646	14
18	तमिलनाडू	116	608316	10918	858	1299872	291317	-	

सख्या	राज्य/क्षेत्र	विपणन समितियाँ			उपभोक्ता भण्डार			
		सख्या	सदस्यता	उपज बिक्री (हजार रू0)	सख्या	सदस्यता	आपूर्ति (हजार रू0)	सख्या
19	त्रिपुरा	15	2368	2914	79	8826	9	3
20	उत्तर प्रदेश	294	876752	80885	1831	552229	1293374	1355
21	प0 बगाल	307	138342	53853	2316	517410	144726	955
22	अण्डमान निकोबार	1	120	733	38	16927	-	004
23	अरूणान्चल	-	-	-	57	8059	-	-
24	दिल्ली	4	2546	-	427	135476	93	304
25	गोवा दमन	-	-		59	30463	-	70
26	और दीप	-	-	-	-	-	-	-
27	चण्डीगढ	1	546	-	10	15609	-	-
28	दादर	-	-	-	2	566	-	002
	योग	3023	3227650	4404610	15804	6293374	6071940	31917

1 "नावार्ड द्वारा प्रकाशित सहकारी आन्दोलन सबधी आकडे 1978-79 से साभार" पेज 29

इस प्रकार से हम कह सकते है कि सहकारिता हमारे सामाजिक, आर्थिक एवम् धार्मिक सबधों को दृढ आधार प्रदान करने मे एक सशक्त माध्यम रही है। 1904 से आज तक अनेकों सहकारी समितियों की स्थापना की जा रही है। वर्तमान मे विपणन उपभोक्ता, अधिकोषण, प्रक्रिया एवं आपूर्ति आदि क्षेत्रों मे 3 लाख से अधिक सहकारी समितियाँ अनुमानत 12 करोड सदस्यों के साथ भारत देश मे कार्यरत है। सहकारी सस्थाओं का निरन्तर विशिष्टीकरण होता जा रहा है। इसके पीछे उनका उद्देश्य अपने सदस्यों के सामाजिक स्तर मे सुधार लाना निहित है। सहकारिता आन्दोलन की सफलता राष्ट्रीय जनसख्या के अधिवर्ग की क्रियात्मक सहभागिता पर निर्भर करती है। इस सदर्भ मे भारतीय युवा वर्ग को महत्वूपर्ण स्थान प्राप्त है। भारत सरकार के अनुसार 15 से 30 वर्ष के आयु वर्ग के छात्र, युवा वर्ग सहकारिता को बढाने मे सक्रिय भूमिका निभाते है। यह अवधि युवा वर्ग के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए सर्वोत्तम मानी जाती है। ऐसे समय मे युवा वर्ग के सदस्य यह कामना करते है कि समाज उनकी उपस्थिति को स्वीकार करे। उनके मान्यताओं वे अधिकारों को स्वीकृति प्रदान करने के लिए उनके समाज, परिवार एव स्वय उनके प्रति उत्तरदायित्वों को मान्यता प्रदान करें। इसके लिए यह वर्ग एक टीम भावना एवम् सामूहिक शक्ति से कार्य करने के लिए तत्पर दृष्टिगोचर रहा है। भारत मे सामाजिक क्रिया-कलापों के प्रबध व सगठन मे युवा छात्र शक्ति की आत्म निर्भरता एवम् उसकी निर्णय क्षमता को प्रभावशाली बनाने के लिये सहकारिता आन्दोलन को एक सफल मत्र के रूप मे स्वीकार किया गया है। यदि हम भारत के सहकारिता आन्दोलन पर दृष्टिपात करे तो हम पाते है कि इस दिशा मे सरकार व स्वैच्छिक सहकारी इकाईयों द्वारा पर्याप्त प्रयास किये गये है। छात्र उपभोक्ता सहकारी भण्डारों, छात्र सहकारी जलपान गृहो तथा सहकारी बुक बेंक्स आदि कार्यक्रमों को इसमे शामिल किया गया है।

सागर मे गोता लगाने पर यदि मोती न मिले तो यह नहीं समझना चाहिए कि उसमे मोती ही नहीं है। मोती को ढूढना ही चाहिए। बिलम्ब निश्चित रूप से असतोष को जन्म देता है। समय सबका इन्तजार करता है। सहकारिता भी कोई सस्ते ब्याज पर रूपया देने की ही क्रान्ति नहीं है। यह लोगों मे घुलमिल जाने, उनका

सगठन करने और उनमे एक दूसरे के साथ मिलकर सामूहिक जिम्मेदारियाँ उठाने, शक्ति पैदा करने की क्रान्ति है। जिसका विकास समय के साथ होता है। भारत कृषि प्रधान देश है किन्तु कृषि को बढाने के लिए देश की प्यासी धरती की प्यास बुझाने के लिए असिंचित भूमि की सिचाई करनी होगी। लोहिया जी ने सत्य ही कहा था कि बेकारी और भूख कम करने के लिए भूमि सेना ही प्रभावी तदवीर है। भविष्य कालीन सहकारी या सामुदायिक ग्रामीण जीवन की नींव भूमि सेना ही डाल सकेगी अर्थात् सहकारिता ही अनेक समस्याओं का समाधान है। सहकारिता मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र मे एक सिद्धान्त के रूप मे कार्य करती है। सहकारिता का विकास पारस्परिक सहयोग से ही सम्भव है। यह सहयोग " एक सबके लिए तथा सब एक के लिए " है। मनुष्य एक सहकारी जीव है सहकारिता भाव मे मानव जीवन छिन्न-भिन्न हो सकता है। सहकारिता से ही निर्धन व शक्तिहीन लोग अपनी हेसियतानुसार ऐसे आर्थिक व भौतिक लाभ प्राप्त कर सकते है जो शायद शक्तिशाली पूँजीपति एवम् व्यापारियों को ही प्राप्त होते हैं। गावों की दशा सुधारने के लिए सहकारिता की आवश्यकता है। सहकारी समितियाँ ही गरीबी मिटाने, असमानताए कम करने, भवन आदि का निर्माण करने की सबसे शक्तिशाली माध्यम है। हमारे देश की करीब 80% जनता गाँवों मे रहती है। अत सहकारिता का व्यापक प्रचार व प्रसार भी ग्रामीण आँचलों मे होना चाहिए।

भगवान शिव के अस्तित्व में जो महत्व शक्ति का है ठीक वेसी ही अगणिता भारतीय कृषि मे सहकारिता का है। " कृषि सम्पूर्ण भारत की आत्मा है। कृषि की सम्पूर्ण शक्ति सहकारिता है। सम्पूर्ण भारत मे लगभग 1429 लाख हेक्टेयर क्षेत्र मे कृषि की जाती है। उत्तर प्रदेश मे लगभग 17290 000 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र आता है। यह सम्पूर्ण भारत का 12 2% और उ0प्र0 के परिमाप का 58% है। सहकारिता के आधार पर करीब 80% जनता आज भी कृषि के धन्धें से बँधी है। भारत की हरित क्रान्ति मे सहकारिता की अविस्मरणीय भूमिका निहित है। अस्तु हमारा कर्तव्य है कि कृषि जो हमारे देश का प्राण है, और हमारी सुख, समृद्धि की

सीढी है उसे उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए सहकारी ब्रत ले और " सर्वहिताय व सर्व सुखाय " के लिए अन्नदा धरती को सहकारिता की जल से सींच-सींचकर अन्न, वस्त्र व मकान के अभाव की सम्भवनाओं का उपसहार कर दे। देश के सर्वागीण विकास के लिए सहकारिता के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प ही नहीं है। आज प्रत्येक स्तर पर सहकारिता बनाम् सहयोग की भावना का महत्व दृष्टिगोचर हो रहा है। लोकमगलकारी भावना विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की ओर सहयोग के आधार पर एक महत्वाकाक्षी प्रयास है। इसमे अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए सहकारी कार्यक्रमों का संचालन और अनुश्रवण नवीन वैज्ञानिक प्रणाली के आधार पर किया जाना चाहिए। इससे शीघ्र औद्योगिक विकास सम्भव है। सहकारी सस्थाओं की प्रगति मे सस्थाओं के आकडो का अति महत्वपूर्ण योगदान है। सहकारी सस्था जब उत्तरोत्तर प्रगति करती रहेगी तो सुनिश्चित रूप से उसकी आर्थिक स्थिति सुदृढ होगी और उसमे आत्मनिर्भरता आयेगी। जब सहकारिता आत्म निर्भर होगी तब शासन व सरकार पर निर्भर नहीं होगी। इसका परिणाम यह होगा कि वह अपने स्वविवेक से जनता की अधिकाधिक सेवा कर सकेगी। ऐसी सहकारी संस्था के माध्यम से सहकारिता समाज मे एक प्रमुख स्थान बनाने मे अभूतपूर्ण सफलता प्राप्त करेगी। तब सहकारी आन्दोलन जन आन्दोलन बनने मे सफल होगी। साथ ही साथ समाजवादी समाज की सरचना भी सम्भव हो सकेगी।

" हमारी पचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत सहकारिता को विशेष महत्व प्रदान किया गया। यह विशेषकर कृषि, लघु उद्योग एवं सहकारी प्रक्रिया के क्षेत्र मे अधिक है। सहकारिता द्वारा अपने व्यक्तित्व का बलिदान किये बिना हम समाज का भलाकर सकते है। यह प्रगति करने एवम् एकाधिपत्य समाप्त करने का एक अनुपम् साधन ही नहीं, बल्कि समाजवाद का माध्यम भी है। हमारा वर्तमान खाद्य आन्दोलन बढाने का कार्यक्रम बहुत कुछ सहकारिता आन्दोलन पर ही निर्भर करता है। " " सहकारी आन्दोलन ने देश के आर्थिक जीवन मे महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। सहकारिता के संदेश- " हर एक सबके लिए है और सब लोग हर एक के लिए है।- कि आज हमारे देश को पहले से अधिक आवश्यकता है। यह आदर्श वाक्य हमारी आर्थिक

तथा सामाजिक समस्याओं के सन्दर्भ मे बहुत सार्थक तथा महत्वपूर्ण है। यदि हम इस पर सच्चाई से अमल करे, तो नि सन्देह राष्ट्र सभी दिशाओं मे प्रगति करेगा। " प्रजातंत्र की तरह ही सहकारिता एक जीवन पद्धति है। हमारे राष्ट्रीय लक्ष्य समाजवादी समाज मे इसका महत्वपूर्ण स्थान है। यह तो पूँजीवादी व साम्यवादी व्यवस्थाओं की अतियुक्त और अति नियत्रित व्यवस्थाओं के बीच का सबसे उपयुक्त मार्ग है। न्यायमुक्त और समान समाज व्यवस्था का सहकारिता एक साधन है किन्तु इसके लिए एक सक्रिय नेतृत्व, निष्कलक चरित्र, ईमानदारी, सामाजिक भावना, मितव्ययिता, व्यवसाय प्रबध का ज्ञान आदि अत्यन्त आवश्यक है। सही अर्थो मे यह एक जन आन्दोलन है और जितनी ही जल्दी सरकार पर निर्भर रहने की पुरानी प्रवृति से छुटकारा हो जाय, उतनी ही जल्दी आत्मनिर्भरता की दिशा मे इस आन्दोलन की प्रगति होगी। "

इस उद्धरणों से स्पष्ट है कि आज हम जिस समाजवादी समाज व्यवस्था को अपना लक्ष्य बनाये हुए है उसकी सफलता वस्तुत सहकारिता की भावना पर ही निर्भर करती है। जो दैनिक आर्थिक गतिविधियों में पारस्परिक सहयोग के सिद्धान्त का मूर्तरूप है और संकट का सहारा है। ऐच्छिक सहयोग की भावना संसार मे उस समय पैदा हुई जबकि सर्वत्र आर्थिक स्वतत्रता का बोलबाला था। सहकारिता मे जहाँ स्वतत्रता निहित है वहाँ इससे छोटे आदमी को भी उतना ही लाभ हो सकता है जिनता एक बडी व्यवस्था व सगठन से मिलता है। इसका उद्देश्य छोटे आदमी को कम से कम कीमत पर उसकी जरूरत की चीजें व सेवाएं मुहैया कराना है। सहकारिता का ढाँचा सघीय प्रकार का होता है। जिसमे इसकी विभिन्न इकाइयाँ अपनी जिम्मेदारी बनाये हुए सभी सुविधाओं का लाभ उठा सकती है। इसकी समूची व्यवस्थाओं मे लचीलापन है।

भारत मे सहकारिता सन् 1904 मे शुरू हुई। इसका उद्देश्य गरीब किसानों को महाजनों के चगुल से छुडाना है। स्वतत्रता प्राप्ति तक सहकारिता के कार्य सिर्फ ऋण देना तक सीमित रहा। आजादी के बाद हमने समाजवादी ढग से समाज को स्थापित करने का लक्ष्य अपनाया। इसमें प्रगति का आधार व्यक्तिगत लाभ न होकर सामाजिक लाभ माना गया। इस दिशा में सहकारी आन्दोलन का मुख्य कार्य तकनीकी ढग से

प्रगतिशील अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढती ही गयी। आगे चलकर सहकारी आदोलन का मुख्य उद्देश्य सहकारी सामुदायिक सगठन योजना का विकास रखा गया जिसके अन्तर्गत जीवन के सभी अग आ जाते हैं। ग्रामीण जीवन में उत्पादन स्तर बढाने, तकनीकी सुधारों का प्रचार करने और रोजगार की व्यवस्था बढाने के लिए सहकारिता प्रमुख साधन है। इससे समाज के हर व्यक्ति की आधारभूत जरूरतें पूरी हो सकेगी। इस उद्देश्य को ध्यान मे रखते हुए सहकारिता को आर्थिक जीवन के प्रमुख अगों को - जैसे कृषि, लघु उद्योग, लघु सिचाई और प्रोसेसिग, मण्डी, विपणन, पूर्ति ग्रामीण, विद्युतीकरण, आवास व निर्माण और गाँव वालों के लिए आवश्यक सुविधाये आदि का आधार बनाना होगा। इसी कारण सहकारिता को राष्ट्रीय विकास मे प्रमुख स्थान दिया गया।

जनसाधारण के स्तर को उँचा उठाने के लिए शिक्षा विशेषकर सहकारिता की शिक्षा महत्वपूर्ण है। भारत जैसे विकासशील देश मे सदस्यों की शिक्षा का स्तर बहुत ही गिरा हुआ है। सहकारिता आन्दोलन मे अब भी स्वार्थी तत्वों तथा शोषक तत्वों का खात्मा नहीं हो पाया है। इसी कारण उसकी कडी आलोचना भी हुई है। समाज के सभी वर्गो को फायदा पहुँचाने के उद्देश्य से सहकारिता आन्दोलन को अधिक बढाने के लिए सहकारी क्षेत्र के अन्तर्गत शुरू की गई फसल ऋण योजना मे कर्ज की रकम का सबध किसान की सम्पत्ति व साख क्षमता से नहीं वरन् उत्पादन की जरूरत से जुडा रहता है। अब वह बहुत से सहकारी गोदामों मे अपने माल को इच्छानुसार तैयार कराकर उसे समय तक सुरक्षित रख सकता है जब तक कि उसे खरीदार सतोषजनक कीमत न चुका दे। सहकारी क्षेत्र मे इस प्रकार का ज्वलत उदाहरण है चीनी उद्योग।

वैसे तो सम्पूर्ण देश मे सहकारिता के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य हुए है किन्तु विस्तार व कार्य दोनों ही दृष्टि से उत्तर प्रदेश मे सहकारिता ने श्रेयस्कर प्रगति की है। उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव यूनियन, उत्तर प्रदेश सहकारी सघ, सहकारी बैंक, राज्य भण्डारागार निगम, भूमि विकास बैंक, दुग्ध सघ, सहकारी बीज भण्डार आदि ने समाज के विभिन्न अगों को परस्पर निकट लाने का सराहनीय कार्य किया है। समाजवादी

समाज की स्थापना के हमारे लक्ष्य की पूर्ति आपसी सहयोग और सहकारिता की भावना से ही सम्भव है। सहकारिता के 3 अग है। 1- उत्पादन, 2- आपूर्ति ओर 3- वितरण। इन तीनों मे तालमेल बैठाने से ही राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। तब उपभोक्ताओं की कई समस्याए अपने आप ही सुलझ जायेगी।

वास्तव मे सहकारिता आधुनिक युग के समस्त आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक रोगों की औषधि है। मध्यम व गरीब जनता के जीने का एक मात्र सहारा है। इस मँहगाई व परेशानी बाले युग मे सहकारिता प्रजातांत्रिक मूल्यों को अक्षुण बनाये रखने मे सक्षम है। आज बिन सहकार नहीं उद्धार वाले नारे को साकार करने की आवश्यकता है। सहकारिता आन्दोलन जनता का आन्दोलन है। यह तभी सफल हो सकता है । जब इस राजनीतिक और राजनीतिज्ञों से पूर्णतयाँ अलग रखा जाय जिससे स्वार्थी तत्व इसमे प्रवेश न पा सके। अत आवश्यकता इस बात की है कि सहकारिता आन्दोलन के महत्व को समझा जाय। साथ ही साथ सरकारी तथा सामाजिक हर स्तर पर पारस्परिक सहयोग से इसे सफल बनाने का प्रयत्न किया जाय तभी आज की मँहगाई और मुद्रास्फीति से पीडित उपभोक्ता को कुछ राहत नसीब हो सकेगी। सहकारिता के माध्यम से अब घर बैठे ही मिट्टी का तेल, चीनी, कन्ट्रोल का कपडा, साबुन, तेल, माचिस उचित मूल्यों पर प्राप्त होते है। जब ग्रामीण जनता को अपनी बुनियादी जरूरतों का बोझ हल्का महसूस होता है क्योंकि बात-बात पर अब उन्हे शहर की ओर दौडना नहीं पडता है। अब सहकारिता के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा नगरवासियों व गाँववासियों की सभी प्रकार की आवश्यक आवश्यकता की दैनिक उपभोग की वस्तुएं सस्ते दर पर उचित समय से उपलब्ध कराई जा रही है। 1980 से 81 तक अब तक करीब 5 अरब की वस्तुए वितरित की जा चुकी है। जहाँ एक ओर सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सहकारिता के साथ समन्वित करके चलाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा भी प्रयास किये जा रहे है। सहकारी समितियों को और अधिक आर्थिक ढग से मजबूत किया जा रहा है ताकि वे अधिक से अधिक लोगों की आसानी से सेवा कर सके। एक विशेष बात और भी है कि सहकारी समितियों द्वारा

सचालित उचित मूल्य की दुकानों से सामान क्रय करने मे इसलिये भी कठिनाई नहीं होती, क्योंकि वे हर 5 से 10 किमी0 क्षेत्र को आच्छादित करती है। आर्थिक दृष्टि से कमजोर लोग कभी तन ढकने के लिए चिभडो का सहारा लेते थे, अब उन्हे सस्ता कपडा मिल रहा है। किसी भी घर मे अधेरा न रहे, इसके लिए उन्हे उचित मूल्य पर मिट्टी का तेल, चीनी मिल रहा है। अन्य आवश्यक आवश्यकता की वस्तुए भी सहकारिताधार पर उपलब्ध करायी जा रही है। गॉवों की काया पलट करने तथा गॉववासियों की कठिन जिन्दगी को आसान बनाने मे वस्तुत सार्वजनिक वितरण प्रणाली के रूप में सहकारिता की बडी महत्वपूर्ण भूमिका है। अव यह कहा जा सकता है कि सह-कारिता के माध्यम से वह दिन दूर नहीं, जब गॉव मे रहने वालों की कठिनाईयों का सिलसिला धीरे-धीरे पूरी तरह से खत्म हो जायेगा।

प्रजातंत्र में निष्ठा रखने वाले लोगों के सगठन के रूप मे 'सहकारिता' का उद्‌भव हुआ। ग्रामीण एव शहरी जनता के सामाजार्थिक उत्थान मे प्रभावी साधन के रूप में यह सतत् विकासमान है। सहकारिता के सार्वभौमिक सिद्धान्त सहकारी समितियों को प्रजातांत्रिक स्वरूप प्रदान करते है। प्राथमिक सहकारी समितियॉ अपने आम सदस्यों को (जिन्हे एक सदस्य एक वोट का अधिकार है तथा जो निर्णयन प्रक्रिया मे समान भागीदारी के लिए प्राधिकृत होते है) के द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा प्रशासित होते है। उच्च स्तरीय सहकारी सगठनों का प्रबंध भी समुचित ढग से प्रजातांत्रिक पद्धति पर ही होना चाहिए। यह भी कल्पना की गई कि प्रत्येक सहकारी समिति मे सहकारिता के आर्थिक एवम् प्रजातांत्रिक सिद्धान्तों व तकनीकों की शिक्षा के लिए व्यवस्था भी सुनिश्चित हो। इससे स्पष्ट हो जाता है कि सहकारी समिति स्व मे प्रजातत्र की पाठशाला हो। इस प्रकार से हम कह सकते है कि सहकारिता सैद्धान्तिक कम व्यवहारिक अधिक है। अत सरकारी वातावरण व अनुभव ही मुख्य रूप से सहकारी समितियों, संगठनों के मार्ग-दर्शक तथा निर्धारक तत्व है। फिर भी सदस्य, साधन और सुव्यवस्था समिति की 3 क्षमता, स्थिरता एवम् विकास के तीन मूल तत्व है। सहकारी समितियों/संगठनों के प्रजातांत्रिक स्वरूप के संरक्षण तथा उन्नयन के लिए सदस्यों तथा नेतृत्व का अनवरत्

रूप से सचेष्ट रहना अत्यावश्यक है। कोई समिति किस सीमा तक वास्तविक रूप से सहकारी है, हर सगठित मच पर इस हेतु रचनात्मक व सार्थक परिचर्चा होनी चाहिए।

" सहकारिता " का उद्देश्य सहकारिता तथा विकास सबधी योजनाओं और समाचारों का प्रचार करना सहकारिता के उद्देश्य और उपयोग से जनता को परिचित कराना तथा देश की आर्थिक समृद्धि के लिए सहकारिता को प्रेरित करना है। इस प्रकार उद्देश्यों के तदुपरान्त हम सहकारिता के अवलोकन पर यह पाते है कि सहकारिता के निम्नलिखित सिद्धान्त है - सहकारिता समिति की सदस्यता स्वेच्छिक होगी और बिना किसी प्रतिबध अथवा किसी सामाजिक, राजनैतिक, जातीय या धार्मिक भेदभाव के उन सभी लोगों को उपलब्ध होगी जो इसकी सेवाओं का सदुपयोग कर सकते हों और सदस्यता के उत्तरदायित्वों का भार अपने ऊपर लेने के इच्छुक हों। दूसरे रूप मे सहकारी समितियाँ लोकतांत्रिक प्रबंध हैं। उनके काम-काज चुने हुए अथवा नियुक्त किये हुए लोगों द्वारा स्वीकार्य विधि से किया जायेगा। और उसका दायित्व उन्हीं पर होगा। प्राथमिक सहकारी समितियों के सदस्यों कों मान्य मताधिकार (एक सदस्य एक मत) प्राप्त होगा। और उनको अपनी समितियों से सबंधित निर्णयों मे भाग लेने का समान अधिकार होगा। प्राथमिक सहकारी समितियों के अतिरिक्त अन्य प्रकार की समितियों का प्रबध उचित ढग से लोकतांत्रिक आधार पर होगा। तीसरे मे अश पूँजी पर व्याज यदि कोई हो दिया जायेगा जो अत्यन्त सीमित होना चाहिए। चौथे मे- किसी समिति के कारोबार द्वारा प्राप्त आर्थिक लाभ (बचत) उसके सदस्यों की सम्पत्ति है और उसका विवरण इस प्रकार से होना चाहिए। एक सदस्य को लाभ दूसरे को हानि न पहुँचें। यह विवरण कार्य सदस्यों के निर्णयानुसार निम्न ढग से किया जा सकता है। (ए) समिति के कारोबार के विकास के लिए प्राविधान करके (बी)- सामान्य सेवाओं का प्राविधान करके अथवा (सी)- सदस्यों में उनके द्वारा समिति में किये गये लेन-देन के अनुपात मे वितरण करके। चौथे मे - सभी सहकारी समितियों को अपने सदस्यों,

पदाधिकारियों व कर्मचारियों और आम जनता के लिए आर्थिक व लोकतान्त्रिक दोनों पहलुओं से सहकारिता के सिद्धान्तों एव तकनीकों की शिक्षा का प्राविधान करना चाहिए। पॉचवे मे- सभी सहकारी संगठनों को अपने सदस्यों एवम् सामुदायों के हितों की सर्वोत्तम् पूर्ति के लिए स्थानीय, राष्ट्रीय एवम् अर्न्तराष्ट्रीय स्तरों पर स्थित अन्य सहकारी सस्थाओं के साथ व्यवहारिक तरीकों से सक्रिय सहयोग स्थापित करना चाहिए।

इस प्रकार से हम कह सकते है कि समिति अपने सदस्यों, भावी सदस्यों तथा कृषक बधुओं को शुभ कामनाए प्रेषित करती है तथा उनके लाभ एव आर्थिक विकास हेतु सतत् प्रयत्नशील रहकर अधोलिखित व्यवसाय करती है। पहला- अल्पकालीन तथा मध्यकालीन ऋण वितरण (बी)- रासायनिक उर्वरक व दवाए वितरण (सी)- उपभोक्ता वस्तुओं का व्यवसाय करना (डी)- नियत्रित व अनियत्रित वस्त्र वितरण (ई)- मे सरकारी गेहूँ खरीद व्यवसाय (एफ)- मे दुधारू पशु, भैंसा व मुर्गी क्रय हेतु मध्यकालीन ऋण (जी)- मे बच्चों के लिए उचित शिक्षा हेतु इण्टर कालेज का संचालन (एच)- मे सदस्यों के लिए सहकारी शिक्षा की समुचित व्यवस्था करना (आई)- मे सदस्यों के लिए गल्लापूर्ति भण्डार की स्थापना करना होता है।

इस प्रकार हम कह सकते है कि " सहकारिता राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ आधार प्रदान करने तथा सामाजिक जीवन मे जनतांत्रिक मूल्यों एवम् मान्यताओं एवम् परम्पराओं को विकसित करने का सर्वोत्तम् और सक्षम साधन है। अत भारतीय जनमानस मे सहकारिता को सागोपाग जीवन प्रणाली के रूप मे विकसित किया जाना आज की सामाजिक आवश्यकता है। " भारत एक गॉवों का देश है अत ग्रामीण जनता की आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाना उसकी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने तथा समाज के निर्बल वर्गो को सहकारिता की परिधि मे लाने हेतु ग्राम्य स्तर पर सहयोग मूलक एवं संगठनात्मक सहकारी नेतृत्व को विकसित किये जाने की आवश्यकता है। जो मिशनरी भावना व ईमानदारी से कार्य करें। इस फार्म में सहकारिता संबंधी पत्र पत्रियॉं सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

" ग्रामोत्थान एवम् ग्रामीण जनता को आर्थिक द्रृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने हेतु सहकारिता के माध्यम से कृषकों को खाद, कृषि यत्र, विपणन, विधायन, भण्डारण, ऋण की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा ग्रामीण जनता को उनके दैनिक आवश्यकताए उचित मूल्य पर उपलब्ध करायी जा रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सहकारिता से अधिक अच्छा और कोई विकल्प सर्वागीण विकास व समग्र विकास का नहीं है। " सहकारिता आन्दोलन आर्थिक लोकतत्र और समृद्धि लाने का सशक्त साधन है।

सहकारिता को व्यक्ति और समाज की अनेक समस्याओं के समाधान के लिए एक सशक्त साधन के रूप में स्वीकार किया गया है। सहकारिता के सफर का इतिहास बहुत बडा है। सफलताएं एवं असफलताएं दोनो अपने में समेटे हुए है। यदि सफलताओं को हम सहकारिता से की गई आशाओं और अपेक्षाओं के परिप्रेक्ष्य मे अवलोकन करे, तो यह सफलतायें हमें संतोषप्रद नहीं लगेगी अपितु इसलिए सहकारिता की छवि सुन्दर नहीं बन सकी। यही नहीं इसमे अनेक स्थानों पर काले धब्बे आ गये। छवि सुन्दर इसलिए नहीं बन सकी कि हमने अनेक म0पू0 बातों को, जो इसे सुन्दर बनाने वाली थी, नजर अन्दाज कर दिया अथवा अपेक्षित ध्यान नहीं दिया। सहकारिता मे काले धब्बे, इसमे कतिपय भ्रष्ट राजनैतिक, भ्रष्ट अधिकारियों और स्वार्थी तत्वों के प्रवेश और इनके द्वारा दूषित करने के कारण आ गये।

यदि ऊपर वर्णित स्थिति के सभी कारणों की विवेचना करे तो यहाँ यह सम्भव नहीं है, अत हम खुद प्रमुख कारणों की चर्चा करेगें।

हमने सहकारिता को व्यक्ति और समुदाय की अनेक समस्याओं के समाधान और इसके बेहतर जीवन के लिए स्वीकार किया, लेकिन इसको सुचारू सचालन द्वारा सुदृढ बनाने की दिशा मे हर स्तर पर समग्र और सार्थक चितन नहीं किया और यदि कहीं यह चिंतन चला तो उसको साकार नहीं किया गया अथवा व्यवहारिकता नहीं

नहीं प्रदान की गई। विभिन्न प्रकार की सहकारी सस्थाए बनी उनसे शिक्षित और अशिक्षित दोनों वर्ग के व्यक्ति सम्बद्ध रहे। अनपढ और अशिक्षित व्यक्तियों की सहकारी सस्थाए बनाते समय इस तत्थ्य को नजरअदाज कर दिया कि सहकारी संस्था के सफल सचालन के लिए सदस्यों को सुशिक्षित होना आवश्यक है। अत आवश्यक है कि सहकारी सस्थाओं के अशिक्षित सदस्यों को प्रौढ शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत शीघ्र लाया जावे। यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग पचायत एव समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, उद्योग सचालय के सहयोग से राज्य सहकारी सघ द्वारा किया जा सकता है।

सहकारी सस्थाओं के सुचारू सचालन के लिए ' प्रशिक्षण ' की अनिवार्यता को एक मत से स्वीकार किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम राज्य सहकारी सघ व जिला सहकारी सघो द्वारा सचालित किये जा रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभावशाली ढग से चलाने के लिए सहकारी संघों का सहकारी सस्थाओं से सबंधित विभागों का सहयोग आवश्यक है। साथ ही साथ वहॉ सहकारी संघों की आर्थिक स्थिति सुदृढ होना आवश्यक है। आर्थिक स्थिति इतनी सुदृढ होनी चाहिए कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रमों मे इससे सबंधित व सहकारिता से सबंधित फिल्मों का प्रदर्शन भी कर सके। राज्य सहकारी सघ की तरह जिला सहकारी मासिक या त्रैमासिक पत्रिक सहकारिता के सबध मे प्रकाशित करें जिससे जिले की सहकारी सस्थाओं के विषय मे उपयोगी जानकारी मिलें। साथ ही वे फोल्डर्स बुकलेट आदि प्रकाशित कर जिले मे सहकारिता के प्रचार-प्रसार मे भी अच्छा योगदान दे सके। सहकारी सस्थाये किसी उद्देश्य या किन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए गठित होती है। सस्था के उद्देश्य या उद्देश्यों की पूर्ति के लिए राज्य सरकार या गैर शासकीय एजेन्सी से वित्तीय या अन्य प्रकार की सहायता की आवश्यकता होती है। राज्य सहकारी सघ सहकारी संस्थाओं को व्यवस्थापकों की सेवायें उपलब्ध कराने के लिए राज्य शासन की सहमति एवं राज्य शासन से प्रति वर्ष आवश्यकतानुसार प्राप्त होने वाले अनुदान से ' व्यवस्थापक व्यवस्था कोष ' की स्थापना करें एवम् इस कोष से राज्य की सहकारी संस्थाओं उनके कारोबार आदि को देखते हुए राज्य शासन की

अनुमति से नियुक्त व्यवस्थापकों को वेतन, भत्ते आदि उपलब्ध कराये।

राज्य शासन द्वारा गठित राज्य स्तर पर सहकारिता विभाग से सबंधित परामर्श यात्री समिति की बराबर बैठकों मे सहकारिता की प्रगति, दोषों समस्याओं आदि पर पूरी तरह विचार चर्चा आवश्यक है। इस प्रकार उपरोक्त मे हमनें सहकारिता के सुचारू रूप से संचालन मे बाधक तत्वों, कारणों, उनके निराकरण एवं सहकारिता को सुदृढ बनाने वाली बातों पर चर्चा की। इन कारणों मे कुछ अप्रिय एवम् कटु सत्य भी है। सहकारिता की सफलता एवं उसकी सुदृढता के लिए आवश्यक है कि हम यथार्थ से मुँह न मोडे। यदि कोष है तो उसको सामने रखें और उनको दूर करने का प्रयास करें। यहाँ यह कहना अनुचित न होगा कि सहकारिता के कुछ काले पहलू भी है तो उज्जवल पहलुओं की भी कमी नहीं है। यही कारण है कि सहकारिता का सफर समाप्त नहीं हुआ है। लम्बे सफर के बाद भी सहकारिता का सफर जारी है और आगे भी जारी रहेगा, इसमें जरा सा भी सन्देह नहीं है।

इस प्रकार से हम कह सकते है कि सहयोग मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति है। समाज की समूची उपलब्धि व समृद्धि सहयोगी क्रियाओं का ही प्रतिफल है। व्यापक अर्थो मे सहभागी कार्य-कलापों का व्यवस्थापन ही सहकारिता है। यह सहकारिता एक सिद्धिदायी मत्र है, जो स्वेच्छा से किसी पारस्परिक हित के लिए सगठित होने वाले लोगों के समूह मे, एक मौलिक व प्रबल शक्ति बनकर, सफलता के नये सोपान बना देती है। इसमे सहभागी तत्वों को समान महत्व व स्वयत्व प्रदान होता है। इससे सदस्यों में आत्मीयता व चौंकस चेतना बनी रहती है। धीरे-धीरे आज सहकारिता ग्रामीण जीवन की गतिविधियों का केन्द्र बनकर विस्तृत व व्यापक जनान्दोलन के रूप में प्रतिष्ठित हो गई है। सहकारिता की उपयुक्त विशेषताओं को ध्यान में रखकर यदि हम अपने प्राचीन सामाजिक व्यवस्थाओं का दोहन करें तो ज्ञात होगा कि हमारे देश में इस व्यवस्था की जडे एक लम्बे अतीत की प्रतीतियों और व्यवहारिक अनुभवों

से जुडी है। शुरू से ही वे मेरे इतिहास की साक्षी रही है, भले ही उनका व पुरातन स्वरूप अपने नाम, रूप, गुण और कार्यशैली, समग्र की माग और आवश्यकता के अनुरूप, अलग किश्म का रहा हो, परन्तु जो कुछ भी या उसको मूल तत्व सहयोग जनित सहकारिता ही है। सच पूछा जाय तो सहकारिता बिना सामाजिक व्यवस्थाए ठीक तरह से कभी कार्य कर ही नहीं सकती है।

सहकारिता एक ऐसा संगठन है जिसमे लोग समानताधार पर अपने आर्थिक हितों की वृद्धि के लिए स्वेच्छा से सम्मिलित होते है। जो व्यक्ति इस प्रकार परस्पर सहयोग करते है, उनका एक सामान्य हित होता है जिसे वे व्यक्तिगत प्रयास द्वारा पूरा नहीं कर सकते है। कारण उनमे से अधिकाश लोगों की आर्थिक स्थिति दुर्बल होती है। इस व्यक्तिगत दुर्बलता पर अपने पृथक-2 साधनों को एकत्र करके पारस्परिक सहयोग द्वारा आत्म-सहायता को प्रभावशाली बनाकर नैतिकता तथा निष्ठाधार पर विजय प्राप्त की जाती है। इस प्रकार स्पष्ट है कि सहकारिता एक ऐसी कार्य प्रणाली है जिसके द्वारा साधनहीन और निर्बल व्यक्ति भी आगे बढ सकते है। खेतों के छोटे होने के नाते निर्धन एवम् सीमात कृषकों की आर्थिक स्थिति अत्यन्त शोचनीय है तथा इस वर्ग के कृषक स्वय अपने साधनों से आगे नहीं बढ सकते है। फलत आवश्यक है कि इस वर्ग के कृषक आपस मे मिलकर खेती करें। सहकारी कृषि के द्वारा बडे-2 कृषकों को मिलने वाले लाभ को प्राप्त कर सकते है। इसी प्रकार सहकारी कृषि, सहकारी उपभोक्ता समिति, सहकारी सिचाई एवं सहकारी विपणन के माध्यम से इस वर्ग के कृषक अपनी प्रगति का मार्ग स्वयं खोज सकते है। इस प्रकार निर्बल एवं सीमांत कृषकों के विकास के लिए यह आवश्यक है कि वह सहकारिताधार पर आपस में संगठित होकर आगे बढे।

भारत जैसे विकासशील तथा कृषि प्रदान देश के लिए सहकारिता आन्दोलन का विशेष महत्व है। सहकारिता के माध्यम से संसाधन जुटाकर जहाँ एक ओर आर्थिक

विषमता एव आर्थिक पिछडेपन को तेजी से दूर किया जा सकता है वहीं दूसरी ओर सामाजिक निर्बल वर्ग एवं साधनहीन लोगों को सहायता पहुँचाकर उन्हे आर्थिक रूप से सबल एवं आत्मनिर्भरता बनाकर सफलता दिला सकते है। सहकारिता आन्दोलन को आगे बढाने तथा उसे आर्थिक विकास का सक्षम साधन बनाने के लिए आज सहकारिता के विषय मे लोगों को अधिकाधिक जानकारी देने की आवश्यकता है। प्रजातांत्रिक राष्ट्र के लिए सहकारिता एक वरदान है। निर्बलोत्थान एव सर्वोदय का सहकारिता सर्वोत्तम मार्ग है। सहकारिता आन्दोलन लोगों का और लोगों द्वारा चलाया जाने वाला आन्दोलन इसका तात्पर्य यह है कि इसमे लोग मुक्तरूप से तथा खुलकर भाग लें और सरकार का काम केवल इसकी निगरानी तक ही सीमित हो। वह इसमे रोक-टोक तथा हस्तक्षेप न करें। यदि ऐसी स्थिति आ जाती है तो भारत मे सहकारिता आन्दोलन अपने लक्ष्यों तथा उद्‌देश्यों मे शत प्रतिशत सफल होगा। भारत में सहकारिता आन्दोलन का भविष्य उज्जवल है। इसका मुख्य उद्‌देश्य देश मे गरीबी को दूर करना तथा गरीबों व अमीरों के बीच की सामाजिक तथा आर्थिक खाई को पाटना होना चाहिए। सहकारिता आन्दोलन जमाखोरी, मुनाफाखोरी तथा जानबूझकर पैदा की गई अभाव की स्थिति से निपटने का एक अचूक हथियार है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह मिलजुलकर एक समूह बनाकर रहता है। मनुष्य के इस स्वभाव पर ही 'सरकार' का तत्व निर्भर करता है।

"हमारे सामाजार्थिक उत्थान हेतु सहकारिता ही एक ऐसा आधार है, जिसके माध्यम से हमारे किसानों को आसान शर्तो पर अल्प, मध्य व दीर्घकालीन ऋण तथा बीज, उर्वरक, कृषि यत्र आदि उपलब्ध कराये जाते है। कृषि उपज को सुरक्षित रखने हेतु सहकारी भण्डार गृहों एवं शीत गृहों की सुविधा के साथ ही विपणन समितियों द्वारा उसके विक्रय की व्यवस्था भी की जाती है। यह निर्विवाद सत्य है कि प्रदेश में हरित क्रान्ति व श्वेत क्रान्ति लाने में विभिन्न स्तर को सहकारी संस्थाओं का अभूतपूर्व योगदान रहा है। उ0प्र0 सहकारी यूनियन ने सहकारी शिक्षा, प्रशिक्षण व प्रचार-प्रसार योजनाओं

के माध्यम से सहकारी आन्दोलन के विकास मे म0पू0 योगदान दिया है।

" सहकारिता आन्दोलन के माध्यम से कृषि उत्पादन को बढ़ाने, कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के अतिरिक्त कृषकों, उन्नतिशील बीज, उर्वरक व कीटनाशक दवाइयों, कृषि यत्र, विपरण एव भण्डारण ऋण की सुविधा प्रदान कर बहुमुखी सुविधा का विकास किया जा रहा है। सहकारिता के ढॉचे मे प्रशिक्षित अधिकारियों, कर्मचारियों का बडा म0पू0 स्थान है। पूर्ण रूप से प्रशिक्षित एवं दक्ष कर्मचारी ही सहकारिता की भावना को समझकर उसका वास्तविक लाभ जनता तक पहुँचा सकता है। इस लक्ष्य से विभाग अपना विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से प्रशिक्षण का कार्य भी कर रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि सहकारिता से अधिक अच्छा और कोई विकल्प प्रदेश एवं देश के सर्वागींण व समग्र विकास का नहीं है।

" हाल के वर्षो में सहकारिता (छोटे अक्षर सी लिखने पर) शब्द का प्रयोग प्रत्येक प्रकार का सहयोग पूर्ण कार्य करने के लिए इतनाधिक प्रयोग किया गया है कि इसका अर्थ ही द्रृष्टि मे नहीं आने पाता है। को-आपरेशन और को-आपरेशन मे अतर के लिए दोनों को ही सहयोगपूर्ण कार्य करने के लिए इंगित करते है और ऐसा सहयोग सामान्य लक्ष्यों की पूर्ति के लिए होता है किन्तु छोटे अक्षर वाली सहकारिता किन्ही तय की हुई शर्तो के अधीन मान्य की हुई इसके बिना ही सम्मिलित कार्य की सूचक है। वहीं बडे अक्षर वाली सहकारिता सम्मिलित रूप से कार्य करने की एक विशेष रीति या टेक्नीक को इंगित करती है। इस प्रकार से सहकारिता किन्हीं विशेष शर्तो या नियमानुसार जिन्हे मानना पक्षकारों ने स्वीकार्य किया है। मिलकर कार्य करने से होता। "[1]

---

1 वाटकिन्स (डा0) डब्लू0पी - " आल इण्डिया कोआपरेटिव " मार्च 1955 पेज 549-550 इक्लेसिएट्स, वैलूम 9-10

" सहकारिता एक ऐसा सगठन है जिसमे लोग अपने आर्थिक अभिवृद्धि के लिए समानता के स्वेच्छाधार पर सम्मिलित होता है, उनका एक सामान्य आर्थिक उद्देश्य होता है जिसे वे व्यक्तिगत प्रयास द्वारा पूरा नहीं कर पाते है। क्योंकि उनमे से अधिकाश की स्थिति दुर्बल होती है किन्तु इस व्यक्तिगत दुर्बलता पर अपने प्रसाधनों को एकत्र कर, पारस्परिक सहायता द्वारा, आत्म सहायता को प्रभावशाली बनाकर और आपस मे समैक्यता के सबधों को सुदृढ बनाकर विजय प्राप्त कर सकते है। "[2]

" विस्तृत अर्थ मे सहकारिता प्रत्येक व्यक्ति के प्रसाधनों व समिश्रण और एकीकरण से है ताकि व्यक्तियों के लक्ष्य सयुक्त प्रयासो द्वारा प्राप्त किये जा सके। "[3]

इस निष्कर्ष रूप मे हम यह सकते है कि सहकारिता आन्दोलन उद्देश्य रूप में ऊर्जा, यातायात का विकास, रोजगार का सृजन, जनसंख्या नियंत्रण, शिक्षा, पेयजल की उचित व्यवस्था तथा स्वास्थ्य के सन्दर्भ में सुसंगठित व समुचित विकास करने से होता है। इस योजनार्थ वित्तीय व्यवस्था का मुख्य श्रोत घरेलू बचत व निजी निवेश होगें। कारण भारत सरकार को वित्तीय घाटे की 6 5% तक घटाकर औसत घरेलू बचत 21 6% करना जरूरी है। औद्योगिक ढाँचे मे बदलाव के कारण निर्यात मे 13 6% वृद्धि व आयात मे 8% की कमी आ सकती है। आठवीं योजना राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा स्वीकार की गई है।

---

2 भारत सरकार - कोआपरेटिव प्लानिग कमेटी, 1946

3 भारत सरकार - अन्तर्राष्ट्रीय श्रम सगठन ' कोआपरेशन ' ए वर्क्स एजुकेशन मेनुअल, 1956 पेज ।

द्वितीय अध्याय

भारत के आर्थिक विकास मे सहकारिता की भूमिका

****

औद्योगिक क्रान्ति के समय जब कृषकों व मजदूरों का शोषण किया जा रहा था तब 1795 मे हल निवासियों ने 1900 श्रमिकों के साथ हल मील विरोधी सगठन स्थापित कर सहकारिता का एक स्वरूप स्थापित किया गया। सन् 1821 मे रावर्ट मापन ने सहकारिता एवं आर्थिक समिति की स्थापना की। सहकारिता को विश्व मे सबसे पहले नार्वे, फ्रॉस, रूस, चीन, इण्डोनेशिया व इग्लैण्ड को स्वीकार करने हेतु जाता है। लदन सहकारिता को शुरू करने वाला पहला देश माना जाता है। भारत मे सहकारिता आन्दोलन की नीव सर्वप्रथम फ्रेडिक निकोलसन ने रखी जिसे आगे बढाने मे ट्यूपसेक्स, मैकणासन, क्रास्थपेट ल्यान के नाम अग्रणी है। इसकी अधिकारिक शुरूआत 1904 मे सहकारी कृषि समिति अधिनियम बनने से हुई।

सहकारिता का मूल तत्व स्वालम्बन, आत्मनिर्भरता व पारस्परिक सहयोग होता है। साथ ही साथ सहकारिता को हम निजी व सामूहिक हितों मे साम्य स्थापित करना उनके दृष्टिकोण मे मौलिक परिवर्तन लाना तथा सदियों से चली आ रही लाभ अधिस्ढित अर्थव्यवस्था को सेवा प्रेरित आर्थिक अर्थव्यवस्था मे अतरित करना होता है। भारत मे आर्थिक विकास एक अप्रैल 1951 से पंचवर्षीय योजना के द्वारा अर्थव्यवस्था को विकसित करने हेतु नीति अपनाकर मिश्रित अर्थव्यवस्था जैसे सहकारी और निजी क्षेत्र के सहअस्तित्व के द्वारा विकास की रणनीति तय की गई। हर पंचवर्षीय योजनाओं मे निजी उद्योग के महत्व को स्वीकार किया गया। आठवीं पचवर्षीय योजनाये सार्वजनिक उद्योगों के निजीकरण पर विशेष बल दिया गया। भारत की विभिन्न चुनौतीपूर्ण समस्याओं मे सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण भी आज की एक अत्यन्त विवादास्पद समस्या है। आज समस्त अर्थशास्त्री, बुद्धिजीवी एवम् राजनीतिज्ञ इसको अपने-अपने तर्को से सही व गलत करने में लगे हुए है। वर्तमान में 244 सार्वजनिक प्रतिष्ठानों मे 100,000 करोड की पूँजी लगी हुई है। उत्पादन दर 5% से भी कम है। रोजगार क्षेत्र मे द्वितीय योजना मे सार्वजनिक उपक्रम के क्षेत्र में लगे कर्मचारियों की संख्या 73 लाख थी। यह संख्या सातवीं योजना मे 180 लाख हो गई। निजी क्षेत्र में लोगों की द्वितीय योजना

मे 50 लाख थी। सातवीं योजना मे यह बढकर 79 लाख हो गई। उपरोक्त से स्पष्ट है कि विनियोग, पूँजी निर्माण, बचत, घरेलू उत्पाद, रोजगार आदि सभी क्षेत्रों मे लोक क्षेत्र निजी क्षेत्र पर हावी रहा है। इसके अतिरिक्त भारतीय आर्थिक विकास मे दिनों-दिन जनसख्या का दबाव बढता जा रहा है। अतिरिक्त व वाह्य ऋणों की सख्या भी कम हो गई। मुद्रा स्फीति 14% से 58% पर हो गई। विदेशों में मुद्रा कोष मे बढोत्तरी हो रही है।

आर्थिक विकास मे अर्थव्यवस्था का एक नजर सर्वेक्षण करने से पता चलता है कि यहाँ सहकारिता आवश्यक है। भारतीय खेती एक सम्पूर्ण स्वालम्वी धंधा है। उसकी प्राकृतिक उत्पादन प्रक्रिया से देश की दौलत का उत्तरोत्तर विकास सम्भव हो सकता है। देश की 70% आबादी कृषि पर निर्भर करती है। देश की आर्थिक विकास में अर्थव्यवस्था के सामने कोई विकल्प नहीं है वह दूसरे आधारभूत सरचना का निर्माण करे जिसगें बहुसंख्यक आबादी की जीविका चले और यदि कृषि ही जीविका का मुख्य साधन हो तो सहकारिता आवश्यक है। आर्थिक विकास मे सहकारिता कृषि के साथ उसी प्रकार जुडा हुआ है जिस प्रकार शरीर के साथ आत्मा जुडी है।

ए0डी0 गोखाला की अध्यक्षता मे ग्रामीण ऋण साख सर्वेक्षण व्यवस्था पर गठित कमेटी ने वर्ष 1954 मे अपनी रिर्पोट मे कहा था कि " आर्थिक विकास मे सहकारिता सहकारी आन्दोलन भारत में पूर्ण असफल रहा है। परन्तु भारत जैसे विशाल देश में जहाँ अधिकतर लोग कृषि पर आधारित हैं उनके उत्थान हेतु सहकारिता के अतिरिक्त कोई अन्य विकल्प ही नहीं है। "

भारत में सहकारी आन्दोलन का आकार-प्रकार बहुत बडा है। यहाँ लगभग 3,38,000 समितियाँ है और सदस्यता 16 करोड जबकि अशपूँजी 5242 करोड एवम् कार्यशील पूँजी 84152 करोड़ रूपये (91-92) है। कृषि एवम् ग्रामीण साख में सहकारी

सस्थाओं का योगदान 40% है। 30% उर्वरक वितरण, 60% चीनी का उत्पादन, 75% अनाज, जूट 10% कपास का क्रय तथा 30% वस्त्र का उत्पादन सहकारी क्षेत्रों द्वारा किया जाता है। सहकारी समितियॉ प्रतिवर्ष 5000 करोड रूपये का ऋण 4000 करोड रूपये का उपभोक्ता सामग्री, 6 करोड मैट्रिक टन दुग्ध तथा 7000 करोड रूपये का विपणन व्यवसाय कर रही हैं। सरकारी क्षेत्रों मे 2 करोड मैट्रिक टन स्टाक क्षमता है। भारत के सहकारी आंदोलन की गतिविधियॉ विस्तृत हो चुकी है। इसमे सहकारी साख कृषि विपणन, भंडार, उपभोक्ता, डेयरी, बुनकर, गृह निर्माण, मछलीपालन, श्रमिक एव ठेका, इजीनियरिंग, चीनी मिलें, रासायनिक खाद, शीतगृह, कताई मिलें आदि अनेक प्रकार की सहकारी सस्थाये गठित हो चुकी हैं। देश के कुल चीनी उत्पादन मे सहकारी मिलों का योगदान 60% से भी अधिक है। इसी प्रकार सहकारी सस्थाए कुल उर्वरक का 34% से भी अधिक भाग वितरित कर रही हैं। देश मे लगभग 58% हथकरघा सहकारी क्षेत्र के अन्तर्गत कार्य कर रहे है। जो कुल उत्पादन का 30% भाग उत्पादित कर रही हैं।

भारतीय विकास मे अर्थव्यवस्था के विकास को समग्र रूप से देखने पर एहसास होता है कि जीविका के विवरण के लिहाज से विकास की दशा उपयुक्त नहीं है। कृषि पर आबादी के दबाव में कोई परिवर्तन नहीं आया है। आज भी भारत मे 70% से अधिक लोग खेती से जीवन-निर्वाह करते है। देश ने आर्थिक राष्ट्रीय आय बढाने के लिए उद्योगों को प्रोत्साहित किया और कृषि की अवहेलना की। ज्यादातर पूँजी निवेश उद्योगों की तरक्की के लिए किया गया। वृहद उद्योगों की प्रतियोगिता मे गृह उद्योग का टिकना नामुमकिन है। सितम्बर 1995 में सहकारिता मन्त्रियों का एक सम्मेलन हुआ था जिसमे कई म0पू0 बात सामने आई। कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के0एच0 पाटिल ने अपने उद्‌गार इन शब्दों मे व्यक्त किया। " सहकारी सगठनों के प्रति अब सदस्य उदासीन हो रहे है। इन सगठनों मे पहले जैसा एक जुट होकर कार्य करने की भावना नहीं है। सहकारिता का असली क्षेत्र तो अब सबसे छोटी सस्थाओं

से है पर न तो वे ठीक से कार्य कर रही है और न इनमे यह कार्य क्षमता ही है। न लगन न सुचारू सचालन। " इस प्रकार लगता है कि आर्थिक विकास मे सहकारिता का दर्शन भारतीय अर्थव्यवस्था मे फीका पड रहा है।

उपरोक्त कथनों के विवरणों से हम पाते है कि आज विश्व निजीकरण की प्रक्रिया का हिमायती है। जापान, साइवान, द0 कोरिया, हॉगकॉग, सिगापुर आदि देशों के अर्थव्यवस्था के अध्ययन से परिलक्षित होता है कि निजीकरण न ही इन देशों को विकास की मजिल पर पहुँचाया है। यह सत्य है कि आज समग्र विश्व निजीकरण की भावना से ओत-प्रोत है और भारतीय अर्थव्यवस्था भी इसे स्वीकारने लगी है। पूर्व निजीकरण को अर्थशास्त्रियों ने बहुत बुरा माना है। इससे मूल्य वृद्धि, कम्पनियों की मनमानी, मुद्रा स्फीति, मदी आदि का भय रहता है जो किसी देश की अर्थव्यवस्था को पगु बना सकता है। अत भारतीय अर्थव्यवस्था यदि दोनों का समन्वय करें और सहकारिता के लाभ को उठायें तो उपरोक्त घातक परिणंमों से बचा जा सकता है। विभिन्न अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत सहकारिता ने पुर्ननिर्माण में म0पू0 भूमिका निभाती है। आज कृषि, पशुपालन, डेयरी, साख विक्रय, उपभोग आदि सभी क्षेत्रों मे सहकारिता का बोल-बाला है। अतएव यह निर्विवाद सत्य है कि सहकारी प्रयास ग्रामीण पुर्ननिर्माण मे क्रान्तिकारी भूमिका निभाने मे सक्षम है। सहकारिता के माध्यम से आर्थिक विकास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था मे सुधार लाने का अर्थ है देश की 80% जनसख्या की अवस्था मे सुधार लाकर भारत के जनसमुदाय एवम् विश्व मे आदर्श स्थापित करना।

सभ्यता के विकास में मानव ने निंरतर पग बढाता हुआ आगे बढा। आध रूप से ही उसने प्राकृतिक शक्तियों से तादात्म्य स्थापित करने मे समय लगाया। इससे उत्पादन के साधन व सीमाओं के तहत वह अपने परिश्रम से विकास कर सके। पशुपालन व अन्य अन्वेषणों के कारण शीघ्र ही वह विकास की मजिलों को तय करता गया। अग्नि के अविष्कार तथा पशु-पालन की अवस्था में विनिमय के विकास व श्रम विभाजन

तक प्रगति द्रुतगति से हुई। फलत सामूहिक ढग से (दैनिक जीवन के कार्य सम्पन्न होते) उपभोग होता था। इतिहास साक्षी है कि आदिम लोगों मे मिलजुल कर कार्य करने, भय का एक जुट रूप मे सामना करने की क्षमता थी। फलस्वरूप लोगों के मध्य आपस में घनिष्ठ सबंध प्रतिस्थापित हो गये थे। गोत्र समुदायों का आविर्भाव इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है।

' गोत्र समुदाय ' एक ऐसा रूप था जिसमे सभी लोग मिलकर कार्य करते तथा सारी सम्पत्ति साझी होती थी। पुरूषों तथा स्त्रियों द्वारा समस्त आहार " कुल " के लोगों के मध्य विभाजित किया जाता था। विभाजन का निदेशन ' गोत्र प्रमुख ' करते थे। मूल रूप से गोत्र की साझी सम्पत्ति कृषि तथा पशुधन होती थी। इस ' गोत्र समुदाय ' से ही ' मात्र-समुदाय ' की (उत्पत्ति हुई। भूमि सारे समुदाय की) सामूहिक सम्पत्ति थी। सभा सामूहिक चारागाह मे अपने पशु चराते तथा सामूहिक शिकार करते थे। काल के व्यतिक्रम में इस सामुदायिक कृषि योग्य भूमि को ' टुकडों ' अर्थात् ' जोतों ' में विभाजित कर दिया गया। कालान्तर में समुदाय का स्वरूप परिवर्तित होना प्रारम्भ हुआ अर्थात गोत्र समुदाय शने -शने ग्राम समुदाय के रूप में प्रदर्शित हुए। इसके सदस्यों को सामुदायिक कृषि क हा गया। भूमि पर इनका सामूहिक स्वामित्व होता था।

कुछ समय पश्चात् (कालान्तर) समुदाय के सदस्यों की समानता लुप्त प्राय होने लगी। मुखिया अपने लिए उत्तम कृषि भूमि का चयन करने लगे तथा सम्पन्नता की ओर अग्रसर होने लगे, कुछ अन्य कृषक विपन्नता की ओर बढने लगे। पुरातात्विक अवशेष इसके प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। कुछेक कब्रो में मिट्‌टी के ठीकरें हैं तो कुछेक में बहुमूल्य अभूषण आदि। फलत असमानता की उत्पत्ति ने आदि सामुदाय व्यवस्था को परिवेष्टित कर लिया। उन आद्य निवासियों को जितनी वस्तुओं की आवश्यकता पडती वे अपने परिवार के निमित उसका उत्पादन तथा सग्रह करते थे। परिवार के लोगों ने अपना कार्य विभाजन भी कर लिया था। इससे परिवार का सभी सदस्य अपने

अपने कार्यो मे लगा रहता था। कालान्तर मे इनकी आवश्यकताए बढने लगी थीं। दूसरे परिवार की वस्तुओं का आदि मानव इच्छुक होने लगा। फलत बदले में देने का विचार उत्पन्न हुआ। इस भाँति अदल-बदल अर्थात ' बार्टर ' का रूप समाज मे व्यवहृत होने लगा। मिश्र की सरकार कब्र पर बाजार मे इस ' अदल-बदल ' की प्रक्रिया का चित्रण मिलता है। वैदिक साहित्य मे भी इस प्रक्रिया की झलक मिलती है। ऋगवेद एव ब्राहमण ग्रंथों मे गाय के द्वारा ही वस्तुओं की बिक्री का वर्णन है। यूरोपीय देशो में मैक्सिको तथा चीन मे अनाज विनिमय का साधन था।

विकास क्रम मे विनिमय का साधन वस्तुए समझी जाने लगी तथा आभूषणों की गणना भी इस सदर्भ मे की जाने लगी। शनै.-शनै धातु ने मुद्रा का रूप धारण किया वस्तुत विनिमय के उस साधन को मुद्रा का स्वरूप दिया जो धातुपिड से निर्मित होता था। विकास क्रम इस रूप में परिवर्तन तथा परिवर्द्धन होता गया। आर्यजन कबीलों का मुखिया ' राजन ' कहलाता था। वह कबीले वाले से उपज का एक अश पाता था। यह प्रथमत निर्वाचित सेनानी अथवा मुखिया के रूप मे होता था। शनैः-शनैः वह सर्वसत्ता सम्पन्न ' राजन ' बन गया तथा यह पद वशानुगत हो गया। समाज में वर्गो की उत्पत्ति हो गयी। कृतयुग मे तथा उससे पूर्व कोई नरेश नहीं था। मात्र धार्मिक नियमों के अन्तर्गत लोगों का यह अस्तित्व स्थापित था। पाश्चात्य विद्वान डा0 जौली ने नारद स्मृति के ' आदि शब्दों गण संवादि समूह विवक्षया ' के आधार पर समूह में रहने वालों को ' गण ' के अर्थ मे प्रतिपादित किया गया। यह नारद के पारिभाषिक भाव के अनुकूल नहीं है। यद्यपि भावार्थ समीप्य है एवम् अनुकूल है। पाणिनी ने ' गण ' को ' सघ ' अर्थात् प्रजातंत्र के रूप में ग्रहण किया है। कात्यायन एवम् कौतिल्य ने भी इसी भाँति ग्रहण किया है।

आदि समाज मे सम्पत्ति स्वयं की प्रवृत्ति बढती जा रही थी। बौद्ध सघ में निजी सम्पत्ति के निमित्त कोई स्थान नही था। महाभारत के शंतिपूर्ण से विदित

है कि किसी नरेश के पास सम्पत्ति का अधिकार नहीं होता था।

"न हि वित्तेषु प्रभुत्व् कस्यचित्तदा" वस्तुत प्राचीन राज विधान मे सामूहिकतावाद के अन्तर्गत जनों का संगठन था। 'स्तायी' शब्द से स्पष्ट है कि एक साथ उनमे रहने की भावना विद्यमान थी। फलत कुटुम्ब एक साथ रहता था। "अपस्त्यायते संपति भवति पस्त्ययम"। स्वीकार्य तथा आर्यो के 'गोत्र' एवम् गण का मूलरूप एक ही था। एक ही कुल के लोग सामान्य एवम् सामूहिक आर्थिकता से सम्पन्न थे। कालान्तर में मूल आदर्श लुप्त होने से इनमे विभेद उत्पन्न हो गये। व्यक्तिगत उत्पादन व नियत्रण के द्वारा सम्पत्ति की विषमता उत्पन्न हुई। फलत धनिक व निर्धन वर्ग की परिणति समाज मे हुई। शनै सामूहिकता की भित्तियाँ जीर्ण होने लगी तथा विनियम की परिसीमा में वर्ग विशेष में धन एकत्रित होना शुरू हो गया। समाज अमीरों व गरीबों मे बँट गया। शनै-शनै विकास क्रम मे उत्पादन के साधनों मे क्रान्तिकारी परिवर्तन दृष्टिगत हुए। फलत निजी सम्पत्ति सचय का पूर्ण अवसर मिला जिससे दूसरे वर्गो मे असंतोष की भावना बढने लगी। वर्ग सघर्ष के बीज पनपने लगे। ऋग्वेद (10-117) की वह परिकल्पना जिसमे दु ख के साथ कहा गया कि "क्या ईश्वर के हाथों से मनुष्य के लिए अकेला दण्ड भूख है? (धनी) मूर्ख के पास खाद्य पदार्थ का सचय होना किसी की भलाई नहीं करता है।"

कालान्तर में विकास क्रम व्यक्तिगत सम्पत्ति, व्यक्तिगत परिश्रम तथा विनिमय बाजार के कारण वर्ग सघर्ष बढता गया। सामूहिकता की भावना को ठेस पहुँची। आदमियों के मध्य घृणा और ईष्या के भाव पनपने लगे। उत्पादन श्रम के द्वारा उपभोग की भावना पर नहीं बल्कि बाजार में उसकी मांग एवं भाग्य के अधीन होने लगी। श्रम में उपभोग की भावना नहीं बल्कि श्रम जीवन के लिए तथा बाजार के लिए है। यह भावनाएं पनपने लगीं। निजी सम्पत्ति, निजी सम्पत्ति तथा बदलते सामाजिक मूल्यों के कारण गृह में पुरूष का आधिपत्य स्थापित हुआ। मातृ सत्ता नष्ट हुई। फलत आर्थिक परिक्षेत्र में नारी की पराजय हुई। नारी को मात्र 'जनी' ही समझा गया।

समाज मे सत्ता की उत्पत्ति, उत्पादन की नयी शक्ति तथा निजी सम्पत्ति ने एक नया रूप धारण किया साथ ही वर्ण व वर्गों के उदय ने नये परिवार की रचना की। फलस्वरूप निजी सम्पत्ति की प्रवृत्ति मे समाज से समाज मे वर्ग भेद उत्पन्न हो गये। वस्तुत परिश्रम एवम् धन बढने से सघर्ष भी बढता गया। विनिमय ने सामूहिक उत्पादन तथा सामूहिक अधिपत्य को नष्ट कर दिया। वर्ण भेद कालान्तर में वर्ण विभेद में परिवर्तित हो गया। ईषोपनिषद के नियमानुसार कि ' त्याग द्वारा उपभोग करों, किसी दूसरे के धन की इच्छा या कामना न करों। " तेनत्यक्तेन भुजीथा मा गृध कस्यस्विद्धनम् इसके स्थान पर अब विनिमय के अन्तर्गत निजी सम्पत्ति ने अपना स्थान प्राप्त कर लिया था। फलस्वरूप एकान्तिक परिवार का उदय हुआ। इसमे सामूहिकता की भावना को ठेस पहुँची। जब समाज मे सामूहिक सम्पत्ति नष्ट होकर निजी सम्पत्ति बढ रही थी उस समय गृह सूत्रों का सृजन हुआ।

धीरे-धीरे समाज मे आर्थिक विकास होना प्रारम्भ हुआ। मौर्य युग तक सिचाई की व्यवस्था हो चुकी थी। दूसरी शती ई0पू0 के एक शिलालेख मे चन्द्रगुप्त मौर्य के राज्यकाल मे एक जलाशय के निर्मित कराये जाने का उल्लेख है। मौर्य युग मे पाटलीपुत्र विशालतम् नगरों में से एक था। अर्थशास्त्र में कर्मशालाओं का उल्लेख होने से इसमे बहुत से शिल्पी कार्यरत थे। निजी उद्यम में कार्य होने से वाराणसी, मथुरा, उज्जैनी में सूती कपडे बुने जाते थे। भडौच बदरगाह से पश्चिम को कपडे का निर्यात किया जाता था। गांधार मे उनी कपडों का कार्य होता था। फलस्वरूप सभ्यता के आद्य स्वरूप से लेकर अद्यतन की विकसित सभ्यता के अन्तर्गत मानव जीवन में सामुदायिक एवम् सामूहिक रूप से कार्य करने की प्रवृत्ति किसी न किसी रूप में विद्यमान थी। राजनीतिक परिपेक्ष्य मे सामन्ती एवं शोषण के फलस्वरूप निजी सम्पत्ति करने की भावना को बल अवश्य मिला, लेकिन समाज के लिए श्रेयस्कर न हो सका। कारण कि विकास का तात्पर्य आर्थिक प्रगति का बोध कराना है। विनिमय के द्वारा समाज में ऐसे परिवर्तन लाये जायं, जिससे समाज के प्रत्येक व्यक्ति की वास्तविक आवश्यकता बढ सके। इससे

समाज का सर्वांगीण विकास सभावित है। वस्तुत आर्थिक विकास एक बहुमुखी तत्व है, साथ ही विकास (आर्थिक विकास) का निर्धारक तत्व व्यवस्या ही है।

भारत आद्य रूप से ही कृषि प्रधान देश है। यहाँ भूमि सुधार के परिपेक्ष्य मे रैयत वारी प्रणाली प्रचलित थी। बहुत सी भूमि, सुधारपूर्ण ही सम्पन्न कृषकों के हाथ मे थी। कृषकों ने स्वतत्रता संग्राम के साथ ही साथ कम लगान, कम मालगुजारी आदि मागों के निमित्व अपना सघर्ष जारी रखा था। किसान सभाए देश के बहुत सी भागों मे सक्रिय थी। अधिकतर किसान सभाओं मे जनवादी प्रभाव था। अन्तत री एन0जी0 रगा और वी0वी0 गिरी के प्रयत्नों से अखिल भारतीय किसान संगठन, कांग्रेस के तत्वाधान मे हुआ। अगस्त 1936 में कृषकों के अधिकारों का घोषणा-पत्र स्वीकृत हो गया था। इसमे कृषकों का सामन्तों के विरूद्ध सघर्ष निहीत था। कृषक अपने अपने व्यवसाय के प्रति जागरूक तो था ही वह सुधार की ओर भी उन्मुख हुआ। कालान्तर में कृषि क्षेत्र में सहकारी कृषि का रूप निखरा। निजलिगप्पा समिति ने " सहकारी कृषि समिति, कृषकों का ऐच्छिक संगठन है, जिससे मानव समिति की शक्ति व भूमि जैसे साधन एकत्रित किये जाते है। " वस्तुत यह एक ऐसी व्यवस्या है जिसमें भूमि का संयुक्त प्रबंध कृषि के क्षेत्र मे किया जाता है। इस परियोजना मे श्रम का सदुपयोग एवम् कृषि भूमि का सुधार सन्निहित है। साथ ही समाज में भावनात्मक एकता का सूत्रपात भली-भाँति होता है। ये सामुदायिक जीवन की अभिन्न कडी है।

सामुदायिक विकास का प्रत्यक्षत रूप 1952 ई0 से परिलक्षित होता है। सामुदायिक जीवन समाज मे आर्थिक जीवन का केन्द्र बिन्दु है। फलत शासन की ओर से सामुदायिक विकास योजना का प्रारम्भ हुआ। विकास क्रम मे मानव चेतना के अन्तर्गत मूलभूत तत्व सहकारी भावना का ही प्रदर्शन है। वास्तव में सा0वि0यो0 मानव में मिलजुल कर कार्य करने की प्रवृत्ति है। ये मूलभूत भारतीय समाज की आवश्यकता

है। ऐतिहासिक परिपेक्ष्य में 1895 से ही जस्टिस रानाडे के सतत् प्रयत्नों से ही ग्रामीण ऋणों को हल करने के लिए कृषि बैंकों की स्थापना हुई। उत्तर प्रदेश मे डूपनेक्स की सहायता से ही ग्रामीण ऋण समितियों के गठन की उल्लेखनीय पहल थी। 1904 मे सहकारी साख समिति अधिनियम पारित हुआ। इसके बाद 1912 मे पुन सहकारी समिति अधिनियम पारित हुआ। इससे समाज मे चेतना जागृत हुई। इस अधिनियम के पारित होने के 2 माह बाद ही लगभग 15,000 सहकारी समितियॉ गतिशील थी। इनका विधिवत अध्ययन करने के लिए 1915 मे मैकलेगन समिति गठित हुई। इसकी अनुशंसा का क्रियान्वयन प्रथम विश्व युद्ध छिड जाने के कारण न हो सका। 1919 में माण्टेग्यू चेम्सफोर्ड सुधारों के फलस्वरूप सहकारिता समितियों को प्रोत्साहन मिला। 1945 की सरैया समिति की अनुशसा से सहकारिता की अधिक गति प्राप्त हुई। इसलिए 1951 से देश मे योजनाबद्ध सहकारिता का विकास हुआ।

स्वीकार्यतया इस मानवीय चेतना (सहकारिता) का आद्य से अद्यतन दिग्दर्शन समाज में पूर्णतया परिलक्षित है। यह मानवीय चेतना है इस राजनीतिक परिसीमा में परिवेष्ठित नहीं किया जा सकता है और न ही किसी बाद तक सीमित किया जा सकता है। यह मानवीय आवश्यकता है। यह विकास की कुंजी होने के साथ ही साथ इससे आर्थिक व नैतिक दोनों लाभ परिलक्षित होते है। सहकारिता से समाज में जमाखोरी, चोरी, काला बाजारी, मद्यपान आदि प्रवृत्तियों का अन्त होता है। इसके स्थान पर परिश्रम लगना, निष्ठा, परस्पर सहयोग एवम् स्वालम्बन के गुण पल्लवित व पुष्पित होते है। सहकारिता से सामाजिक परिवर्तन होकर समाज मे यह प्रक्रिया नव जीवन का संचार करती है।

प्रदेश मे सहकारिता आन्दोलन के माध्यम से आर्थिक विकास के आवश्यक संसाधनों को जन सामान्य तक पहुँचाने के प्रयास किये गये है। उत्पादन वृद्धि के साथ-साथ न्यायोचित वितरण को सुशिचित करने का भी प्रयास सहकारी पद्धति पर

किया जा रहा है। प्रयत्न यही रहा है कि इस व्यवस्था के माध्यम से अभावग्रस्त लोगों, साधन विहीन समुदायों तथा पिछडे व निर्बल वर्ग के लोगों को विकास के समान सुअवसर प्रदान किये जायें। प्रदेश मे सहकारी सस्थाए साख एव निवेशों की पूर्ति कर कृषकों के उत्पादन स्तर मे वृद्धि मात्र ही नहीं कर रही है बल्कि उनके लिए दैनिक उपभोग की सामग्री सुलभ कराकर उन्हें शोषण से भी बचा रही है। बढे हुए उत्पादन का अधिकतम् मूल्य दिलाने के कार्य में प्रदेश की सहकारी विपणन एवं विधायन समितियाँ कार्यरत है। मध्यस्थों तथा बिचौलियों की कुरूतियों एवम् शोषण की कुप्रवृत्ति से सर्वसाधारण को मुक्ति दिलाने हेतु उपभोक्ता सहकारी भण्डार संगठित किये गये है। पशु पालकों एवं दुग्ध उत्पादकों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु दुग्ध सहकारी समितियाँ कार्य कर रही है। बनुकरों की समस्याओं के निराकरण हेतु विभिन्न प्रकार की सहकारी बुनकर समितियाँ कार्यरत है। इनके अतिरिक्त कई अन्य प्रकार की सहकारी सस्थाएं जैसे- श्रम संविदा, गृह-निर्माण, कृषि, कुक्कुट पालन, शीतगृह तथा रिक्शा चालक, सहकारी समितियाँ कार्य कर रही है। आर्थिक विकास मे सहकारिता के लिए सहकारी ग्रामीण निर्मित गोदामों का कार्य विशाल स्तर पर किया जा रहा है। उपभोग ऋण की व्यवस्था की गई है। अल्प, मध्य व दीर्घकालीन ऋण वितरण व्यवस्था में प्रादेशिक सहकारी आन्दोलन ने नये कीर्तिमान स्थापित किये है। समाज के निर्बल वर्ग तक आन्दोलन की सेवा एवं सुविधा का प्रसार किया गया है। इसे सबल बनाने हेतु हमें सुनियोजित, अनुशासनबद्ध, सगठित एव सामूहिक प्रयास करने होगें। इस पुनीत कार्य मे जनता की भागीदारी आवश्यक है तभी हम पूज्य गाधी जी के सपनों को (समाजवादी समाज हेतु तथा आर्थिक विकासार्थ सहकारिता के लिए) साकार करने में सफल होंगे।

अप्रैल 1951 मे ही भारत मे मिश्रित अर्थव्यवस्था का मार्ग चुनकर पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से अपना आर्थिक करना प्रारम्भ किया। नि सन्देह योजना काल में कृषि एवं उद्योग के क्षेत्र मे काफी विकास हुआ। फिर भी पूर्णत न बेरोजगारी समाप्त हुई न ही गरीबी। मानव जीवन मे जिस प्रकार सुख-दुख आते रहते है,

उसी प्रकार अर्थव्यवस्था मे भी गतिशीलता व गतिहीनता की स्थिति उत्पन्न रहती है। गतिशीलता को दूर करने के लिए आर्थिक नीतियों मे परिवर्तन की आवश्यकता है। 1990 के दशक मे देश मे तीव्र बदलाव हुए। इस दिशा मे भारत सरकार ने भी जुलाई 1991 मे आर्थिक चुनौतियों का सामना करने हेतु आर्थिक विकास के लिए नई आर्थिक नीति को बनाने का विचार आया। भारत ने 21वीं शदी के लिए विकसित राष्ट्र के रूप मे तैयार होने का संकल्प लेते हुए तत्कालीन एवं भावी आर्थिक समस्याओं के समाधान के लिए/निदान के लिए नई आर्थिक नीति बनाई जो कि म0पू0 कदम है।

स्वतत्रता के पूर्व से ही भारत अर्थव्यवस्था के विकास एव ग्रामीणों के आर्थिक व सामाजिक स्थिति मे सुधार लाने हेतु सहकारिता आन्दोलन को एक म0पू0 मार्ग के रूप में स्वीकार किया गया। स्वतंत्रता बाद इस आन्दोलन को और गतिशील बनाने के सुझाव दिये गये। सहकारी समितियॉ जहॉ एक ओर वित्त (साख) के क्षेत्र मे काफी मदद कर रही हैं वहीं उर्वरक, उत्पादन व वितरण कार्य में अधिक भूमिका निभाते हुए दुग्ध उत्पादन, तिलहन, विधायन, मत्स्य आदि के क्षेत्र मे उत्पादक व उपभोक्ता दोनों को लाभ पहुँचा रहे है। देश मे उत्पादित चीनी का कुल 60% उत्पादन सहकारी क्षेत्र द्वारा किया जा रहा है। साद्यान्न जूट एवं कपास की प्राप्ति का 75% भाग सहकारी क्षेत्र के अन्तर्गत आता है।

अप्रैल 1991 से ही भारत मे मिश्रित अर्थव्यवस्था का मार्ग चुनकर पचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से अपना आर्थिक विकास करना प्रारम्भ किया। नि सन्देह योजनाकाल मे कृषि एव उद्योग के क्षेत्र मे काफी विकास हुआ। फिर भी पूर्णत न तो बेरोजगारी समाप्त हुई न ही गरीबी। मानव जीवन मे जिस प्रकार दुख-दुख आते रहते है, उसी प्रकार आर्थिक विकास से सबधित अर्थव्यवस्था मे भी गतिशीलता व गतिहीनता की स्थिति उत्पन्न होती है। हम कह सकते है कि गतिहीनता को दूर करने के लिए समय-समय पर आर्थिक नीतियों मे परिवर्तन की आवश्यकता है। 1990 के दशक

मे तीव्र परिवर्तन हुए। इसी दिशा मे भारत सरकार ने भी जुलाई 1995 मे आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए आर्थिक विकास के लिए नई आर्थिक नीति बनाने का विचार आया। भारत ने 21वीं शदी के लिए विकसित राष्ट्र के रूप मे तैयार होने का सकल्प लेते हुए तत्कालीन एव भावी आर्थिक समस्याओं के निदान हेतु आर्थिक नीति बनाई ।

आर्थिक विकास में आर्थिक नीति एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वतंत्रता के पूर्व ही भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास एवं ग्रामीणों के आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति मे सुधार लाने हेतु सहकारिता आनदोलन को एक महत्वपूर्ण मार्ग के रूप मे हम स्वीकार करते है। स्वतत्रता बाद इस आन्दोलन को और अधिक गतिशील बनाने के निर्णय लिये गये। सहकारी समितियाँ जहाँ एक तरफ वित्त (साख) के क्षेत्र मे काफी मदद कर रही है वहीं, उर्वरक, उत्पादन, वितरण कार्य मे अधिक भूमिका निभाते हुए दुग्ध उत्पादन, तिलहन, विधायन, मत्स्य आदि के क्षेत्र मे भी उत्पादक व उपभोक्ता दोनों को लाभ पहुँचा रही है। देश में उत्पादित कुल चीनी का 60% उत्पादन सहकारी क्षेत्र द्वारा किया जा रहा है। खाद्यान्न, जूट एवं कपास की कुल प्राप्ति का 75% भाग सहकारी क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। सहकारिता आन्दोलन आर्थिक विकास मे काफी हद तक सफल रहा है। फिर भी अभी बहुत कुछ हमें करना है। आर्थिक विकास के लिए हमें सर्वप्रथम उत्पादन तथा रोजगार को बढाना होगा। सामाजिक प्रतिबंधों तथ कुरूतियों को दूर करना होगा। आर्थिक दृष्टि से स्वत को मजबूत करना होगा। सामाजिक हित मे प्रतिस्पर्धा को बढावा देना होगा, साथ ही साथ लघु उद्योगों को भी बढावा देना होगा। गावों का समन्वित विकास करते हुए कारीगरों, मजदूरों को शोषण से मुक्त करना होगा।

नयी आर्थिक नीति सहकारिता क्षेत्र के लिए दो तरफा नीति बनाई गयी है। एक तरफ तो कानूनी प्रावधानों में छूट एवं सहकारी हस्तक्षेप को कम कर ही है,

जो सहकारी आन्दोलन के भविष्य मे सहायक होगा। दूसरी तरफ सरकारी समितियाँ अभी आर्थिक दृष्टि से सुदृढ नहीं बन पाई है। सहकारिता को मजबूत एवं प्रबंधकीय वित्त की आवश्यकता है। 'उत्पादन के क्षेत्र मे उदारीकरण कर निजी क्षेत्रों में प्रवेश के लिए द्वार खोल दिया गया है। निजी क्षेत्र के कम्पनियों द्वारा नई तकनीकी एवम् आधुनिक उपकरणों का प्रयोग किया जायेगा, जिससे कम लागत पर अधिक मात्रा में अच्छी वस्तुओं का उत्पादन होगा, इससे सहकारी क्षेत्र के उद्योग प्रभावित होगें।

नई आर्थिक नीति के प्रावधानों से सहकारिता आन्दोलन को प्रभावित करने मे सफलता अच्छी मिलेगी, यदि हम उद्योग स्थापना मे प्रवेश सबधी छूट दे दे। बैंकों मे प्रतिस्पर्धा बढा दें, सब्सिडी को कम कर आठवी पचवर्षीय योजना मे किसी प्रकार का उल्लेख न हो। व्यापार में प्राथमिकता न देने से भी सहकारिता में वृद्धि की सम्भावना है।

हमारा देश एक कल्याणकारी देश है। कल्याणकारी राज्य मे रहने वाले नागरिकों के कल्याण के लिए प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले ध्यान देना होता है, आर्थिक हित पर बाद मे। यह सर्वदा सत्य है कि आर्थिक विकास होना चाहिए, परन्तु अपने सतत् संस्कृत सभ्यता और नागरिकों के कीमत पर नहीं। आर्थिक विकास के मामले मे हमें अपने मानव संसाधन का उपयोग करना चाहिए। हमारे देश मे अधिकांश जनता गरीब है। जनता को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने की बात सोची जानी चाहिए। अभी भी देश मे काफी बेरोजगार युवक है, इन युवकों को रोजगार देना सरकार का दायित्व बनता है। नये उद्योगों के स्थापना के लिए प्रवेश सबधी छूट तथा लाइसेन्स प्रणाली मे देय छूट से बाहरी उद्योगपतियों का आगमन हर क्षेत्र मे बहुत बडी सख्या मे बढेगा। इस बढोत्तरी से सहकारिता के उद्योगों के प्रभावित होने की संभावना है। सहकारी आन्दोलन अपने देश के नागरिकों के कल्याण हेतु कार्य कर रहा है।

इस प्रकार उपरोक्त कथनों के परिणामस्वरूप हम कह सकते है कि सहकारिता आन्दोलन मानव ससाधनों का उपभोग कर अधिक रोजगार सृजित कर, उत्पादन का भी कार्य कर रही है। यदि, सरकार महसूस करें कि इसमे सुधार लाने की आवश्यकता है या गति प्रदान करने की आवश्यकता है तो नि सन्देह सरकार को ऐसा करना चाहिए और साथ ही साथ सरकार को भी सहकारिता के द्वारा आर्थिक विकास के कार्य करने के लिए प्राथमिकता के तौर पर प्रोत्साहन देना चाहिए।

-0-0-

सहकारिता के क्षेत्र मे इग्लैण्ड को विश्व का पथ प्रदर्शक माना जाता है। वहाँ आन्दोलन का जन्म औद्योगिक क्रान्ति के फलस्वरूप उत्पन्न आर्थिक एवम् सामाजिक परिस्थितियों के कारण हुआ। यथार्थ मे ये परिस्थितियाँ ऐसी थी कि इनमे सहकारिता के अतिरिक्त सुधार का दूसरा उपाय न था। क्रान्ति से पूर्व इग्लैण्ड में कृषि व उद्योग की दशा प्राय वैसी ही थी जैसे कि स्वतंत्रता के पूर्व मे भारतीय कृषि एवं उद्योग की थी। यह भी जनता जीविका के लिए मुख्यत: कृषि पर निर्भर थी। प्रत्येक व्यक्ति का अपने गाव 'मैनोर' की भूमि पर कुछ न कुछ अधिकार होता था। मैनोर के स्वामी को अपने इलाके के लोगों पर बहुत अधिकार होता था। किन्तु साथ ही साथ इनके प्रति उनके कुछ कर्तव्य भी होते थे। वह परम्परागत ढग से व्यवहार करता था। शताब्दियों तक यह प्रबध चलता रहा। यदि किसी कारण जनता को कभी-कोई असन्तोष होता, तो कुछ दिनों तक उसके निवारण के लिए आन्दोलन चलता और अन्त मे समझौता होकर जीवन पुन पुरानी लीक पर चलने लगता। खेती छोटे पैमाने पर पशुओं की सहायता से की जाती थी। खेत विखरे हुए थे। कुटीर उद्योग विकसित दशा मे थे। ये छोटे-छोटे शिल्पियों के द्वारा अपने परिवार की सहायता से चलाये जाते थे। साथ ही साथ गॉव की औजार सबधी आवश्यकता को पूरा करते थे। यातायात के साधन प्राचीन थे और व्यापार व वाणिज्य का अधिक विकास न था।

औद्योगिक क्रान्ति से पूर्व की स्थिति अधिक दिन तक न चली और उसमे परिवर्तन हुए। 'नई दुनिया' का पता चलने के बाद यूरोप में चॉदी का प्रवाह (फ्लो) बढ गया तथा हर देश व गॉव में चॉदी फैलने लगी। इसके प्रभाव स्वरूप अदल-बदल की व्यवस्था का स्थान मुद्रा व्यवस्था ने ग्रहण किया। प्रत्येक कार्य मे मुद्रा का प्रयोग होने लगा। खेती मे कार्यरत मजदूरों को भी मजदूरी मुद्रा मे मिलने लगी। अत मजदूरों ने बेगार की प्रथा से मुक्ति पाई। भूस्वामियों ने भूमि का घेरा बन्दी करने हेतु कृषकों से इनके भूमि अधिकार क्रय कर लिए इससे विखरी जोते एकत्र होने लगी और खेतों का आकार बढा होने लगा। अब प्रत्येक व्यक्ति अपनी इच्छानुसार नये तरीकों

से कृषि कार्य करने हेतु स्वतत्र हो गया। नये-नये ढग से रूपया कृषि करने मे बहुत खर्च हुआ। अब कृषि व्यवस्था इग्लैण्ड की ' निर्वाह नमूने ' की न रहकर ' व्यापारिक ' एवम् ' पूँजीवाद ', बन गई। जो लोग धनाभाव के कारण नये ढग से खेती नहीं करते थे उन्हे खेती के धन्धे को छोड देना पडा। यही नहीं, अशिक्षा और निर्धनता के कारण वे अपने परम्परागत अधिकारों की भी रक्षा नहीं कर सके। उनके गॉव पंचायती भूमि, वीरान भूमि और वन संबंधी अधिकार छीन लिये गये। वे अपने ही गॉव मे गैर समझे जाने लगे और इस तरह वे अपना गॉव छोडने हेतु विवश हो गये।

इधर शहर से निर्मित वस्तुए गॉवों में पहुँचने लगी। इनकी प्रतियोगिता मे न टिक पाने के कारण ग्रामीण उद्योग नष्ट होने लगे। इस प्रकार गॉव की कुशल कारीगरी में शहर की अपेक्षा बहुत निराशाजनक स्थिति हो गई। तब ये कारीगर शहर क़ी ओर पलायन करना शुरू कर दिये। कृषकों और कारीगरों के नगरागमन से मजदूरों की पूर्ति बढ गई और थोडे ही समय बाद काम की तलाश मे फिरने वाले मजदूरों के झुण्ड के झुण्ड नगरों मे स्थान पर दिखाई देने लगे। इन दिनों इग्लैण्ड की स्थिति ऐसी थी कि अमीर व्यक्ति अधिक अमीर व निर्धन व्यक्ति अधिक निर्धन बने रहे थे।

उक्त दुखद स्थिति से सरकार की निर्वाधावादी नीति एक बडे अश तक उत्तरदायी थी। यह नीति कारखाना मालिकों के हित मे थी। कारण इन्होंने इसे शोषण का अवसर दिया। कारखाना मालिक जिन्होंने पूँजी पर बडी मात्रा का अधिकार कर लिया था, काम की तलाश मे मारे-मारे फिरने वाले मजदूरों से कार्य सबंधी कडी शर्तो वाले अनुबध किये। मजदूरों को कार्य की सख्त आवश्यकता के कारण वे इसके औचित्य अथवा अनौचित्य पर ध्यान न देकर अपरिचित स्थान पर जेब की पाई-पाई खर्च होने कें तदुपरान्त वे किसी भी प्रकार की शर्तो पर काम करने को विवश थे और इसके अलावा उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं था।

किन्तु काम मिल जाने पर भी उनकी कठिनाइयों का अन्त नहीं हुआ। यथार्थ मे कठिनाई और बढ गयी। कारखानों मे उन्हे सेनाशाही कठोर अनुशासन के अन्तर्गत कार्य करना पडता था। जैसे - तनिक भी सुस्ती करने में देर से आने या जल्दी काम छोड देने पर उन्हे कठोर दण्ड दिया जाता था। प्रतिदिन 17-18 घंटे कार्य लिया जाता था। विश्राम के लिए समय नहीं के बराबर मिलता था। लम्बे घण्टे कार्य करने के कारण अनेक श्रमिकों का स्वास्थ बिगड गया, कुछ की अकाल मृत्यु हो गई। शेष मजदूरों के सामने बीमारी का सकट खडा हो गया। धीरे-धीरे उन्हे अमानवीय परिस्थितियों में रहने की आदत पड गई। वे कारखाने के सन्निकट मालिकों द्वारा दिये गये क्वाटरों में रहते थे। स्थान व धन की कमी के कारण एक-एक क्वाटर मे कई-कई श्रमिक रहने को मजबूर थे। इन गदी, तग और भद्दी कोठरियों मे रहने से मजदूर अपनी सुशीलता और मर्यादा सब कुछ खो बैठे तथा निर्लज्जता, दुराचारी, असत्यभावी, स्वार्थी तथा धोखेबाज बन गये। अब उन्हें समय पालन और पूरा श्रम करने की चिंता छूट गई। वे जब तक मालिकों के आदेश का उलंघन करने लगे। इस पर उन्हें दण्ड दिया जाता पर वे और भी उदण्ड हो गये।

किन्तु यहीं पर अन्त न हुआ। अभी तो एक बडा संकट आने को था। उद्योग के क्षेत्र में वृहद् उत्पादन, श्रम विभाजन, यंत्रीकरण और विस्तृत बाजार और प्रतियोगिता के कारण उत्पादन व्यय घट रहे थे। इसके अनुपात में कारखानेदारों की आय बढ रही थी। उनकी धन कमाने की आकॉक्षा और भी उत्कृष्ट हो गई। अधिकाधिक लाभ कमाने के प्रलोभन ने उनकी विवेक, शक्ति को कुंठित कर दिया। वे उत्पादन व्ययों में कमी लाने हेतु उत्पादन बढाने हेतु कटिबद्ध हो गये। उनमे यह होड शुरू हो गई कि देखें कौन सबसे अधिक उत्पादन कर सकता है। यह उत्पादन भविष्य में मॉग के अनुपात में किया जा रहा था। कुछ समय तक अनुमान सही उतरे, किन्तु वे बाद में गलत होने लगे। सहसा मील मालिकों ने पाया कि उन्हें गोदामों में बिना

कर दिया। कुछ ने कार्य के घन्टे घटाए, कुछ ने श्रमिक सख्या घटाई और कुछ ने कारखाने बिल्कुल ही बंद कर दिये। इससे निर्धन मजदूरों के सामने काफी सकट उत्पन्न हो गया। कारखानों से छटनी श्रमिकों छटनी श्रमिकों के सामने समस्या आई कि अब क्या क्या करें, कहाँ जायें। वे अपने गाँव को वापस नहीं लोट सकते थे। कारण जमीन गाँव की हाथ से निकल गई थी और वे न तो अपना पुरान कुटीर धन्धा ही कर सकते थे। वे कमाई के दिनों मे ही अपने व अपने परिवार का पेट भारी मुश्किल से भर पाते थे, अब वे भूखों मरने की स्थिति मे आ गये थे। बहुत से श्रमिक दरिद्रालय मे गये। कष्ट सहते-सहते वे धैर्य खो बैठे। तब उन्होंने संगठित होकर विद्रोह कर दिया- मशीनें तोड दी, मिलों को आग लगा दी और कहीं-कहीं मिल मालिकों को मार डाला। इसका बदला उनसे कानून ने लिया। अनेक श्रमिक जेल डाले गये और कितने मृत्यु दण्ड को प्राप्त किये।

जहाँ मजदूरों को उपर्युक्त संकटों का सामना करना पड रहा था, वही उन्हे कुछ अन्य कठिनाइयाँ भी झेलनी पड रही थी। उन्हे अपनी दैनिक आवश्यकता की वस्तुएँ उन्हीं दुकानों से खरीदनी पडती थी, जो कि मिल मालिकों ने अपने कारखानों के समीप में खुलवाई थी। उन्हीं मजदूरों को मजदूरी के बजाय कागज चिट्ट मिलता था, जो इन्हीं दुकानों से भुनती थी। इन दुकानों पर नाप-तौल में उन्हे धोखा दिया जाता था। बेची जाने वाली वस्तुओं मे बहुत मिलावट होती थी। थोक व फुटकर कीमतों में बडा अन्तर होता था, बीच में मध्यजन बहुत लाभ लेते थे।

उन दिनों इग्लैण्ड मे सघ विरोधी नियम प्रचलित थे जिनके कारण मजदूर परस्पर मिलकर अपनी स्थिति सुधार के लिए कोई प्रयत्न तक नहीं करते थे और न अपनी शिकायतें सामूहिक रूप से मालिकों के सामने रखते थे।

19वीं शताब्दी के प्रारम्भ मे मजदूरी की कठिनाइयाँ बहुत बढ गई, क्योंकि

आर्थिक सकट अल्प समयान्तरों पर आने लगा। सन् 1815, 1818 और 1925 के औद्योगिक सकटों ने मजदूरों की दशा को और शोचनीय बना दिया। उनकी इस दीन, हीन दशा को देखकर कुछ दयालु व विवेकशील व्यक्तियों ने अपना ध्यानाकर्षण कर उनकी दशा को सुधारने का प्रयास करने लगे। तुरन्त प्रभाव न पडकर मजदूरों की दशा को सुधारने मे प्रयत्नशील व्यक्तियों के प्रयास 20 वर्ष के बाद दृष्टिगोचर हुआ। जबकि एड्स, स्मिथ, माल्थस, रिकार्डो ने प्रतियोगिता का सिद्धान्त प्रस्तुत किया। ' रार्बट ओबिन ' ने प्रतियोगिता की बुराइयों से बचने के लिए ' समानता के आधार पर सगठन ' का जिसमें हर सदस्य समान होता था, मार्ग दिखाया और यही विचार आगे चलकर सहकारी आन्दोलन मे प्रचलित हो गया।

राबर्ट ओविन को ' ब्रिटिश सहकारी आन्दोलन ' को जनक कहा जाता है। वह एक महान समाजवादी दार्शनिक था। यह स्वयं एक कारखाना मालिक था। मजदूरों को बेहतरीन सुविधा दिलाने की वजह से यह बहुचर्चित हो गया। विदेशों से भी लोग उसके कारखाने देखने आने लगे। यहॉ तक हुआ कि कुछ यूरोपीय देश के शासकों ने ओविन से सलाह लेकर अपने यहॉ समाज सुधार का कार्य प्रारम्भ किया। आगे ओविन के उन विचारों और प्रयासों ने सहकारी आन्दोलन मे महत्त्वपूर्ण भूमिका प्रदान की है।

यह उन विचारकों में अग्रणी थे जिन्हें सहयोगवादी कहा जाता है। सहयोगवादी मनुष्य के वातावरण को बहुत महत्व देते थे। इनका कहना था कि मनुष्य के सामाजिक वातावरण का उसके मानसिक व नैतिक विकास पर बडा प्रभाव पडता है। एक शिक्षित और धनी परिवार मे जन्म लेने वाले व्यक्ति को अच्छी शिक्षा मिलती है और उसे उन्नति के अनेक सुअवसर प्राप्त होते है। किन्तु एक निर्धन व अशिक्षित परिवार मे जन्म लेने वाले व्यक्ति को अशिक्षित रहना पडता है तथा तरक्की के अवसरों के अभाव मे वह कठिनाइयों से भरा जीवन बसर करता है, जिससे उसका नैतिक और मानसिक विकास रूक जाता है। वह चिडचिडा, उदण्ड, असंयमी और आलसी बन जाता है। अत व्यक्ति को सुधारने के लिए उसके वातावरण को बदलना आवश्यक होता है। इसी

मान्यता के कारण उसने मजदूरों की भलाई के लिए विविध सस्थाऐ खोली और अन्य अन्य मजदूरों के वातावरण को बदलने का प्रयास किया।

राबर्ट ओविन ने प्राकृतिक वातावरण की तुलना मे सामाजिक वातावरण को अधिक महत्व दिया। उसका मत था कि प्रकृति ने मनुष्य को न तो अच्छा बनाया है न ही बुरा। वह बडा होकर अच्छा निकलेगा या बुरा इस बात पर निर्भर है कि उसका बचपन कैसे सामाजिक वातावरण मे व्यतीत होता है। यदि इस वातावरण को उपयुक्त बना दिया जाय तो उसका अच्छा चारित्रिक एवं मानसिक विकास हो सकता है।

वातावरण को सुधारते हुए ओविन ने यह भी कहा है कि मनुष्य जो कार्य करता है उसके लिए व्यक्तिगत उसे ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। वास्तविक जिम्मेदारी उस वातावरण व समाज की होती है जिसमे वह रहता है। अत मनुष्य को इस दुनिया में दण्ड देना अनुचित है। उसने विश्व के सभी धर्मो की आलोचना करते हुए कहा कि सभी धर्मोपदेशक व पादरी ' प्राचीन अनैतिक विश्व ' के समर्यक बने हुए हैं क्योंकि मनुष्य के लिए प्रचलित वातावरण को जिम्मेदार ठहराने के बजाय स्वय मनुष्य को ही दोषी ठहराते है। इन विचारों के कारण गिरजों के अनेक पादरी जो उसके प्रशसकों मे थे उसके विरोधी बन गये। इस पर भी लोग उसकी बात को ध्यान से सुनते थे, कारण उन्हे उसके उदार हृदय का समुचित ज्ञान था।

यह मात्र उपदेशक ही नहीं था, उसने अपने विचारों को क्रियात्मक रूप भी दिया। उसने अपने मिल में बहुत से सुधार किये। जैसे दैनिक कार्यो की कार्य घण्टा समय 16 से घटाकर 10 घण्टे किये। मजदूरी मे कोई कटौती नहीं की। 10 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम देना बन्द कर दिया। उनके लिए स्कूल खोल दी। (इन्हीं बच्चों मे कुछ बडे होकर सहकारी भण्डारों के सदस्य और अगुआ तक बने।) छोटी-2 बातों को लेकर कटौती बन्द कर दिया। नकद वेतन देना शुरू कर दिया।

मजदूरों के नि शुल्क चिकित्सालय बने तथा उनके बच्चों के लिए पार्क बनाये गये तथा कारीगरों की शिक्षार्थ आयोजन किया गया। ये सुधार ओविन ने जो निज की प्रेरणा से किये। बाद मे विवश होकर अन्य कारखाना मालिकों ने किये। उसके सुधारों ने औद्योगिक संसार में हलचल मचा दी। अनेक मालिकों ने घबडाकर ओबिन को पत्र लिखे कि वह सुधार करने में जल्दी न करें तथा कुछ अपने भी हितों का ध्यान करें।

उक्त मिल मालिकों को ओबिन ने निराला जवाब दिया। उसने लिखा कि " आपने अनुभव किया होगा कि एक ऐसे कारखाने मे जहाँ हर प्रकार की मशीने मौजूद है तथा सदेव साफ-सुथरी और चालू हालत मे रखी जाती हैं, और एक ऐसे कारखाने मे जहाँ मशीनें बन्द तलब और बेकार रखी हुई है तथा उनसे कठिनाईपूर्वक कार्य लिया जाता है, दोनों में कितना अन्तर है। जब अच्छी हालत में मशीनों के अच्छे परिणाम निकल सकते है, तब यदि आप अपने मजदूरों का जो कि बहुत बढिया नमूने की मशीनें हैं, ध्यान रखें कि क्या उसका परिणाम अच्छा न होगा। क्या यह बात बिल्कुल स्वाभाविक नहीं है कि यदि मानवरूपी अद्‌भुत मशीनें जो साधारण मशीनों से सैकडों गुना पेंचीदी होती है, अच्छी दशा मे रखी जायें और उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाय, तो उनकी कार्य कुशलता बहुत बढ जायेगी, जिससे अन्तत लाभ ही है।

ओबिन ने अपने कारखाने मे इतने अधिक सुधार किये कि लोग उसके पागल होने की संशय करने लगे और समझने लगे कि उसका प्रगतिशील कारखाना जल्द ही दिवालिया हो जायेगा। लेकिन ऐसी कोई बात नहीं हुई। यथार्थ मे उसके कारखाने का उत्पादन बहुत बढ गया और मशीनरी मरम्मत व्यय घट गये। मजदूरों पर अच्छा असर पडा। सभा मे प्रस्ताव पास किया कि कार्य समय काम करें।

राबर्ट ओबिन ने भी अपने साथी कारखानेदारों से अपील व प्रार्थना किया कि वे मेरे सुधारों को अपनाने का प्रयास करें लेकिन कोई प्रयास सफल नहीं हुआ। उसने

विधि निर्माण करने वाले वाले विधि से वार्ता की, शायद कोई कानून ही इस सबंध में बन जाय, किन्तु वहाँ से भी उसे खाली हाथ लौटना पडा। इससे उसके स्वाभिमान को चोट पहुँची। उसे विश्वास हो गया कि न तो कारखाना मालिक कुछ करेगें और न कानून ही कोई सहायता देगा। ऐसी दशा मे मजदूरों की दशा तब ही सुधर सकती है जबकि वे स्वेच्छा से संगठित हों और पारस्परिक सहायता द्वारा आत्म सहायता करें। इसी सहयोग के विचार ने आगे चलकर चमत्कारिक प्रभाव दिया एवं दिखाया कि ओबिन को 'सहकारिता के जनक' की पदवी दिलाई। साथ ही साथ न्यूलनार्क के सफल अनुभवों और सहयोग के सफल आदर्श में पूर्ण विश्वास रखते हुए ओबिन ने सहयोगी ग्रामों की योजना बनाकर न्यूलनार्क की बस्तियों की भाँति स्वालम्बी बनाना चाहता था। जिससे मजदूर समानताधार पर एक दूसरे से सगठित हो सके जिससे उत्पादक व उपभोक्ता मे सीधा सम्पर्क हो सके तथा सहकारिता का लाभ उठा सके।

राबर्ट ओबिन की महत्ता उसके सिद्धान्तों एवं आदर्शो मे निहित है जो कि उसने विश्व को दिये न कि उन व्यवहारिक योजनाओं मे जिनके द्वारा वे इन्हें क्रियान्वित करना चाहता था, ये सिद्धान्त वही हैं जिन पर आगे चलकर सहकारी- आन्दोलन फल-फूल रहा है। कुछ सहकारियों का यह कथन असत्य है कि सहकारी आन्दोलन पर ओबिनवाद का कोई प्रभाव नहीं है। ब्राउटन सोसाइटी का सस्थापक और 'सहकारिता' पत्र का संस्थापक, प्रकाशक डा0 विलियम किग ओबिन के विचारों को अपने पत्र मे ससम्मान प्रकाशित किया करता था। अवश्य ही ओविन को 'आधुनिक सहकारी आन्दोलन का जनक' माना जाता रहेगा। क्योंकि उसने आधुनिक सहकारी आन्दोलन के कई सिद्धान्त दिये हैं- सहकारी आन्दोलन पर प्रकाश डालने वाले उसके कुछ मुख्य सिद्धान्त निम्न हैं। ए- व्यक्तिगत लाभ को उन्मूलन बी- उपभोक्ताओं के ऐच्छिक संघों द्वारा उपभोग हेतु उत्पादन सी- सम्मिलित उपक्रम से हुए लाभों के ऐच्छिक संचय के द्वारा उत्पत्ति साधनों पर समन्वय स्वामित्व स्थापित करना। डी- सारे समाज के धन का मनुष्य के चरित्र सुधार एवं सुख के लिए उपभोग करना।

इग्लैण्ड की औद्योगिक क्रान्ति ने वहॉ समाज के 2 वर्ग कर दिये। ए- पूँजीपति व सेवायोजकों का वर्ग बी- मजदूरी करने वालों का वर्ग

यह दूसरा वर्ग पूर्णरूपेण प्रथम वर्ग की दया पर आश्रित हो गया। वहॉ मजदूर वर्ग ने अपने कष्टों के कारण ही इग्लैण्ड, सहकारी आन्दोलन का अग्रणी हो गया। मजदूर अपने कष्टों से मुक्ति पाने के लिए अपने अधिकारों की रक्षा करने तथा निर्दयी सेवा-योजकों के अत्याचारों से बचने के लिए श्रमिक सघों में सगठित होना शुरू किया। साथ ही साथ खाद्य एव अन्य आवश्यक वस्तुओं की ऊँची कीमत और आवास सबधी कठिनाइयों के निवारण के लिए उन्होंने उपभोक्ताओं के रूप मे सहकारी भण्डार भी स्थापित किये।

रोकडेल को इग्लैंण्ड मे उपभोक्ता सहकारी आन्दोलन का अगुआ बनने का गौरव प्राप्त है। घटनावश वह इग्लैण्ड के सबसे पिछडे हुए औद्योगिक क्षेत्रों में से था। वहॉ हाथ से कपडा बुनने का धन्धा प्रमुख था। इसके अलावा दरी, कोयला व टोप आदि के छोटे-2 उद्योग भी चलते थे। सन् 1802 के आस-पास वहॉ कपडा बुनने के लिए स्टीम संचालित करघे लगे। ऊन बुनने मे स्टीम के करघों का प्रयोग 1831 से हुआ। फलस्वरूप घरेलू उद्योग की फैक्ट्री उद्योग से प्रतियोगिता होने लगी। जिसमे छोटे से छोटे करघों पर कार्य करने वाले लोगों को पीछे हटना पडा। पहले सभी किसान अवकाश के समय अपना कपडा बुनने का कार्य किया करते थे। ये खेती भी करते थे। धन्धा मदा चलने पर खेती कर लिया करते थे। लेकिन रौकडेल फैक्ट्री उद्योग स्थापित होने पर रौकडेल का वातावरण शहरी बन गया और मजदूर केवल फैक्ट्रियों पर निर्भर रहने लगे।

इधर रौकडेल की जनसख्या निरन्तर बढ रही थी। 1844 में इस कस्बे की जन0 25 हजार हो गई। आस-पास गॉवों की जन0 40 हजार थी। अत कस्बे

के लोगों को विशेष समस्या का सामना करना पडता था। यहाँ के कुशल कारीगर सामायिक समस्याओं में भाग लेते थे। उन्हे चार्टिस्ट आन्दोलन एवं श्रमिक सघ आन्दोलन से गहरी सहानुभूति थी। मज़दूर वर्ग की गतिविधियों के कारण ही इस कस्बे की गणना मैचेस्टर और लीड के साथ की जाती थी। यहाँ कितनी ही बार हडताल हो चुकी थी। इसमे बुनकरों ने भाग लिया था। उन दिनों कारखाना मालिक फैली हुई बेकारी का लाभ उठाकर भिन्न-2 मजदूरी देते थे। उनके इन अनुचित कार्यो को रोकने हेतु रौकडेल के बनुकरों ने अपना एक संघ बनाया और हडताल की,जो दुर्भाग्यवश असफल रही। इन असफल हडताल के कारण उनकी दशा सुधारना तो दूर, उल्टे वह और बिगड गई। होलीओक ने 1840 से पहले रौकडेल की स्थिति का वर्णन इस प्रकार किया। रौकडेल जो अब एक सुहावना और प्रगतिशील नगर है सन् 1840 से पहले इग्लैण्ड के सबसे पहले निर्जन औद्योगिक स्थानों में था। एक जुलाहे की मजदूरी इतनी भी नहीं थी कि वह अपने परिवार को पाल सके। निर्धनालयों में ही उसका ठिकाना था और उसकी चिंता यह थी कि कहीं ऐसा न हो कि उसके वहाँ पहुँचने से पूर्व ही मर जाय और उसे स्थान के अभाव मे उसकी खिडकी के बाहर अपना पाँव लटकाकर घर बैठे। "

आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। " रौकडेल के बुनकर संगठित होकर अपनी दशा सुधारने के लिए विचार करना शुरू किये। 1843 में एक शाम 28 बुनकर एकत्र हुए। उसमे एक ने यह सुझाव रखा कि यद्यपि मजदूरी बढाना सम्भव नहीं है तथापि वे अपना कच्चा माल सामूहिक रूप से क्रय करके अपने व्यय को घटा सकते है। सहकारी समिति की स्थापना का प्रस्ताव रखा। उन्होंने इस बात पर भी विचार किया कि पहले की समितियाँ फेल क्यों हुई? इसके उन्हें निम्न कारण मालूम पडे। उधार विक्रय करना, बाजार भाव से कम पर बेचना। समितियों में सदस्यों के प्रति निष्ठा का अभाव। रौकडेल के बुनकरों ने इस दोष से बचने के लिए गम्भीर क्रमबद्ध एवं वैज्ञानिक कदम रखा। यहीं से इग्लैण्ड में स्टोर आन्दोलन का शुभारम्भ

हुआ। आरम्भ मे जो प्रयास किये गये वे वित्तीय और अन्य कठिनाइयों के कारण असफल हो गये, किन्तु इन्हीं की राख पर रौकडेल का ढॉचा तैयार हुआ।

उपर्युक्त 28 व्यक्तियों ने एक वर्ष मे एक - एक पौंड की बचत की और 1844 मे रौकडेल क्वाइटेबिल पायनियर सोसाइटी आरम्भ की। इस फ्रेन्डली सोसाइटी एक्ट के अधीन रजिस्टर्ड कराया गया। उन्होंने 10 पौंड वार्षिक किराये पर रौकडेल की एक गली ' टोडलेन ' मे एक दुकान किराये पर ली और उसे अपनी बचत के धन से सज्जित किया। इसमे आवश्यक, आवश्यकता की वस्तुए (आटा, मक्खन, साबुन, कन्दील, चाय और शक्कर) थोडी-2 मात्रा मे क्रम से रखी गई। जब उद्घाटन का समय आया तो किसी को दुकान को खोलने का साहस नहीं आया। क्योंकि दुकान के बाहर एक बडी भीड़ मजाक उडाने के लिए खडी थी।

रौकडेल के सदस्यों मे अदम्य उत्साह, स्फूर्ति व लगन थी, जिस कारण उक्त छोटा सा किराये का स्टोर एक बडे उपभोक्ता स्टोर आन्दोलन में परिणित हो गया। टोडलेन का स्टोर आज विश्व मे सहकारी आन्दोलन के इतिहास के रूप में स्मरण किया जाता है। इसके सस्थापकों के पास धनाभाव भले ही रहा हो लेकिन पराक्रम, वीरता, साधारण बुद्धि, धीरज और आत्म विश्वास के भारी गुण थे। " ये निर्धन जुलाहे, जिनके गर्भ से अग्रगामी समिति का जन्म हुआ चित्र की स्थिरता और साधारण बुद्धि से परिपूर्ण थे तथा उन्हें जेम्स डेली, चार्ल्स, हावर्थ और जान हिल जैसे प्रसिद्ध सहकारियों का सहयोग प्राप्त था। " कहा जाता है कि 28 व्यक्ति बुनकर थे। इनमे कुछ व्यक्ति अन्य व्यवसाय के थे, किन्तु जुलाहों की संख्या अधिक थी।

इनके उद्देश्य स्टोर की स्थापना करना, मकान बनवाना या क्रय करना, वस्तु निर्माण करना, वस्तुओं का निर्माण शुरू करना, भूमि क्रय करना व आत्म निर्भर करना, उपनिवेश स्थापित करना, मिताचर होटल खोलनादि। ये उद्देश्य महान और ऊँचे मानवीय

मूल्यों पर आधारित थे।

इग्लैण्ड के सहकारी आन्दोलन मे ओविन के अतिरिक्त कुछ अन्य व्यक्तियों ने सहकारी आन्दोलन पर प्रकाश डाला है। इनमे कुछ पारसी धर्म के है। ईसाई धर्म के पादरी भी है। फेडरिक, डेनीसन, जोन मैलकोम, लडली, एडवर्ड, बेन्सीटार्ट, नील, चार्ल्स किस्ले और टोमस ह्यूज विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

ब्रिटिश में उपभोग सहकारिता का क्रमिक विकास
(फुटकर स्टोर आन्दोलन)

इग्लेण्ड औद्योगिक क्रान्ति का मसीहा माना जाता है। क्रान्ति ने इग्लेण्ड मे एक ऐसा वातावरण उत्पन्न कर दिया, जिसमें सहकारिता ही संकट का एक मात्र साधन था। इस सबंध मे पहला प्रयोग साक्ष्य के साथ सन् 1975 मे किया गया। इसका उद्देश्य अनाज के मूल्यों को नीचे गिराना था। हल के निवासियों ने चन्दे के द्वारा लगभग 1400 सदस्यों की एक समिति (हुल एन्टी मिल सोसाइटी) बनाई जिसने अपने सदस्यों को आटा सप्लाई करने का कारखाना स्थापित किया। यह समिति कुछ समय के बाद समाप्त हो गई। हल के समान ही अन्य स्थानों पर भी समितियाँ बनी। उधर राबर्ट ओविन ' सहयोग ' के महत्व पर जोर दे रहा था। इसके फलस्वरूप 1821 में एक समिति द को-आपरेटिव एण्ड ईकोनामिकल सोसाइटी स्थापित हुई। इसमें 250 सदस्य थे। इसका उद्देश्य सदस्यों को भोजन, वस्त्र, विद्या आदि के लिए आयोजन करना था। इसने अनेक वस्तुओं के स्वयं ही उत्पादन करने का प्रयास किया, ताकि अपने सदस्यों को काम मिल सके।

' सहयोग ' जो सहकारिता का मुख्य सिद्धान्त है, धीरे-धीरे श्रमजीवियों के हृदय में घर करता गया। आगे चलकर उक्त नमूने की एक समिति बनी। सन

1832 मे आन्दोलन के नेताओं ने समिति के कार्य सचालन के लिए मूल नियम बनाये किन्तु मार्ग मे अनेक कठिनाइयों की वजह से सफलता नहीं मिल सकी। जैसे - श्रमिकों की अशिक्षा, समितियों कोणों की सुरक्षा का अभाव, उल्टे सीधे गैर जिम्मेदार प्रतिनिधियों को व्यापार चलान की वैधानिकता, वस्तुओं को थोक क्रय व विक्रय मे श्रमिक अनभिज्ञता, निजी व्यापारियों की ओर से प्रतियोगिता, सदस्यों मे सगठन और पारस्परिक प्रतियोगिता का अभाव, स्वार्थ भावना आदि।

यह सर्वप्रथम 1843 में ही था कि सहकारिता की दिशा में एक गम्भीर क्रमवद्ध और वैज्ञानिक प्रबंध, रोकडेल के 28 फ्लैनल बुनने वालों ने, जिनमे एक महिला भी थी, अपने को ऊँचे मूल्यों से बचाने हेतु किया। इन्होंने एक सहकारी स्टोर खोला, जो ' टोडलेन स्टोर ' के नाम से विश्व विख्यात हो गया। इससे अपूर्व सफलता मिली। जिससे प्रोत्साहित होकर अन्य स्थानों मे भी स्टोर खोले गये। ये अपने सदस्यों को दैनिक आवश्यकता की वस्तुऐं सप्लाई करते थे। इसका संचालन रोकडेल नमूने पर किया जाता था।

स्टोरों के व्यापार की मात्रा भी बहुत बढ गई जिस कारण यह आवश्यक हो गया कि उनका कोई प्रतिनिधि समय-समय पर लन्दन जाये और वहाँ की बडी दुकानों से माल क्रय करे। यह क्रय थोक में किया जाता था जिससे स्टोर का लाभ मिल सके। प्राय प्रतिनिधिगण ईमानदार तथा परिश्रमी तो होते लेकिन माल क्रय मे अकुशल होने के कारण अधिक दाम दे आते थे। कभी-2 विभिन्न स्टोरों के प्रतिनिधि एक ही समय पर क्रय करने पहुँच जाते थे और अधिक माल क्रय करने के होडवश अधिक दाम देते थे। ऐसी दशा में स्टोरों को हानि भी पहुँच जाती थी। इधर सहकारी स्टोरों के व्यापार की वृद्धि प्राइवेट व्यापारियों के लिए घोर डाह का कारण बन गई। उन्होंने मिलकर बडी दुकानों पर प्रभाव डाला कि स्टोर को या तो माल बेचे नहीं अथवा बेचे तो प्राइवेट व्यापारियों को विशेष रियायत दे। इसका फल यह हुआ कि सहकारी स्टोरों

को पर्याप्त माल मिलना कठिन हो गया।

इन कठिनाइयों का एक स्वर्णिम समाधान सहकारी थोक विक्रय समिति की सथापना से प्रतीत होता था। यथार्थ मे सहकारियों को थोक विक्रय समिति की आवश्यकता प्रारम्भ से ही हो रही थी। ऐसी समिति उनके सगठन का कार्य करेगी और स्टोरों को बडी मात्रा में क्रय या उत्पादन के द्वारा मितव्यार्यता सम्भव बन सकेगी। अस्तु, इस दिशा मे प्रयत्न शुरू हुए। सर्वप्रथम 1831 मे एक थोक विक्रय समिति की स्थापना हुई किन्तु व विफल रही। दूसरी बार क्रिस्तानी समाजवादियों ने लन्दन मे एक सहकारी एजेन्सी स्थापित की, जो अधिक दिनों तक नहीं चली। तीसरी बार 1852 मे रोकडेल अग्रगामियों ने अपने और पडोसी स्टोरों के लाभार्थ एक थोक विक्रय विभाग स्थापित किया, किन्तु यह भी अपने द्वेष के कारण असफल रही। अन्तत 1852 मे लकाशायर के सहकारियों ने " नार्थ आफ इग्लैण्ड कोआपरेटिव होलसेल इन्डस्ट्रीयल एण्ड प्रोविडेन्ट सोसाइटी लि0 " स्थापित की जिसका नाम 1873 में कोआपरेटिव होलसेल सोसाइटी (सी0डब्लू0एस0) रखा गया। 1868 मे स्काटलेण्ड सहकारी समिति के लिए एक पृथक थोक विक्रय समिति एस0डब्लू0सी0एस0 स्थापित की। इन थोक विक्रय समितियों ने रोकडेल योजना को अपने व्यवसाय का आधार बनाया और बहुत सफल हुई। कालान्तर मे अनेक प्रकार के कार्य आरम्भ किये। जैसे- फुटकर विक्रय समितियों हेतु माल क्रय करने हेतु विदेशों मे डिपो खोलना, माल मगाने बेचने के लिए अपने स्टीमर रखना कुछ वस्तुओं का स्वयं ही उत्पादन करना, कृषि भूमियाँ रखना, बीमा बैंकिग एवं प्रकाशन विभाग रखना।

1852 से पूर्व सहकारी समिति कानून की दृष्टि मे एक निजी स्वामित्व वाली सस्था मात्र थी। प्रथम महायुद्ध शुरू होने के वर्ष 1914 मे फुटकर समितियों की सख्या 1385 तक पहुँच गई। 1881 में यह संख्या केवल 971 थी। कुल

सदस्य सख्या मे वृद्धि हुई। 1881 मे 5 57 लाख से बढकर 1914 मे 30 54 लाख हो गई। समितियों की औसत सदस्यता जो 500 से ऊपर थी अब 1914 मे 2000 से ऊपर पहुँच गई। युद्ध काल मे भण्डार आन्दोलन को मूल्य वृद्धि, जमाखोरी आदि समस्याओं का सामना करना पडा। किन्तु आन्दोलन से ही अच्छी या बुरी स्थिति मे वृद्धि या प्रगति करने की क्षमता विद्यमान थी। जब युद्ध समाप्त हुआ तो आन्दोलन पहले की अपेक्षा विस्तृत हो गया था। उसने उत्पादन, वितरण व बैंकिग के क्षेत्र मे सभी प्रकार के कार्य किये तथा स्वनिर्मित तथा आयातित वस्तुओं से करोडो व्यक्तियों की आवश्यकता संतुष्ट की।[1]

युद्धजनित तेजी की समाप्ति पर मूल्यों मे गिरावट आई। इससे व्यापारियों को भारी हानि उठानी पडी। अकेले सी0डब्लू0एस0 को 5 करोड पौंड की हानि हुई। किन्तु आन्दोलन की जडे मजबूत थी। वह पुन सामान्य स्थिति मे आ गया। सन् 1919 मे 1357 समितियॉ थी जिनमे 41 31 लाख सदस्य थे। 1914 मे नियुक्त साधारण सहकारी सर्वेक्षण समिति जी0सी0एस0सी0 ने ग्रेट-ब्रिटेन के आन्दोलन की प्रत्येक गतिविधि का अध्ययन करके 1919 मे अपनी रिर्पोट दी जिसमे कई उपयोगी सुझाव थे। 1920 की सहकारी कांग्रेस मे इन सुझावों पर प्रकाश डाला। कुछ सुझाव स्वीकृत हुए किन्तु लागू करने मे उदासीनता बरती गई।

जो भी हो, आन्दोलन प्रगति करता गया। सन् 1926 की आम हडताल ने उसे पुन ठेस पहुँचाई। लोगों ने बडी राशि मे अपना धन समितियों से वापस लिया जिससे उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया, किन्तु शीघ्र ही आन्दोलन ने

1- ' कसल भरत भूषण ', ' सहकारिता देश-विदेश में " नवयुग साहित्य सदन, लोहामण्डी, आगरा, चतुर्थ सस्करण 1980 पेज न0 21

शीघ्र ही सुधार कर 1913 से 1935 का समय विशेषत दोनों थोक सगठनों (एस0सी0डब्लू0) और (सी0डब्लू0एस0) के लिए सम्पन्नता का रहा। विभिन्न प्रकार से प्रगति हुई, नयी शाखाये खोली गई। ऐसे भी कार्य किये गये, जिन्हे छोड दिया गया था। आन्दोलन ने ग्रामीण क्षेत्रों मे सहयोग किया और कृषि समितियों की स्थापना हुई। 1935 की आर्थिक सहकारी कांग्रेस ने आन्दोलन की पुनर्गठन की दिशा में एक 10 वर्षीय योजना बनाई। सोवियत रूस में नियोजन को अपूर्व सफलता मिली थी जिससे प्रभावित होकर कांग्रेस ने सहकारी आन्दोलन को नियोजित करने का सुझाव दिया। उसका लक्ष्य सहकारी उत्पादन, व्यापार और सदस्यता के विस्तार पर केन्द्रित था। इस योजना को समुचित सफलता मिली और सभी क्षेत्रों का विकास हुआ। आज आन्दोलन आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत है।

ग्रेट ब्रिटेन में फुटकर सहकारी स्टोरों की प्रगति 88 से 70

तालिका 3 ।

वर्ष	समितियों की संख्या	सदस्य संख्या (लाख मे)	व्यापार (लाख पौंड)	प्रति सदस्य औसत व्यापार (पौंड)	कर्मचारियों की सख्या
1888	1,367	9 04	240 46	26 59	अनुपलब्ध
1938	1,085	84 04	2,632 65	31 32	2,39,919
1948	1,030	101 62	5,026 16	49 46	2,60,162
1958	918	125 94	9,977 79	79 23	2,92,562
1960	859	129 94	10,327 49	79 71	2,84,278
1961	826	130 43	10,447 99	80 10	2,10,902
1962	801	131 40	10,539 41	80 21	2,72,004
1965	769	132 50	11,000 00	80 51	2,44,162
1966	680	130 65	11,080 00	84 80	2,30,370
1790	287	120 56	11,000 00	-	-

इस प्रकार इग्लेण्ड सहकारिता आन्दोलन का जन्मदाता कहा जाता है। यहाँ सर्वप्रथम उपभोक्ता सहकारिता का प्रयोग आरम्भ किया गया। इसे भारी सफलता प्राप्त हुई। औद्योगिक क्रान्ति के फ़लस्वरूप पूँजीपति वर्ग तो लाभान्वित हुआ, परन्तु सरकार की ओर से उस पर कोई अकुश न होने के कारण उसने श्रमिक वर्ग का खुलकर शोषण किया। परिणाम यह हुआ कि श्रमिक वर्ग गरीब होने लगे, मजदूरी कम मिलने लगी तथा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उपभोग वस्तुओं के क्रय मे उन्हें अनावश्यक अधिक व्यय करना पडता था। इन श्रमिकों ने मिलकर उपभोक्ता भण्डारों का गठन किया। इससे इन्हे कुछ बचत हुई। इस प्रकार 19वीं शताब्दी मे इग्लैण्ड की आर्थिक परिस्थितियों एवं श्रमिक वर्ग की असहाय एव पीडित स्थिति ने सहकारिता को जन्म दिया।

2. जर्मनी में सहकारी आन्दोलन

जिस प्रकार इग्लैण्ड उपभोक्ता भण्डारों का प्रवर्तक बना, उसी प्रकार जर्मनी (अविभाजित) सहकारी साख समितियों का प्रवर्तक बना। सहकारी साख और ऋण के क्षेत्र में जर्मनी अग्रणी है। भारत को सहकारी आन्दोलन की प्रेरणा जर्मनी से ही प्राप्त हुई। भारत के समान जर्मनी में भी अकाल, गरीबी, शोषण और ऋणग्रस्तता की परिस्थितियाँ विद्यमान थी। 19वीं शताब्दी के मध्य मे जर्मनी के किसानों और कारीगरों की दशा अत्यन्त सोचनीय थी। उन्हे उधार देने वाले प्राय यहूदी साहूकार थे। ये बहुत ही ऊँची दर पर ऋण देते थे और सारी उपज को अप ने अधिकार में कर लेते थे। जिसकी कीमत बाजार की कीमत से कम पर दी जाती थी। इस दोहरे शोषण के फलस्वरूप कृषक व कारीगर बहुत ही ऋणग्रस्त हो गये। कहते है कि उस समय प्रत्येक मकान व खेत पर जर्मनी का ऋण बोझ था। बार-2 पडने वाले दुर्भिक्षा ने तो निर्धन वर्ग की कमर ही तोड दी।

किसानों और कारीगरों की दशा भी तभी सुधर सकती थी, जबकि उन्हे यहूदी साहूकार के शिकजे से मुक्त कराया जाय। किन्तु यह कठिन कार्य था, क्योंकि किसानों और कारीगरों का काम रूपये के बिना चल नहीं सकता था और इन साहूकारों के अतिरिक्त अन्य कोई सस्था ऐसी नहीं थी, जो उन्हे ऋण दे सके। इस विकट परिस्थिति से द्रवित होकर दो उदार व्यक्तियों हेर फ्रान्ज शुजल और एफ0डब्लू0 रेफसन ने गरीबों की सहायता के लिए कुछ प्रयोग आरम्भ किये। जो धीरे-धीरे एक पूर्ण सहकारी आन्दोलन में परिणित हो गया।

शुलज जर्मनी के डिलिज के नाम के छोटे से कस्बे के मेयर और एक न्यायाधीश थे। वे अकाल आयोग के अध्यक्ष भी थे। सरकारी कर्तव्यों को पूरा करते हुए उनका छोटे-छोटे व्यापारियों व कारीगरों के मुसीबतों का अनुमान हुआ। इनके समाधान के लिए उन्होंने सन् 1849 में सर्वप्रथम निर्धनों को रोटी देने के लिए एक धमार्थ बेकरी मित्रों की सहायता से स्थापित की। उसी वर्ष उन्होंने चर्मकारों की एक समिति बनाई जिसका उद्देश्य कच्चे माल की पूर्ति करना था। शीघ्र ही उन्हें अनुभव हुआ कि कारीगरों की सच्ची सहायता यह होगी कि उनके लिए सस्ती ब्याज पर ऋण की व्यवस्था की जाय। अत सन् 1850 मे उन्होंने डिलीज मे प्रथम द्रव्य पूर्ति समिति स्थापित की। इस समिति को उन व्यक्तियों ने कोष प्रदान किये, जिनके पास अतिरिक्त राशि थी। यह डिलीज के गरीब किसानों व दस्तकारों को ऋण देते थे। यथार्थ मे उक्त समिति धनी व्यक्तियों और निर्धन व्यक्तियों के मध्य सम्पर्क स्थापित करने वाली एक कडी थी और यह उसकी सबसे बडी दुर्बलता थी। शुलज इस दुर्बलता से परिचित थे। वे दान की अपेक्षा स्वयं सेवा और परस्पर सहायता को श्रेष्ठ समझते थे। अत उन्होंने यह नियम बनाया कि केवल समिति के सदस्य ही समिति से ऋण ले सकेगें। तत्पश्चात् एलन वर्ग में उन्होंने एक समिति बनाई। इस समिति में शेयर पूँजी की व्यवस्था की गई और उसे पूर्ण आत्म-निर्भर व सहकारी संस्था बनाने का प्रयास किया गया। इसके अनुभवों के प्रयास के प्रकाश मे ही बाद को डिलीज की समिति की समिति भी पूर्ण रूप से सहकारी बना

दी गई।

शुलजे ने लेखों और भाषणों द्वारा अपनी योजना का बहुत विज्ञापन किया, जिसकी चर्चा करते हुए एच0डब्लू0 उल्फ ने लिखा है कि " उनकी आर्थिक इजील का देश में तूफान आया। 1859 में उन्होंने अपने बैंकों (सहकारी साख समितियों) की एक साधारण सभा बुलाई और इसके निर्णयानुसार एक संघ (जनरल यूनियन चह जर्मन इन्डस्ट्रियल कोआपरेटिव सोसाइटी) बनाया गया। उन्हीं के प्रयास से सन् 1867 मे पहला सहकारी अधिनियम बना जो 1889 मे पूर्ण हुआ। इसमे प्रत्येक सहकारी कार्य के लिए सीमित दायित्व की नियमावली को स्वीकार किया गया।

दूसरे महानुभाव रेफसन पहले फौज मे अफसर थे लेकिन आँखें खराब हो जाने के कारण वे फौज से अलग हो गये। तत्पश्चात् उन्हे रैफिजन वेस्टर वाल्ड नामक जिले का वर्गा मास्टर नियुक्त किया गया। यह एक बहुत ही निर्धन इलाही देहाती था। 1846 और 1847 के अकालों ने दुखी कृषकों को और भी त्रस्त कर दिया, किन्तु यहूदी सौदागरों ने बहुत ब्याज कमाया। अन्य उपायों को असफल देख रेफसन ने भी यह अनुभव किया कि किसानों की दशा तब ही सुधार सकती है जबकि वे संगठित रूप से प्रयत्न करें। उन्होंने निर्धनों मे रोटी व आलू बॉटने के लिए सन् 1848 में एक सहकारी समिति बनाई। इसके द्वारा रोटी उधार दी जाती थी और इसका मूल्य कुछ दिनों बाद वसूल हो गया। यह समिति वेस्टर वाल्ड जिले के निवासियों के लिए एक वरदान रूप मे थी। इस समिति में जो धीरे - धीरे एक ऋण समिति बन गई, गॉव के और आस-पास के धनी लोग सम्मिलित थे। ये लोग अपनी सामूहिक और असीमित जिम्मेदारी के आधार पर धन जुटाये थे तथा निर्धन व्यक्तियों को उधार देते थे। आठ वर्ष बाद जब हिसाब हुआ तो पता चला कि किसानों ने अपना लिया हुआ समस्त ऋण चुकता कर दिया है। तब रेफेसन ने 1862 में एक और उधार देने वाली समिति एन हाउजन मे बनाई, जो पूर्णरूप से सहकारी थी, क्योंकि इसमें उधार देने

वाले सदस्य थे। पहली बार " प्रत्येक सबके लिए और सब प्रत्येक के लिए " का सिद्धान्त लोगों के सामने आया। रेफेसन का सघ सफल हुआ, जो बहुचर्चित हुआ।

आरम्भ मे इनकी प्रगति धीमी रही। रेफेसन खुद भी शान्तिपूर्ण कार्य करने के आदी थे। वे शोर मचाकर विज्ञापन नहीं करते थे। उनकी धारणा यह थी कि यदि कार्य अच्छा हुआ, तो वह अवश्य ही फैलेगा। ऐसा हुआ भी जब लोगों को इन संस्थाओं की कार्यशैली ज्ञात हुआ तो उनकी सख्या मे 1880 के बाद तेजी से वृद्धि हुई। 1877 मे इन समितियों का एक सघ बना, जिसका नाम रेफेसन सघ रखा गया। यह अब तक चल रहा है। रेफेसन कार्य सरल नहीं था जैसा कि ऊपर दृष्टि से जाना जाता था। लोग उसके नये - नये सिद्धान्तों के प्रति सन्देह रखते थे और निर्धन लोगों की सहायतार्थ जो प्रारम्भिक उत्साह रेफेसन ने धनी लोगों में भरा था वह शीघ्र ठंडा पड गया किन्तु रेफेसन सदा उत्साही रहे। उनका कार्य निर्धनों की सहायता मात्र नहीं था वरन वह बाइबिल के आदेशों के अनुसार चलाना चाहते थे। अन्य शब्दों मे, उनके आन्दोलन का एक धार्मिक आधार था। इसी से उन्होंने समितियों के कार्य मे नैतिकता के पालन का ध्यान रखा और स्वयं सेवा परस्पर सहयोग, सामाजिक समानता, सम्मिलित दायित्व, निर्लाभ भावना पर बहुत बल दिया।

ग्रामीण सहकारिता के क्षेत्र मे डा0 हास का नाम भी उल्लेखनीय है। हेरहास एक प्रभावशाली अफसर थे। उन्हे ऐसे कृषकों के मध्य कार्य करना पडता था, जिन्हे अधिक अच्छी व्यापारिक ट्रेनिंग प्राप्त थी। साथ ही साथ जो अच्छी बिक्री कर लेते थे। हास ने इन बडे किसानों के लाभार्थ सहकारी समितियाँ बनाई जबकि रेफेसन की समिति निर्धन कृषकों के लिए थी। इन दोनों प्रकार की समितियों ने जर्मनी के कृषि सहकारी आन्दोलन को बहुत सुदृढ बना दिया। हास ने अपनी समितियों मे दायित्व समिति रखा किन्तु शेयर का अनुपात आनुपातिक नियत किया। यह वास्तव में सीमित व असीमित दायित्वों के बीच का मार्ग था। शेयरों की रकम के अतिरिक्त शेयर होल्डर्स शेयरों के दूने या तिगुने धन के लिए गारन्टी भी देते, जिसे जरूरत मुताबिक माँगा जाता था।

प्रारम्भ से ही हास समितियों का केन्द्रित ढाँचा रहा है। 1895 मे जब रेफेसन समितियों को बडी हानियाँ उठानी पडी, तब उन्हे हास प्रणाली के साथ ही मिला दिया।

दूसरे महायुद्ध के बाद जर्मनी को 2 भागों मे बाँट दिया गया- पूर्वी क्षेत्र एवं पश्चिमी क्षेत्र। जबकि पूर्व में केवल एक हिस्सा हुआ रूस का, पश्चिम के तीन हिस्से हुए। अग्रेजी, अमेरिकन और फ्रान्सीसी। पश्चिमी क्षेत्र मे विजेताओं की नीति यह रही कि जर्मनी की अर्थव्यवस्था सुदृढ बन न सके। क्योंकि 2 विश्व युद्धों के कारण वे उसे शका की दृष्टि से देखने लगे थे। इस सन्दर्भ मे अग्रेजी फौजियों नें सहकारिता की उपयोगिता समझी और पश्चिमी जर्मनी की अर्थव्यवस्था के पुनर्निमाण के लिए सहकारिता को बढावा दिया। इसमे जर्मनी के उद्योगों और वित्त के केन्द्रीयकरण का भी भय न रहा। इस तथ्य का अमेरिकनों एवं फ्रान्सीसियों ने भी धीरे - धीरे स्वीकार कर लिया।

द्वितीय विश्व युद्ध के कारण जर्मनी की अर्थव्यवस्था नष्ट-भ्रष्ट हो गई। सहकारी आन्दोलन पर भी बुरा प्रभाव पडा। सहकारी संस्था की लगभग 80% पूँजी सरकारी प्रतिभूतियों में या देश के केन्द्रीय बैंक में लगी हुई थी। 1948 मे मुद्रा प्रसार को रोकने हेतु जो मौलिक सुधार किये गये उनके परिणामस्वरूप समितियों के वित्तीय साधन एक ही रात मे घटकर 1/19 रह गये। नयी सरकारी प्रतिभूतियाँ जारी की गई। जिन पर 3% ब्याज मिलता था। सहकारी समितियों के आधार पर ऋण मिल सकता था किन्तु उस पर उन्हे 4% ब्याज देना पडता था जिससे उन्हें और भी घाटा हुआ। विभाजन के फलस्वरूप जर्मन का केन्द्रीय सहकारी बैंक भी विघटित हो गया और इस प्रकार सहकारी आन्दोलन को बहुत ठेस पहुँची। सहकारी समितियों की आर्थिक दशा सुधारने और उनकी सहायता करने के उद्देश्य से सन् 1949 में एक शीर्ष बैंक, जिसे जर्मन सहकारी बैंक कहा जाता है, स्थापित किया गया। इस संघीय सरकार, प्रान्तीय सरकार और प्रान्तीय समितियों ने पूँजी दी। बैंक की सहायता हेतु उन फार्मो पर जिनका

मूल्य 6000 मार्क से ऊपर था। 10 वर्ष की अवधि के लिए कर लगाया गया। इसे बैंक ने सहकारी आन्दोलन को बहुत सहायता दी। इसका हेड क्वार्टर फेकफर्ट मे है।

पश्चिम जर्मनी मे सहकारी आन्दोलन के ये अग ग्रामीण समितियाँ, शहरी समितियाँ आवास समितियाँ, उपभोक्ता समितियाँ है। हेम्सवर्ग की उपभोक्ता समिति सबसे बडी है। इसकी सदस्य संख्या 2 लाख के लगभग है। प्रत्येक की अपने-2 फेडरेशन बने हुए है। वित्त प्राप्ति के लिए प्राथमिक समितियाँ क्षेत्रीय केन्द्रीय बैंक ने सगठित हो गई है। और ये केन्द्रीय बैंक स्वयं भी जर्मन सहकारी बैंक के सदस्य बने हुए है। बैंक मे सरकार की साझेदारी 15% है। सरकार इसमे 42% तक अश ले सकती है। अकेक्षण दृष्टि से प्राथमिक समिति क्षेत्रीय सघ मे और ये सघ रेफरेशन फैडरेशन मे सगठित है। प० जर्मनी मे सहकारी समितियों हेतु अकेक्षण अनिवार्य है। रेफेसन संघ का कार्य इन संघों का आडिट व निरीक्षण करना है।

दूसरे महायुद्ध के बाद पूर्वी जर्मनी पर रूस का अधिकार हो गया। अत वहाँ के सहकारी आन्दोलन पर साम्यवाद छा गया। 1946 में निजी नेताओं व जमींदारों के पास जो जमीन थी उन्हे मुआवजा दिये बिना ही छीन लिया गया। कृषक वर्ग मे बॉट दिये गये। रूस प्रभावित सरकार ने सामूहिक कृषि पर बल दिया। जनता का मार्ग-दर्शन के लिए सैकडो सरकारी कृषि फार्म बनाये गये। कृपि सहकारी समितियों की सुविधार्थ रूस की भाँति मोटर, ट्रेक्टर एशोसिएशन खोले गये। इन पर कृषि विशेषज्ञ रखे गये।

कृषि सहकारी समितियों के निर्माण के लिए सरकार ने अनेक उपाय किये। जैसे कृषि मशीने और अन्य उपकरण कम किराये पर उपलब्ध करना, कृषि विशेषज्ञों की सेवाएं नि शुल्क प्रदान करना, करों में रियायत देना, आवश्यक अल्पकालीन और

दीर्घकालीन साख की व्यवस्था करना। इन सुविधाओं के कारण कृषि सहकारी समितियों की सख्या मे तेजी से वृद्धि हो गई।

स्मरण रहे कि कृषि सहकारी समिति मे भूमियाँ एकत्र करके उन पर संयुक्त रूप से कृषि की जाती है। किन्तु भूमि का स्वामित्व निजी कृषकों के पास रहता है। प्रबंध के लिए एक साधारण सभा और संचालक मण्डल है। प्रत्येक फार्म पर एक फोरमैन होता है। यह कार्य योजना बनाता है, खाते रखता है। विग्रेड लक्ष्यानुसार कार्य करता है। प्रत्येक सदस्य को न्यूनतम् 150 दिन कार्य करना पडता है। लाभ का एक बडा भाग भिन्न — भिन्न कोषों मे डाल दिया जाता है। शेष का 80% सदस्यों के कार्याधार पर वितरित किया जाता है। 20% खेत के स्वामियों को भूमियों के अनुपात में मिलता है। कुछ समितियों में ये अनुपात क्रमश 60% और 40% है।

इस प्रकार पूर्वी जमर्नी मे सामूहिक खेती एक बहुत अश तक रूस के सामूहिक खेतों के ही सदृश्य है। अन्तर केवल यह है कि यहाँ स्वामित्व किसानों के पास है। जर्मनी मे सर्वप्रथम ग्रामीण बैंक खोले गये। बाद मे अनेक कृषि समितियाँ बनी। छोटे-छोटे कृषकों ने सहकारी समितियों से बहुत लाभ उठाया है। इसके अतिरिक्त जर्मनी में अनेक यातायात समितियाँ कार्य कर रही है।

उपयुक्त विवेचन से स्पष्ट है कि जर्मनी मे सहकारिता को प्रत्येक क्षेत्र मे अपनाया गया है। अत जबकि इग्लेण्ड मे सहकारिता की केवल सैद्धान्तिक प्रगति अधिक हुई और व्यवहारिक रूप केवल उपभोग के क्षेत्र मे ही मिला, जर्मनी में उसे बहुत व्यवहारिक रूप मिला तथा उसकी सभी क्षेत्रों मे प्रगति हुई। जर्मनी मे सहकारिता आन्दोलन साख के क्षेत्र मे अधिक विकसित हुआ। इसका कारण जर्मनी के कृषकों का बुरी तरह यहूदियों के ऋण में फँसे हुए होना था। यहाँ पर यहूदी ही साख प्रदान करते थे तथा ब्याज अधिक लेते थे। देश का सम्पूर्ण रोजगार और व्यापार यहूदियों

के हाथ मे थे। यही दशा कारीगरों की ही थी। कहा जाता है कि उस समय जर्मनी के प्रयोग खेत और प्रत्येक परिवार पर ऋण था। इन परिस्थितियों ने शुल्जे साहब ने नगरों तथा रेफीशन महोदय ने ग्रामों मे सहकारी साख बैंकों को जन्म दिया। कुछ समयोपरान्त यहूदियों से अपने को छुटकारा पाने के लिए किसान हित मे सस्थाओं ने अच्छा कार्य किया। इस प्रकार उन्हे विश्व ख्याति मिली।

3 इटली मे सहकारी आन्दोलन

19वीं शताब्दी के मध्य मे जर्मनी के ही समान इटली किसान भी धन संबंधी जरूरत के कारण साहूकार के चगुल मे फॅसते गये। इनकी विवशता का अनुचित लाभ उठाते हुए अनसे अत्याधिक ब्याज चार्ज करते थे। न केवल ब्याज ही अधिक था वरन् इसके साथ उसके कुरीतियाँ भी प्रचलित हो गई। जिन्होंने उनसे ऋण लेना भी अपमानजनक बना दिया। जमींदार अलग शोषण करते थे। वे अत्याधिक लगान वसूल करते और किसानों को बोने व खाने के लिए इस शर्त पर अनाज देते थे कि अगली फसल पर उसका डयोढा (15%) वापिस लेगें। किसानों की स्थिति दास तुल्य हो गयी थी। इसके बाद 1870 मे मदी के कारण कीमते बहुत गिर गई, बेकारी बढ गई। फलस्वरूप किसानों की स्थिति दयनीय हो गई। बहुत से किसान अपना ऋण अदा नहीं कर सके। अत उनकी सम्पत्ति (किसानों की) साहूकार और महाजनों के हाथ चली गयी।

ऐसे सकट के समय इटली मे 2 महान विभूतियों का जन्म हुआ। 1- लुगी जुलाटी 2- ल्यून ओलेम्बर्ग। प्रो0 लुजाटी मिलान के एक कालेज मे अर्थशास्त्र के प्रवक्ता थे। वे निर्धनों की दशा से बडा द्रवित हुए। उन्होंने इटली के किसानों से सस्ती और पर्याप्त साख सबंधी उत्कृष्ट आवश्यकता को महसूस किया। इसे पूर्ण करने के लिए एक उपाय के रूप मे उन्होंने सहकारिता का अध्ययन किया। उससे प्रभावित हुए।

अत इसके व्यवहारिक पहलुओं का अध्ययन करने के लिए वे जर्मनी गये जहॉ जर्मनी के शुल्जे डिलीज बैंको की सफलताओं का उन पर बहुत प्रभाव पडा। वे उस सघर्ष से भी प्रभावित हुए जो जर्मन अर्थव्यवस्था मे सहकारी आन्दोलन को अपना पैर जमाने हेतु करना पड रहा था। इससे उन्हे यह विश्वास हो गया कि इटली मे भी सहकारी आन्दोलन निर्धनों को साहूकारों के चगुल से मुक्त करा सकता है।

जर्मनी से लौटकर जुलाटी ने मजदूरों के मध्य ओद्योगिक कार्य करना शुरू किया तथा अपने अनुभवाधार पर शुल्जे-डिलीज बैंक मे स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार आवश्यक परिवर्तन किये। नि सन्देह लुजाटी ने शुल्जे की भॉति सहकारी आन्दोलन को कोई नये विचार तो नहीं दिये, फिर भी उन्हे सहकारी व्यवसाय का जनक होने का गौरव प्राप्त है। ये सहकारी साख समितियों के सिद्धान्त शुल्जे के चलाये हुए बैंकों को देखकर सीखे थे किन्तु उनकी महानता इस बात मे है कि उन्होंने शुल्जे की व्यवस्था मे इतने अच्छे और सफल परिवर्तन किये कि उनकी पद्धति विश्व को छोडकर सारे विश्व में माननीय हो गई।

दूसरे अग्रदूत डा0 ल्यून ओलेम्बर्ग ने एक धनी परिवार मे जन्म लिया था। उन्होंने ऊँची शिक्षा पाई। सहकारिता का भी अच्छा अध्ययन किया किन्तु वे रेफेसन प्रणाली से अधिक प्रभावी हुए। उन्होंने इटली के कृषकों के मध्य कार्य किया और अन्त मे अपनी महान् सेवाओं के लिए राष्ट्रीय मत्रिमण्डल में भी ले लिए गये।

जुलाटी ने 1865 मे लोदी नामक स्थान पर एक फ्रेन्डली सोसाइटी स्थापित की, जिसने बाद में सहकारी बैंको का रूप धारण कर लिया। यह अब तक सफलतापूर्वक चल रहा है। सन् 1866 में उन्होंने अपना पहला सहकारी बैंक बाना पोपोलर चह मिलन स्थापित किया। इसकी पूँजी 700 लाइर (28 पौंड) थी। यह संयोग की बात है कि इतनी इनकी पूँजी के बराबर पूँजी से ही रोकडेल के अग्रगामियों ने अपना स्टोर

शुरू किया। बैंक मे अधिकाश सदस्य लुजाती के मित्र थे। इन समितियों से सफलतापूर्वक आकर्षित होकर इनकी सदस्यता निरस्तर बढ गई। इसके बाद अनेक सहकारी साख समितियाँ स्थापित हुई और वे प्रचलित ब्याज दर को कम कराने मे सफल रहे।

लुजाटी और ओलेम्बर्ग दोनो ही सहकारी समितियों मे राजनैतिक प्रवेश के विरूद्ध थे। इस पर भी राजनैतिक और धार्मिक संस्थाऐं अपने स्वार्थ की सिद्धि के लिए सहकारिता के क्षेत्र मे घुस आई। इसमे कैथोलिकों द्वारा खोले गये ग्रामीण बैक विशेष उल्लेखनीय है। कैथोलिक आन्दोलन के प्रणेता डान सिरूटी, जो वेनिस के निकट एक ग्राम मे सहायक पादडी थे। उसने सन् 1890 मे अपना पहला बैंक खोला। सन् 1922 तक 3500 बैंक खुल गये थे। दूसरे ग्रामीण बैंकों की भाँति ये भी सदस्य बनाते थे। कैथोलिक बैंक का दृष्टिकोण सम्प्रदायवादी था। वे कैथोलिक सम्प्रदाय के अलावा अन्य मतावलम्बियों को बैंक का सदस्य नहीं बनाते थे। उन्होंने राजनैतिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए सहकारिता के क्षेत्र मे प्रवेश किया था। वे ग्रामीण साख आन्दोलन के एक भाग पर अपना नियंत्रण जमाना चाहते थे, क्योंकि दूसरे भाग पर समाजवादी हावी हो रहे थे। यही कारण था कि कैथोलिकों ने समाजवादियों की प्रतियोगिता मे सहकारी बैंक कायम रहे।

ओलेम्बर्ग के बैंको के समान कैथोलिक बैंको ने भी इटली को बहुत लाभ पहुँचाया।

1945 में द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के पश्चात् फासिस्ट का पतन हो जाने के बाद सहकारिता का पुनरूत्थान प्रारम्भ हुआ। इटेलियन सहकारी संघ को सन् 1945 मे तथा नेशनल लीग आफ कोआपरेटिव को सन् 1947 मे पुन स्थापित किया गया। सन् 1947 में सहकारी समितियों की संख्या 22000 थी। इसी वर्ष एक नया सहकारी कानून बनाया गया। इसके अन्तर्गत सहकारी समितियों का केन्द्रीय आयोग

को पुर्नजीवित किया। श्रम मत्रालय ने सहकारिता का अपने हाथों मे ले लिया। केन्द्रीय आयोग ने सहकारिता को मार्ग-दर्शन प्रदान किया। इसी काल मे सहकारी समितियों के सगठन एवं सुसचालन के लिए अनेक नियम बनाये गये।

सहकारी जीवन को पुर्नजीवन प्राप्त होने के बाद इसमे तीव्र गति से विकास हुआ। सन् 1951 तक 25000 सहकारी समितियॉ स्थापित हो गई और 1961 मे इन समितियों का एक सहकारी सघ (सामान्य सघ) स्थापित किया गया। सन् 1962 मे इन समितियों की सख्या घटकर 18,791 रह गई। इसमे 4 4 मि0 सदस्य थे। दिसम्बर 1971 में 68474 समितियॉ थी। इसके बाद मत्स्य समितियों को छोडकर सभी प्रकार की समितियों की सख्या मे कमी हो गई। इसका मात्र एक कारण समितियों का पुनर्गठन था। यह निश्चुलिखित तालिका से स्पष्ट है।

इटली में सहकारी समितियों के आकडो की प्रगति (1971 से 78 तक)

तालिका 3 2

संख्या	वर्गीकरण	समितियों की संख्या	
		1971	1978
1-	उपभोक्ता सहकारी समितियॉ	5,853	2,207
2-	कृषि सहकारी समितियॉ	11,394	7,373
3-	भवन व आवास सहकारी समितियॉ	30,092	5,514
4-	मत्स्य सहकारी समितियॉ	717	818
5-	साख सहकारी समितियॉ	-	1,378

इस प्रकार स्पष्ट है कि इटली मे सहकारितान्दोलन की जडे इसलिए जमी क्योंकि विभिन्न देशों मे अत्यन्त निर्धन व गरीब वर्ग के लोग सहकारिता माध्यम से ही ऊँचे उठे थे। सर्वप्रथम चतुर्थ योजना मे निर्धन एवं सीमान्त कृषि की उन्नति के लिये सहकारी कृषि, सहकारी सिचाई, सहकारी विपणन आदि के माध्यम से उन्नति की गई। इस लक्ष्य की प्राप्ति मे लघु कृषक, विकास एजेन्सी एव सीमात एजेन्सी की स्थापना की गई। इस योजना मे (चतुर्थ योजना) 115 करोड रू0 की व्यवस्था की गई। लघु कृषक एवं सीमात कृषक एजेन्सी का प्रमुख कार्य सभी सदस्यों को सिचाई के उपयुक्त साधनों का विकास करने के लिए प्रोत्साहित करना है। ये एजेन्सियाँ कुओं को गहरा करने, निर्माण करने सहकारी कूपों व नलकूपों की स्थापना करने एव सिचाई का पम्पादि दिलाने मे योग देते है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि सहकारिता द्वारा छोटे एवं सीमात कृषक भी अपने छोटे-छोटे खेतों से वर्ष भर रोजगार प्राप्त करने के साथ ही साथ एक बडी मात्रा मे कृषि उपज भी प्राप्त कर सकते है। नवीन कृषि नीति के अनुसार अच्छे बीज रसायनिक खाद, सिचाई, नवीन कृषि यत्र आदि के उपयोग से वर्ष मे एक से अधिक फसल पैदा करना चाहिए। किन्तु गरीब एवं सीमात कृषक वर्ग के लिए यह तभी सम्भव है जबकि वे आपस मे मिलजुलकर कार्य करें। सिचाई सुविधा प्राप्त करने के लिए वे कुछ कृषकों को मिलाकर एक समिति बनावें एवम् फिर सिंचाई नलकूप, पम्प लगाने की व्यवस्था करे। इसी प्रकार अच्छे बीज, उर्वरक, खाद, मशीन, फर्नीचर व औजार आदि सम्भव है। संक्षेप मे हम कह सकते है कि सहकारिताधार पर ही सीमात एव गरीव कृषक अपना विकास सरलता से एवं कम समय मे कर सकते है।

2- डा0 माथुर वी0एस0 - " सहकारिता " साहित्य भवन आगरा, सप्तम् संस्करण, 1984 पेज स0 102

डेनमार्क मे सहकारिता आन्दोलन

डेनमार्क यूरोप के कोने मे स्थित स्कैन्डीनेविया का एक पुराना छोटा-सा देश है। प्राकृतिक साधनों की दृष्टि से देश निर्धन है। यहाँ उद्योगों के लिए कोयला, तेल, लोहा, धातुएँ आदि कच्चे माल उपलब्ध नहीं है। किन्तु जनता विवेकशील और मेहनती है। इन्हीं लोगों के अथक प्रयास से आज डेनमार्क विश्व के प्रगतिशील देशों में से एक है।

पहले डेनमार्क मे खेती ही मुख्य धन्धा था। अत पशुपालन भी होता था। सन् 1864 मे डेनमार्क के 2 धनी प्रान्त जर्मनी ने छीन लिये जिससे उसके कृषि एवं पशुपालन को ठेस पहुँची। अब उसे अमेरिका के सस्ते खाद्यान्नों की प्रतियोगिता के सामने कठिन था। लेकिन उसने इग्लेण्ड में मक्खन, मॉस, अण्डे जैसे पदार्थो के लिए तैयार बाजार पाया। अत वह अपनी कृषि नीति बदलने पर मजबूर हो गया। अब वह पशु एवं धन्धा व्यवसाय पर जोर दिया और अन्न उत्पादन करने के बजाय अन्य देशों से आयात करने लगा। पशु खाद्यों का भी आयात किया जाता था। जहाँ डेनमार्क खाद्यान्न व पशुओं का आयात करता था, वहाँ अब अण्डे, मॉस व मक्खन का आयात करने लगा।

डेनमार्क के पशुपालन उद्योग के विकास मे सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जहाँ अन्य देशों मे सहकारी आन्दोलन का प्रसार या तो सरकार के प्रयत्न से हुआ या कुछ उदार हृदय के नेताओं के प्रयत्नों से, वहाँ डेनमार्क में आन्दोलन का प्रसार जनसाधारण के प्रयत्नों का फल है। आर्थिक कठिनाइयों से विवश होकर डेनमार्क के किसानों ने विगत शताब्दी के दुखी अंग्रेज औद्योगिक मजदूरों के समान सहकारिता में ही अपनी कठिनाइयों का समाधान देखा। उन्हे रोकडेल के प्रयोग से बडी प्रेरणा मिली और उन्होंने उसके सहयोग के बुनियादी सिद्धान्त को ग्रहण किया।

सबसे पहले 1866 मे सहकारी समिति जटलेण्ड के थिस्टेड नाम से कस्बे मे स्थापित हुई। यह एक उपभोक्ता भण्डार था जिसे रोकडेल योजना पर चलाया गया। शहरों की अपेक्षा गॉवों मे आन्दोलन तेजी से बढा। सन् 1882 मे पहली डेरी (सहकारी डेरी) खोली गई। यह पश्चिमी जटलैण्ड के एक गॉव हैडजिग में स्थापित हुई। पहला सुअर के मॉस का कारखाना सन् 1887 मे खुला और सन् 1895 में अण्डों के विपणन के लिए एक एशोसियेशन बना। इसके बाद मक्खन के निर्यात, फल व सब्जी के विपणन, कृत्रिम खाद व चारे के क्रय, डेरी के लिए आवश्यक यत्रों के आयात और बीमादि सबध मे सहकारी समितियॉ खोली और आन्दोलन का दिन प्रतिदिन विस्तार हो गया।

डेनमार्क में सहकारी आन्दोलन की शुरूआत एक सामाजिक कार्यकर्ता एच0सी0 सोने द्वारा जटलेड में ' थिस्टेड कर्मी समिति ' की स्थापना से हुई। इस समिति को सफल बनाने मे सोने ने इतना अधिक परिश्रम किया कि वे ' खाद्य सामग्री पादरी ' के नाम से प्रसिद्ध हो गये। समिति की स्थापना 1866 मे हुई। आधार रोकडेल अग्रगामियों द्वारा चलाई गई योजना ही थी। इस भण्डार ने शीघ्रतापूर्वक प्रगति की, पुस्तकालय व वाचनालय खोले तथा स्वास्थ्य एव बेकारी की योजना भी चलाई। थिस्टेड समिति से योजना लेकर गॉवों व नगरों मे और भी अनेक उपभोक्ता समितियॉ संगठित की गई। लगभग 52% डेनिस परिवार इनके सदस्य बन गये। विक्रय में इनका योगदान 12% व खाद्य पदार्थो के विक्रय मे 32% है। फुटकर व्यापार में फुटकर व्यापारियों का भाग 60% है और श्रृखंलाबद्ध दुकानो का 15% है। प्राय प्रत्येक शहर और गॉवों मे ऐसी समितियॉ कार्यरत है। कोपेन फुटकर समिति में तो 4 लाख सदस्य हैं और 70% क्रोनर का व्यवसाय कर रही है। आजकल छोटे फुटकर व्यापारों के बजाय व बडे भण्डारों की स्थापना पर विशेष बल दिया जा रहा है।

जैसे-जैसे आन्दोलन प्रगति करता गया, प्राइवेट व्यापारियों का विरोध भी बढता गया। उन्होंने सहकारी भण्डारों पर यह आरोप लगाया कि वे वस्तुओं का अधिक

मूल्यचार्ज करते है। इन विभिन्न बाधाओं को पार करता हुआ विगत शताब्दी के अन्त मे जाकर दृढतापूर्वक जमा हो गया। शीघ्र ही समितियों को एक थोक समिति की आवश्यकता प्रतीत हुई। जिसके लिए कई असफल प्रयासों के बाद अतत 1896 में ' सहकारी थोक विक्रय समिति ' (एफ0डी0बी0) स्थापित होकर अनेक बाधाओं को दूर किया। एफ0डी0बी0 की सदस्य समितियाँ इसकी नीतियों पर अपने मताधिकारों द्वारा नियत्रण किया।

प्रत्येक समिति को 100,000 क्रोनर के तुल्य खरीदारी के पीछे 1 वोट प्राप्त होता है। इस प्रकार साधारण सभा में 2,000 प्रतिनिधि सम्मिलित होते है। सचालक मण्डल के चुनाव के आशय से एफ0डी0बी0 के कार्यकारी क्षेत्र को 31 जिलों में बॉटा गया है। प्रत्येक जिले में वहाँ की प्राथमिक समितियाँ 2 वर्ष में एक बार बैठक करती है। ये अपना जिला प्रतिनिध चुनती है। इनकी एक प्रतिनिध सभा होती है, जो अपनी त्रैमासिक बैठकों में संचालक मण्डल द्वारा प्रस्तुत किये गये सगठनात्मक व व्यवसाय सबधी मामलों पर विचार करती है। थोक सहकारी आन्दोलन को विकसित करने पर 1968 मे नियुक्त समिति ने अपनी रिर्पोट सन् 1971 मे प्रस्तुत की थी। इसमें सुझावानुसार सम्पूर्ण देश को इसकी परिधि मे लाया जायेगा। इसमें 3 प्रकार की सदस्यता को प्रोत्साहन दिया जायेगा। ए- सदस्य, जिनके अन्तर्गत उपभोक्ता भण्डार होंगे। बी- सदस्य, जिनके अन्तर्गत वे समितियाँ होगी, जो कि एफ0डी0बी0 से प्रत्यक्ष रूप से सबंधित है, सी- सदस्य, जिनके अन्तर्गत सहकारी सस्थान व सघ होगे किन्तु इन्हें मतदान का अधिकार न होगा।

इग्लिश कोओपरेटिव होल 'सेल सोसाइटी समान एफ0डी0बी0 भी उपभोक्ता व उपभोक्ता भण्डारों के लिए थोक विक्रय और उत्पादन का कार्य करता है। वह भण्डारों . के लिए सामूहिक रूप से माल क्रय करता है और उन्हें कम मूल्य पर सप्लाई करता है। इसने देश मे विभिन्न स्थानों पर गोदाम खोले हुए है। जहाँ

से वह प्राथमिक भण्डारों को वैज्ञानिक ढग से माल सप्लाई करता है। एफ0डी0बी0 का कुल विक्रय भण्डार 1968 मे 20,000 मि0 क्रोनर हुआ, जिसमे 82% खाद्य पदार्थ हैं। खाद्य पदार्थो को सप्लाई करने से पूर्व प्रयोगशालाओं मे भलीभाँति जॉचा था। सप्लाई साप्ताहिक आधार पर आर्डर के अनुसार की जाती है। अब भण्डारों की सुविधा हेतु एफ0डी0बी0 ने रात्रि सेवा चलाई है। उसके प्रयत्नों से लागत-व्यय काफी कम हुए है।

एफ0डी0बी0 के विक्रय व्यापार मे 1/4 भाग स्वय उसके द्वारा उत्पन्न माल का है। एफ0डी0बी0 के 20 कारखाने है इसने एक बहुत बडी आटा चक्की, पेटुआ से रेशा निकालने की फैक्ट्री, फलों की डिब्बा बदी का कारखाना और अन्य कारखाने भी लगाये है। सबसे बडा कारखाना कहवे के विधायन का है। उत्पादन व विक्रय के अलावा वह अन्य कार्य भी करता है। जैसे अनुसधान करना, उपभोक्ता भण्डारों को तकनीकी एवं साधारण सलाह मसविरा देना, सहकारी शिक्षा के लिए कालेज चलाना, तपेदिक के अस्पताल का सचालन आदि। वह नई दुकानें बनवाने के संदर्भ मे तकनीकी सलाह देता है। उसने भविष्य मे भण्डारों की स्थापना के लिए उचित नियोजन करने की दृष्टि से एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण कराया है। वह नई दुकानों को वित्तीय मदद् भी देता है। अकेक्षण सुविघा भी देता है। इस प्रकार एफ0डी0बी0 प्राइवेट व्यवसायियों की तीव्र प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए अपने पथ पर अग्रसर होता ही जा रहा है। इसका विक्रय व्यापार 3000 मि0 क्रोनर के लगभग है।

1972 मे कोपेने की सबसे बडी फुटकर सहकारी सस्था एच0बी0 और एफ0डी0बी0 मे एक समझौता हुआ, जिसके अनुसार फल, सब्जियों व खाद्य पदार्थो को सामूहिक रूप से किया जाने लगा है। इसके पहले एफ0डी0बी0 को अखाद्य पदार्थो का सामूहिक क्रय करने का अधिकार मिला हुआ है। फुटकर समितियॉ प्रत्येक देश में व ग्रामीण तथा शहरी दोनों ही क्षेत्रों में फैली हुई हैं। प्रत्येक समिति के औसतन 200 सदस्य है एक दुकान भी है। ये समितियॉ इग्लैण्ड की समितियों की तुलना में काफी छोटी

है किन्तु आर्थिक दृष्टि से स्वालम्बी है। डेनमार्क का सहकारी आन्दोलन विश्व के अविकसित एवं विकासोन्मुख देशों के लिए एक दृष्टान्त रूप मे है जिसके अनुकरण के अधिक लाभ है। डेनमार्क का सहकारी आन्दोलन किसान, उसके परिवार और समूचे राष्ट्र को सम्पन्न बनाया है। उसकी सफलता उसके जन-आन्दोलन मे निहित है। सर जान रसेल ने लिखा है कि " सहकारी समितियों की असाधारण सफलता का एक मात्र उदाहरण डेनमार्क ही है। इसकी सफलता मे - " वहाँ के निवासियों ने साथ-साथ रहने, काम करने, खेलने, उठने, उपभोग करने, साथ-साथ सोचने आदि की कला सीख ली है। ये सदा याद रखते है कि सामूहिक प्रयत्न से ही सामान्य हित की वृद्धि है। इनका उद्देश्य अति सीधा-साधा है जिससे सामाजिक व्यवस्था ऐसी बने कि प्रत्येक व्यक्ति सम्पन्न व सुखी जीवन व्यतीत कर सके। "

इस प्रकार सहकारिता डेनमार्क के निवासियों के जीवन के प्रत्येक क्षेत्र पर विस्तृत है, जिस कारण इस देश को सहकारिता का देश डेनमार्क कहना सार्थक है।

आयरलैण्ड मे सहकारिता

आयरलैण्ड को अपने गौरव से अतीत से अनेक दोष विरासत मे मिलें जिसके कारण उसकी आर्थिक दशा 19वीं शताब्दी के दूसरे अर्धांश मे बडा दयनीय और पिछड़ी हुई थी। उसे विदेशी शासकों के अनके आक्रमणों का सामना करना पडा। इनसे उसके निर्माण उद्योग, व्यापार व वाणिज्य को भारी चोट पहुँची और वे पंगु हो गये। कृषि भी पिछडी दशा मे रह गई। यद्यपि आयरलैण्ड के प्राकृतिक साधन इतने प्रचुर थे कि इनके सदुपयोग द्वारा वह एक समृद्धशाली देश बन सकता था। किन्तु अब तो वहाँ निर्धनता का एक साम्राज्य बन गया। ब्रिटेन वाले के इस देश में विजयी होने पर भूमि कुछ थोडे से जमींदारों के हाथ में आ गई। प्रारम्भिक मालिकों को या तो निकाल दिया

गया अथवा काश्तकारों के रूप मे परिणित कर लिया गया। उद्योग धन्धों की हीन दशा के कारण लोगों के पास जीविका का कृषि के अतिरिक्त अन्य कोई साधन नहीं रह गया था।

फलत भूमि का लगान बहुत बढ गया। लगान सग्रह करने वाले सम्पन्न होते गये, किन्तु काश्तकार दिनों-दिन गरीब होते गये। वह अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी साहूकारों से जिन्हे गाम्बीन मैन कहते थे, ऋण लेने को विवश हुए। ये साहूकार उनसे अत्याधिक ब्याज चार्ज करते थे, इस प्रकार किसान-2 चक्कों के बीच मे पिसने लगा। एक ओर जमींदार दूसरी ओर साहूकार। ऐसी परिस्थितियों मे सरकार के हस्तक्षेप की बडी आवश्यकता थी, किन्तु तब स्वतत्र व्यापार की नीति अपनाई गई। लगान में वृद्धि उस समय बडी असहाय हो गई जबकि भूमि का काफी भाग चारागाह मे परिणित कर लिया गया। बकाया लगान की वसूली के लिए काश्तकारों पर मुकद्मा चलाया जाता और उन्हे बेदखल कर दिया जाता था। खेतों के छोटे-2 टुकडे होने लगे। साथ ही साथ भूमि की उपजाऊ शक्ति में कमी होने लगी। संक्षेप मे इस प्रकार किसानों की दशा दयनीय हो गई।

बहुत दग होकर किसानों ने जमींदारों के विरूद्ध विद्रोह का मुण्डा उठाया। अन्त मे सरकार इनकी समस्या समाधान के लिए वैधानिक कदम उठाने को विवश हुई। सन् 1881 मे ' इरिस भूमि अधिनियम ' बना जिसने काश्तकारों की बेदखली को रोका और उनके लगान की राशि निश्चित कर दी। सन् 1903 मे भूमि क्रय अधिनियम बनाया गया जिसने सभी जागीरों को ' कृषक स्वामित्तव ' मे परिणित कर दिया। इस प्रकार आयरलैण्ड अपने आर्थिक ढॉचे को सहकारिता पर निर्मित करने के लिए परिपक्व हो गया।

आयरलैण्ड में सहकारिता दिशा मे सबसे पहला प्रयोग ' राबर्ट ओविन ' के

प्रभाव के कारण हुआ। साथ ही साथ संबंधित समुदाय स्थापित किया गया। शुरू मे इसे बहुत सफलता मिली, जिससे यह प्रगट होता है कि ईरिश किसान अपनी कठिनाइयों को सामूहिक प्रयत्नों से सुलझाने के लिए कितने उत्सुक थे। यह प्रयोग 2 वर्ष तक चला किन्तु इस संक्षिप्त जीवन काल मे ही इसने आयरलैण्ड की जनता को एक नई दिशा प्रदान की।

तत्पश्चात् 1847 से 1880 तक का समय आयरलैण्ड के लिए घोर निराशा और अंधकार का युग था। यह दुर्भिक्ष और भुखमरी का काल था और भूमि नियम तो इन कठिनाइयों के आंशिक समाधान मात्र थे। सौभाग्यवश इसी काल मे वहाँ एक दृढव्रती महापुरूष का आविर्भाव हुआ। जिसने एक सहकारी व्यवस्था को जन्म दिया जो आगे चलकर ईरिश अर्थव्यवस्था की नीव हो गई।

होरेस प्लकेट सचमुच आयरलैण्ड के सहकारी आन्दोलन के जनक थे। उनके मतानुसार सहकारिताओं का निचोड तीन सूत्रों मे था - " उत्तम कृषि, उत्तम व्यापार और उत्तम जीवन " "बेटर फार्मिंग, बिजनेश एण्ड बेटर लिविंग " उनका नारा केवल आयरलैण्ड के लिए था, जो आगे चलकर सारे ससार के सहकारियों के लिए एक आदर्श वाक्य बन गया। प्लकेट का विश्वास था कि सहकारिता की दिशा मे प्रारम्भिक कदम उपभोक्ताओं की ओर से उठाना चाहिए। किन्तु विरोध स्वरूप इसमे सफलता हाथ न लगी। अब आयरलैण्ड लौटकर उन्होंने दूसरी दिशा मे प्रवेश किया। उन्होंने अपने मित्र जे0सी0ग्रे0 के साथ मिलकर जो कि इंग्लिश कोआपरेटिव यूनियन के सचिव थे। सन् 1889 मे पहली सरकारी डेरी खोली। आन्दोलन धीरे-धीरे प्रगति करता रहा। कार्यकर्ताओं ने अब उपभोक्ता संगठनों को छोड़कर अपनी सारी शक्ति मक्खन समितियों में लगा दी।

सन् 1894 तक आयरलैण्ड में 56 डेरी समितियों और इनकी 8 शाखाओं की रजिस्ट्री हो गई। इस बीच सन् 1892 मे डेरी समितियों ने मिलकर अपना एक संघ

' इरिश कोआपरेटिव ऐजेन्सी समिति ' स्थापित कर लिया। कुछ अन्य प्रकार की समितियाँ जैसे कृषि समितियाँ, बीज एवं खाद की सयुक्त क्रय समितियाँ, सहकारी भण्डार एवम् ऋण समितियाँ भी विकसित हो गई।

आयरलैण्ड मे सहकारी आन्दोलन के विकास मे वहाँ की सरकार ने काफी सहयोग दिया। सर हॉरेश प्लकेट की अध्यक्षता मे नियुक्त की गई रीसैस कमेटी की सिफारिश के आधार पर सन् 1899 मे सरकार ने एक " कृषि एव तकनीकी प्रशिक्षण विभाग " डी0ए0टी0आई0 खोला और प्लकेट को इसका उप-प्रधान एवम् प्रमुख प्रबंधक बनाया गया। इस विभाग ने ईरिश कृषि भूमि को प्रदर्शनियों और प्रर्दशनो के द्वारा प्रत्यक्ष रूप में तथा सैद्धान्तिक व क्रियात्मक कोर्सेज के संचालन द्वारा अप्रत्यक्ष रूप में सहायता दी। ग्रामीण बैंकों को ऋण दिये और समितियों के लिए प्रारम्भिक पूँजी जुटाई।

प्रथम विश्व युद्ध के काल मे साख समितियाँ शिथिल पड़ गई। किन्तु कृषि समितियों मे वृद्धि हुई। आन्दोलन के इतिहास मे प्रथम बार बहु-उद्देशीय समिति का विचार प्रबल हुआ। 300 समितियों ने मिलकर एक भण्डार स्थापित किया। इसमें अण्डा मॉस, किराना और घरेलू सामान की बिक्री होती थी। विपणन और अण्डा समितियों पर युद्ध का अधिक प्रभाव नहीं पडा, किन्तु सरकारी नियत्रण व यातायात कठिनाइयों के फलस्वरूप मक्खन समितियों की प्रगति रूक गई। प्लंकेट के प्रयत्नों के फलस्वरूप सन् 1914 मे एक कोआपरेटिव रिफरेन्स लाइब्रेरी की स्थापना हुई। इसका उद्देश्य आई0ओ0ए0एस0 के शिक्षा कार्यक्रमों को बढाना था। इस पुस्तकालय ने बेटर बिजिनेस नामक पत्रिका भी निकाली।

युद्धोपरान्त मंदी में समितियों की हालत खराब होने लगी। सरकार ने नवम्बर 1992 मे कृषि सबधी मदी के अध्ययन एवं तत्सबंधी सुझावों के लिए एक आयोग को

नियुक्त किया, जिसने अपनी रिर्पोट मे कृषि सहकारिता की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। आई0ओ0ए0एस0 को विकास आयोग से सहायता मिल रही थी, किन्तु वह अपर्याप्त थी।

विभाजन के बाद प्रगति - स्वतत्र आयरलैण्ड आई0आर0आई0ई0 - स्वतंत्र आयरलैण्ड की स्थापना के लिए जो उपद्रव हुए उनमे मक्खन समितियों को बहुत हानि पहुँची थी। अत नई सरकार ने डेरी उद्योग के पुर्ननिर्माण के लिए प्रयास किये और आई0ओ0ई0एस0 के प्रति सहानुभूति व्यवहार किया। उसने सन् 1924 मे मक्खन की किस्म पर सरकारी नियत्रण रखना, चर्बी के अनुसार दूध की कीमत देना और शुद्ध दूध का निर्यात करना प्रारम्भ किया। मक्खन के क्रय-विक्रय के लिए एक सेन्ट्रल मार्केटिग एजेन्सी स्थापित करने के कई बार प्रयास किये। जो सफल न हुए, क्योंकि स्थानीय डेरी समितियॉ अपना विक्रय अधिकार सेन्ट्रल एजेन्सी को देने को तैयार न हुई। फलत मक्खन के क्रय-विक्रय में प्रतियोगिता बढ गई। जो न केवल आपस मे होती थी वरन् निजी डेरियों के साथ भी होने लगी। अनेकों अनावश्यक डेरियॉ थी, जिनसे उत्पादन लागत मे वृद्धि होती थी। अधिकांश प्राइवेट डेरियों ने एक सघ बनाया था। इस स्थिति को समाप्त करने की दिशा मे डी0ए0टी0आई0 ने एक साहसिक कदम उठाया। उसके प्रयत्नों के फलस्वरूप 1928 मे पी0 हॉगन्स क्रीमरी एक्ट पारित हुआ। इसके प्रावधानों के अनुसार सरकार ने 2 प्राइवेट डेरियों पर अपना अधिकार कर लिया। इनके सचालन के लिये एक दूसरी डिस्पोजल कम्पनी स्थापित की गई। इस कम्पनी ने अपनी स्थापना से 4 वर्षो के भीतर ही 50 डेरियॉ (प्राइवेट) खरीद ली क्योंकि इनकी आर्थिक दशा बहुत खराब चल रही थी। बाद मे इन्हे सहकारी समितियों को, जिनका सगठन आई0ए0ओ0एस0 ने सरकार से ऋण लेकर किया था, सौंप दिया गया। इस प्रकार आज कल ईरिश फ्री स्टेट में प्राइवेट डेरियॉ बहुत कम मिलती है।

सहकारी डेरियों के विक्रय संबंधी नियंत्रण के लिए एक संस्था ईरिश एसोशियेटेड

क्रिमेरीज लिमिटेड (आई0ए0सी0) स्थापित की गई। एक समझौते के अनुसार सदस्य समितियाँ ब्रिटेन को निर्यात के लिए जो मक्खन बनायें, उसका विक्रय आई0ए0सी0 के द्वारा होना था। आई0ए0सी0 ने सन् 1928 मे कार्य करना प्रारम्भ किया। किन्तु इग्लैण्ड मे दुग्ध वस्तु कीमत गिर जाने से इसको बहुत घाटा हुआ। फलस्वरूप 1930 मे बद हो गई।

सरकार ने अन्य तरह से भी डेरी आन्दोलन को प्रभावित किया। आयरलेण्ड की समितियाँ मुख्यत घास पर निर्भर करती थी। जो गर्मी के दिनों में बहुत होती थी। फलस्वरूप गर्मी मे दूध, घी व मक्खन प्रचुर मात्रा में होते थे। जाडे में कम होती थी। अत गर्मी के दिनों इनका निर्यात किया जाता था और जाडे के दिनों मे आयात किया जाता था।

इस विषमता को सुधारने की दृष्टि से सरकार ने मक्खन के आयात पर कर लगा दिया जिससे विवश होकर डेरियों को शीत भण्डार खोलने पडे। प्रतिकार स्वरूप उन देशों ने भी जो गर्मियों में आयरलेण्ड से मक्खन मँगाते थे, इस पर कर लगाया इससे आयरलैण्ड मे शीत भण्डारों की व्यवस्था को और भी प्रोत्साहन मिला।

सन् 1931 से 19141 की 10 वर्षीय मध्यावधि में सभी प्रकार की समितियों की सख्या व सदस्यता में कमी हो गई। जहाँ तक हिस्सा पूँजी का प्रश्न है, डेरी समितियों और विविध समितियों की पूँजी मे और वृद्धि हुई। कृषि समितियों के व्यापार में वृद्धि मामूली हुई।

द्वितीय महायुद्ध में ईरिश डेरी उद्योग को पुन क्षति पहुँची। इन दिनों गेहूँ का विदेशों से आयात कम हो गया। कृषक पशुपालन की अपेक्षा गेहूँ की कृषि मे, अधिक रूचि लेने लगे। इस प्रकार से दूध की पूर्ति 6 से 15% कम हो गई। अत डेरी समितियों को हानि उठानी पडी। सहकारी समितियों ने अपनी पूँजी बढ़ाने के लिए

लाभों को सुरक्षित कोष मे डालना प्रारम्भ किया, बोनस देना बन्द कर दिया। सन् 1941 मे एग्रीकल्चरल ईरीलेण्ड का प्रकाशन शुरू हुआ। (इसका नाम आजकल ईरिश फारमर हो गया है।) सन् '1943 के द क्रीमिरीज (एक्यूशीजन) ऐक्ट के अधीन डेरी डिस्पोजल कम्पनी को बची-खुची प्राईवेट डेरियों को क्रय करने और पुन निकटतम् सहकारी डेरियों को सौंपने का अधिकार मिला।

सन् 1946 मे सरकार ने डेरी उद्योग की उन्नति के लिए एक पचवर्षीय योजना बनाई। आई0ए0ओ0एस0 ने कृत्रिम प्रजनन सहकारी समितियों के द्वारा पशु नस्ल सुधारने के प्रयत्न किये गये जिससे फार्मिग अधिक कुशल बन सके। पशुओं के निर्यात के लिए भी एक समिति बनाई गई।

सन् 1957 मे सरकार ने एक कृषि उपज विपणन सलाहकार कमेटी नियुक्त की। इसने यह सुझाव दिया कि उपज के विपणन मे कृषकों को भविष्य मे अधिक अवसर दिये जाय, जो तब ही सम्भव है जबकि उत्पादक अपना व्यवसाय सहकारी समितियों के द्वारा करे। सहकारी डेरियों ने यू0के0 को निर्यात होने वाले दूध पाउडर के केन्द्रीय-करण के उद्देश्य से सन् 1962 मे आइरिस मिल्क पाउडर एक्सपोर्ट लिमिटेड स्थापित की। शाक सहकारी समितियॉं भी बनी। टमाटर व अन्य सब्जी को श्रेणियों में बॉटने व पैक करने के लिए डबलिन में एक स्टेशन बनाया गया।

देश में सहकारी समितियों की सख्या तो अधिक नहीं बढी है, किन्तु उनके व्यवसाय का मूल्य तिगुना हो गया है। मक्खनशालाओ और कृषि समितियों का सहकारी आन्दोलन मे एक महत्वपूर्ण स्थान है। इन्होने अच्छी प्रगति की, जो यथार्थ मे आई0ए0ओ0एस0 के ही अनवरत् प्रयत्नों का सुफल था।

उत्तरी आयरलेण्ड में सहकारी आन्दोलन की देख रेख अल्सटर एग्रीकल्चरल

आर्गेनाइजेशन सोसाइटी कर रही है। इसकी स्थापना देश विभाग (1922) के बाद हुई। सन् 1952 मे यू0ए0ओ0एस0 और अल्सटर फारमर यूनियन ने मिलकर अल्सटर ऊन उत्पादक लिमिटेड स्थापित की है। यह उन ब्रिकी परिषद के एजेन्ट के रूप मे कार्य करती है, देश के कुल ऊन उत्पादन का लगभग 50% जमा करती है और उसे ग्रेडों मे बॉटती है। सन् 1967 मे इसने एजेन्सी कार्य के साथ-साथ अपनी ओर से भी व्यापार आरम्भ किया।

अल्सटर मे सहकारी आन्दोलन की स्थिति बहुत दुर्बल है। सरकार उसे कोई वित्तीय सुविधा नहीं दे रही है। यहॉ तक कि यू0ए0ओ0एस0 भी प्राय सदस्य समितियों से प्राप्त शुल्कों और मित्रों के चन्दों पर आश्रित है। किन्तु अल्सटर का किसान उत्साही है। उसमें सहकारिता की भावना मोजूद है। यदि आवश्यकता है तो केवल उसके सहानुभूति और मार्ग-दर्शन की।

प्रगति

द्वितीय विश्व युद्ध के पश्चात् सरकार द्वारा सरकारी आन्दोलन मे सक्रिय रूप से भाग लिये जाने के कारण सहकारी डेरियों ने तथा अन्य संस्थाओं ने 1967 के अन्त तक पर्याप्त प्रगति की नीचे दी गई तालिका से स्पष्ट है।

आयरलैण्ड में सहकारी संस्थाओं की प्रगति

तालिका 3 3

द्वितीय विश्व युद्ध बाद 1967 के अन्त की स्थिति

सख्या .	सहकारी सस्थाये	संख्या	सदस्यता	प्रदत्त पूंजी (पौंड मे)	ऋण पौंड मे करोड	विक्रय पौंड मे करोड़
1-	मक्खनशालायें	173	5,04,421	7,74,896	5 43	6 85
2-	कृषि आपूर्ति समितियॉ	62	18,602	1,24,310	05	4 35
3-	पशु मार्ट	29	16,162	2,89,258	05	52
4-	विविध	77	37,760	12,13,471	2 15	2 87
	योग	341	1,27,045	24,05,935	8.55	14.59

सहकारी डेरियों एवं मक्खनशालाओं की प्रगति का अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है कि सन् 1931 की अपेक्षा जबकि मक्खनशालाओं की अपेक्षा 227 थी, सन् 1967 मे इनकी सख्या 173 ही थी। सन् 1941 तथा 1951 मे इनकी संख्या 214 तथा 193 थी। परन्तु इसके विपरीत इनकी सख्या मे (सदस्यता) सन् 1951 की अपेक्षा वृद्धि हुई। साथ ही साथ इनका व्यापार भी बढा। बढता व्यापार तथा सस्थाओं की वित्तीय स्थिति मे सुधार उनकी आर्थिक सुदृढता को मजबूत करता है। सहकारी संस्थाओं की अश पूंजी में पर्याप्त प्रगति हुई। इस सब प्रगति का श्रेय वहॉ के शासन के सक्रिय सहयोग तथा आइरिश कृषि संगठन समिति की देख-रेख का परिणाम

3- डा0 माथुर वी0एस0 - " सहकारिता " साहित्य भवन, आगरा, सप्तम् संस्करण, 1984 पे0 स0 167, तालिका 3

है। इसके अतिरिक्त इन सस्थाओं की सफलता के अन्य कारण उनके द्वारा वेज्ञानिक योजनाओं को अपनाना तथा सदस्यों का प्रशिक्षण भी है।

अल्सटर मे सहकारी कृषि आन्दोलन का एक मुख्य कारण धीमी प्रगति से है। क्योंकि वहाँ की सरकार इस आन्दोलन को कोई संरक्षण प्रदान नहीं करती है। उसने इस आन्दोलन को किसी प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान नहीं की है। अल्सटर कृषि सगठन समिति स्वय अपने साधनों पर निर्भर करती है।

इस प्रकार आयरलेण्ड की सहकारिता के विकास मे आइरिश आन्दोलन महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

स्वीडन में सहकारी आन्दोलन

इस देश में सहकारी आन्दोलन की शुरूआत 1860 व 1870 के मध्य शुरू हुआ। सर्वप्रथम उपभोक्ता आन्दोलन शुरू हुआ और बाद मे अन्य क्षेत्रों में भी आन्दोलन चल निकला। पहिले पहल उपभोक्ता स्टोर्स रोकडेल नमूने पर स्थापित करने के प्रयास किये गये थे किन्तु असफल रहे, क्योंकि उन दिनों स्वीडन मे कोई ठोस औद्योगिक क्षेत्र नहीं बन पाया था। स्टोर्स के विफल होने के बाद सहकारिता प्रेमियों ने जर्मन मॉडल के सहकारी बैंकस् संगठित करने के प्रयास किये किन्तु ये भी विफल रहे। कारण अभी तक न तो देश में औद्योगिक उन्नति आरम्भ हुई थी और न जर्मनी जैसे शिल्पकार ही स्वीडन में थे जिन्हें कि रूपया उधार लेने की आवश्यकता हो। अन्त में उन्होंने उपभोक्ता स्टोर्स पर ही ध्यान दिया।

सन् 1870 तक स्वीडन एक कृषक देश था। जब इग्लेण्ड में औद्योगिक क्रान्ति हुई, तो इस देश मे भी औद्योगिक आरम्भ हो गया। साथ ही साथ नये-2 उद्योगों का विकास होने लगा। अब कृषि उद्योगों के लिए कच्चा माल उत्पन्न करने लगी।

विद्युत उत्पादन तेजी से बढने के फलस्वरूप गॉवों मे विद्युतीकरण तेजी से हुआ। लकडी और खनिज निर्भर उद्योगों की तेजी से प्रगति हुई। उद्योगों का विकास तेजी से होने के फलस्वरूप आन्दोलन बढा और अन्य प्रकार की सहकारी समितियों की स्थापना भी होने लगी। कृषि क्षेत्र मे सहकारी डेरी, अण्डा विपणन समितियॉ, वन समितियॉ आदि का निर्माण हुआ। स्वीडिश सहकारी आन्दोलन की महत्वपूर्ण विशेषता उपभोक्ता व उत्पादकों के संगठन एक दूसरे के हितों की रक्षा करते हुए राष्ट्र को समृद्धिशाली बनाने में संलग्न है।

औद्योगीकरण के साथ-साथ श्रमिकों की सख्या भी बढने लगी और अन्य कठिनाइयों के साथ-साथ उनके समक्ष उपभोग वस्तुओं के क्रय की समस्या भी उदय हुई। इन दिनों देश में कार्टेलों और मूल्य निर्धारण परिषदों की भरमार हो गई। अधिकाधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से इन्होंने पूर्ति को नियंत्रण करके वस्तुओं के मूल्य बढा रखें थे। वस्तुओं के लिए ब्राड नियत कर दिये गये थे और वे निर्धारित ऊँची कीमतों पर ही बेची जाती थी। उपभोक्ताओं को सही मूल्य का ज्ञान नहीं था। जिस कारण वे वस्तुओं की सही तुलना नहीं कर पाते थे। अत ऊँची कीमत देने के लिए विवश थे। इस प्रकार स्वतंत्र प्रतियोगिता शून्य थी। एकाधिकार का प्रभुत्व था। इनकी शोषणपूर्ण कार्यवाहियों से तंग आकर उपभोक्ताओं ने यह प्रयास किया कि इनके मुकाबले में ऐसी संस्थाऐं खडी की जायें जो वस्तुओं के मूल्य गिराने में सहायक हों। फलत 1900 और 1914 मे फुटकर समितियॉ बडी सख्या मे बनाई गई। इन्हीं के साथ थोक समितियों की व्यवस्था भी कर दी गई।

उपभोक्ता सहकारी आन्दोलन का संगठन और ढॉचा अत्यन्त सरल है। सबसे ऊपर एक केन्द्रीय सस्था के0एफ0 कोआपरेटिव फोरबन्डेट है। यह अपने विभिन्न विभागों के द्वारा थोक व्यापार, उत्पादन, शिक्षा, संगठन और सहकारी शिक्षा का कार्य करती है। इसी के अन्तर्गत 2 बीमा समितियॉ (फाल्केट और स्मार्टबेट) भी कार्यशील हैं। चूंकि विभिन्न कार्य एक ही संस्था मे कार्यशील है, इसीलिए यहॉ उपभोक्ता

आन्दोलन बहुत सुसंगठित और सुदृढ है। इसके लिए स्वीडन उचित रूप से ही गर्व कर सकता है। के0एफ0 के नीचे काउन्टी समितियॉ और सबसे नीचे प्राथमिक उपभोक्ता समितियॉ है।

इस प्रकार स्वीडन, यूरोप के स्कैण्डिनेविया के तीन विकसित देशों मे एक अत्यन्त विकसित देश है। यहॉ के निवासियों का मुख्य पेशा कृषि है। कृषि प्रधान देश होने के कारण यहॉ सहकारिता का क्षेत्र अधिक विकसित हो सका है। आज यहॉ की लगभग 36 37% जनसख्या कृषि और सहकारिता की परिधि मे सम्मिलित की जा चुकी है। स्वीडन मे सहकारिता आन्दोलन ने उपभोक्ता सहकारिता, गृह निर्माण, समितियॉ सहकारिता तथा कृषक या कृषि उपज विपणन समितियॉ सहकारिता को तो विकसित एवम् प्रोत्साहन किया है, परन्तु उत्पादन सहकारिता एक प्रकार से तो उपेक्षित रही है और सामूहिकीकरण (कलेक्टीविजेशन) पर कोई ध्यान नही दिया गया है। कृषि के साथ-साथ इस देश के सहकारिता आन्दोलन की प्रमुख विशेपता यह है कि उसने सरकारी सहायता, प्रभाव एवं हस्तक्षेप के बिना ही इतनी प्रगति की है कि उसका सात रंगों का झण्डा प्रत्येंक स्थान पर लहरा रहा है। इसका अपना विशेष निशान प्रत्येक व्यक्ति के हृदय मे अपना स्थाई स्थान बना चुका है। वास्तव मे इस देश का सहकारी आन्दोलन स्व-सगठित तथा आत्म-निर्भर है, जो सहकारिता की भावना को पूर्णरूपेण अभिव्यक्त करता है।

" स्वीडन के उपभोक्ताओं को सहकारी आन्दोलन की प्रमुख विशेषता यह है कि इसने अपने विकास के लिए एक दर्शन का विकास करने के साथ-साथ ठोस व्यापारिक आधार भी तैयार किया है। "

" स्वीडन वास्तव में सहकारी संसार का ' मक्का ' बन गया है। " अत सच तो यह है कि चाहे किसी भी दृष्टिकोण से स्वीडन के सहकारी आन्दोलन का मूल्याकन किया जाय, यह स्पष्ट हो जाता है कि वहॉ आज यह आन्दोलन एक महान व आर्थिक

शक्ति है।

स्वीडन मे सहकारिता आन्दोलन का विकास ओद्योगिकीकरण वृहत उत्पादन तथा पूँजीवाद एवम् स्वतंत्र व्यापार नीति के अरूचिकर परिणामों को दूर करने के लिए किया गया था। आरम्भ से ही इसका नेतृत्व ऐसे व्यक्तियों द्वारा किया गया था जो उच्च आदर्शो को प्राथमिकता देते थे। ऐसे अग्रगामी आशावादी, स्वतत्रता प्रेमी एवम् व्यवहारिक थे और वे एक ऐसी व्यवस्था के इच्छुक थे जिससे वर्तमान सामाजिक उग्र अनियमितताओं का कोई स्थान न हो, जहाँ जीवन सुखमय हो तथा जहाँ अत्याचार तथा वर्ग सघर्ष एव वर्ग घृणा के स्थान पर भाई चारे की भावना को महत्व दिया जाता हो। इस प्रकार स्वीडन के सहकारी आन्दोलन का एक मुख्य उद्देश्य न केवल सदस्यो तथा समाज हितों की रक्षा करना है वरन् समाज को इस प्रकार परिवर्तित करना है कि वहाँ के निवासी कार्यात्मक एकता की भावना से कार्य कराते हुए सुखी जीवन जी सके। इस भावना से प्रेरित होकर यहाँ के निवासी आशावादी, स्वतत्रता प्रिय, व्यवहारिक एवम् चतुर निवासी इस आन्दोलन को प्रगति के पथ पर आगे बढ सके है।

इस प्रकार स्वीडन के निवासियों को सहकारी आन्दोलन हेतु पॉच क्षेत्रों (जैसे- उपभोक्ता, सहकारिता, कृषि सहकारिता, गृह निर्माण सहकारिता, साख सहकारिता तथा सहकारी शिक्षा) में बॉटा गया है।

इस प्रकार स्वीडन के सहकारिता आन्दोलन की श्रेष्ठता का श्रेय वहाँ के कुशल एव प्रशिक्षित नेतृत्व को है जिसने स्वीडन के निवासियों मे पारस्परिक सहयोग एवम् सहकारिता की भावना को जागृत करके एक सहकारी राष्ट्र का निर्माण किया है। अत स्वीडन मे सहकारिता का क्षेत्र अधिक व्यापक है। वहाँ के विशिष्टीकरण के आधार पर तथा उपयोगितावाद की नीति के आधार पर अनेक सहकारी सस्थाऐ सगठित की गई है।

इन्टरनेशनल कोआपरेटिव एलायन्स हास बैंकाक मे नवम्बर, दिसम्बर मे (1981) एक गोष्ठी आयोजित की गई है जिसमे स्वीडन मे सहकारी आन्दोलन की समीक्षा की गई है। गोष्ठी के मत मे, '' स्वीडन मे सहकारी संस्थाऐं पेशेवर प्रबंधकों एवम् प्रशिक्षित कर्मचारियों से युक्त है और इनका स्वीडन के सहकारी आन्दोलन के विकास मे योगदान रहा है।

कनाडा मे सहकारी आन्दोलन

कनाडा ससार का दूसरा विशाल देश है। यह क्षेत्रफल मे भारत से तिगुना है। यहाँ जनसंख्या अनुपातत कम है। इसमें लगभग 45% ब्रिटिश बंशज, 25% फ्रांसीसी शेष यूरोप की अन्य जातियाँ है। जो लोग कनाडा में आकर बाहर से बसे उनमे सहयोग की प्रवृत्ति होना स्वाभाविक था। अत यहाँ सरकारी प्रयत्नों के उदाहरण प्रारम्भ से ही मिलते है। इस पर भी सहकारी आन्दोलन की वास्तविक शुरूआत 1870 से लगभग हुई। चूँकि यहाँ के निवासियों का मुख्य धन्धा कृषि है, इसलिए सहकारी सस्थाऐं सर्वप्रथम किसानों मे ही स्थापित हुई।

सहकारी प्रयत्न विपणन के क्षेत्र मे अधिक सफल हुए। सन् 1900 से पहले कृषि उपज के विपणन का कार्य पूर्णत प्राइवेट व्यापारियों के पास था। वे कृषकों से अनाज क्रय कर निर्यात करते थे। उनके पास गल्ला भराई के यत्र थे। उन्हे रेलों व जहाजों मे गल्ला लादने का एकाधिकार था। सन् 1900 में यह एकाधिकार उत्पादकों को भी मिल गया। किन्तु किसी के पास गल्ला निर्यात के लिए गल्ला न्यूनतम् मात्रा मे नहीं था जिस कारण वे पृथक - 2 रहकर इस अधिकार का प्रयोग नहीं कर सकते थे। अत उन्होंने दल बनाये, जो शीघ्र ही सहकारी संगठनों मे परिणित हो गये।

उत्पादकों का पहला संगठन - गल्ला उत्पादक संगठन - सन् 1906 में बना।

1911 मे सरकार की सक्रिय सहायता से एक अन्य सगठन - सस के चचान भार उत्थापन यत्र क0 - का जन्म हुआ। इन संगठनों की सदस्यता शीघ्र ही हजारों पहुँच गई। उन्होंने अपने कार्यक्षेत्र के कुल 25% गल्ले को सभाला। सन् 1919 मे सरकार ने एक गेहूँ परिषद (व्हीट बोर्ड) बनाई, जिसने गल्ला निर्यात के कुल कार्य को अपने हाथ मे ले लिया। आयातक देशों की सरकारों से सीधे सौदे किये।

कनाडा मे सहकारी आन्दोलन को जो सफलता मिली है उसका श्रेय नव कस्कोर्शिया के एन्टोगोनिश सेंट फ्रासिस जेवियर विश्वविद्यालय द्वारा सचालित सहकारिता प्रसार कार्य को है। यह कार्य 1930 में रेवरेंड एम0एम0 कोडी के नेतृत्व में छोटे-छोटे अध्ययन दलों के रूप मे शुरू हुआ। इसका उद्देश्य स्थानीय आर्थिक समस्याओं पर विचार करना था। अब इस आन्दोलन ने एक पूर्ण विकसित शिक्षा कार्यक्रम का रूप ग्रहण कर लिया है। जिसमे अल्पावधि वाले शिक्षा कार्यक्रम, पुस्तकालय सेवा तथा अध्ययन क्लब जैसे विषय आते हैं। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत जो विचार विमर्श होते रहते थे, उनके फलस्वरूप अनेक सहकारी संस्याऐ स्थापित हुई तथा सहकारी विचारधारा का प्रचार हुआ।

वर्तमान समय मे कनाडियन कृषि अर्थव्यवस्था मे सहकारी आन्दोलन का महत्वपूर्ण स्थान है। कुल ग्रामीण जनसख्या का 40% आन्दोलन से प्रभावित है। यहाँ सभी प्रकार की सहकारी समितियों की सख्या 2,500 से अधिक है। इसमे लगभग 20 लाख सदस्य है। इनमें विपणन और उपभोक्ता समितियाँ सर्वप्रथम है। कनाडा के सहकारी आन्दोलन में सम्मिश्रण तथा अन्य लम्बे वे क्षैतिज प्रकार के संयोजनों की प्रवृत्ति चल रही है। स्नोडेन रिर्पोट की सिफारिशोंनुसार कनाडा मे सहकारी शिक्षा का अधिक विस्तार किया जा रहा है।

सयुक्त राज्य अमेरिका मे सहकारिता

सयुक्त राष्ट्र अमेरिका मे साथ-साथ मिलकर कार्य करने वाले व्यक्तियों मे सहकारिता का प्रयोग उतना ही पुराना है जितना कि उसका उपनिवेशीकरण एवम् व्यवस्थापना। परन्तु सहकारिता की इस प्रारम्भिक प्रवृत्ति के बावजूद सहकारी व्यवसाय एवम् सस्थाओं का सर्वथा अभाव था। लोगों को विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों को तथा फार्मो पर कार्यरत व्यक्तियों को एक साथ मिलकर कार्य करने की केवल शिक्षा दी जाती थी। पारस्परिक बीमा के क्षेत्र मे सन् 1752 मे बेन्जामिन फेकलिन द्वारा प्रथम सहकारी समिति स्थापित की गई थी। प्रथम फार्म पूर्ति सहकारी समिति सन् 1863 मे न्यूयार्क राज्य में संगठित की गई। प्रारम्भिक राज्यों मे दुग्धशालाओं के व्यापारियों ने सर्वप्रथम सहकारिता को गति प्रदान की जिसके फलस्वरूप 1867 तक दुग्धशाला के उत्पादकों को प्रसंस्करण करने वाली 400 समितियाँ स्थापित हो चुकी थी।

रोकडेल सिद्धान्तों के आधार पर सन् 1868 मे ' ग्रेन्ज आन्दोलन ' के सगठन के साथ सहकारी आन्दोलन का आरम्भ हुआ जिसने एक साथ क्रय-विक्रय करने तथा सामान्य रूप से एक साथ कार्य करने की धारणा का विकास किया था। बैंकिग तथा बीमा के क्षेत्र मे ग्रैंज के प्रयासों को अत्याधिक सफलता मिली। इस आन्दोलन ने किसानों का एकता एवम् सगठन मे एकता का पाठ पढाया।

सहकारी आन्दोलन से कृषक सघ को पर्याप्त प्रोत्साहन मिला है। प्रारम्भ से ही इस सघ का यह विश्वास था कि सहकारी व्यापारिक क्रियाओं से कृषकों का आर्थिक कल्याण सम्भव है। कृषि सबधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु सहकारी क्रय की दिशा मे किये गये प्रयत्नों से काफी बचत हुई जिससे पारस्परिक प्रतिस्पर्धा भी समाप्त हो गई।

गत शताब्दी के अन्त मे उपरोक्त प्रयासों के बावजूद अमरीकी कृषक की कोई शक्तिशाली संस्था नहीं थी। उनके सघ का प्रभाव धीरे-2 पूर्णरूप से समाप्त हो गया। ग्रैन्ज की शक्ति भी कुछ ही क्षेत्रों तक सीमित रह गई थी। सन् 1900 से पूर्व संगठित की गई सहकारी समितियाँ असफल हो गई। इन समितियों में से कुछ समितियों की क्रियाऐ स्थानीय तथा अव्यवस्थित थी। उनमे से कुछ तो सफल हुई, परन्तु आंशिक समय तक कार्यशील रहीं।

कृषि सहकारी समितियों का विकास सन् 1920 के पश्चात् प्रारम्भ हुआ। अमेरिकन सोसाइटी आफ इक्यूटी एण्ड द फार्टनर्स एजूकेशनल यूनियन ने अनेक सहकारी उपक्रमों को सगठित किया। सन् 1919 मे ' अमरीकी फार्म ब्यूरों सघ ' स्थापित किया गया, जिसने सहकारी विपणन तथा सहकारी समितियों के सगठन मे महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सन् 1935 के पश्चात् से विद्युत शक्ति का वितरण करने के लिए सहकारी समितियों का तीव्रगति से विकास हुआ। सन् 1938 से चिकित्सा की ऊँची लागत के विरूद्ध स्वास्थ्य सहकारी समितियों का सगठन आरम्भ किया गया। सहकारिता के विकास हेतु अमेरिकन इन्स्टीट्यूट आफ कोआपरेशन भी कार्यरत है।

कृषकों की सहकारी समितियाँ अमरीकी सहकारिता की आधारशिला मानी जाती है। कृषि अमरीकी समाज के किसी बडे वर्ग ने सहकारी सगठनों का इतना अधिक लाभ नहीं उठाया है जितना कृषक परिवारों ने। वर्तमान मे राष्ट्र के तीन मिलियन फार्मो के प्रत्येक 4 संचालकों में से 3 संचालक ऐसे हैं जो तीन या अधिक सहकारी समितियों के सदस्य है। ये अपनी सहकारी समितियों के माध्यम से 25% पेट्रोलियम उत्पाद तथा 20% उर्वरक तथा अन्य आवश्यक वस्तुऐ क्रय करते है। वे अपनी कृषि उपज तथा पशु उत्पादों का 25% भाग इनके माध्यम से बेचते हैं और प्राय अन्तिम उपभोग का प्रसंस्करण भी इन्हीं समितियों द्वारा किया जाता है। ये समितियाँ अपने सदस्यों को साख, बीमा, विद्युत शक्ति, टेलीफोन तथा अन्य प्रकार की सुविधाऐ व सेवाऐं प्रदान करती

है। वास्तव मे कृषि उत्पादकता मे वृद्धि करने की दिशा मे इन समितियों ने अमूल्य सहयोग प्रदान किया है। यह उल्लेखनीय है कि अमरीका मे यू0एस0डी0ए0 ने कृषि सहकारिता को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया है।

संयुक्त राज्य अमेरिका के कृषि विभागों के अनुमानों के अनुसार 9163 ऐसी समितियाँ थी जिनकी कुल सदस्यता लगभग 7 2 मिलियन थी। इन समितियों की सापेक्षिक स्थिति इस प्रकार से है -

संयुक्त राज्य अमेरिका के कृषक सहकारी समितियों की सख्या तथा सदस्यता 1996-61

तालिका - 3 4

संख्या	संघ संख्या	प्रतिशत	सदस्यता	
			सख्या(मिलियन मे)	प्रतिशत
1	5,727	63	3 5	48
2	3,222	35	3 7	51
3	214	02	0 5	01

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि इन सहकारी संघों में 2/3 से कुछ कम विपणन सहकारी समितियाँ थी। 1/3 समितियाँ फार्म आपूर्ति समितियाँ थी। ऐसी सेवा समितियों की संख्या, जो सामान्य परिवहन, संग्रहण, फलों की पैंकिंग आदि संबंधी विशिष्ट सेवाये प्रदान करती थी। अपेक्षाकृत कम थी। 1960-61 के पश्चात् कृषि समितियों की संख्या में निरंतर कमी हुई। 1978 में इन समितियों की संख्या केवल 7,786 तथा सदस्यता 62 लाख रह गयी।

आज अमरीका में अनेक प्रकार की सहकारी समितियाँ कार्यशील है। विश्व में शायद

4- डा0 माथुर बी0एस0 - "सहकारिता" साहित्य भवन, आगरा सप्तम् संस्करण 1984 पेज 27 तालिका 4

ही कहीं इतने प्रकार की सहकारी समितियाँ पायी जाती है। वहाँ कृषि उत्पाद के विपणन तथा कृषकों को बीजों, उर्वरक, तेल, ट्रेक्टर, टायर व ट्यूब, घरेलू आवश्यक वस्तुओं, फर्नीचर एवं वस्तुओं तथा वस्त्रों की आपूर्ति करने की निमित्त सहकारी समितियाँ है। विद्युत शक्ति के वितरण तथा टेलीफोन की सेवाओं की व्यवस्था करने के लिए भी सहकारी समितियाँ है। इनके अलावा गृह निर्माण सहकारी समितियाँ, उपभोक्ता भण्डार, सामूहिक स्वास्थ्य समितियाँ तथा विश्वविद्यालयों मे विद्यार्थियों की सहकारी समितियाँ भी हैं। कृषि उपज को विभिन्न प्रकार से होने वाली क्षति तथा मोटर दुर्घटनाओं से होने वाली क्षतिपूर्ति करने हेतु भी सहकारी समितियाँ तथा पारस्परिक बीमा समितियाँ भी सगठित की गई है। आज इन सहकारी समितियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं से सयुक्त राष्ट्र अमरीका के 15 मिलियन लोग लाभान्वित होते है।

आज इन समितियों में कुछ समितियाँ बहुत ही बडी है। इनमें से सबसे बडी समिति जो एक क्षेत्रीय कृषि आपूर्ति सहकारी समिति है, अपने सदस्यों के लिए तेल कूपों तथा शुद्धीकरण कारखानों, उर्वरक तथा रासायनिक फेक्ट्रीयों, पशु पालन परीक्षण केन्द्रों, अण्डों के संवेष्ठन का सयन्त्र तथा आदर्श फार्म का सचालन करती है। 11 राज्यों में इसके सदस्य हैं तथा इसका व्यवसाय 250 मिलियन डालर से भी अधिक का है। परन्तु फिर भी इन समितियों का कुल व्यापार राष्ट्रीय व्यापार का 3% के बराबर का ही है।

वर्तमान स्थिति तो यह है कि राष्ट्र के 3 मिलियन फार्मो के प्रत्येक 4 सचालकों मे से 3 सचालक ऐसे है जो एक या अधिक सहकारी समितियों के सदस्य हैं। ये सदस्य अपनी-अपनी सहकारी समितियों के माध्यम से ही 25% पेट्रोलियम उत्पाद तथा 20% उर्वरक तथा अन्य आवश्यक वस्तुयें क्रय करते है। यह उल्लेखनीय है कि अमेरिका मे यू0एस0डी0ए0 ने कृषि सहकारिता को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया है।

ऐसा अनुमान लगाया गया है कि अमेरिका मे 2% से कम व्यक्तियों के पास 30% निजी सम्पत्ति है तथा 50% कम्पनी के स्टाक तथा राज्य एवं स्थानीय सरकारी के ऋण पत्र है। टेरिबूरीज ने ठीक ही लिखा है कि " सयुक्त राज्य अमेरिका, मे बडे आदमियों के समाज मे 'सहकारिता' छोटे व्यक्तियों का ही चुनाव है। "'

• इस प्रकार सहकारिता सयुक्त राष्ट्र अमेरिका मे, " सहकारिता एक कठिन व्यवसाय है न कि एक आदर्शमूलक धर्मन्युद्ध। " सहकारिता वहाँ के लोगों का एक निजी उपक्रम से ही एक विशिष्ठ अग है और सहकारिता तथा पूँजीवाद में कोई सघर्ष न होने के कारण दोनों साथ-साथ चल सकते है। सहकारी आन्दोलन का मूलभूत उद्देश्य वहाँ व्यापार के अन्य स्वरूपों को प्रतिस्थापित करना या उनसे आगे बढना नहीं है वरन् उसको वास्तविक रूप मे प्रतिस्पर्धात्मक बनाये रखना है।

चीन मे सहकारी आन्दोलन

यह सबसे पहले चीनी नेता थे जिन्होंने इस बात पर ध्यान दिया कि चीनी जनता की दरिद्रता का नितान्त उन्मूलन करने के लिए सहकारी रीति ही सबसे उपयुक्त रहेगी। अत सन् 1912 मे जबकि शासन की बागडोर उनके हाथों मे आई, उन्होंने आन्दोलन के प्रारम्भ के लिए आवश्यक कदम उठाये। इन्हीं के प्रभाव से सन् 1919 मे प्रो० हेने सघाई मे एक राष्ट्रीय सहकारी बैंक स्थापित किया। सहकारी अनुभवों और विचारों के प्रसार के लिए साप्ताहिक पत्र भी निकाला गया। इनके तीन वर्ष के भीतर ही चीन में अनेक ग्रामीण साख समितियाँ भी स्थापित हो गई।

सन् 1921 में समूचे उत्तरी चीन में एक अकाल पडा जिसके कारण कृषकों की दशा बिगड गई। सूखे के कारण फसले नष्ट हो जाने से कृषको के बीच भूखमरी फैलनी शुरू हो गई। कुछ विदेशी संस्थाये भी भूखे लोगों में खाद्यान्नों का वितरण करके

चीनी जनता को सकट से पार होने मे सहायता कर रही थी। इन्होंने लोगों को यह परामर्श दिया कि वे पारस्परिक साख समितियों का निर्माण करें। इससे उनकी स्थिति सुदृढ हो जायेगी। फलत साख समितियों की सख्या मे बहुत वृद्धि हुई। उन्हें चीनी अन्तर्राष्ट्रीय अकाल निवारण आयोग ने सन् 1922 मे सहायता प्रदान की। तत्पश्चात् चीनी सहकारिता की चमत्कारिक प्रगति हुई। जनता की आर्थिक दशाये सुधारने हेतु सुझाव देने के लिए एक आयोग साख नियुक्त एक कमेटी ने भी यह मत प्रगट किया कि देश मे सहकारी आन्दोलन का प्रसार करना चाहिए। तदनुसार आयोग ने उत्तरी चीन मे कृषकों की सहकारी साख समितियाँ सगठित करना शुरू किया। ये समितियाँ रेफेसन नमूने पर बनाई गयी थी। नानकिग विश्वविद्यालय ने भी अकाल आयोग से प्राप्त अनुदान की सहायता से साग-भाजी उत्पादकों की फेगकेन सहकारी साख समिति बनाई। इन समितियों को अकाल आयोग और चीनी बैंकों से भी आर्थिक सहायता मिली।

प्रो0 हे ने सन् 1927 में सारे देश के लिए एक योजना बनाई जिसका उद्देश्य सहकारी समितियों की उन्नति करना था। इसे राष्ट्रीय सरकार ने स्वीकार कर लिया, किन्तु धनाभाव के कारण वे योजना को शुरू नहीं कर सके। इस वर्ण के बाद से विभिन्न प्रान्तीय सरकारों ने भी सहकारी समितियों के निर्माण को प्रोत्साहन देना प्रारम्भ किया। प्रत्येक प्रान्त मे एक सहकारिता कमेटी या ब्यूरों बनाया गया। इनके अधीन भ्रमण करने वाले इन्सपेक्टरों और आर्गनाइजरों का एक स्टाफ रक्खा जाता था। जबकि सहकारिता ब्यूरों एक सहकारी संस्था थी। सहकारिता कमेटी में एक गैर सरकारी व्यक्ति होते थे। ये दोनो ही सस्था ऋण देने में कृषक या व्यापारिक बैंकों की सहायता करती थी। अनेक बैंकों ने अपने निजी आर्नानाइजर्स रखे हुए थे तथा सस्ती ब्याज दरों पर ग्रामीण सहकारी समितियों को ऋण दिया करते थे। सन् 1928 मे एक सहकारी यूनियन की भी स्थापना हुई। इसका कर्तव्य सहकारिता के सिद्धान्तों एवं प्रगतियों का अध्ययन करना तथा देश मे उनका प्रचार करना था।

सन् 1931 मे याग्ट्सी नदी मे भयकर बाढ आई। इससे चीनी कृषकों को पुन आर्थिक सकट का सामना करना पडा। अत सहकारिता आन्दोलन को एक नया बल मिला तथा ऋण समितियों की सख्या तेजी से बढ गई। अन्य प्रकार की सहकारी समितियाँ भी बनाई जाने लगी। स्पष्टत भारत के सामने जहाँ सहकारिता आन्दोलन किसानों को घोर ऋणग्रस्तता को समाप्त करने की आवश्यकता के कारण उदय हुआ था, चीन मे सहकारिता आन्दोलन को उत्तरी चीन के अकालों एव बाढों से बल मिला। इन्हीं देशों के राजनैतिक नेताओं मे आपसी झगडे शुरू हो गये। इनसे भी जनता की कठिनाइयों मे वृद्धि हुई। किन्तु सहकारी आन्दोलन ने जनता के कष्टों को पर्याप्त कम कर दिया।

सन् 1931 मे एक ऐक्ट बनाया गया। इसी के द्वारा सहकारी समितियों को राजकीय सहायता का पूर्ण वचन मिला। तब से सहकारी आन्दोलन के विकास मे अधिकाधिक रूचि सरकार ने ली है और सन् 1935 तक आन्दोलन विशुद्ध रूप से सरकारी आन्दोलन बन गया। सन् 1935 मे एक अधिनियम ने सहकारी समितियों को 4 श्रेणियों मे बाँटा और दुर्बल, अकुशल समितियों को हटाने के उद्देश्य से जो समितियाँ चतुर्थ श्रेणी मे आईं उन्हे खत्म कर दिया। केवल कियान्सू प्रान्त मे समितियों की सख्या 1935 मे 1,793 से घटाकर सन् 1936 मे केवल 1,102 रह गई।

सन् 1936 मे सहकारी बैंकों के लिए भी नियम बनाये गये, जिन्होंने इसको 3 वर्गो में बाँट दिया। राष्ट्रीय, प्रान्तीय और देहाती। इन बैंकों को सरकार द्वारा वित्त प्रबंधित साख सस्थाओं के रूप में संगठित किया जाना था। यद्यपि नियमों मे सदस्यों की सख्या निर्धारित नहीं की गई है तथापि जब तक 60 सदस्य न हो जायें तब तक इसका निर्माण सामान्यत नहीं किया जाता। प्रत्येक सदस्य के लिए एक शेयर क्रय करना अनिवार्य है। इसका 1/4 मूल्य प्रवेश के समय चुकाना पडता है। शेष किश्त मे किसी एक सदस्य के पास कुल दत्त अश-पूँजी के 20% से अधिक भाग नहीं होना

चाहिए। 'गारन्टी के द्वारा सीमित दायित्व' की प्रथा को प्रोत्साहित किया जाता है। प्रत्येक सदस्य का एक वोट होता है तथा प्रोक्सी देने की अनुमति है। रिजर्व फण्ड मे लाभ हस्तान्तरण के पहले भी लाभाश दिये जा सकते है। सहकारी साख समितियों के सदस्य अपनी समितियों के नाम मे सहकारी बैंक से ऋण के लिए आवेदन कर सकते है। हॉ, उन्हें अपने चरित्र और ऋण के सदुपयोग का विश्वास दिलाना पडता है।

सन् 1936 में सम्पूर्ण चीन मे सहकारी समितियों की सख्या 37,000 के लगभग थी, लेकिन संगठनात्मक सुधारों एवं प्रयत्नों के फलस्वरूप यह सख्या बढकर सन् 1937 मे 47,000 हो गई।

प्रत्येक व्यक्ति से पृथक-2 व्यवहार करना उचित और सम्भव न था। अत स्काटलैण्ड से शिक्षा प्राप्त एक स्थानीय विद्वान सी0एफ0व्यू0 ने कारीगरों को लघु सहकारी समितियों मे संगठित करने की एक योजना बनाई। इसके लिए राज्य से आवश्यक धन राज्य से सहायता प्राप्त एक केन्द्रीय समिति द्वारा दिया जाना था। तत्कालीन ब्रिटिश राजदूत ने भी च्यांगकाईशेक को औद्योगिक सहकारी समितियों की योजना के बारे मे बताया। अगस्त 1938 मे शघाई प्रवर्तन समिति स्थापित की गई। इस समिति ने चीन मे 30,000 औद्योगिक सहकारी समितियाँ गठित करने का सुझाव दिया।

सर्वप्रथम वू ने ही एक औद्योगिक सहकारी समिति बनाई जिसमे 9 शरणार्थी सदस्य थे। इसकी कुल पूँजी 140 चीनी डालर नगद तथा 36 डालर के औजार थे। इसे सरकार ने 20 पौंड का ऋण दिया। समिति ने बहुत जल्दी प्रगति की और अपना सारा ऋण 14 माह के भीतर चुका दिया। तत्पश्चात् हेनान के 30 मोजा बुनने वालों की एक समिति बनी। फिर साबुन व मोम बत्तियाँ बनाने वालों, छापखाने वालों और अन्य कारीगरों ने भी समितियाँ बनाई। जुलाहों ने अपनी समितियाँ अलग बनाई। सेनार्थ कम्बल का उत्पादन शुरू किया। इन समितियों को जिन यत्रों व करघों की जरूरत

हुई उन्हे बढइयों की समिति ने बनाया। ये समितियॉ चीनी जनता के लिए बहुत लाभप्रद प्रमाणित हुई। इन्होंने युद्ध सामग्री का निर्माण शुरू किया। इस प्रकार जनता को जापानी आक्रमण से उत्पन्न राष्ट्रीय खतरे का दृढतापूर्वक सामना करने मे शसक्त बनाया, बेरोजगारों को काम दिया। टेक्नीकल शिक्षा प्रदान की। इस प्रकार उन्हे अपना व अपने परिवार वालों का जीवन निर्वाह करने योग्य बनाया गया। आजकल शघाई प्रोमोशन कमेटी ' इन्डस्को ' के नाम से लोकप्रिय है। सन् 1938 में विभिन्न प्रकार का सामान बनाने वाली 350 सहकारी समितियॉ थी। इनके 4300 व्यक्ति सदस्य थे तथा इनकी अश-पूँजी 12 लाख चीनी डालर थी। सहकारी समितियॉ साधारण व्यवसाय के साथ ही साथ औद्योगिक समितियों को अपने यन्त्रादि स्थानान्तरित करने के लिए यातायात सुविधायें देती थी।

सन् 1937 मे एक केन्द्रीय सहकारिता प्रशासन भी स्थापित किया गया। जिसका उद्देश्य सहकारी आन्दोलन को बढावा देना था। अभी तक लोगों की सहकारी शिक्षा और ट्रेनिग के लिए जो आन्दोलन को सफल बनाने के लिए अत्यावश्यक थी, कोई कदम नहीं उठाये गये थे। क्रय-विक्रय समितियों के विकास पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। अत इनके विकास पर भी बल दिया जाने लगा। तद्नुसार सन् 1939 मे सहकारी कार्यकर्ताओं की ट्रेनिग के लिए एक केन्द्रीय सहकारी विद्यालय स्थापित किया गया। औद्योगिक तथा उपभोक्ता समितियों की सहायतार्थ एक ' राष्ट्रीय थोक सहकारी सस्था ' भी गठित की गई। इसने चीन के विभिन्न प्रान्तों मे अपनी कई शाखाये खोलीं तथा अन्य सम्बद्ध थोक सगठन स्थापित किये गये। सन् 1940 मे कोआपरेटिव लीग आफ चाइना भी स्थापित की गई। यह योजना बनाने वाली संस्था रूप मे कार्य करती है।

सन् 1940 मे स्थानीय सहकारिताओं के नियोजित विकास के लिए एक ऐक्ट बनाया गया। इस ऐक्ट ने गॉव मे अनेक समितियॉ, जिला स्तर पर एक बहुउद्देशीय

जिला समिति और प्रत्येक 40 जिला समितियों के लिए एक सहकारी यूनियन बनाने की व्यवस्था की। एक बहुकार्य समिति अनेक प्रकार के (जैसे- उत्पादक, उपभोक्ता एव विपणन समितियों के लिए) कार्य करेगी। अन्य शब्दों में, यह ग्रामीण समितियों के लिए ग्राम सहकारी केन्द्र के रूप मे परिणित करने का एक प्रयास था। नई नीति के अनुसार ही आन्दोलन का पुर्नगठन किया गया और देश मे अनेक बहु कार्य समितियाँ स्थापित हो गई। ये समितियाँ कृषि उत्पादन का सगठन करने मे सहायता देने के लिए डाक्टरी सुविधाए, साख व शिक्षा सबधी सुविधाये, भवनों के निर्माण के लिए ऋण और विवाह के लिए इच्छुक व्यक्तियों को आर्थिक सहायता भी देती थी।

सन् 1937 मे सहकारी समितियों की संख्या 47,000 थी और 1938 मे 64,000 हो गई थी। जिस समय चीन ने जापान से मुक्ति पाई, अर्थात् 1940 में 120 हजार सहकारी समितियाँ थी। द्वितीय महायुद्ध के अन्तिम वर्षो मे यह सख्या 160,000 तक पहुँची। सदस्य संख्या में भी यथेष्ट वृद्धि हुई। जबकि 1940 में यह सदस्य संख्या 6 मिलि0 थी। सन् 1944 मे वह 15 मि0 से भी अधिक थी। प्रति समिति सदस्य सख्या भी बढती गई। इस समय तक चीनी सहकारी आन्दोलन मे विविधता आने लगी। साख सहकारिता धीरे-धीरे विकसित हो रही थी। लेकिन इतनी प्रगति होने पर भी सहकारी आन्दोलन जनसंख्या के 3 या 4% से अधिक के भाग को स्पर्श नहीं कर पाया था। वह राष्ट्रीय पुनर्निर्माण मे वैसी भूमिका न ले सका था जैसी उससे आशा की गई थी। सन् 1949 मे चीन मे सहकारी समितियों की सख्या 1,85,000 थी। इनमें साख समितियाँ 75,850, कृषि उत्पादन समितियाँ 31,430, उपभोक्ता समितियाँ 23,050, विपणन समितियाँ 18,500 और औद्योगिक उत्पादन समितियाँ 9,250 थी। सन् 1951 में पुनर्गठन योजना के फलस्वरूप सहकारी समितियों की सख्या घटकर 42,425 रह गई। इसमे 86 7% कृषि एवम् विपणन समितियाँ 9 5% उपभोक्ता भण्डार, 2 4% उत्पादक समितियाँ और 1 4% अन्य समितियाँ थी।

गणतन्त्र चीन मे भी सहकारिता को सर्वसाधारण कार्यो मे भी पूर्ण महत्व प्राप्त है। चीन के लोकतन्त्रात्मक गणराज्य का पहला संविधान 20 सितम्बर 1954 को बना, जिसमे देश के समस्त उत्पादन मे (विशेषत कृषि एवम् घरेलू उद्योग धन्धों मे) समाजीकरण का कार्य सहकारी संस्थाओं को सुपुर्द कर दिया गया था। भारत सरकार की मिश्रित अर्थव्यवस्था सबधी नीति सस्थाओं को सुपुर्द कर दिया गया था। हमारी पच-वर्षीय योजनाओं मे भी सहकारिता को हर क्षेत्र मे स्थान दिया गया है। चीन की तरह भारत सरकार भी पहले सहकारिता के द्वारा उत्पादन बढाने के लिए प्रयत्नशील है। बाद मे उचित अवसर आने पर वह सामूहिक उत्पादन की रीति को लागू करेगी।

चीन सहकारी आन्दोलन विश्व में सर्वोपरि है। इसका सगठनात्मक ढाँचा लगभग वैसा है जैसा कि अन्य देशों में देखा जाता है। सबसे ऊपर एक राष्ट्रीय संघ है, जो सर्वोच्च सहकारी संस्था है। इसे अखिल चीनी सहकारी सघ कहते है। इसकी स्थापना सन् 1950 मे हुई थी। सबसे नीचे स्थानीय समितियाँ होती है जो सब काउन्टी, काउन्टी प्रोविन्शियल और रीजनल फेडरेशन मे वर्गित की गई है। इस समय 6 रीजनल और 28 प्रोविन्शियल फेडरेशन है। ये फेडरेशन अनेक प्रकार के कार्य-कलापों मे भाग लेते है। सदस्य समितियों के कार्य मे समन्वय स्थापित करते है तथा राजकीय व्यापारिक संस्थाओं मे व्यवसायिक संबंध बढाते है। सन् 1937 में जापान-चीन युद्ध ने उपभोक्ताओं तथा उत्पादकों की संगठन को प्रोत्साहित किया और इसके बाद से ही यह आन्दोलन गैर साख आन्दोलन बन गया है।

उपरोक्त विवरण के साथ ही साथ चीन मे कृषि सहकारिता, औद्योगिक सहकारिता प्रमुख रूप से कार्य कर रही है। सहकारिता के साथ ही साथ ग्रामीण आपूर्ति एवम् विपणन समितियाँ, नगरीय उपभोक्ता सहकारी समितियाँ तथा साख समितियाँ भी कार्यरत है।

फ्रान्स मे सहकारिता

फ्रान्स ने सहकारी उत्पादन के सबध मे सबसे अधिक कीर्ति प्राप्त की है। सहकारी उत्पादन के क्षेत्र मे फ्रान्स को यदि जन्मदाता भी कहा जाय तो कोई अतिश्योक्ति न होगी। यहाँ पर केवल सहकारी उत्पादन के अकुर ही उत्पन्न नहीं हुए बल्कि सहकारी उत्पादन ने पूर्ण स्वरूप विकसित किया। सहकारी उत्पादन राष्ट्रीय लाभ के लिए है। यह केवल उत्पादन को ही बढावा नहीं देता बल्कि इसके अतिरिक्त पूँजीवादी उत्पादन व्यवस्था के दोषों को भी दूर करती है। मजदूर वर्ग को प्रसन्न व खुश रखती है। हम, इतिहास से ही देखते आये है कि मजदूर वर्ग असतुष्ट रहता है तो वह क्रान्ति की ओर अग्रसर होता है। इसी सहकारिता आन्दोलन ने एक ओर मजदूर वर्ग को संतुष्ट किया है और दूसरी ओर पूँजीवादी व्यवस्था को समाप्त करने का प्रयास भी किये है।

फ्रान्स मे सहकारिता उत्पादन का विकास किस प्रकार हुआ? इसका इतिहास भी जानना आवश्यक है। फ्रान्स में मजदूर समाज का जन्म नहीं हो सका था, क्योंकि वे आधुनिक उद्योगों से अपरिचित थे। वह नहीं जानते थे कि आधुनिक उद्योगों से उनका क्या सबध है। जैसे-2 पूँजीवादी अर्थव्यवस्था की बुराइयों का एकाधिकार हुआ? औद्योगिक वर्ग संघर्ष बढता गया। इसी औद्योगिक असंतोष ने मजदूर वर्ग का जन्म हुआ। परन्तु इसका मतलब यह नहीं है कि फ्रान्स मे इसके पहले कोई प्रयत्न किये गये थे। सहकारी अकुर तो फ्रान्स मे पहले से ही थे किन्तु उचित अवसर आने पर पूर्णरूप से अग्रसर हुआ। जिस प्रकार इग्लैण्ड की औद्योगिक क्रान्ति ने राबर्ट ओवन जैसे आलोचक को जन्म दिया था, उसी प्रकार फ्रान्स मे पहला दार्शनिक चार्ल्स फेरियर था। यह विश्व औद्योगिक के सृजन का स्वप्न देखता था। उसने फ्रान्स के आर्थिक दशा की आलोचना की और उसने ऐसी योजनाओं का निर्माण किया जो तत्कालीन सामाजिक

परिस्थितियों मे प्रयोग की जा सकती थी। फेरियर समाजवादी उपनिवेशों अथवा फेलेस्टेयरों द्वारा देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति मे पूर्ण परिवर्तन करना चाहता था।

चार्ल्स फेरियर का जीवन कडे सघर्षो मे बीता था। वह सामाजिक व आर्थिक वातावरण से काफी प्रभावित हुआ। उस समय की दुखद आर्थिक व सामाजिक दशा को देखकर उसने पूर्ण परिवर्तन करने का प्रयास किया किन्तु वह उन परिवर्तनों को लाने के लिए व्यक्तिगत स्वतन्त्रता, व्यक्तिगत सम्पत्ति या उतराधिकारों को समाप्त करने की नहीं सोचता था। उसका उत्तराधिकार धन की असमानता मे अटल विश्वास था। उसके अनुसार निर्धनता ईश्वरीय देन है जिसे समाप्त करना असम्भव है।

यह समाजवादी उपनिवेश शहर से दूर खुले हुए थे। इन उपनिवेशों के सभी सदस्य एक परिवार के सदस्यों की तरह मिल जुलकर कार्य करते थे। इस प्रकार समाजवादी उपनिवेश मे डेढ-2 हजार व्यक्ति या 300 मे 400 परिवार उत्तम मकानों मे रहते थे। ये मकान लगभग 3 वर्गमील क्षेत्र के अन्दर बनाये जाते थे। इन उपनिवेशों मे मिला-जुला भोजनकक्ष, स्कूल, पुस्कालय, औषधालय और दूसरी सुविधाये प्राप्त थी। वहाँ पर एक विशाल पैलेस होटल था, जहाँ एक ही मेज पर सभी लोग भोजन कर सकते थे। महिलाओं की की प्रतिष्ठा के संबंध में फेरियर के विचार काफी ऊँचे थे।

श्रम को आकर्षक बनाने और उत्पादन बढाने के लिए चार्ल्स फेरियर ने मजदूरों को सहकारी उत्पादन समिति बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने श्रमिकों को संगठित करके सहकारी स्वामी बनाने पर जोर दिया। इस प्रकार श्रम करने वाले व्यक्ति को 3 रूप से पारिश्रमिक देने की व्यवस्था की गई। श्रमिक रूप मे, पूँजी के स्वामी के रूप मे तथा प्रबंध समिति सदस्य के रूप मे। इस सहभागिता की योजना द्वारा फेरियर ने श्रम और पूँजी के बीच सघर्ष को पूरा करने का प्रयास किया और चूँकि फ़ैलेस्टेयर में उपभोक्ता सघ की भी सुविधा रखी गई थी। इसलिए उपभोक्ताओं एवं उत्पादकों के

मध्य की सम्भावना नहीं रही। यह सामाजिक उपनिवेश उपभोक्ताओं के संघ का भाग नहीं था वरन् उसमे उत्पादन भी होता था। भोजनालय के चारों ओर 400 एकड, विस्तृत रखा जाय जिससे कि उत्पादन कार्य मे सुविधा भी रहे। साथ ही साथ उपनिवेश भी आत्मनिर्भर बनें।

विस्तृत क्षेत्र को रखने का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थों को हटाना था, विस्तृत क्षेत्र होने से विभिन्न देश आपस मे विनियम नहीं कर सके। अत उपनिवेशों की स्थापना 'सामाजिक आकर्षण' के अनुसार की जाय। इस कार्य का मुख्याधार सहकारिता हो और एक रूपता भ॰। प्रतिस्पर्धा का कोई स्थान न हो जिससे कोई मतभेद भी पैदा न हो सके। भोजन, बिजली और स्थान भी मिले-जुले हों जिससे कम आय वाले व्यक्तियों को उचित स्थान प्राप्त हो सके। इस प्रकार की व्यवस्था की जाय कि लोगों को कम आय मे पूर्ण आराम एवं विलासिता की वस्तु प्राप्त हो सके। सामाजिक रूप से लोगों मे सहानुभूति, प्रेम, मातृत्व भावना रहे। इस प्रकार यह एक आदर्श योजना थी, जो कि सहकारिता पर आधारित थी।

उपभोक्ता सहकारिता, उत्पादक सहकारिता, सहकारिता श्रम और सहजीवन इस योजना का मुख्य उद्देश्य था जिससे कि उपनिवेशों का पूर्ण जीवन सहकारिता के आधार पर निर्भर था। चार्ल्स फेरियार अपने उपनिवेश ऐसा वातावरण उत्पन्न करना चाहता था जिसमे श्रम को अभिशाप न समझा जाय। लोग किसी आर्थिक या सामाजिक आवश्यकता के दबाव मे श्रम न करें, वरन् कार्य मे पूर्ण रूचि लें और प्रेमपूर्वक कार्य करे। इस योजना के अन्तर्गत लोगों को कार्य चुनने की स्वतत्रता होनी चाहिए और इसे वे चाहे अकेला करें या लोगों के साथ मिलकर करें।

चार्ल्स फेरियर निजी सम्पत्ति को समाप्त नहीं करना चाहता था किन्तु इसने इनके प्रबंध के लिए सयुक्त स्कन्ध प्रणाली का आविष्कार किया। उन दिनों संयुक्त

स्कन्ध सस्थाओं की स्थापना नहीं हुई थी। अत सयुक्त पद्धति के अनुसार निजी सम्पत्ति की व्यवस्था करने का विचार मौलिक कहा जा सकता है। उसने श्रम, पूँजी और साहस मे लाभ के वितरण का अनुपात 5,4,3 निश्चित किया। उपनिवेश का प्रबध चुने हुए सदस्यों की समिति के हाथ मे रहता था।

पूँजी और श्रम के बीच भेदभावों को पूरा करने के लिए उसने इस बात पर बल दिया कि श्रमिकों को केवल मजदूरी कमाने वाला ही नहीं समझना चाहिए वरन् सहकारी स्वामी भी समझा जाना चाहिए।

फेरियर और उसके अनुयायियों ने इस प्रकार के उपनिवेश चलाये, पर इस प्रकार के उपनिवेश के लिए धन की सहायता आवश्यक थी जो कि उन्हे प्राप्त नहीं हो सकी। अत उसके प्रयत्न विफल हो गये। वास्तव मे देखा जाय तो उसके ये सामाजिक, आर्थिक प्रयत्न आदर्शत्मक थे न कि प्रयोगात्मक। सदस्यों ने बहुत अधिक रूचि थी नहीं ली और उसमे अनुशासन की भी कमी न थी। अत फेरियर अपने जीवनकाल मे ही अपने स्वप्न को पूरा नहीं कर सका। उसके मृत्योपरान्त असख्य लोगों मे इस सिद्धान्त की प्रशसा की एवं फालन्सटर की स्थापना के लिए फ्रान्स मे असख्य प्रयत्न किये गये।

फ्रान्स के सहकारी आन्दोलन मे लुई ब्लेक के प्रयास भी काफी प्रशसनीय है। लुई ब्लेक समाजवाद का सर्वश्रेष्ठ सस्थापक था। सन् 1841ई0 मे लुई ब्लैक ने श्रम के कल्याण एव हित के बारे मे जो विचार व्यक्त किये उससे बहुत ही ख्याति प्राप्त हुई। सन् 1848 की क्रान्ति के पश्चात् वह प्रान्तीय सरकार का सदस्य बन गया। फ्रान्स की क्रान्ति ने उसके विचारों को परिवर्तित किया। उसने मजदूर वर्ग की गरीबी का कारण जाना।

लुई ब्लैक ने लोगों को इस बात के लिए आकर्षित किया कि आर्थिक बुराइयों

जैसे गरीबी, बेकारी, अपराध, औद्योगिक आपत्तियाँ और अन्तर्राष्ट्रीय युद्धों का मुख्य कारण आर्थिक क्षेत्र मे फैली हुई प्रतियोगिता है। अत लुई ब्लैक का यह अटल विश्वास था कि यदि इन बुराइयों को दूर करना है तो सर्वप्रथम प्रतियोगिता की भावना को पूर्ण रूप से समाप्त करना चाहिए और इसके स्थान पर सघों की स्थापना करनी चाहिए। उसका विश्वास था कि यह सघ लोगों को आर्थिक लाभ की ओर ले जायेगे। सघों से उसका आशय ' औद्योगिक सामाजिक समितियों ' से था। ब्लैक ने औद्योगिक सहकारिता की पहली योजना बनायी। इन सामाजिक उपनिवेशों का सब्ध सामाजिक कारखानों से था। इनमे एक ही जैसा उद्योग करने वाले व्यक्ति जैसे बढई, चमार आदि सदस्य हो- सकते है। इन मजदूरों के पास उत्पादन के लिए मशीन और औजार होत थे। सामाजिक कारखानों और साधारण कारखानों में अतर यह था कि उनका प्रबंध जनतान्त्रिक था और लाभ का विभाजन और लाभ का विभाजन समानता पर आधारित था। ये कारखाने कुछ अधिक वस्तुओं का उत्पादन करने और बाजार में बेचने के लिए थे।

बुखेज की योजना और ब्लैक की योजना मे अन्तर था कि बुखेज छोटी औद्योगिक इकाई के पक्ष मे था। ब्लैक विस्तृत क्षेत्र मे कारखाना स्थापित करने के पक्ष मे था। ब्लैक की राय में सामाजिक कारखानों मे ऐसे बीज थे जो एक दिन समूहवादी समाज के रूप मे विकसित हो जायेगे अर्थात् सम्पूर्ण समाज एक सामूहिक स्वामी बन जायेगा। उसके विचारानुसार मजदूरों के पास मशीनरी और दूसरे औजार भी सामाजिक कारखानों में होने चाहिए किन्तु मजदूरों के लिए यह दुर्लभ कार्य था। उसने आवश्यक पूँजी एकत्रित कर सरकार से यह आशा की कि सरकार सामाजिक कारखानों को केवल धन की सहायता न दे, वरन् कारखानों को बनाने एवम् चलाने मे भी सहायता दे। जिससे मजदूर स्वयं अपने कारखाने विकसित करें। उसको कहना था कि प्रथम वर्ष तो स्वयं सरकार उसका प्रबंध कर बाद मे प्रबंध समिति में से ही चुनाव कर दे। प्रत्येक व्यक्ति को समान मजदूरी मिले। शुद्ध लाभार्थ हिस्से किये जाय, जिसमे से एक मजदूरी

बढाने मे दूसरा वृद्ध तथा अपाहिजों की सेवार्थ तीसरा नये सदस्यों के लिए औजार क्रय करने मे प्रयोग किया जाय। जब ऐसे अनेक सामाजिक कारखाने बन जाये, तो वे एक फेडरेशन बना लें जो सब कारखानों की क्रियाओं पर नियत्रण रखें तथा उसमे समन्वय रखें। अतत एक राष्ट्रीय कारखाना भी बनाया जाय और विभिन्न उद्योगों का एकीकरण किया जाय, जिससे वे परस्पर प्रतियोगिता न करते हुए एक दूसरे के लिए सहायक बनें।

फ्रान्स मे उत्पादक सहकारी समितियाँ सन् 1831 और 1841 में प्रारम्भ हुई जिसे कि 2 नेता कुचेज और ब्लेक की प्रेरणा मिली, किन्तु 1848 की क्रान्ति के बाद जब सरकार ने मजदूरों के अधिकार को जाना और श्रम से संचित लाभों को बाँटने के लिए उन्हें संयुक्त किया, तब यह आन्दोलन निश्चित रूप से सामने आया। अधिकतर इन समितियों के सदस्य बहुत ही कम श्रम पूँजी लाते थे और मुख्य रूप से ये समितियाँ पूँजी की कमी से निष्क्रिय थी।

किन्तु अधिकांश समितिया सन् 1851 के बाद सदस्यों की अनुशासनहीनता के कारण सफल रही। असफलता के दूसरे कारण सदस्य का चुनाव ठीक नहीं था, संचालक अनुभवहीन थे। सरकारी सहायता के के लोभ में अनेक ढीली-ढीली समितियाँ इन समितियों के सदस्यों ने कभी भी औद्योगिक क्षेत्र के लिए गभीरतापूर्वक नहीं सोचा और अनुशासन को भी प्रधानता नहीं की। इसके पश्चात् भी कुछ समितियाँ चलती नहीं। जिनमें कि प्यानों, कुर्सिया और चश्मा बनाने वाली समितियाँ सम्मिलित थी। सन् 1863 में पुन आन्दोलन हुआ। जबकि फ्रान्स मे इन समितियों की सख्या 16 थी। सन् 1867 में फ्रान्स में इन सभी समितियों को प्रोत्साहन देने के लिए एक कानून पास किया गया जसके अनुसार विभिन्न समितियों की पूँजी व्यवस्था के लिए जोर दिया गया। सन् 1884 मे इन समितियों की संख्या 60 थी। यद्यपि इन समितियों को राज्य से वित्तीय सहायता प्राप्त हो रही थी। फिर भी आवश्यकता महसूस की गई कि इन

समितियों को बैंकों से साख प्रदान की जाय। सन् 1893 मे पेरिस मे एक बैंक की की स्थापना की गई जो कि उत्पादन सहकारी समितियों को पूँजी प्रदान करते थे। इस बैंक के निर्माण से सहकारिता को काफी प्रोत्साहन मिला।

फ्रान्स मे उत्पादक सहकारी आन्दोलन का बहुत है। सन् 1893 मे श्रम मत्रालय ने समितियों की सहायता के लिए आवश्यक बजट बनाया। ऋण द्वारा भी सहायता की। कुछ नगर पालिकाये भी इन समितियों के सहायतार्थ सामने आई। निम्न तालिका से समितियों के विकास दर्शित है -

फ्रान्स में विकास - श्रम सहकारिता की प्रगति (1913 से 1957 तक) की स्थिति

तालिका 3 5

सख्या	समितियों की सख्या वर्ष	सदस्यता मे समिति सदस्य संख्या	वर्ष सदस्यता
1	1913	476	20,000
2	1919	700	40,000
3	1938	478	-
4	1945	697	-
5	1949	478	35,000
6	1957	750	32,000

इस प्रकार 1957 तक 750 मजदूरों की समितियॉ विभिन्न प्रकार के शिल्प

---

5 डा0 माथुर वी0एस0 - "साहित्य भवन, हास्पिटल रोड, आगर सप्तम् संस्करण 1984 पेज 126, तालिका 5

व व्यापार उत्पादन मे लगी हुई थी। इन समितियों के अतिरिक्त भवन समितियों की सख्या भी काफी थी। छापने वाली समितियाँ भी काफी सफल रही किन्तु उन्हे आधुनिक मशीनों की जरूरत थी। कपडा बनाने वाली समितियाँ और मशीनरी बनाने वाली समितियाँ भी काफी महत्वपूर्ण है किन्तु उन्हे सामग्री बनाने वाली समितियों का सामना करना पडा। दूसरे कारखाने मे सहकारिता पायी जाती है। जैसे-धातु, टिम्बर, परिवहन आदि मे। मजदूरों की उत्पादक समितियाँ सभी राज्यों मे व कारखानों मे पायी जाती है।

फ्रान्स मे मजदूरों की सहकारी आन्दोलन 20वीं सदी के मध्य क्रियाशील रही। किन्तु समितियों की सदस्यता व साधन कम थे। 1936-37 मे आन्दोलन की पुन· स्थापना के लिए कदम उठाये गये। विभिन्न प्रकार के सघ व समितियाँ बनाई गयी। द्वितीय विश्वयुद्ध छिड जाने पर सन् 1939 में सहकारिता को आगे बढने का मौका मिला। सन् 1945 के अन्त मे इस आन्दोलन के लिए पर्याप्त अवसर मिले और इस आन्दोलन के पुन निर्माण के लिए कदम उठाये गये। दो वर्ष के अन्दर समितियों की 680 हो गई। इस आन्दोलन के विभिन्न प्रकार के उद्देश्य जो कि पहले बनाये गये पूरे हो गये।

फ्रान्स मे आधुनिक दुकानों की स्थापना के लिए वित्त उपलब्ध कराने हेतु पट्टे सोसाइटी वाली समितियाँ स्थापित की गई। देश मे अकेक्षण समितियाँ स्थापित की गई, यहाँ की सहकारी समितियाँ सहकारी प्रयोगशालाएँ भी चलाती है।

सन् 1978 में फ्रान्स में 102 मत्स्य सहकारी समितियाँ थी। वर्षान्त में 248 गृह निर्माण समितियाँ थीं। इनके सदस्यों की संख्या 23,8752 थी। फ्रान्स में सहकारी शिक्षा के विकास पर भी बल दिया जा रहा है। इस प्रकार फ्रान्स ने सहकारी उत्पादन में बडी ख्याति पाई है। सहकारी उत्पादन कार्य यहीं से शुरू हुआ। इस दिशा में चार्ल्स फेरियर और लुई ब्ला ने जो प्रारम्भिक प्रयास किये है उनका फ्रान्स के सहकारी आन्दोलन के इतिहास मे अनुपम स्थाई स्थान प्राप्त है।

फिलिस्तीन (इजराइल) में सहकारी आन्दोलन

फिलिस्तीन मुख्यत एक छोटा-सा देश है। यहाँ मुख्यत 3 जातियों का निवास है। मुसलमान, यहूदी और इसाई। सन् 1918 तक यहूदी यहाँ अल्प सख्या मे थे, किन्तु धार्मिक कारणों से उनमे परस्पर बहुत प्रेम था। इस जाति के लोग प्राय विश्व के सभी क्षेत्रों मे फैले हुए है किन्तु ये हमेशा फिलिस्तीनी पवित्र भूमि को अपना स्थाई निवासी मानते रहे है। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से ही यहूदी एक पृथक राष्ट्र के लिए आन्दोलन करते रहे है। उन्हे फिलिस्तीन मे स्थाई रूप से बसाने के लिए प्रथम प्रयास सन् 1855 मे किया गया। जबकि एक व्यक्ति मोजेज मोट फेयरे ने जाफा के निकट बस्ती स्थापित करने हेतु भूमि क्रय की। 1855 मे बेरन एडमण्ड की रोथ्सचाइल्ड ने जिन्हे यहूदी बस्ती निर्माण आन्दोलन का जनक माना जाता है। फिलिस्तीन यहूदी औपनिवेशीकरण सघ स्थापित किया गया। इसने एक लाख से भी अधिक भूमि क्रय करके 40 बस्तियाँ बनाई, और उसमें 50,000 यहूदी बसाये।

सन् 1897 मे विश्व यहूदी संगठन स्थापित हुआ। यह यहूदियों को फिलिस्तीन मे सगठित रूप से बसाने लगा। इसने 1901 मे ' राष्ट्रीय यहूदी कोष बनाया, जिसका उद्देश्य फिलिस्तीन मे यहूदियों को बसाने के लिए भूमि क्रय करना था। सारे विश्व मे फैले हुए यहूदी परिवारों ने इस कोष मे धन दिया। 1920 मे ' यहूदी आधार कोष' के नाम से अन्य कोष बना, जिसका उद्देश्य फिलिस्तीन मे बसने वाले यहूदी जन को दीर्घकालीन ऋण देना था। प्रथम महायुद्ध काल मे यहूदियों को इजराइल मे बसने के अधिकार को स्वीकार किया गया। जब जर्मनी मे नानी सरकार की स्थापना हुई, तो वहाँ यहूदियों पर बडे अत्याचार किये गये। इस कारण फिलिस्तीन में यहूदियों की संख्या बढने लगी। 1929 में विश्व यहूदी सगठन ने एक यहूदी एजेन्सी बनाई जिसमें सभी लाइनों के यहूदियों का प्रतिनिधित्व था। 15 मई 1948 को यहूदी फ्री स्टेट

की स्थापना हुई। इजराइल का वह भाग, जो यहूदियों को मिला वह इजराइल कहलाता है। इजराइल राज्य की स्थापना के बाद यहूदियों का आगमन तेजी से होने लगा। जहाँ 1948 में जनसंख्या 6,00,000 थी वहीं आज यह जनसंख्या 25 लाख से भी अधिक है। कुल जनसंख्या में यहूदियों के जनसख्या का अनुपात बढ गया है।

उपर्युक्त विचित्र स्थितियों मे ही सहकारी आन्दोलन का विकास हुआ। यहाँ का सूत्रपात यहूदी सगठनों के फल उत्पादकों और शराब विक्रेताओं ने सामूहिक सौदा शक्ति को बढाकर अपनी आर्थिक दशा में सुधार करने की दृष्टि से किया। इसके बाद अन्य सस्थाये भी स्थापित हुई जिनका उद्देश्य सामान्य व्यक्तियों की सामान्य आवश्यकताओं के लिए कम ब्याज पर पूँजी का प्रबध करना था। कृषि एव औद्योगिक आवश्यकताओं के क्रय के लिए कम ब्याज पर पूँजी का प्रबंध करना था। कृषि एवं औद्योगिक आवश्यकताओं के क्रय के लिए भी सहकारी समितियाँ संगठित की गई। इन प्रयत्नों ने 1920 के पूर्व कोई विशेष प्रगति नहीं दिखाई किन्तु इस वर्ष यहूदी आधार कोष की स्थापना के बाद तेजी से प्रगति होने लगी।

1920 मे एक अलग यहूदी श्रम सघ स्थापित किया गया। यह राष्ट्रीय स्तर पर श्रम सघों का सगठन है। इसकी सदस्यता सभी व्यक्तियों - कृषि श्रमिक हो, चाहे औद्योगिक श्रमिक के लिए खुली है। वर्तमान में इसके 10 लाख से भी अधिक सदस्य है। लगभग आधी वयस्क जनसंख्या इसके अर्न्तगत आ गई है। इसका मुख्यालय तेल अवीव में है और इग्लेण्ड व अमेरिका जैसे देशों मे शाखा कार्यालय भी है। यह आव्रजकों को कृषि भूमि पर बसाने के लिए सभी सुविधाये देता है। वह कृषि बस्तियों के कार्य की देख-भाल करता है तथा उनके लिए तकनीकी व वित्तीय सुविधा की भी व्यवस्था करता है। 1923 में एक अन्य समिति की भी स्थापना की गई। इसका नाम हेवर्ट पोण्डिम था। इसकी सदस्यता वहीं है जो हस्तादूत की है। यह भी एक कारण है

कि उक्त समिति सहकारी आन्दोलन के बीच सम्पर्क कडी का कार्य करता है।

जो यहूदी इजराइल मे आकर वसे उनको अनेक कठिनाइयों का सामना करना पडा। उस समय अधिकांश भूमि कृषि के अयोग्य एवं बंजर पडी हुई थी। यातायात के साधन नगण्य से थे। यहूदियों को कृषि करने का अनुभव शून्य था। उन्हे शारीरिक श्रम की आदत भी न थी। अत प्रारम्भ में यहाँ बसने वाले यहूदियों में से कुछ की दशा इतनी खराब हो गई कि उन्हे देश छोडना पडा। अत मे इसका समाधान यह हुआ कि वे अपना नया जीवन सामूहिक रूप से शुरू करें। इस शुभ सकल्प मे अनेक यहूदी सस्थाओं ने भाग लिया तथा देश मे कई प्रकार की सहकारी बस्तियाँ बनीं। उन्हें हस्ट्रादुत ने प्राविधिक सहायता की और यहूदी राष्ट्रीय कोण, यहूदी आधार कोण एव यहूदी एजेन्सी ने वित्तीय सहायता प्रदान की।

इजराइल मे कृषि सहकारी समितियाँ, उच्च गृह प्रबध समितियाँ, प्रोवीडेन्ट समितियाँ, उपभोक्ता समितियाँ और औद्योगिक समितियाँ भी है। कुल राष्ट्रीय उत्पादन मे सहकारिता का योगदान 28% है। अर्थव्यवस्था का 1/3 भाग सहकारिताधार पर सगठित है। कुछ क्षेत्रों मे तो उसकी विशेष भूमिका है। जैसे- सडक, परिवहन पूर्णत सहकारी सस्थाओं के हाथ में है। कृषि उपज के 75% भाग का विपणन सहकारिताओं द्वारा किया जाता है। कृषि पूर्ति का 50% व्यापार उपभोक्ता सहकारिताओं के हाथ में है। 30% से अधिक जनसख्या उपभोक्ता सहकारिता से जुडी है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह % अधिक है। बाल्टर प्रेस - " इजराइल के लिए सहकारी आन्दोलन का विशेष महत्व है क्योंकि वहाँ उत्पादक जनसख्या का 7 5% है। यहाँ सहकारिता से जुडी है। यह पिछले 100 या इससे अधिक वर्षो मे विकसित होने वाले समाजवादी आन्दोलन में महत्वपूर्ण है।

इजराइल की विभिन्न आर्थिक एवं सामाजिक क्रियाओं में सहकारिता का विशेष

स्थान है। इजराइल ने सहकारी आन्दोलन मे विशेष प्रगति की है। इस देश में सामूहिक तथा सहकारी खेती जिस रूप मे विकसित हुई है, वह नये ढग से रहने तथा कार्य करने की विधि बताती है तथा उन व्यक्तियों मे सहयोग एवं सहचर्य की भावना को प्रोत्साहित करती है जिनके आर्थिक, राजनैतिक, धार्मिक विचार एक सदृश है। जिस सीमा तक पारस्परिक विश्वास तथा सहयोग की भावना की अपेक्षा यह आन्दोलन करता है, वह निश्चय ही काल्पनिक प्रतीत होता है।

' इजराइल मे सहकारी तथा सामूहिक खेती का इतिहास बडा ही रोचक है तथा इस दिशा मे प्राप्त की गई सफलता प्रशसनीय है। '

इस संबंध में यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण होगा कि विश्व के अन्य भागों की तरह इजराइल मे सहकारी आन्दोलन के विकास की आवश्यकता, परम्परागत् परिस्थितियों के कारण महसूस नहीं की गई थी, वहाँ आन्दोलन शोषण से सुरक्षा की अपेक्षा प्रमुखत आर्थिक विकास के यत्र के रूप में विकसित हुआ है। इजराइल में सहकारी आन्दोलन वर्तमान अर्थव्यवस्था को परिवर्तित करने मे न कि एक अर्थव्यवस्था का निर्माण करने में सलग्न है। इस प्रकार हम लोग न किसी चीज को बदलने जा रहे है न सुधारने। हम लोग प्रारम्भ से हर चीज को प्रारम्भ करने जा रहे है। " कृषि वस्तियों का कार्मिक सुधार एव विकास इजराइल की अर्थव्यवस्था में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका का सूचक है।

युद्धोपरान्त फिलिस्तीनी प्रशसनीय उपलब्धियों मे यहूदी समुदाय द्वारा सहकारी आन्दोलन का विकास अद्वितीय है। पर्याप्त साधनों के बिना अद्वितीय कुछ आदर्शवादियों के मार्ग-दर्शन में कुछ व्यक्तियों द्वारा एक महान आर्थिक ढाँचा का निर्माण निश्चय ही स्वयं मे एक रोमांसयुक्त घटना है। " किबूट्ज तथा आदर्श समुदायों में विशेष अन्तर नहीं है। परन्तु इन समानताओं के बावजूद किबूट्ज को आदर्श समुदायों में नहीं रखा

जा सकता है। इस प्रकार इजराइल मे सहकारी आन्दोलन की सफलता निश्चय ही प्रभावकारी रही है। सभी क्षेत्रों मे सहकारी सफलता मिलने पर ही सभी कार्यो में सहकारिता लागू की जा सकती है।

रूस में सहकारी आन्दोलन

रूस एक विशाल देश है जिसका क्षेत्रफल 2 करोड 24 लाख वर्ग किलोमीटर है। इसकी 30 करोड से अधिक जनसख्या है। जल स्रोतों का अपार भण्डार है। यहॉ खनिज पदार्थो की भरमार है। यह राष्ट्र ससार मे शीर्ष स्थान प्राप्त करने के लिए अथक प्रयत्न कर रहा है।

रूस में सहकारिता का विकास अत्यन्त धुधली अवस्था में हुआ। इसकी सफलता/असफलता और अनेक प्रयोगों के साथ रूप की अर्थव्यवस्था का क्रमिक इतिहास जुडा है। रूस के सहकारी आन्दोलन की 2 विशेषताए प्रथम - यह आन्दोलन रूस मे क्रान्ति से पहले और क्रान्ति के बाद भी बना हुआ है। द्वितीय- रूस की 90% जनसख्या की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करता है। रूस के सहकारी आन्दोलन का पक्ष उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, जो इसे विदेशों मे समझा जाता है। नि सन्देह आन्दोलन को सरकारी बैंको और सरकारी ट्रस्टों से साख मिलती है। अधिकाश कार्यशील पूँजी सदस्य शेयर-होल्डर ही प्रदान करते है। अत यह कह सकते हैं कि आन्दोलन को अपनी शक्ति प्रत्यक्ष रूप से जनता से ही मिलती है।

सन् 1917 की क्रान्ति से पूर्व रूस मे जनता की दशा बडी दयनीय थी। वहॉ जार की सरकार जनता की इच्छा का विचार करते हुए अपने मनमाने ढग से कार्य करती थी। लगभग 80% जनसंख्या कृषि पर निर्भर रहकर गॉवों में रहती थी। उनमें -घोर निरक्षता छोडी थी। दास प्रंथा को समाप्त हुए कुछ ही समय बीता था। किसान

निर्धन और आधुनिक कृषि पद्धतियों से अनभिज्ञ थे। भूमि छोटे-छोटे टुकडों मे विभाजित थी। अधिकाश अधिकार अच्छी भूमि पर अधिकार भूमिपतियों का था। ये स्वय खेती न करके भूमि किसानों को मजदूरी पर या बटाई पर दे देते थे। अधिक कृषक परिवारों को दोनों समय भरपेट भोजन नहीं मिलता था और जब फसल मारे जाने पर अकाल पड जाता तो भूख से अनेक लोगों के प्राण चले जाते थे। परिवहन के साधनों की भी कमी थी। अत सभावग्रस्त इलाकों मे साद्यान्न योजना कठिन कार्य था। शहरो में मजदूरों की दशा अच्छी न थी। उन्हे बहुत ही न्यून भोजन मिलता था।

इग्लैण्ड मे रोकडेल अग्रगामियों को बडी सहायता मिल रही थी। इसके समाचार रूप भी पहुँचे, वहाँ भी लोगों मे सहकारी समितियाँ स्थापित करने की प्रेरणा हुई। सर्वप्रथम सन् 1854 मे उरला और रीगा मे प्रयास हुए। बाद मे अन्य स्थानों पर भी सहकारी समितियाँ बनी। लेकिन उन दिनों रूस मे औद्योगीकरण एवं पूँजीवाद का अधिक विकास नहीं हुआ था, जिस कारण श्रमिकों ने इनमे कोई विशेष रूचि नहीं ली। परिणामत अनेक समितियाँ बन्द हो गई और आन्दोलन ठप हो गया।

किन्तु सन् 1890 मे पूँजीवाद उग्ररूप से सामने आ चुका था। इससे श्रमिकों मे पुन सहकारिता के प्रति जागृति आई। जब आन्दोलन दुबारा चला तो इसमे न केवल श्रमिकों ने वरन् ऊँचे वेतन पाने वाले कर्मचारियों एवं भद्र पुरूषों ने भी भाग लिया। प्राय ऐसा हुआ कि समितियाँ पूँजीपतियों के प्रभाव मे आ गई। इनमे सहकारिता के सिद्धान्तों का पालन करना कठिन था और इसलिए सहकारी सस्थाओं और पूँजीवादी सस्थाओं मे कोई अधिक अतर नहीं रह गया। लडाई मे तो उसे बहुत प्रोत्साहन मिला। 1917 मे इनकी संख्या 25,000 हो गई।

सन् 1888 मे एक सरकारी आदेश पर मास्कों मे डेरी समितियों का एक सघ बना। इसे अन्तत सरकार ने अपने नियत्रण मे ले लिया। रूसी आन्दोलन के थोक

भण्डार के साथ मिलकर एक नई संस्था सेन्ट्रोसोजस बनाई, जो समस्त रूसी उपभोक्ता समितियों का सघ है। क्रान्ति से पूर्व रूस की परिस्थितियाँ ऐसी थीं कि किसानों में बहुत असतोष रहा करता था।, उन्हे क्रान्ति से दूर रखने तथा इनके सहकारी आक्रोशों को आन्दोलन द्वारा ठण्डा रखने के लिए सरकार ने इस आन्दोलन को मान्यता दे दी, किन्तु प्रोत्साहन देने मे सकोच करती थी और चुपचाप रोड प्रगति मे अटकाती थी।

1917 की अक्टूबर क्रान्ति द्वारा रूस मे जार का सदियों पुराना शासन समाप्त हो गया। शासन सत्ता बोल्शेविकों के हाथ में आई। इन्होंने बडे-बडे इलाकों के जमीदारों से संबंधित खेत छोटे-छोटे किसानों में बाँट दिये। भूमि पर सरकार का स्वामित्व घोषित किया गया। उत्पादन मे वृद्धि करने के उद्देश्य से सहकारी कृषि को मान्यता दी गई। किन्तु वैयक्तिक कृषि से सामूहिक कृषि पर बल दिया गया। इससे कृषक सहकारी विधियों मे प्रशिक्षित होते गये और उपभोक्ता समितियाँ एव उत्पादन समितियाँ तेजी से होन लगी। 1918 में एक सरकारी आदेश के द्वारा प्रत्येक व्यक्ति के लिए सहकारी समिति की सदस्यता अनिवार्या बना दी गई और सरकार ने सहकारी समितियों को अपने अधिकार मे ले लिया। बाद में जब आर्थिक नई नीति प्रचलित हुई, सहकारी समितियों को पुन स्वाधीन बना दिया गया और उनकी सदस्यता ऐच्छिक बना दी गई। यही नहीं पुरानी समितियों की जब्त की हुई सम्पत्ति भी उन्हे लौटा दी गई और पुराने सहकारी सघ पुन स्थापित किये गये।

1917 तक रूस मे सहकारी समितियों की सख्या 54,000 थी। इनमे 16,500 साख समितियाँ, 8,000 कृषि समितियाँ 25,000 उपभोक्ता सहकारी भण्डार और 4,500 सहकारी समितियाँ थीं। 1921 में आर्थिक नीति को अनुसरण किया गया। 1925 मे सहकारी समितियों में 66 लाख कृषक शामिल थे। सबसे अधिक सख्या साख सहकारी एवं उपभोक्ता सहकारी समितियों की है। 1928 के बाद नियोजित अर्थव्यवस्था की नींव रखी गई। सोबियत संघ के संविधान की धारा 10 के अनुसार, ' रूस के आर्थिक

सगठन मे उत्पादन के साधनों का राज्य सम्पत्ति एव सामूहिक कार्य व सहकारी सम्पत्ति के रूप मे समाजवादी स्वामित्व है।

रूस मे सहकारिता के 4 रूप (कृषि सहकारिता, उपभोक्ता सहकारिता, गृह सहकारिता और सहकारी शिक्षा) देखे जाते है।

अब तक अध्ययन से यह भली-भाँति स्पष्ट हो जाता है कि 1980 की तुलना मे 1985 मे फुटकर सहकारी व्यापार 125% तक बढ गया। रूस के सहकारी आन्दोलन मे रूस का इतिहास बडा रग-बिरग और कठिनाइयों से पूर्ण रहा। इसने एक बहुत ही नम शुरूआत की। इसके मार्ग मे सरकार से बाधाए उत्पन्न होती रही। इसका प्रयोग मध्य वर्ग द्वारा श्रमिकों का शोषण करने के लिए हुआ। इस प्रकार रूसी सहकारी आन्दोलन जो प्रारम्भ म एक बुर्जुआई साहस के रूप मे था, क्रान्तिकारियों के हाथ मे एक शक्तिशाली हथियार बन गया। इसे कुछ काल के लिए केनेस्की सरकार से सहायता मिली और वह सोवियत शासन का अभिन्न अग बन गया। द्वितीय महायुद्ध मे वह एक शक्तिशाली आर्थिक शक्ति के रूप मे उभरा। तत्पश्चात् इसका राष्ट्रीयकरण किया गया और ऐच्छिक आन्दोलन के रूप मे वह पूर्णत लोप हो गया। किन्तु वह प्रगट हुआ और बढी हुई शक्ति विश्व की एक सरकार के समक्ष है। सक्षेप में रूस में सहकारी आन्दोलन का रूप वहाँ की सरकार और आर्थिक नीतियों के परिवर्तनों के साथ बदलता रहता है।

सन् 1939 मे कृषि पर कुल जनसख्या का 66% भाग कार्य मे था। 1979 तक सामूहिक कृषि फार्मों की सख्या 26,500 थी इसमे 15 मिलियन व्यक्ति कार्यरत थे। इसी वर्ष इन फार्मो का कुल उत्पादन कृषि मे 40% का योगदान रहा। सामूहिक कृषि फार्म ने राष्ट्र के उत्पादन तथा विपणन योग्य उत्पादन मे महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन्होंने कुल उत्पादन में उत्पादित अनाज, शक्कर, आलू और कपास क्रमश 55%, 90%, 67% तथा 78% योगदान रहा है। इनका राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण

स्थान है। 1978 के अन्त मे उपभोक्ता भण्डारों की सख्या 7,157 थी जिसमे 6 करोड 22 लाख सदस्य थे। इन भण्डारों मे 29,94,000 कर्मचारी कार्यरत थे। इसी वर्ष इन भण्डारों की बिक्री 10,574 करोड डालर के बराबर थी। उपभोक्ता भण्डारों का कुल फुटकर व्यापार मे योगदान 30% था, जबकि ग्रामीण क्षेत्र मे 90% योगदान था। 1978 मे 15 गणराज्य सघ, 153 क्षेत्रीय उपभोक्ता सघ 903 जिला उपभोक्ता सघ व 2,212 जिला उपभोक्ता समितियाँ थी।

मास्काऊ कोआपरेटिव इन्स्टीट्यूट सहकारी शिक्षण एव प्रशिक्षण के लिए विश्वविख्यात है। देश में कुल 5 उच्च शैक्षिणिक संस्थायें है इसमें 32,000 से अधिक विद्यार्थी अध्ययन करते है। 116 विद्यालय है जिनमे 1 लाख 70 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत् है। 12 प्रशिक्षण केन्द्र तथा 120 तांत्रिक स्कूल, 10 अकेक्षकों के स्कूल और 123 व्यवसायिक स्कूल है। इस प्रकार सहकारिता समाजवादिता के समीप है।

जापान में सहकारिता

विगत् सौ वर्षो में जापान ने अपने उद्योगों का निर्माण करने मे तीव्र प्रगति की है। जापान पूर्वी देशों में अग्रणी देश है। इसे कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। जापानी कृषि अत्यन्त गहन है। एशिया मे चावल की प्रति एकड उपज जापान मे सर्वाधिक है। जापानी कृषक अधिकाधिक यान्त्रिक उपकरणों का प्रयोग करते है जैसे विद्युत तथा मोटर से चलने वाले उपकरण, दबाने की मशीन आदि।

बढती हुई कीमतों को नियत्रित करने के उद्देश्य से सहकारी जापान मे उपभोक्ता भण्डारों के रूप में शुरू हुआ। पहला उपभोक्ता भण्डार 1879 में शुरू हुआ। अगले कुछ वर्षो में कुछ और भी भण्डार बन गये। 19वीं शताब्दी के अंत में युद्धजनित

परिस्थितियों के कारण कीमतो मे पुन वृद्धि होने लगी। तब श्रम सघों ने अनेक उपभोक्ता भण्डारों का प्रवर्तन किया। साथ ही जापान के तत्कालीन गृहमत्री के निर्देश पर जिन्होंने जर्मनी मे सहकारिता का अध्ययन किया था, रेफेसन नमूने की साख समितियाँ भी स्थापित की गई। प्राथमिक समितियों की वित्तीय आवश्यकता की पूर्ति हेतु एक केन्द्रीय सहकारी बैंक की स्थापना 1920-21 में केन्द्रीय सहकारी बैंक कानून बना।

सन् 1900 मे औद्योगिक सहकारिता सन्नियम इन्डस्ट्रीयल कोआपरेटिव ला बना। यह जर्मन कानून की रूपरेखा पर बनाया गया था। सहकारी यूनियन की स्थापना हुई। इसने सहकारी समितियों के पक्ष मे व्यापक प्रचार किया। फलस्वरूप समितियों की सख्या एव सदस्यता तेजी से बढ गई।

शीघ्र ही प्राथमिक समितियों को अपनी द्वितीयात्मक समितियाँ सगठित करने की आवश्यकता अनुभव होने लगी। 1909 मे प्राथमिक सहकारी समितियों के फेडरेशन के लिए सहकारिता कानून मे संशोधन किये गये। 1905 में स्थापित सहकारी यूनियन को कानूनी मान्यता मिल गई। इस ऐक्ट को पुन 1923 मे संशोधित किया गया। जिसके फलस्वरूप क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तरों पर विभिन्न प्रकार के फेडरेशन की स्थापना हुई। जैसे- 1923 मे सेन्ट्रल बैंक आफ इन्डस्ट्रीयल एशोसिएशन सगठित हुआ जो कि सेन्ट्रल कोआपरेटिव बैक फार एग्रीकल्चर एण्ड फारेस्ट्री का अग्रणी बना। यह बैंक देश की साख व्यवस्था के लिए वित्त व्यवस्था करता है। 1923 मे राष्ट्रीय क्रय सहकारी संघ बना। इसने आर्गेनिक खाद्य के बजाय रासायनिक खाद्य के प्रयोग को बहुत प्रोत्साहन दिया। 1925 तक देश मे उपभोग हो रही कुल उर्वरक मात्रा का 11% सप्लाई करने लगी थी। यह प्रतिशत 1937 मे 39 हो गया और आजकल 95 है। 1931 मे, सहकारी समितियों के कृषक सदस्यों को चावल बेचने की बेहतर सुविधाये प्रदान करने हेतु ' राष्ट्रीय चावल क्रय एव विपणन सघ ' बना। इससे प्रोत्साहन पाकर सहकारी समितियों का कुल चावल व्यापार मे भाग सन् 1930 में 7% से बढकर

1936 मे 27% हो गया और आजकल जो चावल वसूली सरकार करती है उसका 93% सहकारी समितियों द्वारा सभाँला जा रहा है।

प्रथम विश्व युद्ध के बाद जापान की दशा कृषि मदी और वित्तीय साधनों की कमी के कारण बिगड गई और अपनी कृषि अर्थव्यवस्था के पुर्नगठन हेतु उसने सन् 1932 मे पचवर्षीय सहकारी विकास योजनाये बनाई। प्रत्येक गाँव व कस्बें मे सहकारी समितियाँ सगठित की गई। प्रत्येक कृषक एव सकटग्रस्त व निर्बल व्यक्ति को इनकी परिधि मे लाया गया। लोगों की सहायता हेतु सरकार ने अनेक सिविल इन्जीनियरिंग कार्य शुरू किये और कम ब्याज पर दीर्घकालीन ऋण एवं क्षतिपूर्ति राशि देने की व्यवस्था की। चूँकि ये कार्य सहकारिता के द्वारा किये गये थे, इसलिए उनकी स्थिति सुदृढ हो गई।

तीसा के आरम्भ में विश्वव्यापी मदी के कारण कृषि क्षेत्र में जो गम्भीर संकट उत्पन्न हो गया उससे निपटने में सहकारी आन्दोलन बहुत सहायक हुआ। कृषकों को आपद ऋण सरकार ने सहकारी समितियों के माध्यम से ही दिये। सन् 1937 मे चीन जापान युद्ध छिडने के कारण सरकार ने उदार नीतिया छोडकर कडे नियत्रण की नीति अपनाई, जिसका सहकारिताओं के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पडा। सन् 1943 एग्रीकल्चरल आर्गेनाइजेशन ला बनाया गया और सहकारी समितियों को कृषि सघों मे एकीकृत कर दिया गया। उनकी सम्पत्तिया संघों को हस्तान्तरित कर दी गई। इस प्रकार सहकारिता के विकास का मार्ग अवरूद्ध हो गया। ये कृपि संघ वैज्ञानिक कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए थे, किन्तु उन्होंने धनी जमींदारों के प्रतिनिधि के रूप मे ही कार्य किया और उनका स्वरूप शासकीय था।

द्वितीय महायुद्ध के बाद कृषकों की दशा बहुत दयनीय हो गई और सहकारिता की आवश्यकता पहले से भी अधिक अनुभव की जाने लगी। फलस्वरूप आन्दोलन

का बहुत विकास हुआ और वह विविध मुखी बन गया। इस तरह जापान का सहकारी आन्दोलन इस कहावत को प्रमाणित करता है कि " सहकारिता आपातकालीन एकता " है। कोआपरेशन इज यूनिटी इन डाइवर्सिटी " सन् 1947 मे कृषि सहकारी समिति कानून बनाया गया और इसके द्वारा प्रजातांत्रिक आधार पर विकास की एक नई प्रक्रिया शुरू की गई। सहकारी समितियों को ऐच्छिक एव लोकतत्रीय सस्थाओं के रूप मे सगठित एवं स्थापित करने की व्यवस्था की गई।

इस प्रकार जापान की ग्रामीण अर्थव्यवथा मे सहकारी आन्दोलन एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहाँ समस्त किसान कृषि सहकारिताओं के सदस्य बन गये है। उनको दिये गये कुल ऋणों का 75% भाग कृषि सहकारिताओं के द्वारा ही दिया गया है। विपणन के क्षेत्र मे सहकारिताओं का भाग इस प्रकार है।

चावल 93% गेहूँ, जो 82%, बीज के आलू 87%, फल-सब्जियाँ 16%, सुअर 21% अण्डे 31% । आपूर्ति के क्षेत्र मे सहकारिता का भाग इस प्रकार है। उर्वरक 84%, कृषि रासायनिक पदार्थ 84%, कृषि यत्र 56%, मिश्रित बीज 44%, उपभोक्ता वस्तुए 11% ।

इस प्रकार सहकारी आन्दोलन के प्रति 3 प्रकार की सहकारिता सगठित की गई है।

(अ) प्राथमिक स्तर पर बहु-उद्देशीय कृषि समितियाँ, एव कुछ विशेष सहकारी समितियाँ। जैसे- रेशम उत्पादन, उद्यान कृषि, डेरी, पशु पालन एवम् भूमि विकास संबंधी समितियाँ।

(ब) इनके ऊपर अर्थात् प्रीफेक्चरल स्तर पर कार्यकारी अथवा सहायक सघ।

(स) शीर्ष स्तर पर राष्ट्रीय सघ।

सदस्यों द्वारा सहकारी विपणन सेवाओं का उपयोग निम्न दर से किया गया।

जौ की शराब	82 2%	आलू	63 1%
सोयाबीन	51 1%	टमाटर	35 4%
मीठे आलू	51 2%	प्याज	54 0%
सेब	41 0%	नाशपाती	48 5%
अगूर	60 5%	खट्टे फल	52 8%
अण्डे	35 2%	दूध	45 3%
सुअर	44 0%	मॉस के जानवर	38 8%

जापान मे कृषि की भूमिका राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था मे उद्योग की उपेक्षा साधारण है। वनों और मत्स्य व्यवसाय की आय को सम्मिलित करते हुए कृषिगत आय कुल राष्ट्रीय आय का मात्र 12% है। यहाँ 80% भूमि पर पहाड और नदियाँ है। अत केवल 17% भूमि को ही वास्तविक कृषि के अधीन लाया जा सकता है। औसत जोत प्रति परिवार 2 5 एकड है। इस पर कृषि बहुत महत्वपूर्ण है। कारण 33% जनसख्या इसमे सलग्न है तथा यह 80% घरेलू खाद्य आवश्यकताओं की पूर्ति करते है।

कृषि सहकारी समितियों की राष्ट्रीय यूनियन ने सदस्यों की साख क्षमता के निर्धारण हेतु निम्नांकित मानक नियत किया है।

	वेयक्तिक तत्व (पूर्णांक 100%)		भौतिक तत्व (पूर्णांक 100%)	
1-	मानसिक आदतें 100% मे	20%	सम्पत्ति	20%
2-	परिश्रमी स्वभाव	20%	शुद्ध सम्पत्ति	20%
3-	नेपुण्य	20%	आय	20%
4-	मितव्ययिता	20%	मकान	20%
5-	परिवार एव स्वास्थ्य	20%	सहकारी समिति के लिए अश	20%

सन् 1948 मे उपभोक्ता आजीविका सहकारी समिति कानून बना, जिसके अधीन फुटकर समितियॉ, बीमा समितियॉ, सेवा समितियॉ, फुटकर बीमा समितियॉ और फुटकर सेवा समितियॉ एवं बीमा समितियॉ गठित पजीकृत हुई। इनकी स्थिति उपलब्ध आकडोनुसार इस प्रकार से है -

तालिका 3 6

	सख्या	सदस्य सख्या (मिलियन मे)
फुटकर	563	1 92
सेवा	121	0 25
बीमा	71	5 25
फुटकर स-सेवा	371	1 51
फुटकर स-बीमा	7	0 25
सेवा एवं बीमा	5	43
अन्य	34	45
	1,172	10 00

6- कंसल भरत भूषण - " सहकारिता देश व विदेश मे " नवयुग साहित्य सदन, लोहा मण्डी, आगरा - 2, चतुर्थ सस्करण 1980 पे0 205

उद्देश्यीय सहकारी समितियों के निक्षेपों मे वृद्धि -

तालिका 3 7

वित्तीय वर्ष	निपेक्षों की राशि (प्रति समिति) (येन मिलियन मे)	वृद्धि दर % मे
1972 - 73	1,725	128 4%
1973 - 74	2,229	122 3%
1974 - 75	2,739	115 0%
1975 - 76	3,219	116 8%
1976 - 77	3,785	113 7%

सन् 1977 मे जापान मे बहु-उद्देशीय सहकारी समितियों के अतिरिक्त कुछ एकल उद्देशीय सहकारी समितियाँ भी कार्यरत है ।

7- डा0 माथुर वी0एस0 - " सहकारिता " साहित्य भवन, आगरा, सप्तम् संस्करण 1984 पे0 53

तालिका 3 8

एकल उद्देशीय समितियाँ	सख्या
सामान्य सेवा मे सलग्न समितियाँ	244
रेशम उत्पादन मे सलग्न समितियाँ	1,444
पशुपालन मे संलग्न समितियाँ	570
डेयरी समितियाँ	665
मुर्गी पालन समितियाँ	269
बागयानी मे संलग्न समितियाँ	584
ग्रामीण उद्योग समितियाँ	242
निवास व्यवस्था करने वाली समितियाँ	574
अन्य समितियाँ	1,332
योग -	5,924

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि एकल उद्देशीय समितियों मे सर्वाधिक सख्या रेशम उत्पादन मे सलग्न समितियों की है। इसमे 24% समितियाँ रेशम उत्पादन मे सलग्न है।

इस प्रकार दूसरे विश्व युद्ध के बाद जापान में कृषि उत्पादन मे बहुत वृद्धि हो गई। इसमें सहकारिता का भारी योगदान है। जापान में विभिन्न क्रिया कलापों

8- डा0 माथुर बी0एस0 - " सहकारिता " साहित्य भवन, आगरा, सप्तम् सस्करण 1984 पे0 56

के एक सीमा तक समन्वय रहता है तथा वे एकीकृत रूप से कार्य करती है। प्राथमिक समितियाँ, क्षेत्रीय साख यूनियनों, जेनोरेन और केन्द्रीय बैंक के मध्य घनिष्ठ सबध है। 92% भूमियाँ कृषक स्वामियों द्वारा जोती जा रही है। कृषि समितियों के केन्द्रीय सगठन के द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार " सहकारिता का अभियान अधिकतम् किसान को सगठित करने तथा व्यवसाय उन्नयन के कारण विशेप रूप से प्रशसनीय रहा है। यह सही है कि व्यवसायिक क्रियाओं की उन्नति मे सहकारी अधिकारियों एव कर्मचारियों का योगदान सदस्य किसानों की अपेक्षा अधिक रहा है। " इसी तथ्य को ध्यान मे रखते हुए सन् 1976 मे एक योजना " क्योडो - काहूडो कोया " प्रारम्भ की गई जिसमे सदस्य किसानों के योगदान को बढाने पर बल दिया गया।

अत यह स्पष्ट है कि जापान मे सहकारी आन्दोलन आद्योगिक एव कृषि वितरण की आधारशिला है। सहकारिता का विस्तृत जाल इस तत्थ्य का परिचायक है कि वहाँ सहकारी अर्थव्यवस्था इतनी वृद्धि सुदृढ है कि लोग एक दूसरे की सहायता करके व्यक्तिगत रूप से लाभान्वित होते है। वहाँ प्रत्येक क्षेत्र तथा प्रत्येक परिस्थिति मे सहकारिता एव सहयोग की झलक मिलती है और यही एक महत्वपूर्ण कारण है कि आर्थिक दृष्टि से जापान की गणना एक बडे विकसित राष्ट्र के रूप मे की जाती है।

-0-0-

चतुर्थ अध्याय

भारत में सहकारिता का विकास

सामाजिक सास्कृति आन्दोलन के अनुगामी नहीं होते है वरन् विधान उनका अनुगमन करते है। व्याकरण से भाषाये जन्म नहीं लेती है वरन् उनको व्यवस्थित करने के लिए व्याकरण बनाये जाते है। व्याकरण के नियम के विकास से आन्दोलन की दिशा सुविचारित तथा गति तीव्र जरूर हो जाती है। भारतीय सहकारी आन्दोलन भी इसका अपवाद नहीं है। सन् 1904 मे सरकारी विधान बन जाने के बाद सहकारी आन्दोलन प्रारम्भ हुआ। मगर प्रयास तो बहुत ही पहले शुरू हो गये थे। जब फ्रेडरिक निकल्सन विदेश मे भ्रमण करने के बाद भारत आये तो उचित सहकारी ढाँचें खोज रहे थे। ठीक उसी समय श्री डुपरनेक्स उत्तर प्रदेश में कुछ कृषक बैंक बनाकर सहकारी आन्दोलन के लिए जमीन तैयार कर रहे थे। मगर इसके भी पहले, पजाब के हाशियारपुर जिले के ग्राम पंजौर मे एक सहकारी समिति का गठन हो चुका था। यह जरूरी नहीं कि सहकारी आन्दोलन को महिमामण्डित करने के लिए हम प्रत्येक सामूहिक, प्रयत्न या संगठन को 'सहकारिता' का नाम दें। मगर जब सहकारी आन्दोलन के सभी मान्य सिद्धान्तों का पालन जिस ढग में किये जावे, वह नि सन्देह सहकारी संगठन हुआ करता है। पंजोर में एक समिति को सहकारी सिद्धान्त के अनुरूप उप-नियम सहित, पंजीकृत करवाकर यह काम किया गया था। एक अनपढ अगर बुद्धिमान कृषक श्री हीरा सिह को भारत की प्रथम सहकारी समिति का प्रथम अध्यक्ष कहा जाता है।

भारतीय सहकारी आन्दोलन का सूरज शिवालिक पर्वतमाला के मध्य बसे जिस पजारे ग्राम मे हुआ वह पजाब के होशियारपुर जिले की ऊना तहसील मे स्थित है। वर्ष 1892 मे तो इस ग्राम की कुछ जमीन तो जमींदार के काश्त मे भी भूमि का अधिकाश भाग पड़ता था जिसे गाँववासियों का साझी माना जाता था। वैसे भूमि उपजाऊ थी मगर उचित प्रबध व देख-रेख के अभाव में बेकार पडी थी। जैसा जिसके मन में आता वैसा उपयोग करता। लोग अपने जानवरों को चराते थे और उस पर लगे वृक्ष भी काट ले जाते थे। साझी सम्पत्ति की चिन्ता किसे नहीं। मगर हीरा सिह नामक एक व्यक्ति से यह दुर्दशा नहीं देखी गई। बहुत चितन-मनन के बाद वह अनपढ व्यक्ति इस

नतीजे पर पहुँचा कि इस भूमि का प्रबंध सहकारी ढाँचे पर किया जाय। अपना विचार उन्होंने गाँव वाले के सामने रखे। सभी की सहमति मिलने पर एक समिति का गठन हुआ, जो वर्तमान सहकारी सिद्धान्तों पर सचालित हुई। यह भारत की प्रथम सहकारी समिति थी। इस सहकारी का एक विवरण श्री विद्या सागर शर्मा ने सन् 1954 मे प्रकाशित अपनी पुस्तक सहकारिता का उदय तथा विकास मे दिया है।

समिति बनने से पहले इसके वसूल निर्धारित कर लिये गये थे। समिति बराबरी के कायदे के मानेगी। किसी व्यक्ति का कितना ही हिस्सा हो हर एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार था। नुकसानी मे हर सदस्य व्यक्तिगत व सामूहिक जिम्मेदार होगा। 21 वर्ष की आयु के सदस्य होंगे। सर्वोपरि अधिकार आम सभा को होगा। ये वसूल सहकारी आन्दोलन के मान्य सिद्धान्तों के अनुरूप थे। सब निवासियों ने इनको मान लिया तो कार्य सचालन के लिए सात सदस्यों की एक कमेटी (सचालक मण्डल) बना दी गई। श्री हीरा सिंह इसके प्रथम प्रधान (अध्यक्ष) बने। उन्होंने इस सोसायटी तथा नियमावली को साधारण रजिस्ट्रेशन के अधीन पंजीकृत भी कराया। सामलात की सारी भूमि, भले ही वह कृषि हेतु उपभोगी हो या पडत कह समिति के प्रबध तंत्र के अन्तर्गत लाई गई। भूमि की सूची को पजीकरण आवेदन के साथ नत्थी किया गया। भूमि के रिकार्ड को, जिसमे जमाबारी, खसरा, गिर्दावरी, वृक्षगणना सूची, लगान रजिस्टर, खेतों के नक्शें आदि थे जिसे व्यवस्थित किया गया। इस समिति के अधीन 4 एकड भूमि थी। हिसाब-किताब का वर्ष माह ज्येष्ठ से अषाढ रखा गया।

आय का चौथा भाग सुरक्षित कोष मे जाता था। साढे सात प्रतिशत भूमि सुधार में तथा इतना ही जनहित कार्य में खर्च किया जाता था बाकी बची रकम भूमिदारों मे उनके हिस्से के अनुपात में बाँट दी जाती थी। पहले वर्ष समिति को 2000/- रूपये तथा दूसरे वर्ष 10,000/- रूपये आय हुई। दसवें वर्ष मे यह आय 25,000/- हजार रूपये हुई। आय हमे यह बडी राशि नहीं लगती मगर आज से सौ (100) वर्ष

पहले की तुलना करें तो यह एक बहुत बडी व उल्लेखनीय रकम थी।

ईमानदारी व लगन का परिणाम यह हुआ कि 2 वर्ष मे ही सारी भूमि हरी-भरी हो गई। शीशम, ऑवला, कींकर आदि वृक्ष लगा दिये गये। ऊॅची-ऊॅची घास पैदा होने लगी, वह भी इतनी कि गॉव की आवश्यकता के अलावा दूर-दूर तक बेची जाने लगी। बहुत सी भूमि खेती योग्य बनी। वर्षा, ऑधी, बाढ से सुरक्षा मिली। दस वर्ष मे एक विशाल जगल खडा हो गया। जगल की छटवाई कराकर ईट के भट्टे लकडी से लगे। पक्के ईटे लाभ रूप मे समिति सदस्यों को बाटी गई। सभी के पक्के मकान बने। जनहित की राशि से पक्की सराय बनीय, गलियों मे सडके बनी। पजौर तब सुविधा व स्वच्छता की दृष्टि से कई शहरों से बेहतर बन गया। समिति ने ग्रामीणों का सामत ऋण भी चुकाया। पूरे गॉव को लगान भी समिति ही देती थी। इस प्रकार पंजौर एक सहकारी जीवन का उदाहरण बना तथा हीरा सिह जी इसके नायक। एक अन्य पडोसी गॉव बढेरा के नेतृत्व मे हीरा सिह को बुलाया गया तथा वहॉ भी समिति के नायक के रूप में इन्हें जिम्मेदारी दी गई।

इस प्रकार सहकारिता एक समर्पण भावना है जो निष्ठा से साकार रूप धारण करती है तथा नेतृत्व इसको निरन्तरता प्रदान करती है। श्री हीरा सिह की मृत्युपरान्त सहकारिता साख मे गिरावट आने लगी। आन्दोलन को भाग्य नेतृत्व नहीं मिल पाया। कानून तथा शासन का कोई भी सहयोग इस मशाल को बनाये रखने मे नहीं मिल पाया। सहकारी कृषि का सहयोग विखरने लगा। सामलाती भूमि का बॅटवारा होने से 15 वर्ष तक चलने के बाद इस देश की प्रथम सहकारिता समिति का अवसान हो गया। मगर इसने देश मे सहकारी आन्दोलन के बीजारोपण का महान् कार्य किया। नई-नई सभावनाओं की धरती इस समिति ने तोडी थी। हीरा सिंह के सहयोग से बनी यह पगडंडी अब सडक (राजमार्ग) बन गई है।

वर्तमान प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता और गावों की प्रजातात्रिक व्यवस्था से

जोडने तथा अधिकोषीय अभिकरणों मे जनसामान्य की भागीदारी सुनिश्चित करने की सुविचारित नीति के अन्तर्गत एक लम्बे अन्तराल के बाद सहकारी सस्थाओ के चुनाव कराये गये। इन चुनावों के सम्पन्न हो जाने के बाद एक अन्य पक्ष की ओर भी ध्यान आकर्षित होता है। इन चुनावों मे चुनकर आये हुए नेता सहकारी नेतृत्व वर्ग की दूसरी या तीसरी पीढी के नेता है। इन्हीं को दायित्व सौंपा गया है जो अत्यन्त ही सूझबूझ, दृढ-प्रतिबद्धता, जागरूकता और दृढ सकल्प तथा नैतिक ईमानदारी का कार्य है। इन नये सहकारी नेताओं मे एक ललकपूर्ण उत्साह है। कुछ अच्छा कर पाने की उमंग एवम् स्वविवेक से स्वतत्र निर्णय लेने की क्षमता भी है। एक बडे काल खण्ड के अन्तराल मे सहकारी संस्थाओं की व्यवस्था सरकारी अधिकारियों के द्वारा सचालित होती है। सरकारी अधिकारियों की रीति-नीति, कार्य-व्यवहार एवम् कार्य सचालन की पद्धति सरकार चलाने की पद्धति से प्रभावित होती है जो एक स्वाभाविक तत्थ्य है।

सहकारी क्षेत्र उन दार्शनिक सिद्धान्तों का प्रतिपादन है जिसमे भागीदारों की हानि और उनके लाभ से जुडा होता है। इसलिए सहकारी संस्थाओं को सरकारी ढग से परिचालित किये जाने से सहकारी आन्दोलन लक्ष्य को पूरा होना स्वाभाविक नहीं है। इस कमी को दूर करने के लिए सरकार को सहकारी नेतृत्व का नया सवर्ग विकसित करना है। इसलिए सरकार ने इस आन्दोलन को सरकारी प्रभाव से मुक्त करके जनान्दोलन की ओर मोडने का प्रयास किया है। इसे एक प्रशसकीय प्रयास किया जाना चाहिए। अत सरकार को चाहिए कि इन चुनावों मे जनता द्वारा चुनकर आये हुए नये नेतृत्व वर्ग को अनुभवी विशेषज्ञों से गठित प्रशिक्षण केन्द्रो पर कम से कम 3 महीने का सघन व्यवहारिक प्रशिक्षण आवश्यक रूप से दिये जाने की व्यवस्था करे। ताकि सहकारिता क्षेत्र की वित्तीय आवश्यकता, संस्थाओं का प्रबंधन प्रभावी ढग से किया जा सके। तभी सहकारी आन्दोलन और जन सामान्य को सहकारी संस्थाओं का वांछित लाभ प्राप्त हो सकता है।

सहयोग मानव की प्रवृत्ति है। समाज की समूची उपलब्धि और समृद्धि, सहयोगी

क्रियाओं का ही प्रतिफल है। व्यापक अर्थो मे सहकारी कार्य-कलापों का व्यवस्थापन ही सहकारिता है। यह सहकारिता एक सिद्दिदायी मत्र है। यह स्वेच्छा से पारस्परिक हित के लिए सगठित होने वाले लोगों के समूह मे एक मौलिक एव प्रबल शक्ति बनकर, सफलता के नये सोपान बना देती है। इसमे सहभागी तत्वों को समान महत्व और स्वायत्व प्राप्त होता है। इससे सदस्यगणों मे आत्मिक तत्परता और चौकस चेतना बनी रहती है। वर्तमान स्वरूप में सहकारिता, 19वीं शदी के आरम्भ में ग्रामीण जीवन की व्यापक आर्थिक समस्याओं के समाधान के लिए, एक प्रभावी हथियार के रूप में सगठित की गई है। प्रारम्भ में यह व्यवस्था देश के बहुसख्यक किसानों की कृषि सबधी आधारभूत साधनों की व्यवस्था हेतु सहभागी आर्थिक सुविधा जुटाने के उद्देश्य से अस्तित्व मे आई। यही नहीं इस प्रयत्न के पीछे देश मे जोंक की तरह फैली साहूकारी प्रथा के शोषणकारी चगुल से साधारण किसानों को मुक्तक कराने का साहसिक भाव भी निहित था।

धीरे-धीरे आज सहकारिता ग्रामीण जीवन की गतिविधियों का केन्द्र बनकर, विस्तृत और ब्यापक जनान्दोलन के रूप में प्रतिष्ठित हो गई है। अपनी लोकतांत्रिक विशेषताओं के कारण उसने हमारी सहभागी क्रिया-कलापों मे एक मौलिक आयाम जोडकर अपना स्मरणीय स्थान बना लिया है। सहकारिता की उपर्युक्त विशेषताओं को ध्यान मे रखकर यदि हम अपने प्राचीन भारत की सामाजिक व्यवस्थाओं का दोहन करे तो ज्ञात होगा कि हमारे देश में इस व्यवस्था की जडे एक लम्बे अतीत की प्रतीतियों और व्यवहारिक अनुभवों से जुडी हुई हैं। शुरू से ही वे हमारे इतिहास की साक्षी रही है, भले ही उनका वह पुरातन स्वरूप अपने नाम, रूप, गुण और कार्यशैली समय की मांग और आवश्यकता के अनुरूप, अलग किस्म का रहा हो, परन्तु जो कुछ भी था, उसका मूल तत्व सहयोग जनित सहकारिता ही था। सच पूँछा जाय तो सहकारिता बिना सामाजिक व्यवस्थाये ठीक तरह से कभी भी कार्य कर ही नहीं सकती है। यही कारण है कि जीवन के आस्तित्व के साथ ही साथ किसी रूप में सहकारिता की सहभागिता

हमारे प्राचीन समाज मे बदस्तूर कायम थी। जातक कथाओं मे 9 प्रकार के पेशेवाले सघों की चर्चा मिलती है। यह पूर्णरूप से सगठित थे। गॉव का कारोबार व व्यापार श्रेणियों के माध्यम से सचालित होता था। ये श्रेणियाँ छोटी समितियाँ होती थी। बौद्धिक साहित्य में इन्हे गणों या श्रेणियों के द्वारा नियत्रित और परिचालित होती थी। रामायण तथा महाभारत में भी इन श्रेणियों मे इन श्रेणियों के कार्यो का सचालन परिलक्षित होता है। अर्थशास्त्र के विवरणों से पता चलता है कि गॉव मे व्यापार एव कारोबार का कार्य गॉव मे एक समिति द्वारा होता था। लेख तथा स्मृतियों मे ऐसी चर्चा मिलती है कि गॉव वाले अपना एक व्यवस्थित समुदाय बनाते थे। वे निर्धारित नियमों का कठोरता से पालन करते थे तथा लाभालाभ के लिए जिम्मेदार रहते थे। नारद के नियमों के विरूद्ध कार्य करने वाले श्रेणी सदस्यों के लिए कठोर आचरण संहिता का उल्लेख किया है, जिसका उलंघन करने पर हानि की भरपाई करनी होती थी।

"प्रमादान्नाशितम् दाप्यम् प्रतिसिद्धम् कृतम च यत।"

वास्तव में प्राचीन लेखों में श्रेणी का विकास व उल्लेख व्यापक रूप से हुआ है। गुप्तकाल की मोहरों मे भी स्थानीय व्यापारिक सस्थाओ का उल्लेख मिलता है। शिल्प व कला की अलग श्रेणी हुआ करती थी। काशिका मे श्रेणी से आशय होता है कि -

"एकेन शिल्पेन-वरायेनव जीवन्ति तेषाम् समूहा श्रेणी।"

आगे चलकर यह श्रेणियाँ गतिशील संस्थाये बन गई। किसी एक स्थान पर यदि उन्हें अपने व्यापार में घाटा होता था तो वे वहाँ से हटकर अन्य स्थान पर अपना व्यवसाय व व्यापार कर सकती थी। जनता का समिति के कार्यो मे पूर्ण विश्वास होने के नाते, समिति से जितना लेना-देना होता था, वह पूरा-पूरा सुरक्षित बना रहता था। इस बात के पूर्ण व प्रचुर ऐतिहासिक प्रमाण है कि ये समितियाँ निश्चित नियमों का पालन करती थी। उनका एक कार्यालय तथा मुहर होती थी। वेशाली की मुहरों में नेगम सभा का नाम मिलता है। यह नेगम श्रेणी के लिए ही

प्रयोग किया गया है। समिति के सदस्यों की सख्या निश्चित न होने से कार्यानुसार उनकी सख्या निश्चित की जाती थी। श्रेणी सभा के सदस्य अपने कार्यो मे निपुण होने के नाते साधारणतया 5 श्रेणियों का उल्लेख लेखों मे पाया जाता है। भिन्न-भिन्न गुण वाले गुणियों की अलग-अलग श्रेणियाँ सगठित की जाती थी। बुनने, गाने, धर्मचर्चा, ज्योतिष आदि के लिए पृथक श्रेणियाँ हुआ करती थी। श्रेणी के कार्यालय को थाना कहा जाता था। समिति का मुखिया सेट्ठी व उप-प्रधान को अनुसेट्ठी कहा जाता था। गाँव के महचर की तरह सेट्ठी का समिति के कार्यो पर पूर्ण नियत्रण हुआ करता था। सेट्ठी सभा का समर्थन प्राप्त करके किसी विशेष कार्य का सम्पादन करता था। जातकों के अध्ययन से पता चलता है कि अनाथ पिण्डक नाम सेट्ठी ने चेत वन को बुद्ध का निवास बनाने के लिए क्रय किया था। श्रेणी के कार्यो मे स्थानीय व्यापार, रूपया जमा करना, दान देना, ऋण वितरण, सिक्कों का प्रचलन, व्यवसायिक शिक्षा प्रबध, न्याय करना, शासन को सहयोग देना आदि प्रमुख है। चातकों के अनुसार गाँव के लोहार, कुम्हार तथा कपडा बुनने वालों का व्यवसाय मुख्य था। एक स्थान या गाँव में बना सामान दूसरे गाँव या स्थान को भेजा जाता था। दक्षिणी भारत मे श्रेणी के सुदूर व्यापार करने का वर्णन मिलता है।

उल्लेखनीय है कि प्राचीन काल मे आजकल प्राचीन काल मे आजकल की तरह बैंकों का प्रचलन और सिक्कों की समुचित व्यवस्था नहीं हुआ करती थी। एक समय यह कार्य यहीं श्रेणियाँ ही किया करती थी। गाँव मे जितना अग्रहर दान भूमि अथवा धन मिलता था वह सब श्रेणी के पास जमा हो जाता था। इस रूपये और सम्पत्ति का उपभोग समिति करती थी। उसका सूद ग्राम-सभा को किसी कार्य विशेष के लिए दान स्वरूप दिया जाता था और गाँव सभा उस दान के पैसे को उन्हीं मद हेतु खर्च करती थी, जिसके लिए दी जाती थी। गुप्त काल के इन्दौर के ताम्र-पत्र मे श्रेणी द्वारा धन को सुरक्षित रखने का विवरण मिलता है। इसके वार्षिक सूद से मदिर में दीपक जलाये जाते थे। नासिक गुहा मे शक महपान का लेखा मिला है, जिसमें व्यापारिक समिति के पास तीन हजार सिक्के जमा करने का वर्णन है। इसके सूद से साधुओं को

भोजन उपलब्ध किया जाता था। चोल राज्य मे तजौर के राज राजेश्वर मदिर के लिए धन जमा करके श्रेणी को उसके उपयोग का अधिकार दिया गया था। राष्ट्रकूट के लेखों मे श्रेणी को सौ भेडे दिये जाने का उल्लेख है। यह एक पशु सेट्ठी को सौंपा गया था। इससे प्राप्त धन से मदिर मे दीपक जलाये जाते थे।

इस अध्ययन से पता चलता है कि जातकों मे उल्लेख है कि ग्राम सभाये सार्वजनिक कार्यो के लिए श्रेणी से रूपये उधार लिए तथा सूद 16% दिए श्रेणी अपने वर्ग तथा सदस्यों के कार्यो के सबंध में न्याय कार्य भी करती थी तथा राज काज मे भी सहायक थी। कभी-कभी एक श्रेणी दूसरी श्रेणी से मिलकर साझेदारी मे भी व्यापार करती थी। स्मृति ग्रन्थों मे इसका विशेष उल्लेख है। ये लाभालाभ मे बराबर बधे रहने के कारण साझेदारी नियमों से भी बंधे है। याज्ञवलक्यानुसार -

"समवायेन वाणिज्यम् लार्भाथम् कर्मम् कुर्वताम् ।
लाभालाभो यथा द्रवम्, यथा वा संविदों कृतो । "

यदि किसी सदस्य की गलती से हानि होनी है तो उसी को हानि की पूर्ति करनी पडती थी। नियम के प्रतिकूल कार्य करने वाले को साझेदारी से अलग कर दिया जाता था। साझेदारों मे से यदि कोई नया काम शुरू कर देता था तो उसमे सभी की साझेदारी समझी जाती थी। किसी कार्य के विरूद्ध कोई शिकायत बेईमानी की होती थी, तो उस व्यक्ति को सभा के सामने शपथ उठाकर अपनी ईमानदारी का प्रमाण देना पडता था। साझेदार की मृत्यु होने पर नियमानुसार शासन द्वारा उसका हिस्सा उसके उत्तराधिकारियों को दिया जाता था। नारद जी के अनुसार सभा मे व्यापार सबंधी खर्च को सभी साझेदारों को वहन करना पडता था। डॉ0 कुमार स्वामी ने लिखा है कि प्रत्येक व्यापारिक सघ प्रजातंत्र या सामाजिक भावों को लेकर सस्था के रूप मे व्यवस्थित की गई थी। जातीय गुण और ग्रामीण व्यवसाय इन सस्थाओं के माध्यम से फलता-फूलता नजर आता रहा, जिससे आम लोगों को सुविधा होती रही। आचरण पर नियंत्रण होने

के कारण कभी भ्भ समाज मे कदाचार की सम्भावना नहीं थी। अत क्षति किसी को न होती थी।

इस प्रकार अब इन श्रेणियों का सहकारी सगठन इतिहास मे गायब हो गया, इसका कोई तार्किक और सगत विवरण नहीं है। सम्भव है कि विदेशी आक्रान्ताओं की आपाधापी और संस्कृत के संक्रमण से न केवल भारतीय समाज की प्राचीन खूबियाँ एक-एक करके समाप्त हो गई। बल्कि कई तरह की विकृतियों ने उनका स्थान ले लिया। ग्रामीण क्षेत्रों मे साहूकार और जमींदार गाँववासियों का शोषण करने लगे जिससे साधारण किसान साधनहीन व विपन्न होता चला गया। स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए सहकारिता का एक अभिनव (वर्तमान) युग का स्वरूप समाज मे पुर्नजीवित किया गया। यह ठीक है कि आज हम पीछे नहीं लौट सकते, किन्तु इतना स्पष्ट है कि सहकारिता से हमारा पुस्तैनी नाता है। अत हम भारतवासियों को अपने प्राचीन गुणधर्म के अनुरूप अपने वर्तमान गिरते हुए आचरण के प्रवाह को रोकने की प्रेरणा लेनी चाहिए। वर्तमान विकसित समाज की सहकारिता के वाटिका के पीछे पोधों ने यदि पीछे मुडकर कुछ देखने समझने के साथ ग्रहण करने की चाह पैदा हो जाय तो आज स्पष्ट नष्ट होने के कगार पर है वे बच जायेगीं और इससे हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को अनुरक्षित रख सकेगे।

भारत का सोच गहरा और महान था। इसका पता लगाने के लिए हमे वैदिक मत्रों का सहारा लेना पडता है। वेद भारत के प्राण है। इन वैदिक मत्रों मे हमारे ऋषि-मुनियों ने मानव कल्याण की भावना से जो उपदेश दिये है, सर्वग्राहय है। इन सभी वैदिक मत्रों को यदि एक जगह एकत्रित किया जाये तो उनके अदर से सहकारिता की भावना स्पष्ट दिखाई देती है। ब्रहमा ने सृष्टि की रचना कर मानव को ऐश हेतु रचा तथा इसी यश की प्रक्रिया द्वारा सुखी जीवन जाने का सूत्र दिया। यही यश की

प्रक्रिया सहकारिता का मूल मत्र है। बिना त्याग के सुख नहीं प्राप्त होता है। कडी मेहनत और परिश्रम से हम सुखी रह सकते है। साथ ही साथ दूसरों को भी सुखी रख सकते है। थोडी-थोडी पूँजी से वृहत पूँजी बनाकर रखने मे जिस प्रेम व निष्ठा की आवश्यकता होती है वही सहकारिता की सफलता के लिए अपरिहार्य है। गीता मे स्वय कृष्ण ने तीसरे अध्याय ग्यारहवे श्लोक मे परस्पर भावयस्त के मूलमत्र को आधार मानकर देवताओं व मनुष्यों के बीच परस्पर सहयोग की शिक्षा दी है। यह शिक्षा प्राणी मात्र के लिए आज भी श्रेयस्कर है। आज विश्व एक परिवार के रूप मे बन गया है। हमारी आवश्यक आवश्यकताये एक सी होने के नाते हमारी मान्यताऐं भी एक-सी ही होती जा रही है। सभी का अभीष्ट है कि प्राणी मात्र सुखी व सम्पन्न बनें। इसके लिए सहकारिता ही मात्र एक मगल मत्र है। हमारे वैदिक मत्रों मे " सह भुनक्तु सह अश्ववाम् है। " अर्थात साथ-साथ भोजन करो व साथ-साथ बैठों के उपदेश के माध्यम से सहकारिता पर बल दिया है। इसी प्रकार हम दूसरे मत्र के माध्यम से " यावत भियेत जठरम् सर्व दोहिनाम् " अधिकम् अभिमन्यते स्तेनो/इण्डम् वहति। अर्थात् जितने से पेट भरे वह हर एक प्राणी का अधिकार है। जो इससे अधिक की चेष्टा करता है वह चोर है, उसे सजा मिलनी ही चाहिए। इस वैदिक मत्र का यह वाक्य मनन करने योग्य है। भूख मानव की पहली आवश्यकता है, इस भौतिक सत्य को हमारे मनीषियों ने बहुत पहले ही जान लिया था। वे यह भी जानते थे कि यदि समाज मे आवश्यकता से अधिक सचय की प्रवृद्धि बैठी तो जन साधारण की भूख की समस्या हल करना दूभर हो जायेगा। इसी कारण अधिक जानकारी जमाखोरी को हमारे मनीषियों ने चोरी की संज्ञा है।

सहकारिता के विषय में यह सोच कि यह पाश्चात्य चिंतन की देन है सर्वथा एकांगी है। हमारे संविधान निर्माताओं ने पंचायती राज की कल्पना की थी। वर्तमान सरकार भी सत्ता का विकेन्द्रीकरण करकें गाँव स्तर तक ले जाना चाहती है। इन सपनों को साकार रूप देने के लिए हमें सहकारिता की मूलभूत सिद्धान्तों की शिक्षा

विद्यार्थी जीवन से ही दी जाय। प्रेम, सहयोग, करूणा, दया आदि मानवीय गुणों को सारभूत बताने वाली कहानियों और चरित्रों का पाठ्यक्रम का आधार बनाना होगा जिससे आज का विद्यार्थी कल देश का नागरिक बनकर सहकारी जीवन जीने का स्वभावत अभ्यस्थ बन सके। हमे विश्वास है कि हमारी सरकार पाठ्यक्रमों मे सहकारिता व सहकारी जीवन पर बल देने वाली विषय सामग्री को समुचित ध्यान देगी। वैदिक सस्कृति किसी जाति व धर्म पर आधारित न होकर मानवीय मूल्यों पर आधारित है। यही कारण है कि महात्मा गाँधी, स्वामी विवेकानन्द आदि मनीषियों ने भारतीय सस्कृति के इन मूलभूत सिद्धान्तों को विश्व मे उजागर कर भारत की साख को बढाया था। आज भारत को स्वय इस दिशा मे आगे बढकर एक सुखी जीवन जीना है। विश्व के लिए एक आदर्श बनना है। हमे विश्वास है कि इस दिशा मे हम भारतवासी स्वामी विवेकानन्द के उतिष्ठ जागृति वरान् निराधत के सद उपदेश को ग्रहण करते हुए उठे, जागे और बुराईयों पर विजय प्राप्त करें। इसके लिए सहकारिता ही हमारा एक विकल्प है।

भारत मे सहकारिता द्वारा मिलकर कार्य करने की भावना को हमारे जीवन मे अति महत्वपूर्ण स्थान है। यह सबके लिए एक और एक सबके के लिए के दर्शन पर आधारित है। सहकारिता से त्याग, आनन्द और सहानुभूति आदि भावनाओं को बल मिलता है। सहकारिता से विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। आदिकाल से ही सहकारिता मानव समाज का अभिन्न अग रही है। भारत मे सर्वप्रथम 1895 मे सर फ्रेडरिक निकल्सन ने सहकारी साख के विकास पर अधिक बल दिया। उन्होंने यह निर्णय कृषकों ऋणग्रस्तता को ध्यान मे रखते हुए लिया। भारत सरकार ने सन् 1900 मे सर एडवर्ड ला की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का निर्णय लिया। इसमें सहकारी समितियों की स्थापना पर विशेष बल मिला। फलस्वरूप देश मे सहकारी आन्दोलन का आरम्भ भारतीय दुर्भिक्षि आयोग की सिफारिश पर सन् 1904 सहकारी साख समिति अधिनियम पास किये जाने से हुआ। सन् 1912 में एक विस्तृत सहकारी साख अधिनियम पास किया गया। 1919 में सहकारी साख समितियों को विकसित

करने का भार राज्य सरकारों को सौंपा गया। तभी से सहकारी समितियों के कार्य मे तेजी से सुधार हुआ। आजादी से पूर्व देश में सहकारिता आन्दोलन निम्नलिखित चरणों मे होकर गुजरा -

1-	प्रथम चरण (1904 से 1911)	- आन्दोलन का प्रारम्भिक काल
2-	द्वितीय चरण (1912 से 1918)	- द्रुतगति से विस्तार काल
3-	तृतीय चरण (1919 से 1929)	- अनियोजित विस्तार काल
4-	चतुर्थ चरण (1930 से 1938)	- सुदृढीकरण व पुर्नसगठन काल
5-	पंचम चरण (1939 से 1947)	- पुनरूद्धार काल ।

स्वतत्रता से पूर्व देश में सहकारिता आन्दोलन मुख्य रूप से पूर्व बम्बई, मद्रास कलकत्ता तथा पजाब प्रान्तों तक ही सीमित रहा। तत्कालीन सहकारितान्दोलन अनियोजित था। आजादी के बाद देश में बुनकरों की समितियाँ, गृह-निर्माण, कृषि साख, दुग्ध वितरण व यातायात सहकारी समितियाँ स्थापित की गई। 1950 में देश में सहकारी समितियों की संख्या 175 09 हजार थी। इनकी सदस्य संख्या 125 61 लाख तथा कार्यशील पूँजी 233 10 करोड रूपये थी। आर्थिक विकास व आर्थिक न्याय मे महत्वपूर्ण मानते हुए सहकारिता को प्रथम पंचवर्षीय योजनाओं में प्रमुख स्थान दिया गया। बाद की पचवर्षीय योजनाओं में भी सरकार ने बहुत प्रोत्साहन दिया। फलस्वरूप आज देश मे सहकारिता के विकसित रूप के दर्शन होते है। प्रथम पंचवर्षीय योजना मे 2 4 लाख समितियाँ थी। आज करीब 3 लाख से ऊपर समितियाँ कार्यरत है। इनकी सदस्य संख्या 12 करोड से अधिक है। भारत मे सहकारी आन्दोलन विशेष रूप से गाँवों मे रहता है। समितियों की व्यवस्था लोकतात्रिक होने के नाते किसान वर्ग सहकारी समितियों के सदस्य बनकर लाभ उठा सकते है। समिति का सदस्य जब अध्यक्ष या सरपच के पद पर रहता है, तब वह प्रबंध समिति की स्वीकृति सदस्यों के ऋण स्वीकार करके ऋणदाता की भूमिका अदा करता है।

इस प्रकार हम भारतवासी अपने विकास कार्यो द्वारा अपनी उन्नति और अधिक समानता लाना चाहते है। हम आर्थिक शक्ति को कुछ लोगों के हाथ मे केन्द्रित होने से रोकना चाहते है। इसलिए हमे निजी क्षेत्र की तुलना मे सहकारी क्षेत्र और साथ ही साथ सहकारी क्षेत्र के विकास मे अधिक मदद करनी चाहिए। सहकारिता द्वारा सरकारी क्षेत्र व निजी क्षेत्र दोनों का लाभ मिलते है। इसमे मामूली आदमी के विचारों को महत्व दिया जाता है। साथ ही साथ उनमे भागीदार होने की भावना आती है। सहकारी समितियाँ स्वैच्छिक सगठन और प्रजातांत्रिक नियंत्रण पर आधारित होती है। साथ ही इनके द्वारा बडे पैमाने पर उद्योग के आधुनिक तरीकों से प्रबध का पूरा फायदा उठाया जा सकता है। भारत के पिछले 60 वर्ष के सहकारिता के इतिहास से यह सिद्ध होता है कि जब भी आन्दोलन मजबूत रहा है तो उसका कारण लगन वाले वे व्यक्ति थे तो राजनीति के प्रलोभन से अपने आप को बचा सके। उन्होंने जनता की सेवा सहकारिता का एक साधन माना। आज देश में जीवन के हर क्षेत्र में नि स्वार्थ व्यक्तियों की जरूरत है। इस प्रकार सहकारिता में सामाजिक हित सर्वोच्च के साथ ही साथ इसमें एक सामाजिक नियंत्रण भी है। इससे सम्पूर्ण भारतवासियो को सहम्यता मिलती है। हमारी सरकार सहकारी क्षेत्र को बढाने के लिए वचनबद्ध है। हम इस क्षेत्र को अधिक शक्तिशाली बनाना चाहते है। सहकारी क्षेत्र को अपनी आतरिक शक्ति और हानि से बचाने के साधन बढाने चाहिए। अपनी कार्यविधि को सरल बनाना चाहिए और सदस्य सख्या बढाकर अपना आधार मजबूत और विस्तृत करना चाहिए। इसके साथ ही साथ सहकारी समितियों पर मुट्ठी भर लोगों का प्रभुत्व कायम नहीं रहने देना चाहिए।

सहकारिता की विचारधारा का ऐतिहासिक अवलोकन करने पर यह ज्ञात होता है कि सहकारिता की प्रवृत्ति आदिकाल से ही मानव समाज मे रही है। यद्यपि प्रारम्भ मे इसका जन्म पारस्परिक सहयोग एवम् नैतिकता की भावना के कारण हुआ। कालान्तर मे समाज के कर्णधारों ने रीति-रिवाज के आधार पर समाज का आधारभूत

तत्व मान लिया। भारत मे सहकारिता कोई नवीन प्रणाली नहीं है। यद्यपि यहाँ की बदली हुई परिस्थितियों तथा परतन्त्रता ने इसके मूल स्वरूप को समाप्त करके एक नये रूप मे इसका विकास करने का प्रयत्न किया। भारतीय सस्कृति आदिकाल से ही विश्व बधुत्व, भाईचारा, सहकारिता एवम् सगठन का समर्थन करती आई है किन्तु ब्रिटिश काल मे यह परम्परा नष्ट कर दी गई और देश मे प्रदेश, भाषा, वर्ण, जाति आदि कारणों से लोगों मे दूषित विचारधारा का प्रादुर्भाव हुआ तथा सदियों से चली आई भाई-चारे की मनोभावना को समाप्त कर दिया। विदेशी उद्योग नयी भूमि-व्यवस्था के अन्तर्गत जो अग्रेजो की देन थी, समाज मे विशेषकर कृषकों का शोषण जमीदारों, ताल्लुकदारों के द्वारा करना प्रारम्भ कर दिया। इन सब कारणों से देश मे आर्थिक एवं सामाजिक जीवन अधिक भयकर हो गया। विशेषकर कृषकों का इन सबको दृष्टिगत रखते हुए 1892 मे फ्रेरिक निकल्सन को सहकारी साख की विकास सम्भावनाओं पर अध्ययन करने के लिए नियुक्त किया गया। उन्होंने 3 वर्ष बाद 1895 मे अपनी प्रस्तुत रिर्पोट मे भारतीय समाज के उत्थान के लिए सहकारी साख की आवश्यकता पर बल दिया। इसी रिर्पोट के आधार पर 1904 में सहकारी साख अधिनियम लागू हुआ। इसी को हम भारतवर्ष मे सहकारी आन्दोलन की नींव समझते है। इसका मूल उद्देश्य किसानों को सस्ते दर पर ऋण तथा औद्योगिक ऋण की समस्या का निदान करना था। तथापि इस अधिनियम मे काफी त्रृटिया होने की वजह से किसी बैंक की व्यवस्था न होने की वजह से इन सारी त्रृटियों को दूर करने के लिए 1914 मे सरएडवर्ड मैक्लेगन की अध्यक्षता मे एक समिति गठित की गई, समिति को वर्तमान में 1904 द्वारा पारित अधिनियम की तमाम कमियों का जिक्र करते हुए अपने सुझाव दिये। मैकलेगन कमेटी की रिर्पोट भारतवर्ष मजें सहकारिता आन्दोलन मे अत्यधिक महत्वपूर्ण रिर्पोट मानी जाती है। हालोंकि सरकार ने इस रिर्पोट को कोई विशेष महत्त्व नहीं दिया। प्रथम विश्व युद्ध बाद 1919 में मान्टेग्यू चेम्यफोर्ड के सुधारों को लागू करने वाले अधिनियम मे सहकारिता को प्राप्त सरकारों के अधीन कर दिया गया। यहीं से सहकारिता का नियोजित

विकास शुरू हुआ। साथ ही साथ सहकारिता के लिए एक मत्री की नियुक्ति का प्राविधान किया गया। स्वतत्रतापूर्ण सहकारिता आन्दोलन बाढ मे फँसी नोका की तरह उल्टा-पुल्टा रहा। लेकिन स्वतत्रता बाद सन् 1947 के बाद प्रथम पचवर्षीय योजना (1950-55) जब चालू किया गया तो इस योजना मे सहकारिता आन्दोलन को जनतांत्रिक आन्दोलन का एक अनिवार्य उपकरण माना गया। इस काल मे 50% गाँवों तथा 30% ग्रामीण जनता को सहकारिता आन्दोलन की परिधि में लाने का लक्ष्य रखा गया। हालांकि प्रथम योजना काल मे सहकारी आन्दोलन अपने लक्ष्यों को पूरा नहीं कर पाया। इसके बाद एक महत्वपूर्ण पडाव आया। 1954 मे प्रकाशित भारतीय ग्रामीण साख सर्वेक्षण समिति की रिर्पोट जिसमे ग्रामीण साख का आधार सहकारितान्दोलन को ही माना। इतना ही नहीं समिति ने सहकारिता आन्दोलन को नव-जीवन देने और इसे अन्दर तथा बाहर से मजबूत करने के लिए " ग्रामीण साख की एकीकृत स्कीम प्रस्तुत की गई। " यह स्कीम सहकारिताधार पर ही थी। सन् 1958 में राष्ट्रीय विकास परिषद की नीति संबंधी प्रस्ताव में कृषि उत्पादन बढाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के निर्माण में सहकारितान्दोलन की भूमिका पर विचार किया गया तथा सहकारितान्दोलन के माध्यम से परिषद ने प्रत्येक परिवार का सदस्य बनाने, रासायनिक उर्वरक, साखादि की अनेकों सिफारिशे की। सहकारिता क्षेत्र मे उचित प्रशासन के लिए 1963 मे सरकार दुबारा श्री बी0एल0 मेहता की अध्यक्षता मे समिति गठित्त की गई। जिसमे सहकारिता के प्रशासनिक ढाँचे को मजबूत बनाने के लिए अपनी रिर्पोट प्रस्तुत की। सन् 1965 मे प्रो0 एस0एल0 बप्तवाला की अध्यक्षता में समिति गठित की गई। यह विशेषज्ञ समिति विभिन्न कृषि उपजों के विपणन, उत्पादन और उपभोक्ता वस्तु की आपूर्ति के विचार हेतु नियुक्त किया गया। समिति ने विपणन समितियों के कुशल संचालन के लिए बहुत ही उपयोगी सुझाव दिये, जिसमें द्विस्तरीय ढाँचे मिश्रित सदस्यता और मण्डी केन्द्रों पर प्राथमिक विपणन समितियों की स्थापना पर बल दिया। सन् 1964 में भारत सरकार ने श्री आर0एन0 मिर्धा की अध्यक्षता मे एक समिति का गठन किया, जिसे वर्तमान मे सहकारिता की

कार्यक्षमता तथा अकुशल समितियों को समाप्त करने तथा वर्तमान अधिनियम की कमियों का पता लगाने के लिए कहा गया। समिति ने 1965 मे अपने 9 महत्वपूर्ण सुझाव के साथ रिर्पोट प्रस्तुत की।' शनै -शनै सहकारिता आन्दोलन अपने प्रगति के पथ पर बढता रहा और आज सहकारिता आन्दोलन बन गया। यह इसी का परिणाम है कि प्रधानमत्री द्वारा घोषित 20 सूत्रीय कार्यक्रम मे सहकारितान्दोलन एक महत्वूपर्ण कार्यक्रम है। आज देश मे विभिन्न प्रकार का लगभग 2 50 लाख समितियाँ देश की लगभग 95 करोड जनता को साथ लेकर सहकारितान्दोलन के माध्यम से 21वीं सदी की ओर द्रुतगति से अग्रसर है।

सहकारिता सामाजिक सगठन का ऐसा स्वरूप है जो किसी शासन व्यवस्था मे अपना औचित्य सिद्ध कर लेता है। अर्थव्यवस्था का स्वरूप चाहे पूँजीवाद हो या समाजवाद हो, व्यक्तियों का एक बडा वर्ग आर्थिक दृष्टि से कमजोर एव श्रमप्रधान होता है। इस वर्ग को अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु एक दूसरे के सहयोग की आवश्यकता रहेगी। इसकी पूर्ति सहकारिता द्वारा ही सम्भव है। इस आधार पर सहकारिता उन व्यक्तियों की उन प्रतिकूल परिस्थितियों की उपज है जब मनुष्य को दूसरे के सहयोग के लिए मजबूर होना पडता है। यह क्रम मानव के प्रारम्भिक काल से होता चला आ रहा है और भविष्य मे अनवरत् चलता रहेगा। हाल के वर्षो मे अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर अनेक परिवर्तन परिलक्षित हुए है। समाजवादी अर्थव्यवस्था मे जो नाटकीय परिवर्तन हुआ है इसकी कल्पना शायद किसी ने की हो। इन परिवर्तनशील परिस्थितियों मे किसी भी तंत्र ने सहकारिता मे परिवर्तन करने या समाप्त करने की बात नहीं की है। अत भविष्य मे सभी राष्ट्रों के विकास मे सहकारिता बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी।

सहकारिता की जन्म स्थली जर्मनी व इग्लेण्ड है, किन्तु भारतीय अर्थव्यवस्था रूपी जलवायु में यह अच्छी तरह पल्लिवत होकर वट वृक्ष बन गयी है, जो कि भारतीय

अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। सन् 1878 मे बाम्बे प्रान्त के कुछ कर्जदारो ने साहूकारों के विरूद्ध आन्दोलन प्रारम्भ किया। स्थिति इतनी बिगड गई कि तत्कालीन सरकार को इस समस्या के निवारण हेतु एक ' आई0सी0एस0 " अधिकारी सर फ्रेडरिक निकल्सन की जर्मनी की अर्थव्यवस्था का अध्ययन करने हेतु भेजना पडा। वहाँ पर सफल सहकारिता रूपी प्रणाली का अध्ययन करने पर भारतीय कृषकों के स्वालम्बन हेतु कृषि साख समितियों के गठन की सिफारिश करते हुए नारा दिया कि " फाइन्ड आऊट रैफिसीजन " वउ इण्डियन विलिजेस। इस आधार पर भारत मे सहकारिता ने जन्म लिया। सहकारी समितियों के कुशल सचालन व नियत्रण हेतु सन् 1904 मे सहकारिता अधिनियम पास कर इसके पजीयक सहकारी समितियों को सर्वेसर्वा मान लिया। अपने सफल जीवन के एक शताब्दी पूर्ण कर भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र का महत्वपूर्ण अग बन चुका है। आर्थिक क्रियाओं का 1/4 भाग सहकारिता के माध्यम से सचालित है। राष्ट्रीय सहकारी संघ मर्यादित (एन0सी0यू0आई0) द्वारा 1991 में प्रतिपादित आकडों के आधार पर सहकारिता की वर्तमान स्थिति निम्न प्रकार है।

भारत मे सहकारिता की प्रगति (1991-22 तक)

तालिका 4.1

अ-	समितियों की कुल संख्या	3 5 लाख
ब-	सदस्य संख्या	16 करोड
स-	कार्यशील पूँजी	70 हजार करोड
द-	कृषि साख का विवरण	40 प्रतिशत (व्यापारिक अधिकोणों की तुलना)

1- डा0 जैन0पी0सी0 - " द कोआपरेटर " भारत में सहकारिता का प्रबंध, 11 जनवरी 92 यू0पी0 यूनियन लि0 14 [illegible] मार्ग, लखनऊ, विशेषांक अक्टूबर-नवम्बर 92 पृ0 66

क-	खाद का वितरण	30 %
ख-	नाइट्रोजन एवं फास्फेट का वितरण	23%
ग-	शक्कर का उत्पादन	60% कुल उत्पादन
घ-	सूती वस्त्र उद्योग का उत्पादन	21%
ड-	खाद्यान्न, जूट, कपास इत्यादि	75%
त-	हैण्डलूम	58%
थ-	कुशल कारीगरी का सामान	30%
द-	औद्योगिक सहकारी समितियाँ	30,000
ध-	ग्राम सहकारिता परिधि मे	98%

स्रोत - कोआपरेटर वायलूम - XXIX नO 11 जनवरी 1992

तालिका से स्पष्ट है कि सहकारिता राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस वृहद सफल संगठन के संचालन के लिए सहकारी प्रबंध का स्वरूप कैसा हो, क्या वर्तमान स्वरूप उपयुक्त है या इसमें परिवर्तन की आवश्यकता है। इन सभी प्रश्नों को आधार मानकर प्रस्तुत आलेख मे विचार व्यक्त किये है।

सहकारी प्रबध का आशय सहकारी रूपी सगठन को इस प्रकार सचालित करना है जिससे निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर सके और सिद्धान्तों का पालन भी होता रहे। सहकारी संगठन निजी व्यापार एवं सार्वजनिक क्षेत्र से भिन्न है। निजी व्यापार का

मुख्य उद्देश्य लाभ अर्जित करना होता है जिसका सगठन एव प्रबध निजी हाथों मे होता है। सार्वजनिक क्षेत्रों मे सरकार की अपार पूँजी विनियोजित रहती है। अत प्रबध संबधी सभी तकनीकी उपलब्ध करायी जाती है। इसके विपरीत सहकारी सगठन का स्वरूप जनतांत्रिक होता है। इसका उद्देश्य लाभ कमाने के साथ-साथ सेवा भाव व जन कल्याण का होता है। इसमे वित्तीय सीमाओं के अन्दर ही कार्य करना होता है। इन सभी सीमाओं के भीतर रहकर निजी एव सार्वजनिक क्षेत्र के बीच व्यापार करना कुशल सहकारी प्रबध द्वारा ही सम्भव है।

वर्तमान समय मे अन्तर्राष्ट्रीय सघ (आई0सी0ए0) द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों के आधार पर सहकारिता प्रबध जनतांत्रिक है। अर्थात् सदस्यों द्वारा चयनित प्रतिनिधि समितियों के कार्य सचालन के लिए जिम्मेदार होते है। कार्य नियमानुसार हो एव सदस्यों के हितों का संरक्षण हो इसके लिए शासन की ओर से पंजीयक सहकारी समितियों की नियुक्ति की जाती है। मध्य प्रदेश मे सहकारिता के विकास व वर्तमान स्थिति को देखा जाय तो ज्ञात होता है कि अंकीय दृष्टि से सहकारिता ने प्रत्येक क्षेत्र में विकास किया है, किन्तु गुणात्मक दृष्टि से देखने पर ज्ञात होता है कि कृषि साख सहकारिता तो कछुए की चाल चल रही है। किन्तु गेर कृषि साख सहकारिता मरणासन्न स्थिति में सरकारी सहायता रूपी आक्सीजन पर रखी हुई है। इस स्थिति मे लाने का दोषारोपण पजीयक एव प्रतिनिधि प्रबध एक दूसरे पर थोप रहे है। पजीयक का कहना है कि अयोग्य निजी स्वार्थो एवं राजनैतिज्ञों की शरण स्थली बनने के कारण सहकारिता का यह हाल हुआ है। जबकि समितियों के निर्वाचित प्रतिनिधियों का यह कहना है कि सरकार की सामान्य से अधिक दखलन्दाजी के कारण सहकारिता का पूर्णतया सरकारीकरण हो गया है। यह ऐसा है तो निर्धारित सिद्धान्तों के प्रतिकूल है। प्रदेश मे सन् 1984 से समितियों के विधिवत् चुनाव न होना इसकी मिशाल है। जो भी हो, यह सुनिश्चित है कि सहकारिता अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में पूर्णतया असफल रही है। मुख्य समस्या सहकारी प्रबंध के उचित प्रतिपादन की है। सहकारी प्रबध का व्यवसायीकरण

करना समय की मॉग है। वर्तमान परिस्थितियों में सरकार के बढते हुए दायित्व एवं सहकारिता के बढते हुए दायित्व इस ओर इशारा कर रहे है। समय रहते यदि व्यवस्था मे सुधार नहीं किया गया तो एक दिन सहकारिता मे बदल जायेगा या सहकारिता का वह हाल होगा जो सोवियत संघ में समाजवाद का हुआ है।

भारत में सहकारिता आन्दोलन का विकास व प्रारम्भ सर्वप्रथम किसानों को महाजनों के चगुल से मुक्त कराने के लिए किया गया। भारत मे सहकारिता आन्दोलन के जन्मदाता ' सर विलियम वेडरवर्न एव श्री महादेव गोविन्द रानाडे को माना जाता है। इन्होंने 1882 मे सहकारी कृषि बैंक का सुझाव दिया था। 1891 मे मद्रास सरकार ने " कृषि एवं भूमि बैंक " स्थापित करने की आवश्यकता पर अपनी राय प्रस्तुत करने के लिए सर फ्रेडरिक निकल्सन समिति की नियुक्ति की। सन् 1907 के अकाल आयोग ने सहकारी समिति की स्थापना का सुझाव दिया तथा सहकारी समिति की स्थापना हुई। सन् 1901 में ही सहकारी समितियाँ स्थापित करने के संबंध में एक विधेयक बनाया गया। यह 1904 में 25 मार्च को " सहकारी साख समिति " कानून के रूप मे पास किया गया। इस तरह 1904 मे सहकारिता साख का जन्म हुआ। वैसे इस अधिनियम मे बहुत कमियाँ थी। इन कमियों को दूर करने के लिए सन् 1912 में सहकारी समिति अधिनियम पारित किया गया। इसके अन्तर्गत गैर साख-समितियों को भी नियन्त्रित किया गया। वर्तमान समय मे इस अधिनियम मे बीमा, गृह-निर्माण एवम् वस्तुओं का क्रय-विक्रय करने वाली समितियों की स्थापना की थी व्यवस्था की गई। भारत सरकार के 1919 के सुधार कानून ने सहकारिता को प्रान्तीय सरकार का विषय बना दिया। इसके अनुसार सर्वप्रथम बम्बई में सन् 1924 ई0, मद्रास मे 1932 ई0, बिहार मे 1935 ई0, बगाल में 1941 ई0 में सहकारी समिति अधिनियम पारित किया गया।

अवसाद काल (1929ई0) में सहकारी आन्दोलन पर बुरा असर पडा। सहकारी

समितियों की स्थिति मजबूत करने के लिए एव कृषि साख की आवश्यकता की पूर्ति के लिए सन् 1944ई0 मे प्रो0 डी0आर0 गाडगिल की अध्यक्षता मे एक समिति का गठन किया गया। तत्पश्चात् 1945 मे श्री आर0डी0 सौरगा की अध्यक्षता मे सहकारी समिति की नियुक्ति हुई। सन् 1940-50 मे ग्रामीण बैंकिंग जॉच समिति ने यह विचार व्यक्त किया कि भारत मे सहकारिता का ढॉचा सुदृढ नहीं है। इस प्रकार सन् 1950ई0 से सहकारिता की प्रगति का दायित्व योजनाओं पर आ गया।

नियोजन काल मे सहकारिता का वास्तविक विकास मिलता है। प्रथम पच वर्षीय योजना से लेकर वर्तमान समय तक भारत मे सहकारिता की प्रगति निम्न रूपों मे प्राप्त होती है। " नियोजित काल मे नियोजित विकास की योजना के एक अग के रूप मे सहकारी क्षेत्र का निर्माण करना राष्ट्रीय नीति के प्रमुख उद्देश्यों मे से एक है। "[2] सन् 1907 में भारत को स्वतंत्रता मिलने के तदुपरान्त भारत का विभाजन दो उपखण्डों में हो गया। देश का विभाजन होने से देश की आर्थिक स्थिति डावाडोल हो गई। नियोजन से पूर्व सहकारिता पर निर्धारित समितियों की स्थापना पर जोर 1882 में सर विलियम वेडर वर्न ने दिया था। कृषकों को ऋण देने की सिफारिश की थी। यह सहकारी कृषि बैंको की स्थापना के सन्दर्भ मे थी। भारत मे योजना काल के 37 वर्षो की अवधि मे सहकारिता की प्रगति निम्न प्रकार से हुई।

भारत में योजना काल के 37 वर्षो की अवधि में सहकारिता की प्रगति
तालिका 4 2

सं0	विवरण	ईकाई	वर्ष 1950-51	वर्ष 1970-71	वर्ष 1980-81	वर्ष 1987-88
1-	कुल सहकारी समितियॉ	लाख	1 8	2 3	3 3	3 5
2-	समितियों की सदस्यता	लाख	173	644	1,176	1,500
3-	कार्यशील पूँजी	करोड़ रू0	276	681	25,119	4,8000

2- योजना आयोग (1950)

इस तालिका से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि 37 वर्षो के नियोजन काल मे सहकारी समितियों की सख्या 2 गुनी हो गई। समिति सदस्यों की सख्या 8 गुनी व कार्यशील पूँजी मे एक सो चौहत्तर गुने की वृद्धि हुई है। जो इस बात का प्रमाण है कि अब सहकारिता की जडे जम गई है और उनसे अच्छे फल निकलने की अच्छी सम्भावना है।

नियोजन काल में सहकारिता का विकास

" नियोजित काल मे नियोजित विकास की योजना के एक अग के रूप मे सहकारी क्षेत्र का निर्माण करना राष्ट्रीय नीति के प्रमुख उद्देश्यों मे से एक है। "[3]

सन् 1907 में भारत को स्वतंत्र मिलने के तदुपरान्त भारत का विभाजन 2 खण्डों में हो गया। देश का विभाजन होने से देश में अनेक सामाजिक व आर्थिक समस्याये उत्पन्न हो गई। समस्याओं का प्रभाव सहकारी आन्दोलन पर भी पडा। सहकारी समितियों की सख्या 9 4% से घट गई ओर बगाल तथा आसाम मे इसकी स्थिति और दयनीय हो गई। स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरन्त बाद ही लाखों की संख्या मे विस्थापित रिफ्यूगीज के आने पर सरकार को उन्हे बसाने, आर्थिक सहायता देने तथा अन्य कई प्रकार की सुविधाए दिलाने मे सहकारी आन्दोलन ने सरकार का बहुत हाथ बटाया। सहकारी समिति बनाकर शरणार्थियों के लिए भूमि, मकान, ऋण आदि की व्यवस्था की गई। औद्योगिक तथा कृषि व गृह निर्माण सहकारी समितियाँ बनाने के लिए उन्हें प्रोत्साहन दिया गया। द्वितीय विश्व युद्ध बाद लौटे हुए अवकाश प्राप्त सैनिकों को बसाने तथा कार्य दिलाने में भी सहकारी समितियों ने प्रशंसनीय कार्य किया। कई प्रकार की सहकारी समितियों की स्थापना होने से सहकारी समितियों की संख्या बढने से सहकारिता आन्दोलन का क्षेत्र भी बढा। आर्थिक जीवन के क्षेत्र में सहकारी समितियाँ स्थापित

3- योजना आयोग ।

होने से उनका स्थान महत्वपूर्ण हुआ। उत्पादन क्षेत्र मे बुनकर सहकारी समितियाँ, औद्योगिक समितियाँ, कृषि उपकरणों, खाद, रासायनिक उर्वरको के वितरण के लिए बहुउद्देशीय सहकारी समितियाँ, दूध वितरण के लिए दूध वितरण सघ, मोटर - ट्रान्सपोर्ट, गृह-निर्माण समितियाँ, फलोत्पादक सहकारी समितियाँ, गन्ना उत्पादक सहकारी समितियाँ, विपणन सहकारी समितियाँ इत्यादि।

संविधान बनने और कल्याणकारी राज्य की स्थापना की स्वीकृति के बाद देश के लिए विकास की योजनाये बनाना आवश्यक हो गया। सहकारी नियोजन समिति मे " सहकारी को जनतत्रात्मक आर्थिक नियोजन के लिए एक सबसे महत्वपूर्ण माध्यम के रूप मे भूमिका निभानी होगी। यह एक ऐसी स्थानीय इकाई है जो कि योजना के पक्ष मे जनमत को शिक्षित करने और योजना को कार्यान्वित करने की दोहरी जिम्मेदारी उठा सकती है। "[4] अत सन् 1951 मे जब प्रथम नियोजित अर्थ-व्यवस्था का काल पंचवर्षीय योजना को चालू करने से हुआ तब सहकारी आन्दोलन ने एक नये युग में प्रवेश किया। आर्थिक नियोजन का काल प्रारम्भ होने से पूर्व 1950ई0 के जून के अत मे सहकारी आन्दोलन की स्थिति समितियों की सख्या (000 मे) 137 09 बाजार, सदस्यता 125 61 (लाख सख्या) तथा कार्यशील पूँजी 230 करोड रू0 थी।

प्रथम पच वर्षीय योजना मे सहकारिता (1950-51) प्रथम पच वर्षीय योजना 1 अप्रैल 1951 से चालूकर सहकारिता आन्दोलन को जनतंत्र के अन्तर्गत नियोजित कार्य-कलाप का एक अत्भाज्य उपकरण बनाया गया। " पारस्परिक सहायता का सिद्धान्त, जो कि सहकारी संगठन का आधार है और मित्व्यता एव आत्मनिर्भरता का व्यवहार, जो कि इसका पोषण करता है, आत्मनिर्भरता की वह उत्कृष्ट भावना उत्पन्न

4- रिर्पोट आफ दि कोपारेटिव प्लानिंग कमेटी, 1946

करता है कि जनतात्रिक ढग के जीवन-यापन के लिए अति महत्वपूर्ण है।

अपने अनुभव व ज्ञान का एक स्थान में एकत्र करके तथा एक दूसरे की सहायता करके सहकारी समितियों के सदस्य अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को तो सुलझा ही लेते है, साथ ही साथ व श्रेष्ठ नागरिक भी बन जाते है। "[5]

योजना मे कृषि को विकसित करने के लिए सहकारी समिति को महत्वपूर्ण भूमिका दी गई। पचायतों व सहकारी समितियों के समन्वय पर बल दिया गया। सहकारिता विकास हेतु बनाये गये। कार्यक्रमों के अधीन सहकारी कृषि फार्म, बहुउद्देशीय समितियों औद्योगिक सहकारी समितियों, उपभोक्ता व गृह निर्माण समितियों की स्थापना को विशेष बल मिला, पर्याप्त प्रशिक्षित कर्मचारियों की आवश्यकता पर बल मिला कृषकों को पैदावार का उचित मूल्य दिलाने हेतु कृषि विपणन विकास पर बल दिया गया। फलस्वरूप 1956 तक सब प्रकार की सहकारी समितियों की संख्या 2 40 लाख तक पहुँच गई। इसमें 17 6 लाख सदस्यों के अलावा इनकी कार्यशील पूँजी 469 करोड के लगभग हो गई। इस प्रकार समितियों की सदस्य सख्या व सदस्यों की सख्या मे क्रमश 40% और 39% की वृद्धि कर सहकारिता के प्रत्येक अगों मे प्रगति की गई। इस योजना में 6 16 करोड रूपये खर्च किये गये ।

5- प्रथम पंच वर्षीय योजना 1951, पेज 163

पहली योजनावधि मे सहकारी आन्दोलन की प्रगति (1950 से 1956 तक)

तालिका 4.3

सख्या	विवरण	1950-51	1955-56
1-	प्राथमिक कृषि साख समितियों की स0	1,15,462	1,59,939
2-	सदस्यता (लाखों मे)	51 54	77 91
3-	प्रति समिति औसत सदस्यता	45	59
4-	सेवित ग्रामीण जनसख्या का प्रतिशत	10 30	15 60
5-	दिये गये ऋण (करोड रूपये में)	22 90	50 16
6-	प्रति सदस्य औसत ऋण (रूपये)	4 45	64
7-	प्रति समिति औसत पूँजी (रूपये)	727	1051
8-	औसत कार्यशील पूँजी (रूपये)	3,547	4,946
9-	प्रति समिति औसत जमाए (रूपयें)	391	441
10-	शेष ऋणों से अतिदेयों का प्रतिशत	21 00	25 00

उपर्युक्त आकडों से पता चलता है कि 1956 के जून के अत तक ग्रामीण समाज का लगभग 15.6% भाग सहकारिता क्षेत्र में आया था।ट 1951 की अपेक्षा 1956 मे ऋण की मात्रा दोगुनी हो गई थी। समिति एव सदस्य संख्या में 32 तथा 51% वृद्धि हुई। यह प्रगति संतोषप्रद हुए भी गुणात्मक रूप से असंतोषप्रद थी। अधिकतर राज्यों में ए और बी वर्ग की समितियों का % थोडा था। कुल समितियों की संख्या में सी वर्ग

की समितियों % म0प्र0 मे 85%, तमिलनाडु मे 79, आन्ध्र प्रदेश मे 74 एवं उडीसा मे 67 था। अखिल भारतीय साख सर्वेक्षण समिति के अनुसार सहकारी साख के विकास मे टीका करते हुए रिर्पोट मे कहा गया कि " वह न तो अच्छी सहकारिता की शर्तो को पूरा करती है न ही स्वस्थ्य साख की आवश्यकता को। "[6] इस योजना में 75% गॉव सहकारिता क्षेत्र मे प्रभावित हुआ। सन् 1953 मे कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कार्पोरेशन की स्थापना की गई।

द्वितीय पचवर्षीय योजना अवधि मे सहकारिता (1956-61)

द्वितीय पंच वर्षीय योजना का व्यापक लक्ष्य एक समाजवादी समाज की स्थापना करने के अन्तर्गत प्रगति के मूल्यांकन की कसौटी ' निजी लाभ ' नहीं बल्कि ' सामाजिक लाभ ' का होता है। विकास की रूपरेखा और सामाजिक आर्थिक संबधों का ढॉचा इस तरह सुनियोजित करते हैं जिससे न केवल राष्ट्रीय आय और रोजगार में वृद्धि हो वरन् आय और सम्पत्ति के विवरण मे भी पर्याप्त समानता आये। इसमे एक प्रयत्न द्वारा विकास की अपार सम्भावनाओं को देखने व भाग लेने का अपार अवसर मिला है, भविष्य में अपने लिए उच्चतर जीवन-स्तर और देश के अधिक सम्पन्नता के हित में अपना सक्रिय योगदान देने में समर्थ बन सके। इसकी पूर्ति में सहकारिता को एक प्रभावकारी एजेन्सी माना गया है। योजनानुसार " जनतंत्रीय आधार पर आर्थिक विकास सहकारिता के अनेक रूपों मे प्रयोग का एक विशाल क्षेत्र प्रस्तुत करता है। समाजवादी समाज नमूने का समाज, कृषि व उद्योग दोनों ही क्षेत्रों में विकेन्द्रित इकाइयॉ एक बडी संख्या मे स्थातिप करना चाहता है। इन इकाइयों का पारस्परिक सहयोग के द्वारा पेमाने

6- आल इण्डिया रूरल क्रेडिट सर्वे रिपोर्ट, पेज 228

व सगठन के लोभ प्राप्त हो सकते है। इस प्रकार, भारत मे आर्थिक विकास का स्वभाव सामाजिक परिवर्तन पर बदलते हुए सहकारी क्रिया के सगठन के लिए एक विस्तृत क्षेत्र प्रदान करना है और सहकारी सेक्टर का निर्माण करना हमारी राष्ट्रीय नीति का निर्माण करना हमारी राष्ट्रीय नीति का प्रमुख उद्देश्य है। "

सन् 1956 की औद्योगिक नीति प्रस्ताव मे यह जोर दिया गया था कि जहाँ जहाँ सम्भव हो सके सहकारिता सिद्धान्त लागू करना चाहिए साथ ही साथ प्राइवेट सेक्टर को अधिकाधिक सहकारी आधार पर ही सगठित करना चाहिए। सरकार का सहकारी उपक्रमों मे विशेष सहायता देनी चाहिए। समाजवादी समाज के नमूने की स्थापना सभी ढग से तभी सम्भव होती है जब एक विस्तृत व शक्तिशाली सेक्टर बनाया जाय। सहकारिता सबधी विकास कार्यक्रम अखिल भारतीय ग्रामीण साख सर्वेक्षण कमेटी की सिफारिशों पर निर्धारित होकर सहकारिता पर द्वितीय योजना मे 47 करोड रूपये की व्यय निर्धारित किया गया था। इसी के विकास के हेतु 1 सितम्बर 1956 को ' राष्ट्रीय सहकारिता विकास और गोदाम बोर्ड स्थापित किया गया। देश मे गोदाम सुविधाओं के सम्वर्द्धन हेतु बोर्ड को सहायता देने के उद्देश्य मे 25 मार्च 1957 को उक्त अधिनियम के अधीन एक केन्द्रीय गोदाम निगम स्थापित किया गया। इसमे 40 गोदाम बनवाये गये और 79020 टन भण्डारण क्षमता उत्पन्न की। सभी राज्यों मे राज्य गोदाम निगम स्थापित कर 2 78 लाख टन क्षमता के 266 गोदाम बनवाये गये।

योजना काल मे सब प्रकार की सहकारी समितियों की सख्या 2 40 लाख से बढकर 3 32 लाख तक पहुँच गयी। इसमे सदस्य सख्या 176 लाख से बढकर 342 लाख और कार्यशील पूँजी 469 करोड से बढकर 1,312 करोड रूपये पहुँच गई। सरकार का लक्ष्य बडे आकार की समितियों के बजाय छोटे आकार की समितियों की स्थापना करते हुए 150 लाख सदस्य बनाने का पूरा हो गया। (यह कदम मसूरी सम्मेलन 1956 निर्णयानुसार उठाया गया।) इस योजना मे 80% गॉव सहकारिता क्षेत्र मे आया।

आन्दोलन की प्रगति तालिका 2 मे द्वितीय पच वर्षीय योजना की अवधि मे सहकारी आन्दोलन की सम्पूर्ण प्रगति का दर्शन कराया गया है।

द्वितीय पच वर्षीय योजना काल मे सहकारी समितियों की प्रगति (1955 से 1961 तक)

तालिका - 4

सख्या	विवरण	1955-56	1960-61
1-	समितियों की सख्या (लाखों मे)	2 40	3 32
2-	प्राथमिक समितियों की सख्या (लाखों मे)	176	342
3-	अंश पूँजी (करोड रूपये मे)	77	321
4-	कार्यशील पूँजी (करोड रूपये मे)	469	1,312
5-	प्राथमिक समितियों द्वारा दिये गये ऋण (करोड रूपये मे)	50	203
6-	परिधि मे आये हुए गॉव (प्रतिशत मे)	75	80
7-	प्राथमिक साख समितियों द्वारा सेवित ग्रामीण जनता (%)	12	24
8-	प्रति सदस्य देय ऋण (रूपये मे)	64	119
9-	प्रति समिति और सदस्यता	49	00
10-	प्रति समिति औसत दत्त पूँजी (रूपये मे)	1,051	2,722
11-	प्रति समिति औसत कार्यशील पूँजी (रूपये मे)	4,966	12,913

स्रोत - द्वितीय पच वर्षीय योजना

द्वितीय योजना काल मे विकास परिषद, बहुत सी समितियों तथा अध्ययन दलों ने सहकारी कार्यक्रमों के विभिन्न पहलुओं की कार्य विधि का मूल्याकन किया है। । नवम्बर 1958 मे राष्ट्रीय विकास परिषद ने कृषि उत्पादन को बढाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण करने मे सहकारी आन्दोलन की भूमिका पर विचार किया। योजनाकाल मे विभिन्न समितियों एव अनेक कार्यकारी दलों ने विभिन्न पहलुओं के कार्य सचालन पर अपनी रिर्पोट दी है। श्री बी0एल0 मेहता मे नियुक्त समिति ने सहकारी साख मे विकास पर महत्वपूर्ण सुझाव दिये है। एक अध्ययन दल ने पंचायतों तथा सहकारी समितियों के कार्यो के समन्वय पर विचार व्यक्त किया है। सहकारी प्रशिक्षण मे एक दल का विचार था कि सहकारी प्रशिक्षण एव शिक्षा का पूर्ण विकास किया जाना चाहिए। उपभोक्ता सहकारी संस्थाओं के संगठन पर विचार करने के लिए नियुक्त की गयी समिति ने अपने विचार मे कहा कि सरकार को उपभोक्ता आन्दोलन की दिशा में विकास करने के लिए समुचित कार्यवाही करनी चाहिए। राज्यों के सहकारिता का चौथा सम्मेलन आयोजित कर सहकारी साख और विपणन के कुछ पहलुओं पर विचार करने के लिए सहकारिता मन्त्रियों ने जयपुर मे सन् 1960 मे एक सम्मेलन आयोजित किया।

भारत मे सहकारिता को एक अन्य क्षेत्र सामुदायिक विकास को सौंपकर ग्रामीण भारत का सर्वांगीण विकास करना था। नयी समितियाँ खोलकर पुरानी समितियों को सुदृढ करते हुए विकास कार्य पूरा किया गया।

तृतीय पंच वर्षीय योजना में सहकारिता (1961-1966)

तृतीय पंच वर्षीय योजना मे भी प्रथम 2 योजना के समान आर्थिक विकास के कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने में लोगों के आर्थिक जीवन में सुधार लाकर देश मे समाजवादी

लोकतान्त्रिक शासन को मजबूत करना है। सामाजिक स्थिरता, रोजगार अवसरों मे वृद्धि और तेजी से आर्थिक विकास हेतु एक द्रुतगति से बढता हुआ सहकारी सेक्टर, जिसमे किसानों, मजदूरों और उपभोक्ताओं की आवश्यकता पर विशेष ध्यान दिया गया। इस योजना मे सरकार अपने कार्यक्रमों व लक्ष्य के लिए देश के सभी गॉवों को सेवा सहकारी समितियों की परिधि में लाकर, 60% कृषक परिवारों को सहकारी साख उपलब्ध कराकर, 680 करोड रूपये के अल्पकालीन ऋण, मध्यम एवं दीर्घकालीन ऋणों की व्यवस्था कर प्रत्येक राज्य हेतु एक भूमिबधक बैंक की व्यवस्था कर और नये प्राथमिक भूमिबधक बैंक खोलना और नये अनेक प्राथमिक भूमि बधक खोलकर, उपभोक्ता भण्डारों का सगठन और पुनर्गठन कर, प्रत्येक मण्डी के सन्निकट एक विपणन समिति की व्यवस्था कर कृषि उपज के विपणन के नियम हेतु 680 नयी सरकारी मिलों की व्यवस्था कर, सहकारी विपणन, विधायन और साख को संबंधित करना, 3,200 कृषि समितियाँ खोलना, राज्य सरकारों द्वारा सेवा सहकारों की पूँजी में भाग लेना, प्रबंध अनुदान देना व विशेष डूबते ऋण में कोष बनाने की सहायता देना होता था। साथ ही साथ सहकारी आन्दोलन की सफलता के लिए सरकार सभी स्तरों पर सरकार सभी सहकारी सस्थाओं मे साझेदारी ग्रहण करेगी। सहकारिता के विभिन्न सगठनात्मक स्तरों पर कार्य-कर्ताओं के अभाव की पूर्ति करने के व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। सहकारिता की शिक्षा एव प्रशिक्षण पर राज्य एव जिला स्तरों पर सहकारी सघो के विकास का निर्णय लिया गया। सहकारी समितियों के सदस्यों मे ईमानदारी और बचत की भावना उत्पन्न करने पर बल दिया गया। योजनाओं में सहकारिता के विकास के लिए 70 करोड रूपये की व्यवस्था कर विकास कार्य को (पहली व दूसरी योजना के क्रमश 7 करोड व 34 करोड से) आगे बढाया गया।

तीसरी योजना के सहकारिता विषयक कार्यक्रमों की क्रियान्वित को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार ने कई कमेटियाँ और कार्यकारी दल स्थापित किये।

इनका कार्य आन्दोलन की वर्तमान प्रवृत्तियों और समस्याओ का अध्ययन करना तथा वांछित दिशा मे सहकारी आन्दोलन का विकास करने का सुझाव सुझाना था। इस योजना मे विकासार्थ सर्वप्रथम सहकारी प्रशिक्षण विषयक अध्ययन दल श्री एस0डी0 मिश्रा की अध्यक्षता मे गठित हुआ। इसने सहकारिता के क्षेत्र मे कई उपयोगी सुझाव दिये। तत्पश्चात् राष्ट्रीय सहकारी विकास एवं गोदाम बोर्ड द्वारा गठित इस समिति ने 1961 मे अपनी रिर्पोट उपभोक्ता समितियों के सबधी हेतु अनेक उपयोगी सुझाव दिये। फिर बाद मे पंचायतों एवं सहकारी समितियों के सबंध मे गठित कार्यकारी दल ने जनतांत्रिक विकेन्द्रीकरण के आधार पर अनेक सुझाव दिये। तत्पश्चात् भारत सरकार के सामुदायिक विकास एवं सहकारिता मत्रालय द्वारा सन् 1962 मे श्री बी0पी0 पटेल की अध्यक्षता मे तकाबी ऋणों पर समिति बनी। तत्पश्चात् भारत सरकार द्वारा नियुक्त रेलों एवं डाक तार विभाग के अधीन सहकारी समितियों से सबधित अध्ययन दल ने अपनी रिर्पोट सन् 1963 में अनेक सिफारिशों के साथ दी। साथ ही साथ औद्योगिक सहकारी समितियों से संबधित कार्यकारी दल ने 1963 में अपनी रिर्पोट देकर नई समितियाँ गठित करने के साथ ही साथ पुरानी समितियों को स्फूर्तबान बनाना चाहिए। समितियों के स्फूर्तवान बनाने के लिए समितियों के अनेक फेडरेशन बनाये गये। तत्पश्चात् श्री बेकुण्ठ लाल मेहता की अध्यक्षता मे नियुक्त सहकारी प्रशासन के सबंध मे समिति ने विभिन्न राज्यों की विद्यमान विभागीय ढाँचों की परीक्षा करके इनके कार्य संचालन को सुधारने मे अनेक सुझाव दिये गये। मई, 1963 मे ही नियुक्त शहरी साख के संबध मे अध्ययन दल ने अनेक सिफारिशें (जैसे- शहरी एव अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में सहकारी बैंकों का संगठन हो, वैतनिक कर्मचारियों के लिए गठित साख समितियों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि हो) प्रस्तुत की। तत्पश्चात् सन् 1963 मे सहकारी आवास समितियों के संबंध मे कार्यकारी दल ने कई उपयोगी सुझाव दिये है। साथ ही साथ 1964 मे यातायात सहकारी समितियों पर अध्ययन दल ने अनेक सुझाव देते हुए कहा है कि इन समितियों के कार्य की निगरानी के लिए भारत सरकार को विशेष विभाग रखना चाहिए। तत्पश्चात् 1965 मे भारत

सरकार द्वारा नियुक्त प्रो0 शम निवास मिर्धा की अध्यक्षता मे सहकारिता पर मिर्धा समिति का गठन करके अनेक सुझाव प्राप्त किया गया। तत्पश्चात् सन् 1964 मे भारत सरकार द्वारा एक सहकारी विपणन पर दतवाली समिति प्रो0 एम0एल0 दन्तवाला की अध्यक्षता मे गठित करके अनेक सिफारिशें प्राप्त की गई। इसमे सहकारिता पर 77 करोड रूपये खर्च किये गये।

उपरोक्त सभी अध्ययने टोलियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से सबंधित सहकारिताओं के विकास पर अनेक मूल्यवान सुझाव दिये है। इनके आधार पर सहकारी कार्यक्रमों का निर्धारण किया गया है। तृतीय योजना के अन्तर्गत तालिक 5 (1965-66) सहकारी आन्दोलन की प्रमुख उपलब्धियाँ इस प्रकार थी।

तृतीय पंच वर्षीय [illegible] में सहकारी आन्दोलन की प्रगति (1965 से 66 तक)

तालिका 4 5

सख्या	विवरण	रू0
1-	प्राथमिक कृषि साख समितियाँ	261 करोड
2-	सहकारिता आन्दोलन के अधीन आये कृषक परिवार	40%
3-	अल्प एवं मध्यावधि ऋण	342 करोड
4-	दीर्घकालीनन ऋण	580 करोड
5-	विपणन समितियों द्वारा विक्रीत कृषि जन्य पदार्थ	360 करोड
6-	सहकारी चीनी मिलें	78 सख्या
7-	अन्य कृषि विधायन समितियाँ	2049 करोड
8-	सहकारी समितियों द्वारा उर्वरकों की बिक्री	80 करोड
9-	सहकारी भण्डारण क्षमता	24 लाख टन
10-	ग्रामीण क्षेत्रों मे उपभोक्ता वस्तुओं की विक्री	198 करोड
11-	शहरी उपभोक्ता भण्डारों द्वारा फुटकर विक्री	200 करोड

चतुर्थ पच वर्षीय योजनाकाल मे सहकारिता (1969-74)

चौथी योजना काल मे 'स्थिरता के साथ विकास' का लक्ष्य रखा गया। अत इसमे सहकारिता के विकास की स्ट्रेटजी मे कृषि व उपभोक्ता सहकारी समितियों को बहुत महत्व दिया गया। कृषि का विकास सघन खेती से ही सम्भव है। इसके लिए साख सुविधाओं और कृषि इनपुटों मे वृद्धि की जरूरत है। इसमे विभिन्न सस्थाओं के माध्यम से किसानों को सेवाये प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सहकारी विकास कार्यक्रमों के लिए 178 57 करोड रूपये का प्रावधान किया गया। इसके साथ ही साथ 90 करोड रूपये केन्द्रीय क्षेत्र योजना मे भूमि विकास बैंकों के सामान्य ऋण पत्रों की सहायतार्थ रखा गया। पशु-पालन एव पशु विकास एवं पशु डेरी सहकारी संस्थाओं के लिए पशुपालन एवं डेरी योजनाओं में व्यवस्था की गई।

इस प्रकार चौथी योजनान्त तक सहकारिता ने पर्याप्त प्रगति किया। योजना के अन्तिम वर्ष तक 93% गॉव और 43% ग्रामीण परिवार सहकारी क्षेत्र मे आ गये। सहकारी साख समितियों ने अपना 750 करोड रूपये अल्पावधि एव मध्यावधि ऋण देने का लक्ष्य पार करके भूमि विकास सबधी बैंकों का ऋण देने का लक्ष्य भी पूरा कर लिया गया। परन्तु अन्य क्षेत्रों मे प्रगति सतोषजनक नहीं रही। सहकारी समितियों ने केवल 350 करोड रूपये का उर्वरक ही वितरित किया जबकि लक्ष्य 650 करोड रूपये का था। उपभोक्ता समितियों ने 400 करोड रूपये की लक्ष्य के तुलना में केवल 300 करोड रूपये के माल की बिक्री किया।

अनेक राज्यों मे सहकारिता की प्रगति असमान देखी गई। गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु व पजाब मे 71% सहकारी ऋण दिया गया। असम, उडीसा, राजस्थान व पं0 बगाल मे सहकारिता की स्थिति अतोषजनक रही। मुख्य समस्या अवधि पार ऋणों की रही।

इनके बढते रहने से सहकारी समितियों का काम-काज कई राज्यों मे ठप सा पड गया है। योजना मे अन्य प्रकार की जैसे दुग्धालय, मुर्गी-पालन और मत्स्य-पालन, सहकारी समितियों पर भी ध्यान दिया गया। चौथी योजना मे ग्राम एव विपणन समितियों के द्वारा उपभोक्ता वस्तुओं के वितरण को ग्रामीण क्षेत्रों मे विस्तृत एव विविधकृत किया गया। सहकारी समितियों द्वारा उपभोक्ता वस्तुओं का वितरण योजना के अन्त में 500 करोड रूपये का होगा तथा शहरी उपभोक्ता समितियों द्वारा फुटकर विक्रय 400 करोड रूपये तक पहुँच जायेगा। चौथी योजना के भौतिक कार्यक्रम के चुनिदा भौतिक लक्ष्यों को तालिका 6 मे दिखाया गया है।

चतुर्थ पच वर्षीय योजना काल (1969-79) मे सहकारिता का विकास (1960 से 74 तक)

तालिका 4 6

संख्या	कार्यक्रम	ईकाई	प्राप्त स्तर			प्रत्याशित
			1960-61	1965-66	1968-67(अनु0)	1973-74
1-	प्राथमिक कृषि साख समितियों की सख्या	(लाख)	2 12	1 94	1 68	1 20
2-	प्राथमिक कृषि साख समितियों की सदस्यता	(मि0)	17	27	30	42
3-	कृषक परिवार प्रभाव क्षेत्र मे	(%)	30	42	45	60
4-	अल्पकालीन एव मध्यावधि ऋण	(करोड रू0)	200	342	450	750
5-	दीर्घकालीन ऋण	(करोड रू0)	11 6	58	100	700
6-	सहकारी समितियों द्वारा विक्रय (फसलें)	(करोड रू0)	175	360	475	900
7-	सहकारी स0 द्वारा कृषि उर्वरक सप्लाई	(करोड रू0)	28	80	260	650
8-	सहकारी भण्डारण	(मि0 टन)	2 3	2 4	2 6	4 6
9-	सहकारी प्रोसेसिग इकाईयॉ	(सख्या)	1,004	1,500	1,600	2,150
10-	ग्रामीण क्षेत्रों मे उपभोग वस्तुओं का वितरण	(करोड रू0)	16 7	198 1	275	500
11-	शहरी उपभोक्ता समितियों द्वारा बिक्री	(करोड रू0)	40	200	275	400

पच वर्षीय योजना काल मे सहकारिता 1974-80

पॉचवी योजना मे एक सशक्त और स्फूर्तवान सहकारी सेक्टर (जिसमे कृपकों, श्रमिकों और उपभोक्ताओं की आवश्यकता पर विशेष ध्यान देना था) का निर्माण करना राष्ट्रीय नीति का एक प्रमुख उद्देश्य था। सहकारिता द्वारा वर्तमान दशाओं मे वांछित परिवर्तन लाना सम्भव है। साथ ही साथ सहकारिता सामाजिक चेतना का एक साधन है। योजना की रूपरेखा मे यह कहा गया था कि " देश मे विद्यमान दशाओं की वांछित सामाजिक, आर्थिक चुनौतियॉ प्रस्तुत करने के लिए सहकारिता सबसे उपयुक्त एजेन्सी है। कोई अन्य एजेन्सी इतनी अधिक शक्तिशाली एवम् सामाजिक उद्देश्य से ओत-प्रोत नहीं जितनी की सहकारिता है। "[1]

पॉचवी योजना मे सहकारिता के क्षेत्र मे सर्वप्रथम कृषि सहकारी समितियों (ऋण, सप्लाई, विपणन व विधियन) को सुदृढ करना, ताकि एक लम्बे समय तक कृषि का विकास होता रहे। दूसरे दृष्टिकोण मे सहकारिता का विकास उपभोग मे निर्माण, जिससे उपभोक्ताओं को उचित दर, समाज मिलता रहे। तीसरे दृष्टिकोण मे सहकारी विकास विशेषतया सहकारी कृषि साख के सबध मे क्षेत्रीय असतुलन को दूर करना था। चौथे दृष्टिकोण मे सहकारी समितियों का इस तरह पुनर्गठन करना था कि छोटे और सीमात व कमजोर कृषकों के लाभार्थ कार्य किया जा सके। पॉचवी योजना के सहकारिता विकास कार्यक्रमों पर सार्वजनिक परिव्यय कुल 423 करोड रूपये रखा गया जबकि चौथी योजना मे मात्र 258 करोड रूपये थी। सहकारिता के क्षेत्र मे परिव्यय राशि का विभाजन, राज्य एव सघीय क्षेत्र मे 286 करोड रूपये, केन्द्र प्रवर्तित क्षेत्र 44 करोड रूपये और केन्द्रीय सेक्टर मे 93 करोड रूपये रखा गया। ' इफको ' का एक

1- ड्राफ्ट पॉचवी पचवर्षीय योजना, पेज 78

उर्वरक कारखाना फूलपुर (इलाहाबाद) मे स्थापित किया गया।

1975-76 तक देश के 95% तथा 45% गाँव तथा ग्रामीण जनता सहकारी आन्दोलन की परिधि मे आ गया। सहकारी सस्थाओं की सदस्य सख्या 6 5 करोड तक पहुँचकर अशपूजी 1,050 करोड रूपये और कार्यशील पूँजी 8,585 करोड रूपये हो गई। 1975-76 मे प्राथमिक ऋण समितियों ने 1,013 करोड रूपये के अल्पावधि ऋण दिये। मध्य कालीन साख 64 करोड तक दी गई। भूमि विकास बैंकों ने 24 करोड रूपये ऋण बधि के दिये। सहकारी विपणन व्यापार 1,384 करोड रूपये हुआ। बीस सूत्रीय कार्यक्रमों के अधीन परिवार नियोजन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सहकारी सस्थाओं ने प्रयास किये। अल्प विकसित राज्यों मे सहकारिता के विकास हेतु साख, विपणन और विधायन क्षेत्र मे विशेष केन्द्रीय सेक्टर स्कीम लागू की गई। तालिका 7 मे सहकारी कार्यक्रमों के लक्ष्य दिखाये गये है।

पाँचवी पंचवर्षीय योजनाकाल (1974-80) के सहकारिता संबंधी प्रगति (1973 से 79 तक)

तालिका 4 7

सख्या	कार्यक्रम	इकाई	उपलब्ध स्तर (1973-74)	निर्धारित लक्ष्य (1978-79)
1-	कृषि साख समितियों द्वारा अल्पकालीन ऋण	(करोड रू0)	700	1,300
2-	कृषि साख समितियों द्वारा मध्यकालीन ऋण	(करोड रू0)	200	325
3-	भूमि विकास बैंको द्वारा दीर्घकालीन ऋण	(करोड रू0)	900	1,500
4-	समितियों द्वारा कृषि उपज का वार्षिक विपणन	(करोड रू0)	1,100	1,900
5-	सहकारी प्रोसेसिग इकाईयों	(सख्या)	1,500	2,150
6-	सहकारी समितियों द्वारा वितरित उर्वरक का वार्षिक मूल्य	(करोड रू0)	350	380
7-	सग्रह क्षमता योजनान्त	(लाख टन)	33	68
8-	सहकारी उपभोक्ता समितियों द्वारा फुटकर बिक्री (वार्षिक)	(करोड रू0)	300	800

छठवीं योजनाकाल मे सहकारिता - 1980 - 85

छठवीं योजनाकाल मे सहकारिता विकास कार्यक्रमों के लिए 914 13 करोड रूपये खर्च करने का प्रावधान किया गया। इसमे से 330 15 करोड रूपये केन्द्र सरकार व शेष 584 08 करोड रू0 राज्य सरकारे व्यय करेगी। इस योजनाकाल मे निश्चुलिखित कार्यक्रमों के लिए कार्य किया गया। प्राथमिक ग्राम समितियों के लिए कार्यवाही कार्यक्रम बनाया जाना चाहिए इसमें बहु-उद्देशीय इकाईयों के रूप में उचित कार्य होगा और अपने सदस्यों की उचित आवश्यकता को पूर्ण करेगी। दूसरी नीति मे वर्तमान सहकारी नीतियों व तरीकों का पुन परीक्षण किया जायेगा जिससे निश्चित हो सके कि सहकारिता के प्रयत्न एक क्रमबद्ध तरीके से ग्रामीण गरीबों की आर्थिक स्थिति उठाये जाने के लिए किये जा सके। तीसरी नीति मे सघीय सगठनों की भूमिका का पुर्नस्थापन व सघनन किया जायेगा। चौथी नीति मे प्रबंधकीय पदो के लिए पेशेवर मानव शक्ति व उचित पेशेवर केडर का विकास करना था।

स्वतत्रता प्राप्ति के बाद देश मे नियोजित कार्यक्रम के विकास मार्ग को अपनाया। सहकारिता आन्दोलन को लोकतत्रीय नियोजन का अत्याज्य साधन और देश के सामाजिक आर्थिक जीवन के पुनर्गठन का एक महत्वपूर्ण माध्यम माना गया। इस प्रकार हम कह सकते है कि नियोजित विकास की स्कीम के एक अग के रूप मे सहकारिता के क्षेत्र का निर्माण करना राष्ट्रीय नीति का एक प्रमुख उद्देश्य है। इस योजनाकाल मे सरकार आन्दोलन के माध्यम से साख और गैर-साख दोनों ही क्षेत्रों में पर्याप्त प्रगति की है। इस काल में ही कई प्रकार की औद्योगिक सहकारी समितियाँ (जैसे - बुनकर सहकारी समितियाँ) दुग्ध सहकारी समितियाँ, परिवहन सहकारी समितियाँ तथा गृह निर्माण सहकारी समिितियाँ स्थापित हुई। कई वर्षो के प्रयासों के बाद सहकारिता को एक

2- छठीं पचवर्षीय योजना, 1980-85, पेज सख्या 181

मजबूत ढाँचा खडा किया जा सका है। साख के क्षेत्र मे सब राज्यों मे एक शीर्ष बैंक है। सम्पूर्ण देश मे केन्द्रीय बैंकों के पुनर्गठन एवं विवेकीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। गैर साख क्षेत्रों मे भी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर शीर्षस्थ सस्थाये स्थापित कर दी गई है। संघीय ढाँचे के अन्तर्गत सघीय संस्थाओं ने प्रवर्तन तथा निरीक्षण संबंधी कार्यो के लिए उत्तरदायित्व को स्वय अपने हाथों लिया है। सगठन की दृष्टि से ये सभी प्रकार की सहकारी समितियों की प्रतिनिधि सस्थायें बन गई है। छठवीं योजना के अन्तर्गत सहकारिता के अन्तर्गत कुछ लक्ष्य निम्न ढग से है -

छठवीं पंचवर्षीय योजना (1980-85) सहकारिता सबधी प्रगति (1979 से 85 तक)

तालिका 4 8

सख्या	कार्यक्रम	इकाई	उपलब्ध स्तर (1979-80)	निर्धारित लक्ष्य (1984-85)
1-	अल्पकालीन ऋण	(करोड रु0)	1,300	2,500
2-	मध्यकालीन ऋण	" "	125	240
3-	दीर्घकालीन ऋण	" "	275	255
4-	सहकारिता माध्यम से कृषि पदार्थो का विपणन	" "	1,750	2,500
5-	सहकारिता माध्यम से खादों का वितरण	" "	900	1,600
6-	सहकारिता माध्यम से गाँवों मे उपभोक्ता वस्तुओं का वितरण	" "	800	2,000
7-	सहकारी माध्यम से शहरों मे उपभोक्ता वस्तुओं का वितरण	" "	800	1,600
8-	गोदामों का निर्माण (क्षमता)	लाख टन मे	47	82
9-	शीत भण्डारों का निर्माण (क्षमता)	" "	2 14	7 48
10-	प्रोसेसिग इकाईयों की स्थापना			
	क- चीनी मिल		142	185
	ख- बुनाई मिल		62	90
	ग- तेल मिल		304	390
	घ- अन्य मिल व कारखाने		2,037	2,359

इस प्रकार सहकारिता आन्दोलन का उद्देश्य ऊर्जा, यातायात का विकास, रोजगार का सृजन, जनसंख्या नियत्रण, शिक्षा, पेयजल की व्यवस्था तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र मे सुसगठित व समुचित विकास करने से होता है। इस योजना के लिए वित्तीय व्यवस्था का मुख्य स्रोत घरेलू बचत व निजी निवेश होंगें क्योंकि भारत सरकार को वित्तीय घाटे को 6 5% तक घटाकर औसत घरेलू बचत 21 6% करना जरूरी है। औद्योगिक ढाँचें मे परिवर्तन के कारण निर्यात मे 13 6% वृद्धि व आयात मे 8% की कमी आ सकती है। आठवीं योजना राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा स्वीकार की गई है।

सातवीं योजनाकाल मे सहकारिता की प्रगति (1985-1990)

सातवीं योजनाकाल मे भारत मे सहकारिता के क्षेत्र मे उल्लेखनीय प्रगति हुई। सामान्यता छठवीं योजना मे चलाये गये कार्यक्रमों को और आगे बढाया गया। इस बात का भी प्रयास किया गया कि बहुउद्देशीय समितियाँ अधिक से अधिक स्थापित की जा सके। सातवीं योजना मे कुल 1400 करोड रूपये सहकारिता कार्यक्रमों पर व्यय किये जाने का प्रावधान था। राष्ट्रीय विकास परिषद 12, 13 जुलाई 1984 की बैठक मे इसे स्वीकार किया गया। इस योजना मे 12 सूत्रीय उद्देश्य के साथ ही साथ खाद्य सामग्री, रोजगार, उत्पादन, विकास, न्याय, सामाजिक न्याय, आत्मनिर्भरता इत्यादि पर बल दिया गया ।

तालिका 4 9

सातवीं सहकारी पचवर्षीय योजना 1984 से 1990 तक प्रगति

सख्या	कार्यक्रम	इकाई	आधार वर्ष 1984-85	योजना लक्ष्य 1989-90
1-	अल्पकालीन ऋण	करोड रू0	2,500	5,540
2-	मध्यकालीन ऋण	" "	250	500
3-	दीर्घकालीन ऋण	" "	500	1,030
4-	सहकारिता माध्यम से कृषिगत उत्पादन का विपणन	"	2,700	5,000
5-	सहकारिता के गोदाम से उर्वरक की फुटकर बिक्री			
	1- मात्रा	मिट्रिक टन	3 60	8 33
	2- मूल्य	करोड रू0	1,500	3 400
6-	ग्रामीण क्षेत्रों मे उपभोक्ता वस्तुओं का वितरण	" "	1,400	3,500
7-	सहकारिता माध्यम से शहरों मे उपभोक्ता वस्तु वितरण	" "	1,400	3,500
8-	सहकारिता में निर्मित गोदामों की क्षमता	मिट्रिक टन	8 00	1,000
9-	सहकारी चीनी स्थापित किये जाने वाले कारखाने	सख्या	185	220
10-	सहकारी बुनाई मिल स्थापित किये जाने वाले	" "	90	130
11-	शीत गृह स्थापित किये जाने वाले	" "	185	250

स्रोत– सातवीं पंचवर्षीय योजना

इस प्रकार स्पष्ट है हिक उपर्युक्त तालिका से वर्तमान समय मे सहकारिता जीवन के प्रत्येक क्षेत्रों मे प्रगति कर रही है। भारतवर्ष का सहकारिता आन्दोलन समितियों की सख्या के दृष्टिकोण से विश्व मे सबसे विशाल है। विभिन्न प्रकार की 350 लाख से अधिक सहकारी समितियाँ आर्थिक क्रियाओं मे रत है। देश मे 14 करोड से भी अधिक व्यक्ति इनके मालिक है। 18% देश के गॉव इनकी परिधि मे सम्मिलित किये जा चुके है। सहकारिता का कार्यात्मक विकास नवीन क्षितिज को प्राप्त कर रहा है। प्रत्येक आर्थिक क्रिया मे सहकारिता का प्रवेश हो चुका है। देश के चीनी उत्पादन मे सहकारिता का योग लगभग 55 प्रतिशत है।

देश के उर्वरक उत्पादन मे भी सहकारिता का योगदान उल्लेखनीय है। भारतीय कृषक उर्वरक सहकारी संस्थान सम्पूर्ण एशिया मे सबसे बडी सहकारी समिति है। यह देश के उर्वरक उत्पादन मे 40% योगदान करती है। देश में 60% उर्वरक सहकारी संस्थाओं द्वारा वितरण किया जाता है। देश के अन्तर्राज्यीय और विदेशी व्यापार में भी सहकारी विपणन संस्थायें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अब तो सहकारिता सभी यत्रों के उत्पादन मे भी अपना स्थान स्थापित कर चुकी है। इस प्रकार स्पष्ट है कि भारत मे सहकारिता ने देश के आर्थिक ढॉचें को सुदृढ आधार प्रदान कराने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है और साथ ही साथ आगे भी भारत में सहकारिता का भविष्य उज्जवल है। इस योजना में कुल व्यय 322366 करोड रू0 खर्च किया गया।

आठवीं योजना काल मे सहकारिता की प्रगति (अप्रैल 1992 - मार्च 1997)

भारत की आठवीं योजना 1 जनवरी 1990 से शुभारम्भ होकर 1995 के अत तक चलती, लेकिन ससाधनों मे कमी और केन्द्रीय सरकार मे परिवर्तन होने से, योजना आयोग में पुर्नगठन होने से इसकी प्राथमिकताओं और विकास रूप रेखा में नीतिगत

परिवर्तन होता रहा और योजना आयोग का अन्तिम स्वरूप तैयार नहीं हो सका। अब एक अप्रैल, 1992 से आठवीं योजना आरम्भ की गई। आठवीं पचवर्षीय योजना आरम्भ के समय विश्व के आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य कर कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए है। जिसमे यू एस एल एस आर का विघटन और विश्व की विभिन्न विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का खुलेपन की ओर अग्रसर होना प्रमुख है। पिछले वर्षो में भारत की अर्थनीति भी खुलेपन की ओर अग्रसर हुई है। इन परिवर्तनों को ध्यान मे रखते हुए आठवीं योजना के लक्ष्य निर्धारित किये गये है। आठवीं योजना हेतु कुल 7,98,000 करोड रूपये का विनियोग निर्धारित किया गया है। इसमे 3,61,000 करोड रूपये सार्वजनिक क्षेत्र पर व्यय किया गया है और शेष राशि का विनियोग निजी निगम क्षेत्र की ओर और परिवार क्षेत्र की ओर होगा। इस विनियोग राशि के आधार पर आठवीं योजना पर सकल घरेलू उत्पाद मे 5 6% प्रतिवर्ष वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। यह संवृद्धि दर सातवीं योजना की वास्तविक सवृद्धि दर के लगभग समान है। 1980-90 के दशक मे आर्थिक सवृद्धि की दर लगभग 55% समान प्रतिवर्ष रही है। इस प्रकार 1992-97 की आठवीं योजना के लिए लक्ष्य 5 6% प्रतिवर्ष का निर्धारित लक्ष्य अधिक महत्वाकांक्षी नहीं है। छठी और 7वीं योजना का निष्पादन स्तर यह भी सकेत करता है कि अब "हिन्दू सम्वृद्धि दर" की लक्ष्मन रेखा को भी पार किया जा चुका है।

योजना पूरा करने की सबसे महत्वपूर्ण समस्या वित्तीय साधन को प्राप्त करने की होती है। आठवीं योजना के कुल परिव्यय 7,98,000 करोड रूपये घरेलू उत्पाद का 23% भाग वार्षिक विनियोग दर के रूप मे परिकल्पित है। परन्तु अगले 5 वर्षो के लिए अनुमानित बचत दर सकल घरेलू उत्पाद का 21 6% आंकी गई। इस प्रकार उपलब्ध साधन निर्धारित परिव्यय से 1 4% अर्थात् 50,000 करोड रूपये कम है। इस कमी को अन्य देशों अथवा अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से ऋण लेकर पूरा किया जाता है। सातवीं योजना में भी विनियोग दर सकल घरेलू उत्पाद की 22 9% रही है। जिसमे 20 5% अश घरेलू बचत से और शेष 2 4 प्रतिशत अश विदेशी बचत

अर्थात् अन्य देशों अथवा अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सस्थानों से ऋण लेकर पूरा किया गया था। इस प्रकार सातवीं व आठवीं योजना की विनियोग मुक्ति मे मुख्य अन्तर यह है कि आठवीं योजना मे विनियोग के अपेक्षाकृत कम प्रतिशत अश के लिए विदेशी बचत पर निर्भर रहना होगा।

पूँजी उत्पादन अनुपात अर्थव्यवस्था की क्रियाशीलता के समानता का आइना होता है। पिछली योजनाओं मे पूँजी प्रधान औद्योग्किी के प्रति अधिक झुकाव, उत्पादन के सरल अवस्थाओं के विदोहन हो जाने, आगतों की ऊची कीमत और विनियोग के चालू परिव्यय बढने से वृद्धिशील पूँजी उत्पादन अनुपात अधिक हो गया था। उत्पादन के प्रति इकाई हेतु अधिक व्यय करना पड रहा था। ऑठवी योजना मे वृद्धिशील पूँजी अनुपात 4। रखने का लक्ष्य रखा गया। ताकि परिकल्पित विनियोग के 5 6% प्रतिवर्ष के आर्थिक सम्वृद्धि दर प्राप्त कर सके। पूँजी उत्पादन अनुपात में कमी करने का प्रयास योजना की बडी विशेषता है। इन समष्टिगत् आयामों के साथ आठवीं योजना के लक्ष्यों का निर्धारण 3 बातों को ध्यान मे रखकर किया गया है। प्रथम योजना के वित्तीयन हेतु घरेलू ससाधनों पर निर्भरता बढायी जाय। द्वितीय विज्ञान और प्रयोगिकी के विकास हेतु तकनीकी क्षमता बढायी जाय। तृतीय अर्थव्यवस्था का आधुनिकीकरण करना तथा इसे प्रति रूपर्धात्मक बनाना ताकि भारतीय सामान दूसरे देशों के बाजारों मे बेचा जा सके और इससे सार्वजनिक विकास के लाभ प्राप्त हो सके। इनके साथ बेरोजगारी मे कमी, जनसहयोग द्वारा जनसख्या नियंत्रण प्राथमिक शिक्षा का सावत्रीकरण, पेयजल और प्राथमिक स्वास्थ्य, सेवाओं का प्रसार कृषि का विकास और विविधकरण तथा अवस्थापन सुविधाओं को यथा ऊर्जा, परिवहन, संचार और सिचाई का विकास योजना के मुख्य लक्ष्य रखे गये हैं।

रोजगार सृजन आठवीं योजना का प्रमुख लक्ष्य है। पिछले दशक मे रोजगार अवसरों मे 22% प्रतिवर्ष की वृद्धि हुई। इससे बेरोजगारी बढती गयी। आठवीं योजना

मे रोजगार के पर्याप्त अवसर सृजन होने से वर्तमान शताब्दी के अत तक सबको रोजगार मुहैया कराने का लक्ष्य सर्वोपरि है। अवशिष्ट बेरोजगारों और श्रम शक्ति की आगामी वृद्धि को ध्यान मे रखते हुए योजनाकाल मे 3% वर्ष वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। योजनायोग के उपाध्यक्ष श्री प्रणव मुखर्जी ने बजट र चर्चा के लिए आयोजित गोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कहा था कि अगले दस वर्षो मे दस करोड श्रमिकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेगें। " कृषि का विविधीकरण, कृषि एवं वानिकी हेतु व्यर्थ पडी भूमि का लघु आकारीय विनिर्माण इकाईयों का विकास आदि की पहचान रोजगार वृद्धि हेतु की गई है। अभी तक देश के सभी गाँवों मे पेयजल की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। सातवीं योजनान्त तक 8365 गाँव इस प्रकार थे, जहाँ पेयजल व्यवस्था नहीं थी। कई गाँव इस प्रकार है कि पेयजल अत्यन्त न्यून है। उन्हे 1 6 किमी0 की दूरी से पानी लाना पडता है। आठवीं योजना मे यह लक्ष्य भी रखा गया है कि योजनान्त तक सभी गाँवों मे जलापूर्ति कर दी जायेगी और वे गाँव जो 1 6 किमी0 से दूर है उन्हे अनेक निकट जल स्रोतों से जोडा जायेगा। इसी प्रकार योजना मे यह लक्ष्य रखा गया कि 15-35 वर्ष की आयु के समस्त लोगों को साक्षर बनाया जायेगा। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए लगभग 11 करोड लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए राजस्थान, बिहार, म0प्र0, हरियाणा और उत्तर प्रदेश मे विशेष प्रयास की आवश्यकता है।

अब भी कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का आधारिक व्यवसाय है। योजनावधि मे कृषि को विविधीकृत करने तथा कृषि उत्पादन और उत्पादकता में व्याप्त क्षेत्रीय असतुलन को कम करने तथा कृषि उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। हरित क्रान्ति का प्रभाव अभी उत्तरी और उत्तरी पश्चिमी भाग तक सीमित है। योजना मे इसे देश के अन्य भागों विशेषकर उत्तरी-पूर्वी भाग मे फैलाने का प्रयास किया जायेगा। जहाँ पर्याप्त वर्षा होती है। मिट्टी में प्रचुर उर्वराशक्ति है। देश का 2/3 क्षेत्र कृषि का अभी भी वर्षा पोषित है। इसलिए बरानी खेती के विकास पर विशेष बल दिये जाने

का प्रावधान है। तिलहन, उत्पादन मे यद्यपि हाल के वर्षो मे वृद्धि हुई है। तथापि इसको बढाया जा सकता है और विदेशी विनियम की प्राप्ति मे सहायक होगा। अत इसके विकास के लिए विशेष प्रयास किये जाने चाहिए। औद्योगिक क्षेत्र के विकास मे निजी क्षेत्र का दायित्व बढता जा रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के कई औद्योगिक सस्थानों का निजीकरण किया जा रहा है। इसलिए औद्योगिक क्षेत्र मे प्रति योजना दायित्व कम हो रहा है। परन्तु अवस्थापनागत सुविधा मुहैया कराने और उसे मजबूत बनाने का दायित्व सरकार का है। अवस्थापनागत सुविधाओं का प्रसार औद्योगिक विकास की रीढ और पूर्वापेक्षा है। इस दृष्टि से सार्वजनिक उद्यमों की औद्योगिक विकास मे आधारिक भूमिका बनी रहेगी। योजना में यह स्वीकार किया गया कि अवस्थापनागत सुविधाओं के विकास और उसकी मॉग पूरा करने मे सार्वजनिक क्षेत्र की निर्णायक भूमिका बनी रहेगी। परन्तु सरकारी उद्यमों की क्रियाविधि बाजार व्यवस्था पर आरम्भ करने का प्रावधान है जिसमे कीमत निर्धारण लागत के अनुसार और लागत निर्धारण क्षमतानुसार होगा।

योजनार्थ रोशन जुटाने हेतु विदेशी बचत पर जो निर्भरता प्रदर्शित की गई है एक चिन्तनीय विषय है। खर्च का कुछ भाग ऋण लेकर पूरा करने से देश पर ऋण भार बढेगा। सन् 1992-93 के बजट मे केवल ब्याज के भुगतान पर 32,000 करोड रूपये सार्वजनिक व्यय प्रदर्शित किया गया है। योजना खर्च के लिए ऋण लेने से ब्याज भुगतान की समस्या जटिल हो जायेगी। तब भी योजनाकाल मे यदि कृषि और ग्रामीण विकास के उच्चतर प्रतिमान प्राप्त कर लिए जाय तो अर्थव्यवस्था का हित साधन हो जायेगा, रोजगार अवसर बढ जायेगे तथा गरीबी कम हो जायेगी। परन्तु इसके लिए कृषि तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की संवृद्धि दर 5 से 6 प्रतिशत प्रति वर्ष करना होगा।

तालिका 4.10

पचवर्षीय योजनाओं मे भारत की सहकारिता प्रगति (1950 से 77 तक)

क्रमाक	विवरण	पच - वर्षीय योजना के अतिम वर्ष					
		1950-51	प्रथम	द्वितीय	तृतीय	चतुर्थ	1975-76
1-	सभी प्रकार की सहकारी समितियों की(सख्या)	1,24,083	1,78,924	2,34,428	2,14,012	1,78,070	1,59,782
2-	कुल सदस्य सख्या (लाखों मे)	77 85	123 35	241 36	356 05	556 68	613 90
3-	कुल सहकारी ऋण समितियों की करोबार पूँजी (करोड रूपये में)	अप्राप्त	अप्राप्त	1,096	2,336	6,865	8,767
4-	वितरित सहकारी ऋण योजना के अतिम वर्ष के अन्तर्गत (लाख रू0)	71 84	123 98	342 32	655 65	1,638 49	2,019 36
5-	सभी ऋण समितियों के निक्षेप जमा (लाख रू0 मे)	99 38	152 18	295 85	605 20	1810 18	2,482 88

प्रति सहकारी ऋण समिति औसत

क्रमाक	विवरण	1950-51	1955-56	1960-61	1965-66	1973-74	19975-76
1-	सदस्य सख्या	45	49	80	136	227	293
2-	अश पूँजी (हजार रू0)	1	1	3	6	18	24 2
3-	निक्षेप (हजार रू0 मे)	-	-	1	2	6	8 4
4-	लगा हुआ ऋण (हजार रू0 मे)	2	3	10	18	69	96

यादव मुलायम सिंह - आर्थिक प्रजातत्र का शसक्त माध्यम, "सहकारिता" 1979 यू0पी0को0आ0 यूनियन मासिक पत्रिका, पेज 196
(सहकारी सप्ताह विशेषांक, अक्टूबर - नवम्बर)

****

पंचम अध्याय

उत्तर प्रदेश में सहकारिता विकास का एक सामान्य अवलोकन

****

उत्तर प्रदेश मे सहकारिता

उत्तर प्रदेश मे सहकारितान्दोलन वर्तमान सदी के प्रथम चरण (1904)मे ग्रामीण जनता को महाजनों के चगुल से छुडाने के लिए प्रारम्भ किया गया। प्रारम्भ मे सहकारितान्दोलन का उद्देश्य सीमित एवम् सगठनात्मक व्यवस्था अपर्याप्त थी। गॉवों मे लघु आकारीय सहकारी साख समितियों का सगठन कृषकों को ऋण की सुविधा प्रदान करने के लिए किया गया। यह सस्थाये छिटपुट इकाई के रूप मे अवेतनिक प्रबंध के आधार पर सीमित साख व्यवस्था प्रदान करती थी। अनुभव यह किया गया कि जब तक प्रारम्भिक स्तर से शीर्ष स्तर तक पूर्ण सगठनात्मक ढॉचा नहीं होगा और साख समितियों के साथ-साथ गैर साख समितिया सगठित नहीं की जाती है, तब तक आन्दोलन अपने लक्ष्य की प्राप्ति नहीं कर सकता है। अत 1912 के सहकारी अधिनियम के पारित होने के फलस्वरूप प्रारम्भिक समितियों के साथ-साथ केन्द्रीय समितियों एवं गैर-साख समितियों का सगठन प्रारम्भ हुआ। वर्ष 1919 एवं 1937 मे अपनाये नये संवैधानिक सुधारों सहकारिता पर गठित नियोजन समिति एव मेक मैकलागान समिति तथा कृषि पर शाही आयोग की सिफारिशों, भारतीय रिजर्व बैंक के गठन एवम् स्वदेशी आन्दोलन का सहकारिता आन्दोलन पर अनुकूल प्रभाव पडा। सहकारी समितियों की सख्या में वृद्धि हुई परन्तु स्वतत्रता से पूर्व आन्दोलन अधिकतर समस्याओं का शिकार रहा। युद्धकालीन स्थिति एवम् मदी का आन्दोलन पर विपरीत प्रभाव पडा। बकाया धनराशि मे वृद्धि होती गई। इस अवधि मे राशनिग एवम् नियत्रण नीति से समितियों मे अवश्य थोडी जान आई, परन्तु आन्दोलन को प्रदेशव्यापी नियोजित स्वरूप नहीं मिल सका। संगठनात्मक व्यवसायिक क्षमता का अभाव बना रहा।

वर्ष 1946-47 मैं कार्यरत समितियों की कुल संख्या प्रदेश स्तर पर 23,496 थी। उनकी सदस्यता 18,85,901 तथा कार्यशील पूँजी 8 51 करोड रूपये थी। वितरित

ऋण की मात्रा । 25 करोड रूपये थी। जिला/केन्द्रीय सरकारी बैंक की भी कार्यशील पूँजी एवं निक्षेप क्रमश 94 87 तथा 54 92 लाख रूपये थी। विकास खण्ड तथा जनपद स्तर पर सहकारी सघ सगठित किये गये। 1948-49 मे 384 नये बीज भण्डार खोले गये। स्वतत्रता प्राप्त होते ही विभाजन, शरणार्थी एवम् खाद्य समस्याये आ गई। आन्दोलन पर आवश्यक ध्यान न देने से आन्दोलन के विकास मे नियोजित एवम् ठोस प्रयासों का अभाव बना रहा। इसी बीच 1953-54 में " अखिल भारतीय ग्रामीण साख-सर्वेक्षण समिति ने अपनी रिर्पोट प्रकाशित की। समिति ने अपनी रिर्पोट में सहकारी आन्दोलन की समस्याओं को दर्शाते हुए भावी विकास के लिए योजना एवं नीति पर अपने सुझाव दिये। समितियों मे राज्य की साझेदारी, साख-विपणन एवम् अन्य आर्थिक क्रियाओं मे समन्वय तथा कुशल प्रबध की विचारधारा को अपनाया गया। 730 दीर्घाकार समितियों का सगठन प्रदेश में किया गया। भूमि बधक बैंक स्थापित किये गये, राष्ट्रीय विकास परिषद के सुझाव पर 1959-60 से साधन सहकारी समितियों का सगठन किया गया। वर्ष 1959-60 मे साख समितियो की सख्या बढकर 57,126 हो गई। सहकारी आन्दोलन के विकास को पंच-वर्षीय योजनाओं में बल मिला। समितियों को आर्थिक बनाने के लिए पुर्नगठन एवं मास्टर प्लान योजना बनाई गई। संवहन (सम्मेलन) एवम् विलयन प्रक्रिया मे समितियों को अन्तोगत्वा न्याय पंचायत स्तरीय स्वरूप प्रदान किया गया। निर्बल वर्ग को प्रतिनिधित्व प्रदान करने तथा सेवाओं मे विविधिता एवं उपयोगिता लाने की दृष्टि से किसान सेवा समितियाँ बनाई गयी। पहाडी तथा जन जातियों के क्षेत्र मे विशेष प्रकार की समितियाँ " लैम्प्स " गठित की गई। सहकारी बैंक की शाखायें खोली गयी। विभिन्न प्रकार की विधायन समितियाँ गठित की गई। शीत भण्डार बनने से प्रदेश स्तर पर आन्दोलन के क्षेत्र में प्रसार एवं विस्तार हुआ। सहकारी न्यायाधिकरण एवम् संस्थागत सेवा मण्डल बनाये गये। सहकारिता के क्षेत्र में धीरे-धीरे नयी विधियाँ स्वत मिलती गई।

सहकारी आन्दोलन के प्लेटिनस जुबली के अवसर पर उत्तर प्रदेश सहकारी

आन्दोलन की वर्तमान प्रगति, कीर्तिमान उपलब्धियों एवम् नवीन आयामों का चित्रण प्रस्तुत करने मे हमे हर्ष एवं गौरव का अनुभव प्रतीत हो रहा है। कुछ समय पूर्व तक इस प्रदेश की गणना सहकारिता की दृष्टि से पिछडे प्रदेशों मे होती थी। परन्तु आज सहकारी बन्धुओं, शासन कार्मिकों एवम् अधिकारियों के सयुक्त प्रयास से उत्तर प्रदेश को सहकारिता की दृष्टि से विकसित राज्य का गौरव प्राप्त हो रहा है। प्रदेश मे साख सुविधा के प्रसारण हेतु सहकारी आन्दोलन में 2 अलग - अलग परन्तु विशिष्ट श्रोतो का निर्माण किया गया है। 'प्रथम स्रोत मे', राज्य सहकारी बैंक, जिला सहकारी बैंक एवम् प्रारम्भिक सहकारी समितियाँ है। कृषकों को अल्प, मध्य तथा उपभोग सुविधाये देने के अतिरिक्त कृषि निवेशों की आपूर्ति एवम् उपभोग सामग्री का विवरण करती है। इसी ढाँचे के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों तक अधिकोषण सुविधा का प्रसारण किया गया है। द्वितीय श्रोत मे', उत्तर प्रदेश सहकारी भूमि विकास बैंक एवम् इसकी अनेक शाखाये है। कृषको को भूमि सुधार, सिंचाई के साधनों का निर्माण एवम् अन्य पूँजीगत आवश्यकताओं के लिए दीर्घकालीन ऋण की सुविधायें प्रदान करता है।

सहकारी विपणन एवं विधायन के अन्तर्गत प्रदेश मे कृषक सदस्यों की उपज का न्यायोचित मूल्य दिलाने का प्रावधान किया गया है। इस उद्देश्य हेतु शीर्ष स्तर पर यू0पी0 कोआपरेटिव फेडरेशन जनपद स्तर पर जिला सहकारी सघ तथा मण्डी स्तर पर प्रारम्भिक क्रय-विक्रय समितियों का व्यापक सस्थागत ढाँचा निर्मित किया गया है। कृषि उत्पादनों के अलावा ये संस्थाये उत्पादनों की पूर्ति, उपभोक्ता सामग्री का विवरण, वस्तुओं का विधायन वितरण भण्डारणा एवम् उत्पादन भी करती हैं। प्रादेशिक सहकारी आन्दोलन का यह द्वितीय श्रोत है। उत्तर प्रदेश सहकारी संघ द्वारा प्रदेश में कुल वितरित रासायनिक उर्वरक के 40% भण्डारण एवं विक्री व्यवस्था की जाती है। प्रदेश में लगभग 4076 विक्री केन्द्र सहकारी उर्वरक विक्री केन्द्र के रूप मे है। इस समय 1341 सहकारी कृषिपूर्ति भण्डारों द्वारा अच्छे बीजों का वितरण किया जाता है। इनके द्वारा लगभग 7 80 लाख कुन्तल सवाई बीज का वितरण किया गया है।. 237

सहकारी क्रय-विक्रय समितियाँ कार्यरत है । सहकारी क्षेत्र मे विधायन इकाईयो की की भी स्थापना कृषकों की आय मे वृद्धि एव सुविधा हेतु की गई। इन इकाइयों की स्थिति निम्नवत् है ।-

शीत गृह	-	44
धान मिल	-	22
दाल मिल	-	19
तेल मिल	-	04
कृषि सेवाई केन्द्र	-	11

इनके अतिरिक्त 50 नये शीत गृह, 2 चावल मिल, 3 दाल मिल, 18 कृषि सेवाई केन्द्र तथा 10 वर्ष फेक्टरी के स्थापित किये जाने की योजना है। 6 शीत गृह निर्माणाधीन है। अधिक विधायन इकाईयाँ स्थापित किये जाने के प्रयास किये जा रहे है जिससे कृषकों को कृषि उपज का अच्छा मूल्य दिलाया जा सके और उपभोक्ता को शुद्ध वस्तुये उचित मूल्य पर दिलाई जा सके।

प्रदेश की जनता को न्यायोचित दर पर उपभोक्ता सामग्री दिलाने का कार्य सहकारी उपभोक्ता ढाँचे द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश स्तर पर केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डार, सहकारी संघ, जनपद स्तर पर प्रारम्भिक एव केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डार नियत्रित एवं आवश्यक वस्तुओं का वितरण कर रहे है। प्रादेशिक उपभोक्ता सघ प्रदेश मे अपनी 17 शाखाओं के माध्यम से थोक वितरण का कार्य करता है। केन्द्रीय भण्डार थोक एवम् फुटकर दोनों व्यवसाय मे तल्लीन है। ग्रामीण क्षेत्रों मे उपभोक्ता सामग्री का वितरण प्रारम्भिक साख समितियों के माध्यम से कराया जा रहा है। नगरों के अनेक भागों मैं आवश्यक वस्तुओं के वितरण का कार्य प्राथमिक उपभोक्ता भण्डारों तथा जनता दुकानों

के माध्यम से कराया जा रहा है। प्रदेश के बडे - बडे नगरों मे सुपर बाजार अपना बाजार बडे स्तर पर उपभोक्ता सामग्री का फुटकर व्यवसाय कर रहे है। मूल्य नियत्रण की दिशा मे इन बाजारों द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जा रही है। वर्तमान मे प्रदेश मे सुपर बाजारों की संख्या 5 से अधिक है। ग्रामीण उपभोक्ता योजनान्तर्गत 171 लीड एवं 3483 लिंक समितियाँ कार्यरत है। 3275 सस्ते गल्ले की दुकानें सहकारी सस्थाओं द्वारा चलायी जा रही है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत सहकारी सस्थाओं द्वारा 270 13 लाख रूपये की उपभोक्ता वस्तुयें जनता को वितरित की गई। उक्त क्षेत्रों की भाँति प्रदेश मे सहकारिता का विकास अन्य क्षेत्रों में भी उत्तरोत्तर हो रहा है। दुग्ध उत्पादन व वितरण, ग्रामीण उद्योग, नगरीय अधिकोषण, गृह-निर्माण आदि प्रमुख है।

राज्य की 1981-82 तक अल्पकालीन ऋण की पूरी आवश्यकता 415 करोड रूपये निर्धारित की गई। छठी पच-वर्षीय योजनान्त तक 355 करोड रूपये अल्पकालीन ऋण के वितरण की योजना थी। 5 लाख से अधिक के व्यवसाय करने वाली साधन सहकारी समितियों को किसान सेवा समितियों के रूप में परिवर्तित किया गया। 1982-83 के अन्त तक 400 किसान सेवा समितियों को सगठित किया गया। प्रारम्भिक सहकारी समितियों के सदस्यता स्तर को 130-48 लाख तक छठी पच-वर्षीय योजनाकाल मे बढाना है। इन समितियों के अश पूँजी व निक्षेप में क्रमश 7000 व 25000 लाख रूपये की वृद्धि की गई। छठीं पंचवर्षीय योजना काल मे 125 करोड रूपये मध्य कालीन ऋण वितरित किये गये, जिसमें निर्बल वर्ग के लोगों को 30% आरक्षण का प्रावधान था। जिला सहकारी बैंक के संबंध मे अश पूँजी एवं निक्षेप के स्तर को 82 83 के अंत तक 40 एवं 200 करोड तक किया गया। इस अवधि में इन बैंकों की 177 अतिरिक्त शाखायें खोली गई। 521 शाखाओं का आधुनिकीकरण किया गया। भूमि विकास बैंक की शाखाओं में 305 से अधिक की वृद्धि की गई। छठी पच-वर्षीय

योजनाकाल मे 380 करोड रूपये दीर्घकालीन ऋण वितरित किये गये। 692,000 नई अल्प सिचाई योजनाये पूर्ण की गई। इनसे 32-10 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचित क्षमता मे वृद्धि की गई। इसके अलावा 3240 हे0 क्षेत्र मे उद्यान लगाने, 180 दुग्ध विकास योजनाओं को स्थापित करने 8625 हेक्टेयर क्रय करने हेतु दीर्घकालीन ऋण की योजना को पूरा किया गया था। योजना काल मे 49 नगरीय बैक खोले गये थे।

सहकारी विपणन क्षेत्र मे 30% कृषक परिवारों को समिति की सदस्यता मे लाया गया तथा क्रय-विक्रय के व्यवसाय मे 70 करोड की वृद्धि की गई। 20 नई क्रय-विक्रय की समितियाँ खोली गई। योजनान्त तक 250 करोड रूपये उपभोक्ता सामग्री वितरित की गई। 25 रिक्शा चालक व 57 वन पदार्थ समितियों के सगठन का प्रावधान हुआ था। हम कह सकते है कि प्रदेश के सामाजिक व आर्थिक उत्थानें मे सहकारितान्दोलन बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इतने से ही सहकारी बधुओं, अधिकारियों, कर्मिकों को संतोष कर लेने की आवश्यकता नहीं है। आन्दोलन में संगठनात्मक, वित्तीय प्रबंधात्मक एवं अनुशासनात्मक सुधार लाने की आवश्यकता है। यह कार्य निश्चय ही कठिन है पर सभी संबंधित लोगों के सहयोग, कार्य लगन एवम् लक्ष्य सकल्प से इसे सुगम बनाकर सहकारी सस्थाओं के मध्य विभिन्न स्तरों पर विभिन्न क्षेत्रों मे पारस्परिक सहयोग एवम् समन्वय लाना अति आवश्यक है।

तालिका 5.1

उत्तर प्रदेश की सहकारिता प्रगति पथ पर (1974 से 79 तक)

क्रमांक	कृषकों एवम् अन्य को सुविधाये जो उपलब्ध की गई	1974-75	1975-76	1976-77	1977-78	1978-
1-	कृषि ऋण समितियों मे सदस्यता (लाख मे)	67 20	69 95	72 31	76 31	85
2-	सहकारी ऋण समितियों की सख्या	21933	12994	9257-	8201	8201
3-	अल्पकालीन ऋण वितरण (करोड रूपये मे)	71 03	91 35	123 90	143 72	163
4-	मध्यकालीन ऋण वितरण (करोड रूपये मे)	3 77	3 74	11 76	15 25	16
5-	दीर्घकालीन ऋण वितरण (करोड रूपये मे)	30 43	23 17	39 34	51 11	43
6-	ऋण की वसूली का प्रतिशत सदस्य व समिति के मध्य					
	क- अल्पकालीन ऋण/मध्यकालीन ऋण (प्रतिशत)	46 3	70 0	63 9	66 2	69
	ख- दीर्घकालीन ऋण (प्रतिशत)	74 0	83 8	76 0	73 4	72
7-	रिजर्व बैंक से अल्पकालीन की स्वीकृत ऋण सीमा					
	क- बैंको की संख्या	47	50	55	55	55
	ख- धनराशि (करोड रूपये में)	36 60	66 35	82 17	99 97	111

क्रमांक	कृषकों एवम् अन्य को सुविधाये जो उपलब्ध की गई	1974-75	1975-76	1976-77	1977-78
8-	शीर्ष बैंक के निक्षेप (करोड रूपये मे)	55 17	75 30	104 66	118 73
9-	रिजर्व बैंक के एल टी ओ से राज्य साझेदारी हेतु प्राप्त वित्तीय सहायता(लाख रु0मे)	66 815	91 32	232 50	340 09
10-	पूर्व निर्मित शीत गृह भण्डारों की कुल सख्या	25	34	36	41
11-	नियत्रित कपडे का व्यवसाय (करोड रूपये मे)	21 51	20 38	12 11	9 29
12-	गेहूँ क्रय (लाख टन मे)	3 20	9 68	1 95	6 20
13-	उर्वरक वितरण ए- मूल्य(करोड रूपये मे)	31 25	40 00	55 93	80 40
	बी- तत्व (मी0टन मे)				
	एन0 -	97007	102364	116918	167283
	पी0 -	14182	19075	26295	43729
	के0 -	11267	9769	13932	22426
14-	ग्रामीण गोदामों की संख्या	1108	1251	1405	2069
15-	जिला सहकारी बेकों की शाखायें मुख्यालय सहित	633	681	770	861

समितियों द्वारा सदस्यों को देय अल्पकालीन एवं मध्यकालीन ऋण क्रमश 1950-51 मे 2 28 करोड रूपये, 1960-61 मे 30 98 करोड रूपये, 1970-71 में 51 34 करोड रूपये, 1975-76 मे 95 09 करोड रूपये, 1976-77 मे 135 67 करोड रूपये, 1977-78 मे 157 97 करोड रूपये तथा 1978-79 मे 180 31 करोड रूपये दिये गये थे।

उत्तर प्रदेश एक विशाल जनसख्या, समतल भूमि और प्रकृति अनुकूलित प्रदेश है। इसके पर्वतीय भाग अनुपम सौन्दर्य और अथाह वन-सम्पदा से युक्त है। प्रदेश का मैदानी भाग कृषि और उससे सबंधित उद्योगों के लिए पूर्णरूप से अनुकूल है। इसके बावजूद भी यह शास्त्रीय कारण है। प्रदेश की 90% जनशक्ति छोटे-छोटे गाँवों में विभक्त है। इसका मुख्य उद्योग कृषि है। कृषि का पिछडापन भी प्रदेश की अर्थव्यवस्था के पिछडेपन का मात्र कारण एक ही है। इसलिए हम कह सकते है कि ग्राम प्रधान व्यवस्था ही इस प्रदेश के आर्थिक पिछडेपन को दूर कर सकती है। ग्राम - प्रधान अर्थव्यवस्था के पिछडेपन की सुदृढता के लिए सहकारिता से बढकर अन्य कोई विकल्प नहीं है। अस्तु प्रदेश की सहकारिता का विकास प्रदेश की ग्रमीण अर्थव्यवस्था का विकास है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास से ही प्रदेश का आर्थिक विकास सम्भव है। उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ बनाने मे सहकारी साख समितियॉ स्तम्भ का कार्य करती है। प्रदेश के सहकारी ढॉचें को सुदृढ और विकासोन्मुख बनाने के लिए समय-समय पर अनेक विकास किये जाते रहे है जिससे सहकारी साख सस्थाओं को ग्रामोन्मुखी बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढता प्रदान करने का अविकल्पित लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

ग्रामोन्मुखी सहकारी ऋण व्यवस्था को सुदृढ और व्यापक रूप देने के लिए बारह सूत्रीय कार्यक्रम अपनाया गया। इसमे सहकारी समितियों को न्याय पंचायत स्तर

पर पुर्नगठन, इनमे पूर्णकालिक सचिवों की नियुक्ति प्रबधकीय अनुदान की व्यवस्था समिति के लिए गोदाम और कार्यालय भवन का निर्माण, समितियों की आर्थिक दशा सुधारने के उद्देश्य से अशपूँजी का विनियोजन, इनकी वार्षिक योजना तैयार करना जिला सहकारी बैंको को 'नाम ओवर ड्यूज कवर' बनाये रखने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करना, निर्बल सहकारी बैंकों का पुर्नगठन निक्षेप एकत्र करने के लिए अभियान चलाया, इस कार्य के लिए सहकारी बैंको की शाखाओं पर काउन्टर आदि की सुविधा प्रदान करना, प्रबधकीय क्षमता मे वृद्धि लाने के लिए बैंकिग प्रशिक्षण तथा रिश्क फण्ड की व्यवस्था की गई है। सार्वजनिक सदस्यता के सिद्धान्त पर सहकारी अधिनियम में परिवर्तन भी किया गया है। ऐसा करने से जनसामान्य की समिति मे सदस्यता के लिए किसी समिति का सचालन मण्डल बाधा डाल नही सकता है।

सहकारी समितियों के कार्यो मे अधिकाधिक न्याय, निपुणता, कार्यक्षमता और प्रमाणिकता उत्पन्न करने की दृष्टि से प्रशासनिक ढाँचे में विशेष सुधारात्मक परिवर्तन लाये गये है। प्रशासनिक निमंत्रण हेतु पृथक-पृथक तीन प्राधिकारी सघों का गठन किया गया है। इस प्रकार समिति के सचिवों, सहकारी पर्यवेक्षकों तथा बैंक के प्रशासनिक सचिवों के प्रशासनिक नियत्रण की सुदृढता प्रदान की गई है। कृषि उत्पादन हेतु सहकारी समितियों से सहकारी ऋण, सदस्यों को आवश्यकतानुसार सुलभ कराया जाता है। अल्पकालीन ऋण फसल के लिए 12 माह तक आवश्यकतानुसार प्रदान किये जाते है। यह ऋण जुलाई के पूर्व वेकर फसल तैयार होने के बाद आदायगी की जाती है। मध्य कालीन ऋण 2-5 वर्ष के लिए दी जाती है। यह ऋण कृषि यत्रों की मरम्मत, खरीद, सिचाई साधनों का निर्माण करने, गोबर गैस प्लॉट लगाने तथा पशु क्रय हेतु दी जाती है। आधा एकड खेत वाले किसानों के लिए, खेतिहर मजदूरों तथा अन्य कार्य में लगे अन्य कमजोर वर्ग के लोगों हेतु जन्म-मृत्यु, बीमारी, शिक्षा, विवाह आदि कृत्यों के लिए उपभोग ऋण प्रदान करने की व्यवस्था है किन्तु सर्वाधिक बल कृषि हेतु दिया जाता है।

कृषि उपज का समुचित भण्डारण एवं वैज्ञानिक भण्डारण एक अतिआवश्यक कार्य है। इस कार्य को सहकारी क्षेत्र मे तत्परता के साथ अपनाया गया है। इस पुनीत कार्य हेतु राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम तथा सरकार से ऋण एवं अनुदान प्राप्त करके ग्रामों तथा मण्डी स्थलों पर गोदामों का निर्माण किया गया है। इस कार्य मे विश्व बैंक परियोजना का कार्य सराहनीय है। उपभोक्ता सहकारी समितियों का सहकारी आन्दोलन मे एक विशिष्ट स्थान है। ये समितियाँ उपभोक्ता सामग्री के कृत्रिम अभावों को समाप्त करने तथा खाद्य वस्तुओं की शुद्धता बनाये रखने मे एक अति महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। उपरोक्त विवेचन से हम कह सकते है कि उत्तर प्रदेश मे सहकारिता का विकास तीव्र गति से हुआ है। आशा एव विश्वास किया जाना चाहिए कि निकट भविष्य में सहकारिता देश की अर्थव्यवस्था को ' सुदृढ मार्ग ' का आधार प्रदान कर मार्ग प्रशस्त करके ही रहेगी।

। सहकारितान्दोलन में जुडे तमाम समाज सेवियों की चिर-परिचित वाणी से यह मुखरित है कि भारत मे सहकारितान्दोलन के अभ्युदय के बाद उत्तर प्रदेश मे सहकारी आन्दोलन का स्थापित करने मे पी सी यू के गठन के उपरान्त सहकारितान्दोलन सचालन हेतु सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश सहकारी सघ की स्थापना ।। जून 1943 को हुई थी। सघ के गठन के सबध मे श्री राजेश्वरी प्रसाद की अभिव्यक्ति यह है कि जब वे सहायक निबधक सहकारी समितियाँ उ0प्र0 मेरठ थे और श्री एन0बी0 बनर्जी, आई सी एस जिलाधीश थे, तब 1941 के शरद काल मे जिलाधीश ने उन्हे बुलाया था। द्वितीय विश्व युद्ध की विभिषिका से त्रस्त अकाल ग्रस्त मेरठ मे ' आटा ' वितरण की जिम्मेदारी ' डिपो ' खोलकर उन्हे दी गई थी। इस कार्य को पूरी निष्ठा के साथ श्री राजेश्वरी प्रसाद जी ने पूरा किया था। जिलाधीश बहुत सतुष्ट हुए और इस वर्ष इस कार्य मे 80 हजार का लाभार्जन भी किया गया। श्री सिद्दीकी हसन तत्कालीन निबधक, सहकारी समितियां उत्तर प्रदेश एव श्री राजेश्वरी प्रसाद के बीच विचार विनियम

हुआ कि इस 80 हजार लाभ की धनराशि जनकल्याण मे खर्च किया जाय तभी प्रदेश स्तरीय विपणन सघ की स्थापना का विचार कर प्रादेशिक सहकारी विपणन सघ (पी एम एफ) जिसे आज उत्तर प्रदेश सहकारी सघ और यू0पी0 कोआपरेटिव फेडरेशन संक्षिप्त नाम पी सी एफ से जाना जाता है का निबधन हुआ।

पी सी एफ ने वर्ष 1943 मे 178 सदस्यों की अत्यन्त अल्प पूँजी रू 13,600 मात्र से सहकारिता आन्दोलन मे भागीदारी प्रारम्भ की और 30 लाख का व्यवसाय किया। तब से अब तक पी सी एफ प्रत्येक वर्ष निरतर प्रगति के पथ पर प्रत्येक वर्ष नये आयाम और कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पी सी एफ ने वर्ष 1988-89 मे 708 77 करोड, वर्ष 1989-90 मे 825 95 करोड, वर्ष 1990-91 मे 994 76 करोड, वर्ष 1991-92 मे 1096 17 करोड और 1992-93 मे 1320 96 करोड रूपये का व्यवसाय किया। वर्ष 1993-94 मे 1500 करोड रू0 तथा 1994-95 में 1720 करोड रू0 का अकल्पनीय व्यवसाय किया। पी सी एफ की यह व्यवसायिक उपलब्धि वित्तीय नहीं अपितु प्रदेश के शोषित, पीडित, लघु एवं सीमात कृषकों, शहरी एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं की सेवा के रूप मे स्वीकार किया गया है।

उत्तर प्रदेश मे सहकारिता आन्दोलन के सबल आधार के लिए उत्तर प्रदेश सहकारिता सघ अपने अथक प्रयास से मासिक प्रतिवेदन (रिर्पोट) की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की है - जो निश्चुलिखित है।

तालिका 5 2

उत्तर प्रदेश सहकारिता की मासिक प्रगति प्रतिवेदन (माह सितम्बर 93)

(धनराशि करोड रू0)

क्र स	नाम व्यवसाय	वार्षिक लक्ष्य	मासिक उपलब्धि	पूर्व वर्ष की मासिक उपलब्धि	माह के अत तक की उपलब्धि	पूर्व वर्ष के माह के अत की उपलब्धि
1	2	3	4	5	6	7
1	उर्वरक	650	31 04	29 35	209 02	203 97
2	बीज	40	5 87	2 05	11 82	10 09
3	कृषि रक्षा उपकरण	1 20	0 06	0 03	0 45	0 57
4	कृषि यत्र	0 10	-	0 01	0 05	0 06
5	कृषि रक्षा रसायन	14 50	0 30	0 69	4 98	3 71
6	विपणन	30 00	2 39	0 74	23 84	30 96
7	मूल्य समर्थ योजना	145 60	0 11	-	291 84	19 67
8	लेवी चीनी	550 50	47 46	44 75	258 06	216 56
9	कोयला	5 00	-	-	0 51	02 92
10	पुष्टाहार	-	0 11	0 08	0 39	0 17
11	पामोलिन	-	-	0 01	-	0 16
12	सोयाबीन यूनिट	20 0	0 67	2 11	11 30	10 85
13	वनस्पति यूनिट	35 0	1 82	0 54	10 07	17 25
14	बिनको	0 50	-	0 10	0 11	0 55
15	सी0डी0ए0	0 30	0 04	-	0 15	0 06

1	2	3	4	5	6	7
16	रोजिनी फैक्ट्री	0 10	-	-	0 42	0 18
17	प्रिंटिंग प्रेस	0 75	0 09	0 05	0 35	0 34
18	फर्टीप्लांट	0 60	0 30	0 10	0 38	0 17
19	कृषि यत्रशाला	0 10	-	-	0 01	0 04
20	बाम्बे शो रूम	0 20	0 01	0 02	0 05	0 07
21	भण्डारण	4 00	0 38	-	2 15	2 10
22	शीतगृह	1 45	0 04	-	0 24	-
23	अन्य विद्युत मोटर	0 10	-	0 01	0 02	0 07
	योग	1500 00	90 69	80 64	826 20	520 52

2- बैंकटाचलम, वी0 आई ए एस - ' यू0पी0 कोआपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड सहकारिता विशेषॉक, अक्टूबर - नवम्बर 93, पेज 18

पी0सी0एफ0 की स्थापना के मुख्य उद्देश्यों मे कृषि तथा सम्बन्धित उपजो का क्रय-विक्रय तथा विधायन, उन वस्तुओं का निर्माण तथा वितरण जिसकी आवश्यकता कृषकों को उत्पादक के नाते होती है। जीवन की मूल आवश्यकताओं की कुछ प्रमाणित वस्तुओं का वितरण ओर विकास कार्य जेसे - गोदामों तथा भण्डारों का निर्माण आदि है। पी सी एफ अपने इस मूल उद्देश्य मे विास की कडी मे पूरी तरह जुडा हुआ है। आज पी0सी0एफ0 के निजी गोदाम जो जिला, तहसील एवम् ब्लाक स्तर पर बनाये गये है, की सख्या 616 भण्डारण क्षमता 9054750 मी0 टन है। साथ ही साथ 23 गोदाम भण्डारण क्षमता 53000 मी0 टन निर्माणाधीन है। इस प्रकर पी सी एफ ने प्रदेश मे भण्डारण सुविधा सुलभ कराने के लिए निर्धारित कार्योजनानुसार 639 गोदाम भण्डारण क्षमता 1107750 मी0 टन उपलब्ध करायेगा। गोदामों की भण्डारण क्षमता के आधार पर पी सी एफ ने यू पी स्टेट वेयर हाउसिंग कोआपरेशन की भी भण्डारण क्षमता से भी अधिक भण्डारण सृजित की है।

कृषकों के आलू फल आदि के भण्डारण के लिए पी सी एफ ने 14 शीतगृह भण्डारण क्षमता 52800 मी0 टन स्थापित की है। एक शीतगृह महाराष्ट्र मे बम्बई स्थित बासी मे स्थापित किया है। इसकी भण्डारण क्षमता 4000 मी0 टन है। इस प्रकार पी सी एफ ने विकास की कडी मे 15 शीत गृह भण्डारण, क्षमता 56,800 मी0 टन सचालित करके सघ के द्वारा व्यापक रूप से खोल दिये गये है। विकास की ही कडी मे पी सी एफ ने प्रदेश के विभिन्न अचलों मे उत्पादन इकाईयों की स्थापना कर सचालन कर ही है। इन उत्पादक इकाईयों मे जहाँ एक तरफ बेरोजगारी को रोजगार मिले है, वहीं दूसरी तरफ जीवनोपयोगी विरूद्ध गारन्टी युक्त वस्तुये भी सुलभ करायी गई है। पर्वतीय क्षेत्र मे सोयाबीन एवम् वनस्पति परियोजना हल्दूचौड हल्द्वानी, कोआपरेटिव रोजिन एव प्रोसेसिग फेक्ट्री हल्द्वानी, कोआपरेटिव ड्रग्स फेक्ट्री रानीखेत का सचालन किया जा रहा है। सोयाबीन एवम् वनस्पति परियोजना का सचालन वर्ष 1985

से प्रारम्भ हुआ। इसमे सोयाबीन की पेराई की जाती है और दैनिक उपयोग के बरी एव कवरी का उत्पादन किया जाता है। 15 किलों का टीन सोयाबीन के नाम से 5 किलों का डिब्बा एव 1 किलों का पोली पाइच हिमालय नाम से आम जनता को उपलब्ध कराया जाता है। रोजिनी फेक्ट्री मे लीसा की प्रोसेसिग करके तारपीन का तेल तेयार किया जाता है। ड्रग्स फेक्ट्रीय मे 138 किस्म की आयुर्वेदिक दवाइयाँ, भस्म, आसव, तेल, दतमजन, च्यवनप्रास एव तृप्ति पेय का उत्पादन किया जाता है। कृषकों को लाभकारी मूल्य दिलाकर तिलहन की खरीद करके वेजीटेबल इण्डस्ट्रीज काम्पलेक्स बदायूँ मे सन् 1970 से की जा रही है। इसमे खाद्य तेल का उत्पादन किया जाता है। कृषकों को खाद की जरूरत पूरी करने के लिए फर्टिलाइजेशन ग्रेनुलेशन प्लान्ट बाराबकी मे वर्ष 1978 से एफ पी के 15 15 71/2 का उत्पादन हेतु कृषि यत्रशाला यत्र मेरठ मे 1982 से सचालित है। मुद्रण के कार्य हेतु 32 स्टेशन रोड लखनऊ पर वर्ष 1958 से प्रिटिग प्रेस का सचालन किया जा रहा है। इस प्रेस मे अत्याधुनिक छपाई मशीन 'मोनोआफसेट' की व्यवस्था की गई है। इस प्रकार से हम कह सकते है कि पी सी एफ द्वारा अनवरत् अविराम प्रयत्न जारी है।

तालिका 5 3

विगत 5 वर्षो के व्यवसायिक लक्ष्य की उपलब्धियों (1988 से 93 तक)

क्रमाक	व्यवसाय का नाम	1988 - 89		1989 - 90		1990 - 91		1991 - 92		199.
		लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य	उपलब्धि	लक्ष्य
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1-	उर्वरक	175 08	245 93	250 00	323 00	325 00	355 00	425 00	540 94	500 00
2-	बीज	2 73	9 07	12 00	17 34	16 65	16 86	18 50	24 04	21 00
3-	कृषि रक्षा रसायन	-	0 46	0 80	2 66	3 0	3 51	3 85	8 13	4 25
4-	कृषि रक्षा उपकरण	-	0 46	0 60	0 80	0 56	0 56	0 60	0 96	0 70
5-	कृषि यंत्र	-	0 09	0 35	0 24	0 30	0 20	0 55	0 28	0 25
6-	विद्युत मोटर	1 89	0 06	1 00	0 54	0 60	0 26	0 25	0 29	0 25
7-	विपणन	21 75	39 69	25 0	31 09	42 0	20 87	24 0	25 46	25 0
8-	गेहूँ	147 80	27 99	165 0	48 19	156 0	156 26	36 0	36 80	35 0
9-	धान	-	-	-	-	-	0 074	-	-	-
10-	आलू विपरण	0 24	0 79	0 30	0 04	-	0 07	-	0 06	-

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
11	लेवी - चीनी	308 80	336 47	325 0	344 38	350 0	383 06	400 0	394 34	415 0
12	कोयला	2 68	7 21	3 0	5 40	8 0	10 55	12 0	6 82	5 00
13	पुष्टाहार	-	-	1 50	1 83	-	2 78	-	0 72	0 50
14	पामोलिन	-	-	-	-	-	2 59	-	4 03	-
15	सोयाबीन यूनिट	7 90	7 86	10 0	0 54	12 0	12 54	14 0	34 09	20 0
16	वनस्पति यूनिट	30 53	26 06	28 75	22 25	30 0	25 01	30 0	-	35 0
17	विनको	4 80	3 11	5 50	4 01	1 79	0 58	0 50	1 05	0 50
18	सी0डी0एफ0	0 49	0 39	0 75	0 24	0 75	0 15	0 20	0 09	0 20
19.	सी0आर0पी0 रोजिना	0 17	0 26	0 35	0 52	0 40	0 27	0 40	0 29	0 30
20	प्रिटिंग प्रेस	0 57	0 60	0 65	0 57	0 72	0 71	0 75	0 65	0 75
21	फर्टी प्लाट	1 22	0 39	1 00	0 37	1 0	0 58	0 55	0 65	0 25

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
22	कृषि यत्रशाला	0 50	1 24	1 0	0 85	1 40	0 16	0 50	-	0 25
23	बाम्बे शो रूम	0 18	0 18	0 30	0 12	0 30	0 13	0 30	0 12	0 15
24	राइस एवं दाल मिल	-	-	-	-	-	0 14	-	0 01	-
25	शीत गह	-	-	-	-	-	-	-	1 46	1 37
26	भण्डारण	-	-	-	-	-	-	-	2 81	3 75
27	अन्य	-	-	-	10 79	-	1 08	0 90	12 08	0 40
	योग	707 22	708.77	832 85	825 95	950 71	994 76	968 85	1096 17	1069 87

3- बैंकटाचलम बी0, आई0ए0एस0 - 'यू0पी0 कोआपरेटिव फेडरेशन लि0' राहकारिता विशेषॉक, अक्टूबर - नवम्बर, 93 पेज 20 - 21

मूलत पी सी एफ प्रदेश की सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों को कृषि निवेशों की आपूर्ति, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत आवश्यक वस्तुओं का विवरण भारत सरकार के घोषित समर्थन मूल्य पर गेहूँ व धान आदि की खरीद तथा कृषकों से तिलहन, दलहन का विपणन प्रमुखत कर रहा है। पी सी एफ ने 1992 मे 16 61 लाख मी0 टन मूल्य रू 540 94 करोड, वर्ष 1992-93 मे 16 18 लाख मी0 टन मूल्य रू 681 75 करोड तथा वर्ष 93-94 मे सितम्बर 93 तक 6 61 लाख मी0 टन मूल्य रू 209 02 करोड रू0 उर्वरकों का प्रेपण किया है। कृपकों को 91-92 मे 3580 मी0 टन, 92-93 मे 3551 मी0 टन व वर्ष 93-94 मे सितम्बर 94 तक 3384 मी0 टन जिक सल्फेट की आपूर्ति की गई है। अच्छी उपज हेतु तराई बीज एवम् विकास निगम से प्रमाणित बीज क्रय करके किसानों को उपलब्ध कराया गया। वर्ष 91-92 मे 3 77 लाख कुन्टल मूल्य, रू 24 04 करोड, वर्ष 92-93 मे 5 33 लाख टन कुन्तल मूल्य रू 11 82 करोड के बीज कृषकों को वितरित किये गये। 91-92 में 96 करोड, 92-93 में 1 27 करोड, 93-94 मे 04 करोड के कृषि रक्षा उपकरण वितरित किये गये। 91-92 मे 28 करोड, 92-93 मे 08 करोड, वर्ष 93-94 मे सितम्बर 93 तक .05 करोड कृषि यत्र वितरित किये गये। 91-92 मे 8 13 करोड, वर्ष 92-93 मे 19 92 करोड, 93-94 मे 4 48 करोड के कृषि रक्षा रसायन वितरित किये गये। 91-92 मे 29 करोड, 92-93 मे 10 करोड, 93-94 मे 02 करोड के विद्युत मोटर कृषकों को उपलब्ध कराये गये।

भारत सरकार के घोषित समर्थन मूल्य पर पी सी एफ द्वारा सहकारी समितियों के माध्यम से सीधे कृषकों से वर्ष 91-92 मे 136011 मी0 टन, वर्ष 92-93 मे 605 74 मी0 टन एवम् 93-94 मे 759625 मी0 टन गेहूँ क्रय की गई है। इस प्रकार कृषकों को समर्थन मूल्य का सीधा लाभ दिखलाया गया है। वर्ष 91-92 मे 25 46 करोड, 92-93 मे 44 68 करोड, वर्ष 93-94 में सितम्बर 93 तक 23 84 करोड मूल्य

के तिलहन, दलहन एवम् अन्य खाद्यान्नों की खरीद, कृषकों से क्रय-विक्रय करके किया गया है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत पी सी एफ चीनी मिलों से लेवी की चीनी खरीद कर ग्रामीण क्षेत्रों मे आर एफ सी एवम् शहरी क्षेत्रों मे राशन की दुकानों के माध्यम से मासिक कोटा का वितरण करता है। भारत सरकार लगभग 55572 मी0 टन मासिक कोटा उ0प्र0 के लिए निर्धारित किया गया जिसे प्रत्येक माह मिलों से उठाकर उपभोक्ताओं तक पहुँचाया जाता है। पकाने के लिए ईट भट्ठा मालिकों को स्लेक कोल, कोयले की दुकानों से या खदानों से मगाकर वितरित किया जाता है। शासन की बाल - विकास परियोजनाओं को साकार रूप प्रदान करने के लिए पी सी एफ बन्दरगाह से प्रदेश के विभिन्न अँचलों मे पुष्टाहार के परिवहन एवम् विभिन्न जनपदों मे स्थानीय स्तर पर पुष्टाहार की पूर्ति करता है। पी सी एफ के उत्तरदायित्व के आधार पर शासन के विभिन्न विभागों से आवश्यक तालमेल रखकर पच-वर्षीय योजना तैयार की गई है। आगामी 5वे वर्ष पी सी एफ लगभग 24 अरब का व्यवसाय कर सकेगा, ऐसी सरकार की कोशिश है।

उत्तर प्रदेश मे वित्तीय साधनों की कमी तथा प्राकृतिक ससाधनों की प्रचुरता है। उत्तर प्रदेश के किसानों की गरीबी एव उनका जीवन स्तर ऊँचा उठाने का एक मात्र सर्वोत्तम साधन सहकारितान्दोलन ही है। उत्तर प्रदेश मे सहकारिता आन्दोलन ने बहुआयामी प्रगति की है। इसलिए ग्रामीण जन-जीवन को भी उन्नत दिशा मिली है। सहकारितान्दोलन को सहकारी अधिनियम 1904 के अन्तर्गत सगठित करके अपने उद्देश्य आपसी सहायता से किसानों को कृषि धन का सही व्याज दरों पर ऋण प्रदान कराता है। उत्तर प्रदेश मे सहकारितान्दोलन का विकास बहुत से क्षेत्रों मे हुआ है। उत्तर प्रदेश मे सहकारितान्दोलन का विकास बहुत से क्षेत्रों मे हुआ है। जैसे कि विपणन क्षेत्र, उपभोक्ता आवास, दुग्ध, गन्ना विकास, इससे आन्दोलन को लोकप्रियता प्राप्त होने के साथ ही साथ जनता का आन्दोलन (सहकारिता) के प्रति अटूट विश्वास हुआ

कि सहकारिता माध्यम से ही जनता का विकास हो सकता है। शासन को भी इस बात की जागरूकता है कि शासन द्वारा जो धन विकास कार्यो पर खर्च किया जाता है, उसका सही उपयोग सहकारिता से ही सम्भव है। सहकारिता के धन से सहकारी सस्थाओं के माध्यम से जनता को सीधे लाभ पहुँचता है। सहकारिता के माध्यम से पूँजी निवेश का कम अपव्यय होता है। इससे धन का लाभ नीचे स्तर के लोगों को सीधे पहुँचता है। सहकारी संस्थायें लाभ कमाने के लिए नहीं बल्कि इनका स्वरूप कल्याणकारी है। इन सभी सस्थाओं का एक मात्र उद्देश्य देश व प्रदेश विकास ही होता है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सचालित करने का निर्णय 1981 मे लिया, जानते हुए कि इसका सचालन लाभ भावना से नहीं प्रगति व समभाव भावना से इंगित है। शासन ने इस विशाल कार्य हेतु सहकारी सस्थाओं को कोई वित्तीय सुविधा प्रदान नहीं की है। शासन सस्थाओं मे नि सकोच निवेश के माध्यम से जनहित कार्य मे लगा है। सहकारी सस्थाये किसी व्यक्ति विशेष की सम्पत्ति न होकर जनता की अपनी सम्पत्ति होती है। इस प्रकार मेरे विचार से संस्था की स्थिति मजबूत होने से इसका प्रत्यक्ष लाभ जनता को ही पहुँचता है। सहकारी सस्थाओं का नेतृत्व जनतांत्रिक है, सहकारी संस्थाओं का प्रबध निर्वाचित, गैर-सरकारी व्यक्तियों द्वारा किया जाता है। इस प्रकार सस्था के कार्य-कलापों से सीधे जनता प्रभावित रहती है। यदि किसी वजह से सस्था द्वारा ठीक से कार्य सपादित नहीं हो रहा है तो शासन को इन सस्थाओं पर नियत्रण भी है। जिस व्यवस्था के अन्तर्गत निबधक सहकारी समितियाँ, मुख्य लेखा परीक्षक सहकारी समितियाँ, पुलिस अधीक्षक विशेष अनुसंधान शाखा सहकारी समितियों को कतिपय गडबडियों को पकडकर दोषी व्यक्तियों को दंडित भी करते हैं।

यद्यपि सहकारी आन्दोलन ने अप्रत्याशित प्रगति की है। फिर भी विकास कार्य अनन्त होने से बहुत कुछ कार्य होना बाकी है। सहकारिता मे कृषि कार्यो हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जो कि सहकारी समितियाँ सम्पादित करती है।

सहकारी समितियों मे कृषि ऋण व्यवस्था के अन्तर्गत सामूहिक जरूरतों को पूरा करने के लिए कृषि उपज को कीटाणुओं तथा बीमारियों से बचाने के लिए ऐरियल स्प्रे की व्यवस्था की जाती है। इससे उचित मात्रा, सही ढग से छिडकाव तथा कम दवा खर्च मे अधिक छिडकाव होता है। जानकार व्यक्ति द्वारा छिडकाव से इसके प्रयोग मे मितव्ययिता बनी रहती है। इसमे महत्वपूर्ण बात यह है कि उत्तर प्रदेश का कोई भी सम्पन्न कृषक आज तक अपनी निजी भूमि हेतु विमान क्रय करके ऐसी कोई भी व्यवस्था नहीं पाया है जबकि यह आधुनिक कृषि प्रक्रिया मानी जाती है। अब सहकारी समितियाँ ग्रसर व हरवेस्टर कम्बाइन्ड के माध्यम से फसल को बहुत जल्द काटकर व मडाई कराकर कृषक को अपनी उपज का अनाज बाजार भेजवाकर जल्द पैदा, मुहैया कराती है।

स्पष्ट है कि हमे उपरोक्त बातों का अमल करते हुए व्यक्तिगत से हटकर सामूहिक लाभकारी योजनाओं की ओर जाकर कैनाल से सिचाई की व्यवस्था, जल के क्रय एवं विवरण हेतु सहकारी समितियाँ कार्य करती हैं। सहकारिता के माध्यम से हम निजी नलकूपों को लगवाकर सार्वजनिक नलकूप से लाभ प्राप्त करे। गाँव मे ईंधन व प्रकाश की व्यवस्था के लिए गोबर गैस सयत्र तथा आधुनिक सौर उर्जा का सयंत्र प्रयोग किया जाता है। सहकारिता के माध्यम से कृषकों को विपणन सहायता समुचित मात्रा मे विपणन समितियों से प्रदान की जाती है। विपणन समितियों का सामजस्य उपभोक्ता भण्डार तथा उपभोक्ता सघ से ही हो पाता है। उपभोक्ता भण्डार तथा उपभोक्ता सघ द्वारा कृषि उपज की गेहूँ, आलू, चना, मटर, धान की वस्तुओं का क्रय किया जाता है। विपणन मे सहकारिता का योगदान से सेब, आलू उत्पादन विपणन हेतु शीर्ष सस्था का गठन किया गया है। सहकारी समितियों का किसानों से इतना मधुर सबध है कि किसान अपनी उपज का घोषित मूल्य समिति को लिए ऋण का भुगतान करके करते है। मण्डी परिषद द्वारा सम्पादित कार्य को सहकारी समितियाँ ही श्रेष्ठता गुणाक पर कर पाने में सम्भव है।

शासकीय सगठन जैसे पुलिस, जेल, हरिजन एव समाज कल्याण निरक्षरता आदि प्रचुर मात्रा मे कृषि उत्पादन का उपभोक्ता सघ व उपभोक्ता भण्डार द्वारा करते है। चावल के उत्पादन व विक्रय पर शासन ने कई शर्ते प्रतिबंधित है। इसके नियत्रण हेतु शासन द्वारा खाद्यान्न निरीक्षण नियुक्ति प्राप्त किये है। आज प्रारम्भिक कृषि ऋण समितियाँ अपने को बहुधन्धी बनाये है। इससे ग्रामीण जीवन का केन्द्र बिन्दु सहकारी समितियाँ है। उपभोक्ता व्यवसाय को सुदृढ करके यह व्यवस्था करनी होगी कि सहकारी समिति स्तर पर ही कृषकों को आम जरूरत की चीजें समिति स्तर पर ही मिल जाय। समिति कृषक उपज क्रय करे तथा जहाँ आवश्यक हो उपज को भण्डारण व शीत गृह मे रखने की व्यवस्था करें। समिति मिनी बैंक के रूप मे कार्य करे, जहाँ कृषक अपनी अल्प बचत आसानी से जमा कर ऋण प्राप्त कर सके। इसके लिए यह जरूरी होगा कि जो सुविधाये अल्प बचत योजना डाकघर उपलब्ध कराता है उसी स्तर पर सहकारी समितियाँ प्रदान करे। यदि सहकारी समितियाँ सुदृढ हो जाये तो मेरे विचार से पचायती राज व्यवस्था खत्म करके सहकारी समितियों को मान्यता प्रदान की जाय।

जनतांत्रिक प्रणाली की जो तीन स्तरीय व्यवस्था है उसके अन्तर्गत ग्राम सभा के बाद सबसे नीचे स्तर की सहकारी समिति कडी रूप मे हो। यदि यह व्यवस्था मेरे विचार से हो जाय तो पचायती राज व्यवस्था को समाप्त करके सरकारी समितियों को तद्नुसार मान्यता प्रदान की जाय इससे पचायती राज पर होने वाले खर्च से हम बचेंगे तथा पैसा हम सीधे विकास योजनाओं मे लगा सकेंगें। इसके बाद की मेरी कल्पना यह होगी कि सहकारी समितियाँ अन्य ग्रामीण स्तरीय कार्यक्रम अपने जिम्मे लें, जैसे प्रौंढ शिक्षा, प्राथमिक स्वास्थ्यादि।

उपरोक्त बातें तो भावी कार्यक्रमों से संबंधित है। वर्तमान में सहकारी समितियों से जो कार्य किया जा रहा है वह अपने आप मे महत्वपूर्ण एवं विशाल है। चूँकि

हमारा कार्य सामान्य आदमी से बहुचर्चित एव सबंधित है। परन्तु समाचार पत्रों एव अन्य समाचार के श्रोतों मे आन्दोलन की कमियाँ ही उभर कर आयी है और आन्दोलन द्वारा सम्पादित कार्यो की विशालता का मेरे विचार मे पूर्ण ज्ञान न होने के कारण ऐसा हुआ है। यह ज्ञान लोगों को नहीं है कि प्रदेश मे 8000 से अधिक प्रारम्भिक ऋण समितियाँ कार्यरत है, जिनके द्वारा 250 करोड से अधिक धनराशि अल्पकालीन ऋण मे वितरित की जाती है। इतना ही धन सतुलित उर्वरक मे वितरित होता है। सभी सहकारी सस्थाओं का व्यवसाय मिलाकर मेरे ख्याल से 1500 करोड का व्यवसाय एक वर्ष मे किया जाता होगा। सहकारी समितियों पर बकाये की ऋण वसूली मे अल्पकालीन पर 40%, मध्यकालीन पर 60% वसूली है। एकीकृत ग्राम विकास योजना मे 82-83 से 35 करोड रूपये का वितरण किया गया जो सर्वाधिक सम्पूर्ण भारत मे द्वितीय स्थान पाने वाले राज्य तमिलनाडू से पूरा दुगुना था। इसी प्रकार विशेष मात्राकरण योजनान्तर्गत 30% सहकारी बैंक की उपलब्धि सारे देश मे अधिक थी। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 90% दुकानों का सचालन सहकारी सस्था द्वारा किया जा रहा है। गेहूँ क्रय योजनार्न्तगत 50% से अधिक खरीद पी सी एफ द्वारा की जाती है। पर्वतीय क्षेत्रों मे बूटी के विवरण, मार्केटिग एव विकास का कार्य सहकारी समितियों द्वारा ही किया जाता है। सहकारी समितियों को मेरे विचार से अपने प्रचार + प्रसार माध्यम से अपने द्वारा प्रदत्त सुविधाओं से जनता को अवगत कराये तथा अनेक सतुष्टिगुण से ही हमारी संतुष्टि व उपलब्धि हो जायेगी। ' सहकारिता द्वारा हमे अपने प्रेम की परिधि इतनी बढ़ानी चाहिए कि उसमे गाँव आ जाय, गाँव से नगर, नगर से प्रान्त हो इस प्रकार सहकारिता रूपी प्रेम का विस्तार ससार तक होना चाहिए।

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अचलों मे सहकारी आन्दोलन का शुभारम्भ करते हुए (1904) सहकारिता के माध्यम से आसान किश्तों पर कर्ज दिलाने की व्यवस्था अधिकारिक रूप से शुरूआत वर्ष 1904 में " सहकारी ऋण समिति " बनने से हुई। यह अधिनियम

सहकारिता के सदर्भ मे पहला कदम था। तत्पश्चात् सहकारी आन्दोलन बहुमुखी प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए वर्ष 1965 नया सहकारिता ऐक्ट पारित किया गया। समस्त सहकारी समितियाँ उत्तर प्रदेश मे इसी अपने कार्यो का निष्पादन इसी के अन्तर्गत कर रही है। सहकारिता विभाग के सगठन का दृष्टिकोण प्रदेश के विभिन्न अचलो मे ग्रामीण तथा शहरी निर्बल जनता व निर्धन जनता को समृद्धि बनाते हुए उनके स्तर को ऊँचा उठाने का कार्य करती है। मार्च 1990 के अत तक 8663 ग्रामीण गोदामो का निर्माण किया गया। चालू वित्तीय वर्ष मे 514 ग्रामीण गोदामो का निर्माण कार्य और किया गया।

सातवीं पंच-वर्षीय योजना के अतिम वर्ष 1989-90 मे विभाग का परिव्यय (आडिट) विभाग को छोडकर) 20, 25, 32 हजार रूपये निर्धारित था। आठवी पच-वर्षीय योजना 1990-91 के प्रथम वर्ष यह परिव्यय 19,10,000 निर्धारित किया गया। 1988-89 तक 65% कृषक परिवारो को सहकारी समिति सदस्य बनाया गया। सहकारी वर्ष 1989 के जून तक अल्पकालीन ऋण, मध्यकालीन तथा दीर्घकालीन ऋण का वितरण क्रमश 362, 19, 2783 तथा 119, 06 करोड रहा। 1988-89 मे पुराने तथा निर्बल शीत गृहों के अलावा अशपूँजी तथा ग्रामीण गोदामों को पूर्ण कराने हेतु राज्य योजनान्तर्गत सहायता दी गई। उपभोक्ता योजनान्तर्गत राज्य में उपभोक्ता भण्डारो को पुन गठित करने एव उपभोक्ता वस्तुओं की उचित मूल्य पर ग्रामीण क्षेत्रों मे उपलब्ध कराने हेतु केन्द्र एव निगम द्वारा पुरोनिर्धारित योजनाओं के अन्तर्गत बडे पेमाने पर राजकीय सहायता प्रदान की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों मे सार्वजनिक वितरण प्रणली के अन्तर्गत उपभोक्ता समितियों के माध्यम से चीनी खाद्यान्न तथा मिट्टी के तेल आदि के वितरण का कार्य भी त्वरित गति से चल रहा है।

आलू उत्पादकों को व्यवसायियों द्वारा किये जा रहे शोषण से मुक्ति दिलाने हेतु प्रदेश सरकार के निर्णय पर विभाग मे ' उ0प्र0 आलू विकास एव वितरण सहकारी मंच

का गठन किया जा चुका है। इसमें कृषकों को उनके पैदावार का उचित मूल्य प्राप्त होता है। इस संघ को आत्म निर्भर बनाने के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। वर्ष 1988-89 मे राष्ट्रीय सहकारी विपणन द्वारा हेतु राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा पुरोनिधानित योजनान्तर्गत सघ को सुदृढ करने हेतु रू0 91,000 का धन विनियोजित किया गया है। इसी प्रकार सघ के व्यवसाय को वृद्धि करने हेतु 5,000 के अश का विनियोजन राज्य क्षेत्र मे भी किया जाता है। प्रदेश मे तिलहन उत्पादन एवम् विपणन को व्यवस्थापक रूप देने हेतु " उत्तर प्रदेश तिलहन उत्पादन एव प्रक्रिमण सहकारी संघ ' की स्थापना भी की गई है। इस सघ को 1988-89 में रू 5000 हजार की वित्तीय सहायता अनुदान रूप मे दी गई है। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की सहायता से झासी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, फर्रूखाबाद, फतेहपुर एवं कानपुर जनपदों मे तिलहन उत्पादनों की सहकारी समितियाँ बनाकर तिलहन विकास का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में निर्बल आजादी में 30% लोग (निर्बल वर्ग) और 30% अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग है, जिनके पास इतने साधन उपलब्ध नहीं हैं कि वे सहकारी ऋण संस्थाओं के सदस्य बनकर प्राप्त होने वाली आर्थिक सहायता से अपनी सहकारिता की परिधि में लाकर उनका सामाजिक स्तर ऊँचा उठाकर " स्पेशल कम्पोनेट प्लान " योजनान्तर्गत विभाग द्वारा व्याज रहित मध्यकालीन ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य सरकार की विकेन्द्रीयकरण वित्तीय नीति के अन्तर्गत वर्ष 1982-83 मे जिला योजना कार्यान्वित की गई है। जिला योजनान्तर्गत वर्ष 1987-89 का परिव्यय रू 38,618 हजार तथा वर्ष 1989-90 मे यह परिव्यय रू 32,232 हजार का ही निर्धारित किया गया है। वर्ष 1990-91 मे यह परिच्यय 270,000 हजार प्रस्तावित किया गया था। भारत सरकार की ऋण राहत योजनान्तर्गत प्रदेश की सहकारी ऋण संस्थाओ के माध्यम से किसानों तथा अन्य वर्ग के लोगों को बाँटे गये ऋणों की लगभग 35,000 करोड रूपया

या इतने अधिक अतिदेयों को माफ करने से जो वित्तीय क्षति इन ऋण सस्थाओं की होगी, उनकी प्रतिपूर्ति भारत सरकार द्वारा निर्धारित रूप के आधार पर (50% केन्द्र सरकार तथा 50% राज्य सरकार) करने हेतु वर्ष 1990-91 मे 350,000 रू0 हजार की व्यवस्था अनुदान के आय-व्यय मे की गई है। इसे सहकारी क्षेत्र के माध्यम से उन्मुक्त किया जायेगा। इस योजनान्तर्गत कृषकों को, दस्तकारों को शिल्पकारों भूमिहीन ऋण संस्थाओं मे लिये गये ऋण के 10,000 के अतिदेयों से राहत दिलाते हुए उन्हे माफ कर दिया जायेगा।

सहकारिता के विकास हेतु राज्य सरकारों ने यूरिया के प्रति बोरा मूल्य को बढाने नहीं दिया गया। इसकी बिक्री पूर्ववत् 110 10 रू0 ही किये जाने के आदेश दिये गये थे। राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि नगरीय सहकारी बैंक प्रत्येक जिला मुख्यालय पर स्थापित किया गया है। इनका लाभ छोटे उपभोक्ताओं को ही मिलता है। ऋण राहत योजनान्तर्गत सहकारी कर्जदार 36 लाख किसान परिवार लाभान्वित होगें। किसानों को वर्तमान में दी जा रही बैंक सुविधा को सुदृढ़ बनाने का प्रयास किया गया है। इस वर्ष 650 गोदाम निर्माणाधीन है। इनके बन जाने के बाद इन गोदामों की संख्या 10,028 हजार हो जायेगी। भूमि विकास के माध्यम से 700 करोड रूपये ऋण वितरण का कार्य किया गया था। पहली बार बैंक द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों मे भवन निर्माण कार्यो के लिए ऋण देने की व्यवस्था की गई थी। इसमे 8 करोड रूपये का प्रावधान भवन निर्माण हेतु उपलब्ध था। जनतत्र शासन मे समाजवादी व्यवस्था की स्थापना के लिए सहकारिता की प्रगति में उत्तरोत्तर साथ देना निहायत जरूरी है। इसके लिए मेरे विचार से सहकारिता को उतनी ही प्राथमिकता देनी होगी जितनी की उद्योग धन्धों व कृषि को दी जाती है। तब कहीं यह देश-व्यापी कार्य हाथ मे लिया जा सकता है। समय कम है, जनता को स्वयं यह सहकारी काम का आन्दोलन हाथ मे लेना चाहिए। इससे हमे कुछ समय तो मिल जायेगा और जनता सरकार को प्रेरित कर सकेगी।

अत इस सहकारिता प्रचार व प्रसार कार्य को तुरन्त हाथ मे सभी प्रदेश वासियों को उठा लेना चाहिए।

सहकारिता आन्दोलन की दृष्टि से उत्तर प्रदेश एक प्रमुख राज्य है। यहाँ पर सहकारी आन्दोलन की शुरूआत देश मे फैले हुए ऋणग्रस्तता को कम करने के लिए हुआ। 1982 मे बम्बई राज्य मे सर्वप्रथम ' सर विलियम बेडरवर्न ' ने कृषि बैंको की एक योजना बनाई। यह योजना अधिक सफल नहीं हुई परन्तु अनेक राज्यों ने अनुसरण करते हुए सयुक्त प्रान्त (अब उत्तर प्रदेश) सरकार ने मि0 ड्यूपरनेक्स ने योरोप मे सहकारी समिति के अध्ययन हेतु भेजा जिससे प्रदेश मे सहकारिता का विकास किया जा सके। मि0 ड्यूपरनेक्स ने अपने प्रस्तावों को एक पुस्तक " उत्तरी भारत के लिए जन बैंक " के माध्यम से प्रस्तुत किया।

मि0 ड्यूपरनेक्स के सुझावों के आधार पर प्रयोगात्मक रूप से कुछ समितियों का संगठन करके 1000 के सरकारी अनुदान के साथ शुरू किया गया था। 1904 मे ये समितियाँ अपनी 223 सख्याओं के साथ ग्रामीण बैंको के रूप मे कार्य करके किसानों को सस्ते दर पर ब्याज का ऋण देकर उनकी वसूली करना था। इनकी औसत सदस्यता और कार्यशील पूँजी 76 और 391 रूपये अर्थात् 5 रूपये प्रति सदस्य थी। 1904 मे देश मे सहकारिता साख अधिनियम समितियों के लिए पारित होने से देश मे सहकारितान्दोलन को वैधानिक दिशा मिली। इन समितियों को निबधन 1905 मे शुरू किया गया। शुरू में बडे आकार की समितियों का सगठन करके फिर बाद मे " एक गॉव एक समिति " को सर्वोत्तम सगठन माना गया। 1911-12 मे प्रान्त मे सहकारी साख समितियाँ अपनी 1946 संख्या तथा 99 हजार सदस्य सख्या एवम् 71 6 लाख कार्यशील पूँजी के रूप में कार्यरत थी। 1904 मे सहकारिताधिनियम मे कुछ कमियों से 1912 में पुन अधिनियम देश में लागू किया गया। इस समिति मे केन्द्रीय समिति थी गैर-साख समिति को भी सगठित करके इनका वर्गीकरण दायित्वाधार पर सीमित और असीमित किया गया।

इस ऐक्ट के आने से केन्द्रीय बैंक की संख्या मे वृद्धि हुई और जिला बैंक जो पहले शहरी बैंको मे (समिति रूप मे) थे अब केन्द्री बैंक के वर्ग मे रखे जाने लगे थे।

1913-14 मे सहकारी आन्दोलन पर पहले अकाल फिर प्रथम महायुद्ध छिड जाने से बुरा प्रभाव पडा। 1915 मे ' मैकलगान कमेटी ' की रिर्पोट पर सहकारी आन्दोलन प्रान्तीय सरकारों को सौंप दिया गया, इससे सयुक्त प्रान्त की सरकार इनका शासन व प्रबंध करने लगी। सितम्बर 1925 मे सयुक्त प्रात की सरकार ने ' ओकडेन कमेटी ' सहकारी आन्दोलन की असफलता को ज्ञात करने तथा सुधार हेतु सुझाव देने के लिए की। इसने प्रदेश मे प्रान्तीय सहकारी यूनियन की स्थापना करने का सुझाव दिया। 1925-26 मे देश मे सहकारी समितियों की सख्या प्रान्त मे 6,236 तथा सदस्य सख्या 1 65 लाख और कार्यशील पूँजी 1 89 करोड रूपये थी।

1926-39 में समय मे ओकडेन कमेटी की संस्तुति पर सहकारी विभाग द्वारा पुर्नगठन की नीति अपनाई गई। 1928-29 मे मदीकाल मे शुरू होने से कृषि की स्थिति गम्भीर हो गई। 1929-30 मे प्रथम भूमि बधक समिति की स्थापना गाजीपुर जिले के सैदपुर में की गई। 1933-34 मे तीन और समितियाँ फेजाबाद, गोरखपुर तथा जालौन मे तथा 1934-35 मे एक और समिति जौनपुर जिले मे स्थापित की गई। ये समितियाँ इस काल के अत तक चलती रही। इस काल की महान उपलब्धि 1928-29 मे यू0पी0 सहकारी यूनियन की स्थापना थी। 1938-39 के अत मे सभी प्रकार की समितियों की सख्या 11,558 और सदस्य सख्या 6 85 लाख तथा कार्यशील पूँजी 321 करोड रू0 थी।

1939-45 के द्वितीय महायुद्ध काल में विभिन्न प्रकार की गैर साख समितियों की प्रगति हुई जैसे - उपभोक्ता समितियाँ, औद्योगिक समितियादि। 1944 मे प्रान्तीय सहकारी बैंक की स्थापना की गई। इस काल में 2 अन्य शीर्ष संस्थायें जैसे प्रान्तीय

सहकारी विपणन और विकास सघ (1942-43) तथा प्रान्तीय औद्योगिक सघ (1940-41) की स्थापना की गई। 1944-45 के अत तक प्रान्त मे सभी प्रकार के सहकारी समितियों की सख्या 18,308 हो गई ' थी। इनकी सदस्य सख्या 7 57 लाख तथा कार्यशील पूँजी 3 97 करोड रूपये हो गई थी।

1946-50 के उत्तर युद्ध तथा स्वतत्रता प्राप्ति के उपरान्त काल मे सहकारी आन्दोलन का महत्वपूर्ण विकास हुआ। 1947 मे देश स्वतत्र होने से प्रदेश मे सहकारिताओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास हेतु सहकारी विकास योजना का व्यापक कार्यक्रम बनाया गया। जून 1948 में कृषि विकास कार्यक्रमों मे तीव्रता लाने के लिए कृषि विभाग के 567 बीच गोदाम प्रान्तीय सहकारी विपणन सघ के माध्यम से खण्ड विकास सहकारी यूनियनों को सौंप दिये गये। 1948-50 की अवधि मे 500 से अधिक उपभोक्ता भण्डारों का संगठन किया गया। इन्हीं शहरी क्षेत्रों मे मुख्यत राशन के खाद्यान्नों का वितरण करना था। 1948-49 में सहकारी खेती में कार्य आरम्भ करके झाँसी जिले के 2 गाँवों के 900 एकड भूमि पर सहकारी आधार पर खेती की गई। 1949-50 मे 9 भूमि बन्दोबस्त समितियों का सगठन किया गया। इससे सेना के कर्मचारियों, शरणार्थियों और राजनीतिक पीडितों के पुन स्थापना कार्यक्रमों को पूरा करना था।

प्रथम पंच-वर्षीय योजना (1951-52) मे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सहकारिता द्वारा पुन स्थापित करने पर जोर दिया गया। सहकारी साख तथा वितरण की योजनाये बनाई गयीं। इसके अतिरिक्त अन्य योजनाये जैसे - सहकारी खेती, दुग्ध योजना आदि बडी संख्या में बनाई गई। सहकारिता पर 1 37 करोड सरकार द्वारा विकास हेतु रखा गया। योजनाकाल मे ही सहकारी साख सर्वेक्षण रिर्पोट प्रकाशित जिसके आधार पर द्वितीय पंच - वर्षीय योजना पर सहकारिता पर जोर दिया गया। प्रथम पच-वर्षीय योजना में सभी प्रकार की समितियो की संख्या 55,638 सदस्य संख्या 38 लाख तथा कार्यशील पूँजी 38 करोड रू0 थी।

द्वितीय पंच-वर्षीय योजना (1956-61) मे सहकारिता के समस्त विकास कार्यक्रम अखिल भारतीय ग्रामीण साख सर्वेक्षण कमेटी की सिफारिशों को ध्यान मे रखकर बनाये गये। इसमे सहकारी साख खेती, विपणन तथा भण्डारण, दुग्ध योजनाओं तथा प्रशिक्षण तथा शिक्षा पर 6 93 करोड रूपये खर्च किये गये। प्रत्येक गाव सहकारिता के क्षेत्र मे लेने तथा 30 लाख सदस्य बनाने का प्रयास था। योजनाकाल मे 6-1/2% दर पर 40 करोड ऋण वितरित किये गये। 100 सहकारी खेती समितियाँ स्थापित करके 1959 में प्रदेश में सहकारी समितियों (गन्ना तथा औद्योगिक को छोडकर) की संख्या 65 हजार थी। सदस्य संख्या 46·3 लाख तथा कार्यशील पूँजी 117-57 करोड रू0 थी।

तृतीय पंच-वर्षीय योजना (1961-66) मे सहकारिता क्षेत्र पर तीव्र गति से विकास करने के महत्व पर अधिक बल दिया गया। इससे कृषकों, श्रमिकों तथा उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को विशेष ध्यान रखते हुए सामाजिक स्थिरता, रोजगार बढाने तथा त्वरित आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साधन माना गया था। 35% ग्रामीण तथा 75% कृषक परिवार को सदस्य बनाकर 35 लाख नये सदस्य बनाये गये। 100 सहकारी विपणन समितियाँ गठित की गई। 100 श्रमिक समिति तथा 8 सहकारी समितियाँ रिक्शा चालकों हेतु सगठित की गई। 27 थोक उपभोक्ता भण्डारों की स्थापना 20 शाखाओं के साथ की गई। 4 50 खेती सहकारी समिति 45 जिलों मे सगठित कर दी गई। 50 भण्डारागारों का गठन किया गया। तृतीय योजना मे समितियों की सख्या 48308 थी, सदस्य संख्या 68 81 लाख थी। निजी पूँजी 53 59 करोड रू0 तथा कार्यशील पूँजी 235 07 करोड रू0 थी।

चतुर्थ पंच-वर्षीय योजना (1969-74) आन्दोलन में स्थिरता बनाये रखने के साथ विकास पर बल दिया गया। इस योजना के प्रमुख लक्ष्य एवम् उपलब्धियाँ इस प्रकार थी।

तालिका 5 4

चतुर्थ पच-वर्षीय योजना (1969 से 74 तक) लक्ष्य की उपलब्धियॉ

क्र0स0	मद कृषि साख	एकक/एकक	लक्ष्य	उपलब्धियॉ
1-	स्वालम्बी समितियों का गठन	सख्या	2500	2605
2-	सदस्यता	लाख मे	17	25
3-	अशदान मे वृद्धि	लाख रू0 मे	550	1179
4-	अश पूजी मे ,वृद्धि	" '	250	547
5-	अल्पकालीन साख	' "	6000	6450
6-	मध्यकालीन साख	" "	3500	3483
7-	दीर्घकालीन साख	" '	14000	11923
अन्य				
1-	लघु आकार की प्रक्रिया का गठन	सख्या	8	8
2-	ग्रामीण गोदाम	" "	200	375
3-	क्रय-विक्रय समितियों का गठन	" "	7	10
4-	कृषि यंत्रों का गठन क्रय	मिलियन रू0	315	522
5-	सहकारी खेती समितियों का गठन	संख्या	40	49
6-	सहकारी खेती समितियों का पुर्नगठन	" "	100	56
7-	विश्वविद्यालय में उपभोक्ता भण्डारो का गठन	" "	2	2
8	मध्यम प्रकार के फुटकर केन्द्रों का गठन	" "	20	11

4- तृतीय पंच-वर्षीय योजना, " भारत मे सहकारिता आन्दोलन " उ0प्र0 हिन्दी ग्रंथ अकादमी, लखनऊ, 1977 पेज 389
गुप्ता,डा0 अम्बिका प्रसाद

इस योजना मे साधनहीन व आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग के कृषकों को समितियों मे अश क्रय हेतु बैको के माध्यम से अल्पकालीन ऋण प्रदान किये गये। इस योजना मे सभी प्रकार के सहकारी ऋण वितरण मे चेक पद्धति लागू की गई। चेक वितरण उद्देश्य मे किसानों को ऋण नकद व वस्तुओं के रूप मे समय से प्राप्त हो सके। दूसरी ओर ऋण वितरण की बुरी प्रणाली पर रोक लगाई गई। इसके अतिरिक्त, समितियों मे अनियमितता व दुरूपयोग के मामलों की तत्परता से जॉच हेतु विभाग मे पुलिस विशेष अनुसंधान शाखा स्थापित की गई। इस योजनात मे सभी सहकारी समितियों की सख्या (गन्ना व औद्योगिक समितियों को छोडकर) 37 761 थी तथा सदस्य सख्या 93 55 लाख थी। इनकी निजी पूँजी 122 06 करोड रूपये थी तथा कार्यशील पूँजी 691 66 करोड रूपये थी।

पचवर्षीय योजना (1974-79)- इस योजना का प्रमुख उद्देश्य समितियों का पुर्नगठन कर उन्हें स्वालम्बी बनाना, लघु एवं सीमांत कृषकों के आर्थिक विकास हेतु योजनायें क्रियान्वित करना तथा इस वर्ग के लोगों को सहकारी समितियों के अन्तर्गत लाने हेतु तीव्र कार्यक्रम चलाना था। इसमे पूर्व गठित समितियों का विस्तार और उनको सुदृढ करने के कार्यक्रम भी सम्मिलित किये गये है।

वर्तमान स्थिति मे 30 जून 1975 को समस्त प्रकार की समितियों की सख्या 36,985 थी तथा सदस्य सख्या 95 67 लाख थी। समितियों की निजी पूँजी 135 11 करोड रू0 तथा कार्यशील पूँजी 765 43 करोड रू0 थी। प्रदेश का सहकारी आन्दोलन इस समय प्रत्येक सहकारी क्षेत्रों में प्रवेश किया है। एक ओर जहॉं कृषि सहकारी समितियॉं, दुग्ध उत्पादन समितियॉं, शीत गृह वनस्पति मिल, उर्वरक कारखाने आदि स्थापित किये गये हैं वहीं दूसरी ओर उपभोक्ता सहकारी समितियॉं, रिक्शा चालक समितियॉं, विद्युत आपूर्ति समितियॉं, श्रम सहकारी समितियॉं गठित की गई है। इनमे से कुछ

प्रमुख क्षेत्रों मे हम प्रदेश सहकारी स्थिति का वर्णन करता हूँ।[5]

तालिका 5 5

प्रमुख क्षेत्रों मे उ0प्र0 सहकारी स्थिति का विवरण

क्र0सं0	साख		उपलब्धियाँ
1-	स्वाश्रयी समितियों का गठन	सख्या	4,200
2-	सदस्यता मे वृद्धि	लाख रू0	30
3-	सदस्यों द्वारा अश पूँजी मे वृद्धि	" "	600
4-	निक्षेप मे वृद्धि	" "	500
5-	अल्पकालीन साख	" "	5,500
6-	मध्यकालीन साख	" "	2,500
7-	दीर्घकालीन साख	" "	19,000
अन्य.			
1-	क्रय-विक्रय समितियों का गठन	सख्या	27
2-	बडी, मध्यम, लघु आकारीय सहकारी प्रक्रिया समितियों का गठन	" "	91
3-	शीत गृह	" "	22
4-	सहकारी खेती समितियों का गठन	" "	100
5-	सहकारी खेती समितिया का पुर्नगठन	" "	100
6-	बडे आकार के विभागीय भण्डार	" "	5
7-	लघु आकार के विभागीय भण्डार	" "	10
8-	फुटकर विक्री केन्द्र	" "	72

5- गुप्ता, डा0 अम्बिका प्रसाद " भारत में सहकारिता " उ0प्र0 हिंदी ग्रथ अकादमी, लखनऊ 1977 पेज 39।

6- उ0प्र0 मे सहकारिता - 1976 पर आधारित प्रकाशन निबधक सहकारी समितियाँ, उत्तर प्रदेश ।

सहकारी कृषि साख के अन्तर्गत सहकारी समितियों द्वारा ऋण प्रदान करने का कार्य अल्प एव मध्यकालीन ऋण तथा दीर्घकालीन ऋण के अन्तर्गत प्रदान किया जाता है। अल्पकालीन व मध्यकालीन ऋण व्यवस्था त्रिस्तरीय है। ग्राम स्तर पर ग्रामीण ऋण साख समितियाँ, जिला स्तर पर जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक तथा प्रदेश स्तर पर उ0प्र0 सहकारी बैंक है। कृषि ऋण वितरण व्यवस्था को शीर्ष सस्था के रूप मे उ0प्र0 राज्य सहकारी बैंक, अपनी 15 शाखाओं सहित कार्य स्तर पर है। जिला स्तर पर 56 जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक कार्य कर रहे है। इनकी 602 शाखायें कार्य में लगी है जिससे किसानों को कृषि साख सुविधा दी जा सके।

अल्पकालीन ऋण मुख्यत 1 वर्ष हेतु फसलोत्पादन हेतु दिया जाता है। मध्यकालीन ऋण 3 वर्ष से 5 वर्ष के लिए बैल, दुधारू पशु क्रय करने व पंपसेट लगाने, कृषि यंत्रों के क्रय करने आदि हेतु दिये जाते है। वर्ष 1974-75 मे 71 58 करोड रू0 अल्पकालीन ऋण तथा 3 06 करोड रू0 मध्यकालीन के दिये गये थे। दीर्घकालीन साख हेतु किसानों की सुविधा मे उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक शीर्ष संस्था के रूप मे कार्य कर रहा है। इसने प्रदेश की प्राय हर तहसील, मुख्यालयों पर अपनी 209 शाखायें खोली है और इनके द्वारा ऋण वितरित करता है। 30 जून 1975 तक बैंक ने 194 94 करोड रूपये के दीर्घकालीन ऋण वितरित किये हैं। इनमे से 95% अल्प सिचाई कार्यो तथा शेष अन्य कृषि सबधी कार्यो हेतु दिया गया है। इस ऋण राशि से 158,359 कुएं तथा 33000 रहट 155820 पम्पिग सेट 195,6000 नलकूपों का निर्माण तथा 17,810 ट्रैक्टरों का क्रय किया गया था।

प्रदेश के 26 जिलों मे लघु सीमात कृषक सेवा अभिकरण कार्यरत है। इनमे एक-एक कृषक सेवा सहकारी समिति गठित की गई है। प्रधानमत्री के 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत गोरखपुर, आजमगढ, बाराबकी, रायबरेली, फर्रूखाबाद और मुरादाबाद

बैंकों में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना की गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के निर्बल वर्ग किसानों को सुविधाये प्राप्त होती हैं।

सहकारी खेती छोटी जोत वाले कृषकों को सघन एवं आधुनिक खेती के लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सहकारी खेती एक ऐसी पद्धति है जो जनशक्ति एवं सीमित साधनों के एकीकरण द्वारा स्वेच्छा एवं प्रजातांत्रिकाधार पर उपरोक्त समस्या का एक समाधान करती है। 30 जून 1974 को प्रदेश में 1320 संयुक्त खेती समितियाँ तथा 120 सामूहिक खेती समितियाँ थी। इनकी सदस्य संख्या 29,150 थी, जिसमें से 18,860 भूस्वामी तथा 10,280 भूमिहीन सदस्य थे। इनकी कार्यशील पूँजी 381.72 करोड़ रूपये थी। इनके पास भूमि 79.1 हेक्टेयर जमीन थी इनमें से 573 ने लाभ पर कार्य करके 42 लाख रू0 लाभ अर्जित किया।

प्रदेश में द्वितीय पंचवर्षीय योजना में विपणन समितियों का गठन आरम्भ किया गया। इससे किसानों को मध्यस्थों से शोषण न हो उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाता है। इस समय देश में कुल 296 विपणन समितियाँ हैं। भण्डारण की दृष्टिकोण से किसानों को उनकी उपज का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक विधि से संग्रह हेतु ग्रामीण स्तर पर ग्रामीण गोदाम एवं मण्डी स्तर पर विपणन समितियों द्वारा गोदामों का निर्माण किया जा रहा है। यह कार्य राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम तथा शासन द्वारा ऋण व अनुदान से प्राप्त धनराशि से किया जाता है। ग्रामीण गोदाम को 22,100 रू0 तथा मण्डी गोदाम हेतु 37,500 रू0 प्रति गोदामं सहायता दी जाती है। इसमें 62.5% ऋण एवम् 37.5% अनुदान होता है। अभी तक शासन द्वारा 233 मण्डी गोदाम एवं 1584 ग्रामीण गोदामों हेतु निर्माण सहायता प्रदान की गई है। इनमें 194 मण्डी गोदाम एवं 1168 ग्रामीण गोदामों का निर्माण किया जा चुका है। प्रत्येक ग्रामीण एवं मण्डी गोदामों की भण्डारण क्षमता क्रमशः 100 टन व 250 टन है। पंचम पंचवर्षीय योजना में 1000 ग्रामीण

गोदाम बनाये गये थे। कृषि उत्पादकों को सुरक्षित रखने मे भण्डारण कार्यक्रम मे उ0प्र0 का भण्डारण निगम अभीष्ट स्थान रखता है। 31 मार्च 1976 तक प्रदेश मे इस सस्था के 116 भण्डारागार एवं उप भण्डारागार प्रदेश मे कार्य कर रहे है। इनकी भण्डारण क्षमता 9 लाख टन थी। प्रदेश मे 25 शीत गृह कार्यरत है जिन्हे 1975-76 मे 27 46 लाख अशपूँजी रूप मे प्रदान किये गये है।

सहकारी प्रक्रिया के अन्तर्गत कृषकों को उचित मूल्य दिलाने तथा प्रक्रिया को सुविधा दिलाने हेतु स्थानीय आवश्यकतानुसार प्रदेश मे गन्ना, धान, मूँगफली, राव तथा तेल आदि प्रक्रिया इकाइयों की स्थापना सहकारी क्षेत्र मे करके इस समय 58 लघु आकार 34 मध्याकार तथा 2 मध्यमाकार की सहकारी प्रक्रियात्मक इकाईयॉ कार्यशील है। इसके अलावा 11 लघु आकार की इकाइयों को निर्मित किया गया है।

सहकारितान्दोलन के अर्न्तगत अधिकाधिक अन्न उपजाओं हेतु कृषकों को रासायनिक खाद उपलब्ध कराने हेतु देश मे लगभग 2900 खाद विक्री केन्द्र चलाये जा रहे है। 1975-76 मे 1 2 लाख टन नत्रजनिक, 19000 टन फासफेटिक और 9800 टन पोटाशिक खाद का वितरण किया गया। फसली ऋण योजनान्तर्गत ऋण का एक भाग उर्वरकों को वितरित किये जाने के कारण इस कार्य मे तीव्र गति से वृद्धि व प्रगति हुई। 1975-76 मे 40 करोड रू0 के अल्पकालीन ऋण खाद के रूप मे बॉटे गये थे। इसके अलावा 26 हजार कुन्तल उन्नत गेहूँ के बीज सहकारी बीज भण्डारों द्वारा बॉटा गया।

बाजारों की प्रचलित अर्थव्यवस्था मे उत्पादक से उपभोक्ता तक उपभोक्ता सामग्री पहुॅचते-पहुॅचते उसके मूल्य मे यथेष्ठ वृद्धि हो जाती है। फलस्वरूप उपभोक्ता वर्ग को अधिक मूल्य देने पडते है। विकासशील भारत जैसे देशो मे यह बात अधिक दृष्टिगोचर

होती है। अत निर्माणकर्ताओं से उपभोक्ता वर्ग को सरक्षण दिलाने हेतु मध्यस्थ व्यापारी वर्ग सहायक होते है। इस दिशा मे उपभोक्ता सहकारी समितियाँ अचूक सिद्ध हुई है। ये राशन तथा नियन्त्रित वस्तुओं के उचित मूल्य तथा समान मूल्य पर वितरण का एक प्रभावी एवम् सशक्त माध्यम है। इस समय उत्तर प्रदेश के 52 नगरों मे केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी भण्डार तथा 1145 उपभोक्ता सहकारी भण्डार कार्य कर रहे है। केन्द्रीय उपभोक्ता सहकारी भण्डारों द्वारा वर्ष 1973-74 मे 867 लाख रू0 तथा वर्ष 1974-75 मे 1512 रू0 लाख मूल्य का व्यवसाय किया गया। लखनऊ, इलाहाबाद कानपुर, मेरठ एवम् देहरादून के केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डारों द्वारा नया बाजार (सुपर बाजार) चलाया जा रहा है।

प्रधानमत्री के 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के साढे तीन लाख से अधिक जनसख्या वाले बडे नगरों तथा कानपुर, इलाहाबाद, वाराणसी, आगरा, मेरठ, लखनऊ, गाजियाबाद एवम् बरेली मे ओद्योगिक क्षेत्र के श्रमिकों, विश्वविद्यालय तथा डिग्री कालेज के छात्रों एवम् कर्मचारियों के लिए उपभोक्ता समितियों पर विशेष बल दिया गया था। इसी प्रकार एक लाख से अधिक जनसख्या वाले 22 नगरों मे स्थित विश्वविद्यालय, डिग्री कालेजों के छात्रावासों को दैनिक उपभोक्ता वस्तुओं की सपूर्ति व्यवस्था सहकारी उपभोक्ता भण्डारों की मदद से करने की व्यवस्था की गई। यह योजना अगस्त 1975 से शुरू की गई और इसके अन्तर्गत अल्पावधि (जनवरी 76 तक) 19 76 लाख रू0 मूल्यों की आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति छात्रों एवम् कर्मचारियों को दी गई।

प्रदेश के नैनीताल जिले मे दिल्ली योजना के अनुरूप आदर्श योजना 2 अक्टूबर 1975 से शुरू की गई। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य सार्वजनिक वितरण व्यवस्था में सहकारी संस्थाओं का अधिकाधिक उपयोग किया गया। इस जिले मे 103 सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानें सहकारी संस्थाओं को आवंटित की गई थी। प्रत्येक उपभोक्ता

को वस्तुये वितरण हेतु विकास खण्डों मे सहकारी समितियाँ खोली गई थी। ग्रामीण क्षेत्रों मे उपभोक्ता वस्तुओं के वितरण का व वितरण का उत्तरदायित्व सहकारी विपणन समितियों, साधन सहकारी क्षेत्रीय समितियों तथा विकास सघों को सौंपा गया है। इन सस्थाओं द्वारा वर्ष 1973-74 मे 8 करोड उपभोक्ता मूल्य की वस्तुओं को ग्रामीण अचलों मे वितरित किया गया था।

नवम्बर 1972 से सरकार ने नियत्रित वस्त्र के वितरण का उत्तरदायित्व सहकारिता क्षेत्र को सौंप दिया था। इससे समाज के निर्बल वर्ग को राहत की सास मिली थी। इस योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश सहकारी उपभोक्ता सघ प्रदेश हेतु नियत्रित वस्त्रों का एक मात्र वितरक नियुक्त है। संघ नियत्रित वस्त्रों के थोक वितरण का कार्य 81 केन्द्रों के माध्यम से करना शुरू किया था। नियत्रित वस्त्रों की फुटकर विक्री हेतु प्रदेश में 6163 विक्री केन्द्र सहकारी सस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे है। इसमे 473 केन्द्र गामीण क्षेत्रों में तथा 1,433 शहरी क्षेत्रों में स्थित थे। ग्रामवासियों को नियंत्रित वस्त्र सुलभ कराने हेतु 2 न्याय पंचायतों के मध्य एक फुटकर विक्री केन्द्र स्थापित किया गया था। वर्ष 1974-75 मे 21 50 करोड रू0 मूल्य का वस्त्र वितरित किया गया था।

प्रदेशीय स्तर पर सहकारी उपभोक्ता समितियों की शीर्षस्थ सख्या उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी सघ है। राज्य के 50 सहकारी केन्द्रीय उपभोक्ता भण्डार, 10 जिला सहकारी विकास संघ, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ व राज्य सरकार इसके सदस्य है। यह संस्था आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं को उत्पादकों तथा निर्माता से प्राप्त करके अपने सदस्य उपभोक्ता समितियों को उपलब्ध कराने एवम् उनके व्यापारिक पथ-प्रदर्शन का कार्य करती है। इस सस्था की इस समय पूँजी अशपूँजी 39 72 लाख रू0 है। संघ का व्यवसाय निरतर बढने से 1974-75 में संघ ने 284 80 लाख रू0 का व्यवसाय

किया। बीस सूत्रीय आर्थिक कार्यक्रम के अन्तर्गत सघ ने नियत्रित कागज से तैयार की गई, अभ्यास पुस्तिकाओं की पूर्ति स्कूल तथा कालेज के विद्यार्थियों को किया। सघ सहकारी उपभोक्ता भण्डारों कों सोडाऐस, साइकल, टायर ट्यूब, साबुन, दाले, ब्लेड्स, बिजली के पखे तथा बैट्री, सेल आदि माग के अनुसार पूर्ति कर रहा है। उपभोक्ता सघ निकट भविष्य मे अपनी नई शाखाये तथा फुटकर विक्री केन्द्र खोलकर अपने सदस्य उपभोक्ता भण्डारों को व्यवसायिक परामर्श देने एव उनके मार्ग-दर्शन हेतु एक तकनीकी अनुभाग स्थापित किया।

औद्योगिक समितियाँ अपने कपास उत्पादकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने हेतु वर्ष 1964 में बुलंदशहर मे 25,000 तकुओं की क्षमता की एक सूत्री मिल स्थापित की गई थी। यह मिल 1970 से 7,200 तकुये लगाकर कार्यारम्भ किया। इस समय मिल 12999 तकुओं पर कार्यरत है। मिल द्वारा 12860 तकुये और लगाने हेतु 185 लाख रू0 की योजना से 115 लाख रूपये भारतीय आद्योगिक विकास वित्त निगम से प्राप्त कराने हेतु निगम को राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभूति दी। मिल मे 500 से ज्यादा कर्मचारी कार्यरत हैं।

वनस्पति मिल जिला बदायूँ के वितरोई स्थान पर उत्तर प्रदेश सहकारी सघ द्वारा 3 चरणों मे कार्य शुरू करके स्थापित की गई थी। इसी प्रकार की एक मिल हरदोई जिले में स्थापित की गई है। इसमे राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम ने 66 67 लाख रू0 देकर 350 किलोवाट विजली स्वीकृत कराके स्थापित किया है। वर्ष 1972-73 मे नैनीताल जिले मे काशीपुर तथा सहारनपुर मे रामपुर मनिहारिन मे 10 लाख रू0 के अनुमानित लागत से चावल मिलें स्थापित की गई।

सहकारी क्षेत्र मे फूलपुर, इलाहाबाद जिले में इण्डियन फारमर्स फर्टीलाइजर

कोआपरेशन द्वारा लगभग 150 लाख रू0 से एक वृहत उर्वरक कारखाना किसानों के हितार्थ लगाया गया है। यह कारखाना लगभग 900 टन अमोनियम तथा 1500 टन यूरिया तैयार करता है। इस उर्वरक कारखाने मे राज्य सरकार ने 6 करोड रू0 विनियोजित अश मे किया था।

प्रदेश मे सहकारी सस्थाओं द्वारा 2 कृषि यत्र निर्माणशालाओं तथा 11 कृषि सेवा केन्द्रों की स्थापना किया है। इन केन्द्रों की स्थापना का मुख्य उद्देश्य छोटी जोत वाले किसानों को कम किराये पर जुताई हेतु ट्रैक्टर उपलब्ध कराना तथा कृषि यंत्रों की मरम्मत की सुविधा उपलब्ध कराता है। वर्ष 1976-77 मे एक काटन स्पाइनिग मिल्स, दो दाल मिलें, एक जूट वेडिंग मिल्स तथा आयल काम्पलेक्स स्थापित किया गया।

उपेक्षित एवं निर्बल वर्गो के सहायतार्थ प्रदेश के नगरों में 362 श्रम सहकारी समितिया व 86 रिक्शा चालक समितियाँ पजीकृत है। वर्ष 1973-74, 1975-76 तक श्रम सहकारी समितियों को 1 10 लाख रूपये प्रबधकीय अनुदान और 1 63 लाख प्रबंधकीय विनियोजन तथा 3 33 लाख रू0 कार्य सचालक हेतु ऋण शासन द्वारा प्रदान किया गया था। राज्य स्तर पर 1972-73 मे उत्तर प्रदेश श्रम सविदा सहकारी सघ का गठन श्रम समितियों का मार्ग दर्शन हेतु उनकी समस्याओं का समाधान करने हेतु किया गया था, जिसमे राज्य सरकार द्वारा 59 हजार रू0 अनुदान 1 50 रू0 अशपूँजी प्रदान की गई। रिक्शा चालक समितियों मे सदस्य सख्या 6,650 थी, इन समितियों द्वारा 3,745 रिक्शा सदस्यों को उपलब्ध कराये गये थे। राज्य सरकार ने इन समितियों को वर्ष 1974-75 मे 3 75 लाख रूपये तथा वर्ष 1975-76 में 5 82 लाख रूपये की वित्तीय सहायता दी गई थी।

लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों मे विद्युत सपूर्ति करने में विद्युत सहकारी आपूर्ति

समिति कार्यरत है। समिति कार्यक्षेत्र मे कुल 618 गॉव है, जिनमे सभी गॉव विद्युत आपूर्ति से भरपूर है तथा इन गॉवों मे 2,295 नलकूपों, पम्पसेटो, 377 औद्योगिक इकाईयों, 5,729 घरेलू पंखा बत्ती व सडक की बत्तियों के कनेक्शन इस समिति द्वारा दिये गये है।

सहकारी शिक्षा के अन्तर्गत सहकारिता के सिद्धान्तों, सहकारी समितियों के कार्य सचालन एव सहकारी आन्दोलन के महत्व, उसमे होने वाले लाभों तथा विभिन्न क्षेत्रों मे आन्दोलन द्वारा की गई प्रगति से जनसाधारण एवम् समाज के प्रबुद्ध वर्ग को अकात कराने हेतु सहकारी शिक्षा प्रचार व प्रसार कार्यक्रम अत्यत उपयोगी व महत्वपूर्ण है। कर्मचारियों को विषय ज्ञान व कार्यकुशलता एवम् दक्षता प्रदान करने हेतु 2 विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र बिलारी (मुरादाबाद) तथा कुडवार (सुल्तानपुर) मे कार्यरत है। इन प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा अधीनस्थ कनिष्ठ वर्गीय कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षणार्थियों की बढती हुई निरंतर संख्या तथा समस्त कर्मचारियों को शीघ्र प्रशिक्षित करने के उद्देश्य के महत्व को ध्यान मे रखते हुए एक नया प्रशिक्षण केन्द्र खोला गया है। इसके अलावा सहकारी क्षेत्र मे 2 महाविद्यालय एक राजपुर (देहरादून) तथा दूसरा मौसमबाग (लखनऊ) मे कार्य कर रहे है। उच्च स्तरीय विभागीय एव सस्थागत अधिकारियों का प्रशिक्षण आर बी आई के कृषि ऋण विभाग तथा राष्ट्रीय सहकारी यूनियन द्वारा सम्पन्न होता है। सहकारितान्दोलन से जन-जागरण के महत्व को ध्यान में रखते हुए इसकी भावी नीतियों एवं कार्यक्रम से जनमानस को लाभान्वित करने के उद्देश्य से समय-समय पर सहकारी प्रदर्शनियों, मेलों एवं गोष्ठियों का आयोजन किया जाता है।

सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण एवं प्रसार कार्यक्रम के अतिरिक्त सहकारी समितियों के सदस्यों, भावी सदस्यों और पदाधिकारियों, मत्रियों एवम् गणकों, को प्रशिक्षित करने

का काम सहकारी यूनियन द्वारा जिलों मे कार्यरत 57 शिक्षा प्रशिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। अप्रैल 1975 से 1976 तक 957 गणक मत्री, 4827 सदस्य, 11,167 गैर सदस्य अर्थात् कुल मिलाकर , 62,862 सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। महिलाओं को सहकारिता के महत्व विशेषकर सहकारी उपभोक्ता योजना से अवगत कराने एवम् उन्हे प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम भी शुरू किया गया है। स्कूलों तथा कालेजों के छात्र-छात्राओं तथा अध्यापिकाओं को सहकारिता की जानकारी कराने के उद्देश्य से 24 अध्ययन मण्डल का आयोजन कार्यक्रम भी शुरू है। इस आन्दोलन के व्यापक प्रचार एवम् प्रसार हेतु प्रादेशिक सहकारी यूनियन, लखनऊ सहकारिता मासिक एव साप्ताहिक पत्र एवं अक्टूबर विशेषाक प्रति माह, सप्ताह तथा वार्षिक प्रकाशित करता है।

सहकारी संस्थागत सेवा मण्डल सहकारी संस्थाओं को कुशल एवम् योग्य कर्मचारी उपलब्ध कराने तथा पक्षपात रहित चयन प्रक्रिया अपनाने एवम् उनमें एकरूकता लाने के दृष्टिकोण से कार्यरत है। यह उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की भॉति अभ्यार्थियों के चयन की प्रक्रिया अपनाकर कुशल एवं योग्य कर्मचारी सहकारी सस्थाओं को उपलब्ध कराता है। वर्ष 1974-75 मे 200 अभ्यार्थियों का चयन किया गया था, जिसमे 17 अनुसूचित जाति के अभ्यर्थी सम्मिलित थे। निर्बल वर्ग को विशेष सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से सामान्य अभ्यर्थियों की अपेक्षा अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों से साक्षात्कार शुल्क आधा लिये जाने का प्रावधान है।

उत्तर प्रदेश सहकारी न्यायाधिकरण के माध्यम से सहकारितान्दोलन मे समितियों के सदस्यों तथा पदाधिकारियों के मध्य वादों को सुलझाने तथा सहकारी अधिनियम 1965 की धारा 97 एव 98 के प्रावधानों के अन्तर्गत आदेश, निर्णय तथा अभिनिर्णय के विरूद्ध अपीलों की सुनवाई हेतु उ0प्र0 सहकारी न्यायाधिकरण का गठन किया गया है। वर्तमान समय में न्यायाधिकरण एक सदस्यीय है और इसके अध्यक्ष एक वरिष्ठ जिला जज है।

वर्ष 1973-74 मे इस न्यायाधिकरण के समक्ष 12 अपीलें वर्ष 1974-75 मे 35 अपीले, वर्ष 1975-76 तक मे 45 अपीलें, 76-77 मे 56, 1978-79 मे 81 तथा 1980 से 1989 तक मे अब तक 779 अपीलें सुनी गई है।

सहकारी सस्थाओं से प्रदेश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित है। इससे कृषि उत्पादन में उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है। सहकारी संस्थाये न केवल कृषि उत्पादन वृद्धि हेतु आवश्यक ऋण एव ससाधनों की व्यवस्था कर रही हैं अपितु कृषि जन्य माल के विक्रय एव प्रकृति द्वारा किसानों की आय वृद्धि की दिशा मे अपना महत्वपूर्ण एव सक्रिय योगदान दे रही है। नगरी क्षेत्रों मे उपभोक्ता सहकारी समितियों, वेतन भोगी समितियाॅं, गृह निर्माण समिति, श्रम सहकारी समितियाॅं, रिक्शा चालक समितियाॅ नागरिकों की दैनिक आवश्यकताओं की उचित मूल्य पर पूर्ति करने, अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों को ऋण सुविधा प्रदान करने तथा समाज के निर्बल एवं साधनहीन वर्ग की आर्थिक दशा सुधारने व उन्हें सबल वर्ग के शोषण से बचाने की दिशा में सहकारिता आन्दोलन अपने अथक प्रयास से अनवरत् (देश, समाज व कृषि कार्य हेतु) कार्य कर रही है।

उत्तर प्रदेश मे सहकारिता के कारण देश की कृषि अर्थव्यवस्था मे एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है। सहकारिता के कई समितियो की सहायता से कृषकों को कई महत्वपूर्ण सेवायें उपलब्ध कराई गई, जिससे देश की तरक्की मे बहुत लाभ हुआ है। सहकारिता से देश मे कई बहुउद्देशीय सहकारी समितियों की स्थापना से कृषकों की आर्थिक उन्नति हुई है, जो आर्थिक विकास मे सहायक हुई है। इस प्रकार हम कह सकते है कि सहकारिता न सिर्फ अधिक विकास मे ही सहायक है, अपितु सामान्य क्षेत्र के विकास मे भी सहायक है। सहकारिता देश मे बधुत्व भावना के विकास के साथ ही साथ सामाजिक उन्नति मे भी सहायक सिद्ध हुई है। इस प्रकार सहकारिता को पूर्णरूप से सहयोग देने पर देश में नई कृषि क्रान्ति आयेगी, क्योंकि भारत की प्रमुख अर्थव्यवस्था

कृषि ही है। कृषि कार्य मे प्रगति होने से देश की अर्थव्यवस्था मे मजबूती होने के साथ ही साथ देश की आर्थिक उन्नति भी होती है। इस प्रकार सहकारिता से संस्थागत् प्रयास के रूप मे ग्राम-विकास को गतिशीलता एवं स्थाइत्व प्रदान होता है। सहकारिता विकास के परिपेक्ष्य मे "सहकारिता का" एक सबके लिए और सबके लिए" पर आधारित पारस्परिकता का विचार एव कार्यक्रम है। सहकारिता राष्ट्र व समाज प्रत्येक अग को प्रभावित करती है। जीवन का हर पक्ष सहकारिता से प्रभावित होता है। सहकारिता से व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान होने के साथ ही साथ कुल उत्पादन मे वृद्धि तथा सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था को स्थाईत्व प्राप्त होता है। इस प्रकार सहकारिता सहकारी आधार पर नियोजित कार्यो से कहीं बढकर सामाजिक संरचना एवं राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को संतुलन की दिशा प्रदान करती है। सामाजिक मनुष्य अपने उत्थान के लिए ही नहीं बल्कि अपनी नैतिक, सामाजिक और शारीरिक उन्नति हेतु भी सहकारिता को ग्रहण करते है।

उत्तर प्रदेश एक समाजवादी विधारधारा का लोकतांत्रिक देश है। यहाँ पर बेरोजगारी तथा गरीबी अधिक होने से 40% जनसख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन कर रही है। यहाँ के लोगों की विचार धारायें व मान्यताये होने से लोग व्यैक्तिक सम्पत्ति त्यागने के लिए तैयार नहीं है, जिससे उत्पादन का स्तर निम्न बना रहता है। हमारे प्रदेश मे उत्पादन के समस्त साधनों का अनुकूलतम् प्रयोग नहीं हो पा रहा है। भारत में श्रम का अधिक्य होने से श्रम प्रधान उत्पादन प्रणाली अपनाने की आवश्यकता है। इस प्रकार की सभी समस्याओं के निराकरण का माध्यम सहकारिता है। देश व प्रदेशों मे सहकारिता के महत्व को महात्मा गाधी ने स्वीकार किया था। देश के समस्त राजनेताओं, मनीषियों, विचारकों, विशेषज्ञों तथा प्रशासकों ने सहकारिता के पक्ष मे अपने - अपने उद्गार व्यक्त किये है। आधुनिक युग में सहकारिता के आधार पर उ0प्र0 मे नई-नई आर्थिक नीतियों, कार्यक्रमों व नियोजनों का ढाँचा तैयार कर समाज

को दिशा प्रदान किया है। सहकारिता सस्कृति रूप मे विकसित होकर अधिक स्वाभाविक आकार को ग्रहण किया है। इसका महत्व आर्थिक से अधिक नैतिक व सामाजिक मूल्यों मे है। ऐसी विचारधारा 'का सृजन सहकारिता है, जहाँ प्रत्येक नागरिक को स्वत योगदान की असीमित सम्भावनाये है। स्पष्टत सहकारिता का महत्व स्व-महत्व से सीधा जुडा है।

यदि " हम सहकारिता के माध्यम से व्यक्ति की स्वतत्रता को याद करते है तो व्यक्ति की स्वतत्रता को बनाये रखने तथा साथ ही मुनाफा एव सम्पत्ति बढाने की धुन मे डूबे समाज को छुटकारा दिलाने, व्यक्ति के प्रयासों मे सफलता पाने, ढाँचे के निर्माण को सुदृढ बनाने मे सहकारिता एक अचूक ओषधि का कार्य करती है। "

आज हम स्वतत्रता का स्वर्ण जयन्ती वर्ष 44वे अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह प्रथम दिन 14 नवम्बर, 1997 आजादी के 50 वर्ष और सहकारिता के रूप में मना रहे है। यदि हम कहे कि यह आजादी सहकारिता की ही देन है तो कोई अतिश्योक्ति न होगी। भारत मे सहकारिता आन्दोलन लगभग एक शतक पुराना है। उत्तर प्रदेश में सहकारितान्दोलन एक लोकतांत्रिक पद्धति एवं उदत्त जीवन मूल्यों पर आधारित एक सामाजिक, आर्थिक जनान्दोलन के रूप मे जाना जाता रहा है। यह आन्दोलन मूल रूप से सहयोग की भावना पर आधारित एक ऐसा जनान्दोलन है जिसकी नींव दूसरों की भलाई मे स्वयं अपनी भलाई निहित है, के आदर्श पर टिकी है। आज देश में सहकारिता ' हरित क्रांति से लेकर श्वेत क्रान्ति ' तक जो भी सफलता प्राप्त की है, उससे भारतीय किसान व ग्रामीण समुदाय में आशा की नई किरण का सचार हुआ है। वे सामूहिक प्रयासों से न केवल अभावों से उबर सकते है वरन् कृषि मे हम आधुनिक साधनों का उपयोग कर उत्पादन बढाते हुए प्रगति के मार्ग पर चल सकते है।

हमारे प्रदेश मे जब सहकारिता की बात होती है तब उसे साख आन्दोलन

तक ही सीमित कर चर्चा की इति श्री कर देते है। जबकि यह आन्दोलन प्रक्रिया और विपणन के क्षेत्र में उतनी ही अग्रणी है। सहकारी आवास सघ हो या उपभोक्ता भण्डार, सार्वजनिक विकास प्रणाली हो या ऋण वितरण हर क्षेत्र मे सहकारिता ने जनमानस को लाभ पहुँचाया है। सहकारिता ने कृत्रिम मँहगाई, अनुपलब्धता, जमाखोरी से सदस्यों को लाभ पहुँचाया है। सहकारी आन्दोलन की निरतर वृद्धि आजादी के इन 50 वर्षो मे देश मे 3 5 लाख से अधिक सहकारी समितियाँ अपने 17 करोड से अधिक सदस्यता के साथ है। यह सफलता की परिचायक है। विश्व के किसी भी देश की सहकारी आन्दोलन की सदस्य सख्या भारत के बराबर नहीं है।

सहकारिता विश्व की समस्त प्रकार की अर्थव्यवस्थाओं तथा राजनैतिक विचार-धाराओं मे विकसित हुई है। आजादी के बाद उत्तर प्रदेश मे आर्थिक उदारीकरण सहकारिता हेतु आज संरक्षणात्मक व्यवस्था से हटकर स्वतंत्र एवं उन्मुक्त प्रतिस्पर्धात्मक व्यवस्था में विकास की एक चुनौती है। उ0प्र0 में सहकारिता की उपलब्धियों से यह स्पष्ट परिलक्षित होता है कि सहकारिता उच्च कोटि की गुणवत्ता, उत्पादकता एव व्यवसायिक प्रबंध व्यवस्था से उच्च स्थान पर पहुँच चुकी है। हमे यह जान लेना चाहिए कि आजादी देश में सहकारितान्दोलन काफी सशक्त एवम् समृद्ध हो चुका है। इसमें सदेह नहीं है कि सहकारितान्दोलन 21वीं सदी की चुनौतियों को भी स्वीकार करने मे सक्षम हो गया है। इस प्रकार अत मे हम कह सकते है कि स्वतत्र भारत मे स्वतत्र सहकारी आन्दोलन जहाँ लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाये रखेगा, वहीं अपने उद्देश्यो की प्राप्ति मे भी यह अधिक सफल सिद्ध होगा। इस प्रकार इसमे कोई शक नहीं रह जाता है कि सहकारिता का स्वर्णिम युग आने वाला है।

सहकरिता के विभाग के प्रशासनिक ढाँचें को हम सहकारी समिति निबंधक विभाग, विभाग का विभागाध्यक्ष होता है। उसकी सहायता हेतु 5 अपर निबंधक व

एक सयुक्त निबधक नियुक्त होते है। निबधक के कार्यालय का कार्य विभिन्न योजनाओं के अनुसार अनुभाग मे बॅटा होता है। प्रत्येक निबधक को 4 या 5 अनुभागों का नियत्रण तथा उच्च पर्ववेक्षक का कार्य दिया गया है। अपर निबधकों के सहायतार्थ प्रत्येक योजना के लिए प्रथम श्रेणी का योजनाधिकारी नियुक्त है। इन्हे एक से अधिक योजनाओं का कार्य सौंपा गया है। (सहकारिता विभाग छह स्तरों - प्रादेशिक, मण्डलीय, जिला, तहसील, खण्ड व ग्राम) पर कार्य कर रहा है। सहकारिता सबधी आकडा एक दृष्टि मे ।

तालिका 5 6

सहकारिता विभाग के प्रादेशिक, मण्डलीय, जिला, तहसील, खण्ड व ग्राम स्तर पर सहकारी सम्बधी आकडे वर्ष 1985 से 1995 तक की स्थिति

क्र0स0	विवरण	85-86	86-87	87-88	88-89	89-90	90-91	91-92	92-93	93-94
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1-	सब प्रकार की सहकारी समितियों की सख्या (गन्ना एवं औद्योगिक समितियों को छोडकर)	20,574	20,574	20,576	20,576	20,629	20,644	20,431	20,437	20,437
2-	सदस्यता अभियान व्यक्तिगत (लाखों मे)	151 27	159 00	165 21	169 63	169 75	173 00	189 29	193 22	203 56
3-	निजी पूंजी (करोड रू0 मे)	371 15	383 15	391 25	394 04	401 20	338 94	404 76	437 01	437 01
4-	कारोबार पूंजी (करोड रूपये मे)	3267 75	3512 75	3529 96	4712 10	4347 56	4597 06	5260 75	6108 87	7534 84

स्रोत-'उत्तर प्रदेश मे सहकारिता' 1996 प्रकाशन यू0पी0 कोपरेटिव यूनियन, पृष्ट 148-149

तालिका 5 7

उत्तर प्रदेश मे सहकारिता की वर्तमान स्थिति (1985 - 99 तक)

क्र0सं0	विवरण	85-86	86-87	87-88	88-89	89-90	90-91	91-92	92-93	93-94	94-95	95-96	96-97	97-98
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
1-	सब प्रकार की सहकारी समितियों की सख्या(गन्ना और औद्योगिक समितियों को छोडकर)	20574	20574	20576	20576	20629	20644	20681	20687	20687	20687	20688	20690	20700
2-	सदस्यता व्यक्तिगत (लाखों मे)	151 21	159 00	165 21	159 63	169 75	173 00	189 28	193 22	202 56	212 56	218 89	219 91	220 8
3-	निजी पूँजी(करोड रू0 मे)	371 15	383 16	391 25	394 04	401 20	401 94	404 76	437 01	438 01	439 01	440 99	450 90	481 7
4-	कारोबार पूँजी(करोड रू0 मे)	3267 75	3512 75	3529 96	4712 1	4747 56	4797 06	5260 75	6108 87	7534 84	7798 80	7880 90	7981 81	7992 6

स्रोत - 'सहकारिता आन्दोलन' उत्तर प्रदेश मे - वर्ष 1996 पृष्ठ सं0 150 एवम् 151 प्रकाशक, निबधक, सहकारी समितियॉ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

भारतवर्ष मे दुग्ध व्यवसाय के विकास मे कहा जाता है कि प्राचीन भारत मे दूध की नदियाॅ बहा करती थी। यह तत्थ्य सत्य है कि असत्य यह तो निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता 'है, परन्तु यह सत्य है कि इस समय भारतवर्ष मे दूध का अभाव है। कारण अभी दुग्ध व्यवसाय पूर्णरूप से विकसित नहीं हुआ है। अभी तक दुग्ध उत्पादन गाॅवों मे एक या दो पशुओं को रखकर किया जाता है। केवल 5 1% भैंस ही शहरों मे पाली जाती है जो कि भारत मे समस्त भैंस के दुग्ध का लगभग 7% ही दूध पैदा करती है। वैसे हम जानते है कि गाॅवों मे गाय व भैंस दोनों ही प्रकार के पशु गाॅव मे पाले जाते है। भारत मे गाय पालने के दो उद्देश्य है- उनसे कृषि हेतु अच्छे बैलों की उत्पत्ति तथा अपने परिवार हेतु दूध पैदा करना। भैंस केवल दूध व घी के उत्पादन हेतु पाली जाती है। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि भारत मे दुग्ध व्यवसाय भैंस के दूध पर अधिक निर्भर है। यह तत्थ्य नीचे दिये गये आकडे से स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय शहरों एवं गाॅवों में पाली जाने वाली गायों से क्रमश 8,400,000 एवं 470,000 टन तथा भैंस से 10,060,000 एवं 690,000 टन दूध प्रति वर्ष होता है। संख्या की दृष्टि से हमारे देश का पशुधन अधिक है किन्तु गुण की दृष्टिकोण से यह धन अधिक उपयोगी नहीं है। भारत में 17 करोड 57 लाख से भी अधिक गाय - बैल और 5 करोड 12 लाख से भी अधिक भैंस है। गायों की सख्या प्रतिवर्ष बढती जा रही है। सन् 1956 की जनगणनानुसार भारत की पशु (गाय + बैल) सख्या 15 89 करोड थी और 1966 मे यह 17 59 करोड हो गई। अत 10 7% की वृद्धि हुयी। इसी प्रकार दूसरे दूध देने वाले जानवरों की संख्या बढी जो अग्रांकित सारण - 1 से स्पष्ट है ।

सारणी न 6 ।

1956 की जनगणनानुसार दस वर्ष मे भारत के पशुधन मे वृद्धि (1956 - 66)

क्र स	पशु	पशु सख्या करोड मे			सन् 1956-66 तक % वृद्धि
		1956	1961	1966	
1-	गाय + बैल	15 89	17 57	17 59	10 7%
2-	भैंस	4 49	5 12	5 28	17 5%
3-	भेड	3 92	4 03	4 20	7 1%
4-	बकरी	5 54	6 08	6 45	16 4%

" भारत मे गायों की यह सख्या ससार की गायों की सख्या का 25% तथा भैंसों की संख्या का 60% है। इस सख्या का अधिक भाग लाभदायक नहीं है। फलस्वरूप ससार के कुल दुग्ध पैदावार का लगभग 12% ही अपने देश मे होता है। " । भारत वर्ष में लगभग प्रतिवर्ष 2 करोड टन दूध पैदा होता है। इसमे 40% गायों से 55% भैंसों से और शेष 5% दूध देने वाले अन्य पशुओं से आशा की जाती है। अकेले यू पी मे 545 215 टन दूध प्रतिवर्ष पैदा होता है जोकि समस्त राज्यों मे सर्वाधिक है। हिमाचल प्रदेश मे सबसे कम 89,170 टन दूध पैदा होता है। विभिन्न प्रदेशों दुग्ध उत्पादन सारणी 2 से स्पष्ट होती है। "[1]

1- 1956 की जनगणनानुसार ।

2 " भारत मे दूध की पैदावार का मुख्य कारण यहीं के प्रति पशु की कम दूध उत्पादन क्षमता है। जो कि 0 5 सेर, गायों मे तथा 1 5 सेर भैंसों मे है। "[2] यहॉ पर एक गाय का प्रति 'वर्ष दूध उत्पादन औसतन 220 किलों तथा भैंस का 558 किलों है। यह विदेशी पशुओं से बहुत कम है। जैसे - नीदरलेण्ड मे 422 किलो डेनमार्क मे 2400 किलों, इग्लैण्ड मे 3000 किलो है तथा अमेरिका मे 4250 किलों है। भारत में दूध की कम मात्रा पशुओं की खराब नश्ल, उनका आहार, चारे की कमी तथा उचित प्रबध न होने के कारण है। देश मे दूध उत्पादन बढाने हेतु अनेक प्रयत्न जारी है। अधिक दुग्ध उत्पादन हेतु केन्द्रीय व राज्य सरकारों की मदद से फार्मो पर अच्छी नश्ल के पशु पाले जाते है। उन्नतिशील तरीकों से उनका विकास किया जाता है। पजाब मे करनाल फार्म पर भारपारकर और लाल सिधी, देहली मे साहीवाल, कृषि महाविद्यालय आनंद में कांकरेज, सैनिक फार्मो पर हरियाना, होसूर फार्म बगलौर पर गिर तथा कंगायाम, आरे दुग्ध बस्ती मे मुर्रा नश्ल के पशुओं का पालन व प्रजनन होता है। इसके अतिरिक्त भारत मे अच्छी नश्लों का आयात किया जाता है। इन पशुओं मे सस्करण (क्रास ब्रीडिग) करके स्वदेशी पशुओं की दूध देने की क्षमता बढाई जा रही है। ये आयातित मुख्य जातियॉ - जर्सी, हाल्सटन, फ्रीजन, एरसायर, क्रोसट्रोमसकाय (रूस), डेनमार्क की लाल गाय इत्यादि हैं। इस प्रकार अधिक दुग्ध उत्पादन हेतु हर सम्भव प्रयत्न किये जा रहे है।

2- भाटी एस एस
लवानिया जी एस } - भारत में दुग्ध विज्ञान 1965 XVII (2) 35

सारणी 6 2

भारत मे गाय व भैंस के दुग्ध - उत्पादन का सन् 1960-61 की एक प्रगति

राज्य	भैंसो की संख्या (हजार)	कुल वार्षिक उत्पादन (हजार टन)	गायों की सख्या (हजार)	कुल वार्षिक उत्पादन (हजार टन)
आन्घ्र प्रदेश	2636	1081	3035	667
असम	142	35	1632	121
बिहार	1484	778	3770	1023
गुजरात	1523	1012	1656	553
जम्मू कश्मीर	193	59	595	51
केरल	110	44	924	175
मध्य प्रदेश	2172	575	6805	477
मद्रास	976	410	2284	604
महाराष्ट्र	1379	622	3968	700
मैसूर	1424	339	2582	238
उडीसा	194	58	2222	292
पजाब	2073	1661	1600	610
राजस्थान	1763	920	4178	1664
उत्तर प्रदेश	5136	2969	5942	1142
पश्चिम बंगाल	224	128	3316	436
देहली	56	107	28	28
हिमाचल प्रदेश	128	60	358	30
मनीपुर	9	2	47	3
त्रिपुरा	14	2	132	10
अडमान निकोबार	2	नगण्य	2	नगण्य
लका एवं मालदीप	-	-	2	नगण्य
योग	21,641	10,862	40,578	8,635

हमारे देश मे उत्पादन दूध का कम होने से समस्त प्राणियों को पीने के लिए दूध उचित मात्रा मे नहीं मिल पाता है। प्रत्येक भारतीय को औसत रूप से लगभग 187 ग्राम दूध प्रतिदिन मिलता है। वैज्ञानिकों के दृष्टिकोण से शरीर पोषण के लिए कम से कम 454 ग्राम दूध प्रतिदिन मिलना आवश्यक है। विश्व के अन्य देशों मे भारत की अपेक्षा दूध का उपभोग प्रतिदिन अधिक है। यह हम सारणी 6 3 से स्पष्ट देखते है। नीचे दी हुई सारणी 6 3 से भारत एवम् दूसरे देशों की पशु सख्या दूध का कुल उत्पादन प्रति व्यक्ति उपभोग का तुलनात्मक अध्ययन स्पष्ट है।

सारणी 6 3

भारत एवम् दूसरे देशों की पशु सख्या, दूध का कुल उत्पादन, प्रति व्यक्ति उपभोग का तुलनात्मक अध्ययन

देश	पशु स0 (हजार)	जनसख्या (हजार)	भौगो0 क्षेत्रफल हजार वर्ग किमी0	पशु प्रति वर्ग किमी0	पशु स0 प्रति व्यक्ति	दूध उपभोग प्रति व्यक्ति(ग्राम)	गाय का औसत औसत उत्पादन प्रति वर्ष केजी0	% कृषक सख्या
आस्ट्रेलिया	15,229	8,479	7,616	2 00	1 80	1,323	2,178	12(1950)
ब्राजील	52,655	53,377	8,417	6 25	0 99	-	-	-
कनाडा	8,292	14,009	9,334	0 84	0 59	1,965	1,999	16(1956)
अर्जेटाइना	41,268	17,644	2,775	14 87	2 34	-	-	-
भारत वर्ष	1,55,100	3,56,829	3,251	47 76	0 43	229	187	70(1951)
न्यूजीलैण्ड	5,097	1,947	266	19 15	2 62	2,076	2,567	-
अमेरिका	84,179	1,54,353	7,736	10 85	0 55	1,875	1,460	13(1955)
डेनमार्क	3,110	4, 304	44	71 46	0 72	1,394	2,400	94(1950)

दूध को काम मे लाने वाली सबसे उत्तम तथा कम खर्च वाली विधि इसको तरल रूप में उपभोग करना है। देश के उन भागों में जहाँ दूध के सरक्षण व वितरण की व्यवस्था नहीं है, उन स्थानों पर इससे अन्य दुग्ध पदार्थ बना लिये जाते है। किन्तु लाभ कम मिलता है। नवीनतम् सूचनानुसार दिल्ली में 80% ताजे दूध की खपत है, प0 बगाल मे 69%, बिहार, जम्मू कश्मीर, केरल व मद्रास मे 50% है। बम्बई, गुजरात, मध्य प्रदेश, मैसूर, पजाब, उत्तर प्रदेश मे लगभग 33% है। आन्ध्र प्रदेश तथा असम मे ताजे दूध की खपत सबसे कम 25% है। समस्त भारत मे दूध (तरल) की खपत कुल उत्पादन का 39 8% के लगभग है। भारत मे दूध तथा दूध से बने पदार्थो का उपभोग सारणी 4 में स्पष्ट रूप से दिये है।

सारिणी 6 4

भारत में दूध तथा दुग्ध पदार्थो का उपभोग वर्ष (1961)

दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थ	दूध की % मात्रा	उपभोग किये हुए दूध की मात्रा हजार टन मे
दूध (तरल रूप मे)	39 8 %	8,342 60
घी	38 8	446 70
मक्खन	6 08	87 80
दही	8 90	1608 60
खोआ (मावा)	4 72	205 50
आइसक्रीम	0 75	115 90
क्रीम	0 42	15 60
अन्य पदार्थ	0 48	22 30

भारत मे कुल उत्पादन का मुख्य भाग तरल रूप मे प्रयोग किया जाता है। शेष दूध से विभिन्न दुग्ध पदार्थ बनाये जाते है। सारणी 5 मे विभिन्न प्रदेशों मे दूध तथा दूध पदार्थो को बनाने मे प्रयोग किया जाता है। दूध की मात्रा आद्योलिखित वर्णित है।

भारत के विभिन्न प्रदेशों में दूध की वार्षिक उपभोग (हजार टन मे)

1961 की पशु गणना के अनुसार

प्रदेश	कुल दुग्ध उत्पादन	दुग्ध का तरल उपभोग	दूध प्रदार्थो के लिए प्रयोग की हुई दूध की मात्रा					
			घी	दही	मक्खन	खोआ	क्रीम	आइसक्रीम
1	2	3	4	5	6	7	8	9
आन्ध्र प्रदेश	1,782	713	631	210	210	18	-	-
असम	168	95	42	9	8	14	-	-
बिहार	1,915	986	607	230	69	23	-	-
गुजरात	1,629	523	852	127	89	23	10	5
जम्मू कश्मीर	115	59	39	16	500टन से कम	1	-	-
केरल	233	110	95	26	1	1	-	500 टन से कम
मध्य प्रदेश	1,093	366	586	80	33	25	1	2

क्रमश

1	2	3	4	5	6	7	8	9
मद्रास	1,038	693	121	101	73	16	3	31
महाराष्ट्र	1,407	940	115	107	112	46	11	23
मैसउ	591	207	237	47	77	17	3	3
उडीसा	370	222	37	37	-	18	-	-
पंजाब	2,485	870	969	124	248	149	25	75
राजस्थान	2,524	883	1,136	252	51	177	-	25
उत्तर प्रदेश	4,212	2,106	842	211	295	421	84	211
प0 बगाल	517	269	47	52	26	10	5	5
केन्द्र शा0 प्रदेश	269	174	93	13	5	7	1	500 टन से कम
योग	20,375	9,126	6,489	1,642	1,297	966	143	380

3 इण्डियन डेयरी मेन (1968) xx(5) पेज 135

सारिणी 6 6

भारत मे दुग्ध पदार्थो का उत्पादन वार्षिक (हजार टन मे) (1961 पशु गणनानुसार)

प्रदेश	घी	मक्खन	दही	खोआ	क्रीम	आइसक्रीम	छेना
1	2	3	4	5	6	7	8
आन्ध्र प्रदेश	29 2	13 2	-	4 1	-	-	-
असम	2 1	0 5	181 4	3 4	-	-	-
बिहार	36 00	5 2	7 7	5 8	-	-	-
गुजरात	47 3	5 7	201 1	5 7	0 5	12 1	-
जम्मू कश्मीर	2 00	-	108 6	0 2	-	-	-
केरल	3 9	0 1	13 8	0 1	0 2	-	-
मध्य प्रदेश	29 4	2 4	22 0	6 1	3 1	1 1	-
मद्रास	4 7	4 6	64 9	3 9	2 3	3 9	-

क्रमश

1	2	3	4	5	6	7	8
महाराष्ट्र	8 6	7 2	85 6	11 5	0 3	14 0	2 8
मेसूर	11 6	4 8	91 4	4 4	-	3 6	-
उडीसा	1 7	-	40 7	4 6	7 2	-	13 9
पजाब	58 9	18 5	31 4	32 1	3 2	31 1	6 2
राजस्थान	56 8	3 5	119 6	44 2	21 1	-	-
उत्तर प्रदेश	47 4	18 4	227 2	84 2	0 6	88 4	10 5
प0 बगाल	2 5	1 7	179 0	2 3	-	6 5	23 3
केन्द्र शा0 प्र0	5 1	0 3	11 0	1 5	-	0 9	0 8
योग	347 2	86 1	1,427 0	214 1	38 5	161 6	57 5

भारत मे दूध का कुल उत्पादन 1956 मे 1,95,83,902 8 टन था। अब यह उत्पादन 2,07,22,284 4 टन हुआ है। इस हिसाब से अमेरिका ; रूस के बाद भारत का ही स्थान आता है। भारत की जनसख्या अधिक होने से दूध की मात्रा प्रति व्यक्ति बहुत कम है। कुल दूध उत्पादन मे से 7688744 टन दूध तरल मे प्रयोग होता है। शेष उपरोक्त मे दुग्धशाला उद्योग की सफलता दूध प्रति पर निर्भर है। सरकारी व निजी फर्मों पर पोषित नस्लों से यह सिद्ध हो चुका है कि भारतीय पशु क्षमता दूध मे अन्य देशों से कम नहीं है। इसी बात को ध्यान मे रखकर भारत सरकार ने अपनी 4 पच वर्षीय योजना मे दुग्ध व्यवसाय को प्रोत्साहन दिया है।

4 प्रथम पच वर्षीय योजना मे दुग्ध व्यवसाय को उन्नत करने के लिए भारत सरकार ने 781 लाख रू0 खर्च किया था। इस रकम से 600 लाख रू0 बम्बई मे आरे मिल्क कालोनी ऐसे दुग्ध बस्ती के स्थापित करने मे व्यय हुआ। इसी प्रकार दूसरी दूध योजना पूना, हुबली, धारावार में शुरू की गई। इसी काल मे यू0एन0आई0सी0ई0एफ0 तथा न्यूजीलेड की सहायता से आनन्द जिला खेरा (गुजरात) में मक्खन, घी और दूध चूर्ण की फैक्ट्रियाँ भी स्थापित की गई। प0 बगाल की सरकार ने दूध देने वाले पशुओं को कलकत्ता से निकालकर हेरिंगटा मे बसाने पर लगभग 50 लाख रू0 खर्च किया। मध्य प्रदेश मे डेरियों की सख्या 7 से बढाकर 11 कर दी गई। उडीसा सरकार ने भी अपने क्षेत्र मे 8 डेरियाँ आरम्भ की। आन्ध्र प्रदेश की सरकार ने भी डेरियाँ स्थापित की। इसने कर्नूल तथा गटूर में सहकारी दुग्ध सघ स्थापित करने मे सहायक सिद्ध हुई। मद्रास सरकार ने भी सहकारी दुग्ध वितरण योजनायें बनाई तथा सहकारी समितियों को आर्थिक सहायता प्रदान की। उत्तर प्रदेश की सरकार ने अपने 9 बडे शहरों मे सहकारी दुग्ध सघ स्थापित किये। इसी प्रकार बिहार मे 3 सहकारी दुग्ध सघ स्थापित हुए। इन योजनाओं को शुरू करने के बाद यह अनुभव किया गया कि इनसे शहरों को अधिक लाभ नहीं हुआ। अत प्रत्येक शहर मे एक दुग्ध मण्डल मिल्क बोर्ड

शुरू करने की योजना बनाई गई। साथ ही यह निर्धारित किया गया कि यह दुग्ध मण्डल अपने क्षेत्र मे दुग्ध की समस्याओं का पूरा समाधान करेगा तथा दुग्ध योजनाओं को लागू, शुरू करने मे सहायक होगा। इसी योजनान्तर्गत अनुसधान हेतु अधिक सुविधाये देने पर भी विचार किया गया जिसके फलस्वरूप करनाल मे एक 'राष्ट्रीय डेरी अनुसधान केन्द्र (नेशनल डेयरी रिसर्च इन्स्टीट्यूट) स्थापित किया गया। "

द्वितीय पच-वर्षीय योजना मे प्रथम योजना की अपेक्षा दुग्ध व्यवसाय ने अधिक उन्नति की। भारत ने दुग्ध उद्योग को और अधिक बढावा देने के उद्देश्य से 1779 लाख रू0 खर्च किया था। कृषि कार्य पर खर्च होने वाली रकम का यह 52% था। इस रकम मे 372 लाख रू0 की वह धनराशि सम्मिलित नहीं थी, जो योजना कमीशन (प्लानिग कमीशन) ने दिल्ली एव अहमदाबाद दुग्ध योजनाओं पर व्यय किया था। प्रान्तों के पुर्नगठन के बाद दुग्ध उद्योग पर व्यय होने वाली रकम मे कुछ कमी करके यह धनराशि 2091 48 लाख कर दी गई थी। इस धनराशि को 3 प्रकार की योजनाओं पर खर्च किया गया था।

प्रथम इसके अन्तर्गत 52 बडे - बडे शहरों मे दुग्ध सघ स्थापित किया गया था। स्थापित करते समय इन दुग्ध सघों की क्षमता इस प्रकार थी।

तालिका 6 7

भारत वर्ष के 52 बडे - बडे शहरों मे दुग्ध सघों की क्षमता

	शहर	क्षमता
1-	अहमदाबाद, मद्रास, कलकत्ता, बम्बई दिल्ली (5)	559 8615 से 2602 687 कुन्तल दूध प्रतिदिन
2-	बगलौर, हैदराबाद, लखनऊ, पूना, अमृतसर (5)	186 6205 कुन्तल दूध प्रतिदिन
3-	पटना, भोपाल, चण्डीगढ, नागपुर ग्वालियर, इन्दौर, जबलपुर (7)	93 31022 कुन्तल प्रतिदिन
4-	अन्य 31 शहर जिनकी जनसंख्या 1 लाख से अधिक थी (31)	55 98622 कुन्तल दूध प्रतिदिन
5-	4 अन्य शहर जिनकी आबादी 1 लाख से कम थी।	55 98622 कुन्तल दूध प्रतिदिन

ऊपर की दुग्ध योजनाओं की क्षमता को कायम रखने के लिए पर्याप्त मात्रा प्रतिदिन मिलती रहे, के लिए इन शहरों के निकटवर्ती गॉवों मे दुग्ध उत्पादन सहकारी समितियाँ स्थापित की गई। पहले वर्ग के 5 शहरो मे इन समितियों के अतिरिक्त दूध पशु कालोनी से भी प्राप्त किया जाता था।

द्वितीय, इसके, अन्तर्गत 12 क्रीमरीज ऐसी जगहों पर स्थापित करना था।

जहाँ पर फालतू दूध को बाजार तक भेजने के उत्तम साधन पर्याप्त नहीं है। वहाँ पर इस दूध से मक्खन, घी, केसीन बनाया जा सके। इन क्रीमरीज मे से प्रत्येक की कार्यक्षमता 74 8682 से 186 6205 कुन्तल दूध प्रतिदिन रखी गई। इसके अतिरिक्त 7 दुग्ध चूर्ण फैक्ट्रियाँ (मिल्क पाउडर फैक्ट्रीज) उन स्थानों पर आरम्भ की गई, जहाँ पर फालतू दूध की मात्रा अधिक उपलब्ध हो। इन फैक्ट्रियों को मक्खन, दूध, घी, चूर्ण एवं केसीन बनाने की वहीं सुविधायें दी गई जो सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ, आनन्द (कोआपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर्स यूनियन, आनन्द) को प्राप्त थी। इनकी कार्यक्षमता 186 6205 कुन्तल दूध प्रतिदिन की थी। आवश्यकता पडने पर इन फैक्ट्रियों से बच्चों हेतु दुग्ध, चूर्ण एव सघनित दूध (कन्सेन्ट्रेटेड) भी बनाया जाता था।

तीसरे, इसके अन्तर्गत राष्ट्रीय डेरी अनुसधान (नेशनल डेरी रिसर्च इन्स्टीट्यूट) करनाल एवं बगलोर को और अधिक उन्नति करने की योजना पूरी की गई। इसी प्रकार के दो और केन्द्र एक देश के पूरब तथा दूसरा परिश्चम में स्थापित किया गया था। इससे दुग्ध सघों तथा दुग्ध योजनाओं मे कार्य करने के लिए करनाल मे एक डेरी साइस कालेज स्थापित है। क्रीमरीज फैक्ट्री अलीगढ, बरोनी, झूनागढ मे स्थापित है। चूर्ण फैक्ट्रियों विशेषकर अमृतसर तथा राजकोट में शुरू है।

तृतीय पच-वर्षीय योजनान्तर्गत डेरी योजनाओं के लिए 36 करोड रूपया खर्च किया गया। दुग्ध सघ एव फैक्ट्रियाँ स्थापित करने मे डेरी - सज्जा (डेरी इक्यूपमेन्ट एण्ड मशीनरी) बनाने की सुविधा प्राप्त है। इस योजना मे 4 फार्मो को डेरी सस्था एवं यंत्र बनाने के लिए लाइसेन्स प्राप्त है। इस योजनाकाल मे 55 नई दुग्ध योजनाये, 8 क्रीमरी 4 दुग्ध पदार्थ फेक्ट्री, 2 पनीर फैक्ट्री स्थापित थी। इस काल मे 2 योजनाये जिसमे से प्रत्येक की क्षमता 900 टन प्रतिवर्ष होगी, बच्चों के लिए दुग्ध चूर्ण बनाने लगी। इसी प्रकार 3 और योजनायें अपनी कार्यक्षमता 5300 टन से प्रतिवर्ष होगी संघनित

दूघ बनाना आरम्भ कर देगी तथा एक योजना 670 टन प्रतिवर्ष दुग्ध पेय (मिल्क बीवरेज) तैयार करने की भी बनाई गई।

चतुर्थ पच-वर्षीय के अन्तर्गत 34 नई दुग्ध योजनाये शुरू की गई। इनकी कार्यक्षमता 6,000 से 10,000 लीटर दूध प्रतिदिन थी। इसी प्रकार 57 दुग्ध सघ योजनाओं का प्रसार किया गया। यह अपने पूर्ण क्षमता से कार्य करता है। इसके अतिरिक्त 26 दुग्ध पदार्थ तथा क्रीमरीज, 198 ग्रामीण डेरी केन्द्र जिनकी क्षमता 500 से 4000 लीटर प्रतिदिन एवम् पशुओं के लिए चारा तैयार करने की 12 फैक्ट्रीज शुरू की गई थी। पशुओं के लिए चारे की फैक्ट्रियॉ बडी डेरियों के सन्निकट शुरू की गई। इस पच-वर्षीय योजना मे डेरी प्रसार कार्यक्रम शुरू करके ये अपने कार्य से सहकारी समितियॉ बनाने मे सहायक होना, ग्रामीणों को दुधारू पशु क्रय करने हेतु ऋण देना, चारा बॉटने हेतु यूनिट की स्थापना करना तथा प्रसार कार्यक्रम से कर्मचारियों की सहायता से अधिक दुग्ध उत्पादन मे कृषकों की सहायता करना होता है। साथ ही साथ स्वच्छ दूध उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया गया।

चतुर्थ पच-वर्षीय योजना के अन्तर्गत अनुसधान शिक्षण के अन्तर्गत डेरी अनुसधान की अपनी विशेषता मे पहले शुरू किये गये कार्यो को सुदृढ बनाने तथा अनुसधान कार्यक्रम मे उन्हे प्रयोग मे लाया जाय और उनके कार्यो को बढावा दिया गया। केन्द्रीय क्षेत्रान्तर्गत ' राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान सस्थान ' (नेशनल डेरी रिसर्च इन्स्टीट्यूट) करनाल का विकास इसलिए किया गया ताकि वह डेरी उद्योग के विकास की आवश्यकताओं को पूरा कर सके। इस प्रकार सारणी 8 से विभिन्न प्रदेशों मे जो दुग्ध योजनाये, ग्रामीण डेरीज तथा ग्रामीण क्रीमरीज पर जो व्यय किया गया को स्पष्ट करते है ।

सारणी 6 8

चौथी पचवर्षीय योजना के अन्तर्गत भारत के विभिन्न प्रदेशों मे दूध व्यवसाय का विकास

प्रदेश	नई दुग्ध योजनाये	ग्रामीण डेरियाँ	ग्रा0 क्रीमरीज	औद्योगिक क्षेत्र मे दुग्ध वितरण	कुल व्यय लाख रु0 मे
आन्ध्र प्रदेश	2	6	-	-	
असम	2	-	-	-	
बिहार	1	25	-	3	
गुजरात	3	6	-	-	
जम्मू कश्मीर	-	-	-	-	
केरल	5	2	-	-	
मद्रास	4	1	-	-	
महाराष्ट्र	-	20	4	-	
मध्य प्रदेश	2	05	-	-	
मैसूर	-	18	-	-	
उडीसा	-	05	-	-	
पजाब	-	-	20	-	
हरियाणा	-	-	-	-	
राजस्थान	2	2	-	-	
उत्तर प्रदेश	6	100	2	-	
बगाल	4	-	-	-	
योग	**31**	**198**	**26**	**03**	

सारणी 6 9

भारतवर्ष मे विभिन्न डेरियों की क्षमता तथा प्रतिदिन उत्पादन (दि0 सन् 1967)

क्रमाक	स्थान	क्षमता	प्रतिदन औसत उत्पादन
1	अहमदाबाद	70,000	70,146
2	अल्मोडा	6,000	-
3	आगरा	6,000	3,853
4	अगरतला	2,000	4,132
5	इलाहाबाद	5,400	-
6	बम्बई	4,60,000	3,79,560
7	बग्लौर	50,000	51034
8	बडौदा	55,000	32,446
9	भोपाल	10,000	8,361
10	भाव नगर	6,000	1,334
11	भागलपुर	6,000	467
12	बरेली	6,000	860
13	कलकत्ता	200,000	137,521
14	कोयम्बटूर	13,000	12,245
15	कालीकट	6,000	6,304

क्रमाक	स्थान	क्षमता	प्रतिदन औसत उत्पादन
16	कटक	6,000	4,048
17	चण्डीगढ	20,000	16,269
18	दिल्ली	2,55,000	2,21,332
19	गया	6,000	633
20	गन्टूर	4,000	791
21	हैदराबाद	50,000	37,312
22	हिसार	4,000	2,589
23	हल्द्वानी	3,000	1,952
24	जयपुर	20,000	5,207
25	जमुनापार	6,000	1,187
26	कोडिया कनाल	4,000	507
27	करनाल	4,000	1,434
28	कुडिग	4,000	-
29	कोल्हापुर	46,000	24,927
30	मद्रास	75,000	33,556
31	लखनऊ	40,000	19,756

क्रमाक	स्थान	क्षमता	प्रतिदन औसत उत्पादन
32	मदुरे	50,000	-
33	नासिक	6,000	11,022
34	ननजिलनाद	3,200	3,404
35	पूना	1,20,000	1,13,712
36	पटना	10,000	1,990
37	पालघाट	6,000	3,811
38	श्रीनगर	10,000	492
39	सुरेन्द्र नगर	6,000	1,342
40	त्रिवेन्द्रम	6,000	7,929
41	त्रिचनापल्ली	16,000	3,951
42	वाराणसी	1,000	1,394
43	ईर्नाकुलम	10,000	2,400

तालिका 6 10

पायलेट दुग्ध योजनाये विभिन्न नगरों की क्षमता दर

क्रमाक	नगर	क्षमता
1-	अकोला	4,858
2-	ओरगाबाद	1,989
3-	बोच	1,600
4-	भद्रावती	809
5-	बेलगम	2,214
6-	धूलिया	46,000
7-	देहरादून	924
8-	देवनगरी	-
9-	ग्वालियर	1,085
10-	अमरावती	4,141
11-	हुबली धावर	8,054
12-	इन्दौर	300
13-	जबलपुर	1,112
14-	कानपुर	5,510
15-	बंगलौर	2,549
16-	मडी	1,927

क्रमाक	नगर	क्षमता
17-	मिराज	42,699
18-	मैसूर	1,018
19-	नागपुर	10,546
20-	पनजिम	2,071
21-	नाहन	400
22-	शिलाग	-
23-	शालापुर	10,024
24-	सूरत	-
25-	तनजोर	6,600
26-	गुलबर्ग	1,022
27-	जरहत	454
28-	महाबलेश्वर	2,045
29-	गोहाटी	-
30-	कालापुर	491
31-	चिपलम	2,695
32-	रतनगिरी	1,457
33-	माहद	1,579
34-	विशाखापत्तनम	1,234

भारत देश के राष्ट्रीय आय मे दूध और दूध के उत्पादन का योगदान करीब 8033 मिलियन है। यह 230 मिलियन मवेशी और भैंसों से होता है। दूध उत्पादन के अलावा । वर्ष मे गाय से 157 किलों तथा भैंस से 405 किलो मिलिय़न तथा दुधारू जानवरों से 81 मिलियन (35%) होता है। दूध उत्पादन के रोज का अधिकतम् दूध औसत (गाय व भैंस से प्रति जानवर) पजाब मे 2 28 किलो और 3 99 किलो क्रम से प्रतिदिन है। दूध उत्पादन का प्रति गाय वार्षिक औसत यू0एस0ए0 मे 4,154 किलो, यूनाइटेड किगडम मे 3,959 किलो तथा डेनमार्क मे 3,902 किलो है। 1978-80 मे विश्व मे भारत का दूध उत्पादन करीब 29 मिलियन टन से चौथा स्थान है। यह दूध 60% विपणन मे तथा 40% घर के उपभोग तथा जानवरों के बच्चों के पिलाने मे जाता है। दूध का प्रति व्यक्ति उपभोग कम से कम प्रति व्यक्ति प्रत्येक प्रदेश मे 1979-80 मे 120 ग्राम अनुमानित किया गया। भारत मे डेरी प्लाटस की संख्या 1979-80 मे करीब 190 बताई गई है जिसमे 94 फ्रान्टस तरल दूध मे 30 दूध पैदा करने की फैक्ट्री मे, शेष 66 प्लाटस 6 6 मिलियन लीटर प्रतिदिन दूध योजना ग्रामीण डेरी के लिए थी। दूध उपयोगिता क्षमता 66% निर्धारित थी। अभी हाल ही मे महाराष्ट्र और गुजरात मे आपरेशन प्लड के तहत दूध पैदा करने मे योजनाये लगी हुई है। इस योजना का उद्देश्य 2 मिलियन दूध देने वाली गाय, बकरी (मवेशी जानवर) व भैंसो के गोशाले के लिए चयनित राज्यों मे 18 दूध गोशालाये से था।

पहली आपरेशन प्लड योजना । जुलाई 1970 से शुरू करके 30 जून 1981 मे पूरी की गई। इस प्लड योजना से 1 3 मिलियन ग्रामीणों से दूध प्राप्त कर लाभान्वित किया गया। 18 ग्रामीण दुग्ध गोशाला 10 राज्यों में स्थापित किया गया। पशुओं के रख-रखाव पर भी ध्यान दिया गया। दूध की कानूनी कार्यवाही व वितरण का कार्य 4 मुख्य शहरों मे किया गया।

द्वितीय आपरेशन प्लड योजना 4 मुख्य दूध बाजारों और आधुनिक दूध बाजार हेतु 144 देश के शहरों मे, जिनकी जनसख्या 1971 मे 100,000 लाख थी, शुरू की गई। इन शहरों मे औसत 52 9 मिलियन लोगों के लिए 7 8 मिलियन लीटर दूध उपभोग हेतु प्रतिदिन पेदा होता था। जबकि इन शहरों मे माँग 11 2 मिलियन लीटर दूध प्रतिदिन की थी। जब दूध पैदा करने मे शहरी जनसख्या लगी तो दूध की मात्रा 65 1 मिलियन प्रतिदिन था। द्वितीय आपरेशन प्लड मे 25 गोशालाये 125 जिले मे स्थापित थी। दूध पैदा करने वालों का सघ, साधारणतया 200,600 गाँवों मे सहकारिता समाज स्थापित किया। इस प्रकार 25 दुग्ध सघो का झुण्ड 4 जिलों मे स्वतत्रतापूर्वक कार्य कर सके। 1985 तक के लिए गठित किया गया। इसमे 115 मिलियन लीटर रोज दूध मवेशियों से लेने के प्रभावकारी प्रयास थे। 1985 मे प्रति व्यक्ति दूध उपभोग 144 ग्राम का प्रतिदिन का था।

द्वितीय आपरेशन फ्लड में 1985 के मध्य तक 10 मिलियन ग्रामीण दूध उत्पादकों ने स्वय से डेरी बनाने का निश्चय किया। 1985 के मध्य तक 15 मिलियन गायों एवं अच्छे नस्ल के भैंसों को बीज धारण कराये गये। 150 मिलियन शहरी जनसख्या राष्ट्रीय दूध स्थापित करने मे ग्रामीणों को जोडते हुए मिल्क बोर्ड बनाये गये। पशुओं के उचित रख-रखाव के साथ बच्चों के बनने वाले दूध भी बनाये जाने लगे। 183 ग्राम दूध प्रतिव्यक्ति का प्रयास भी सफल रहा। 1976-77 तक 24,000 कोआपरेटिव डेरी सोसाइटी कार्यरत थी। गुजरात राज्य में संघ कार्यरत हैं। कुछ अन्य राज्यों मे भी राज्य दुग्ध विकास समिति गुजरात, राजस्थान, पजाब, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडू, आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश तथा बिहार मे स्थापित है।

सारिणी 6 ।।

5 1979 मे दूध प्लाटस् सार्वजनिक एव सहकारी क्षेत्रों मे क्रम से शहरों एव कस्बों मे अद्योलिखित मात्रा मे प्रतिदिन के औसत से थे

प्लाट्स डेरी राज्य	कस्बा	क्षमता	औसत उपलब्धि	प्रतिदिन प्र0ली0
आन्ध्र प्रदेश	अनतपुर	20,000	7,800	7,800
	चित्तौड	50,000	44,550	44,550
	करनाल	25,000	22,400	22,400
	करीम नगर	12,000	3,700	3,700
	मधुकर	25,000	19,950	19,950
	निल्लौर	40,000	20,750	20,750
	निजामाबाद	12,000	6,650	6,650
	राजमुन्दरी	25,000	12,600	12,600
	विशाखा पत्तनम्	50,000	23,450	23,900
	बरगाल	12,000	5,550	6,750
	खमाम	12,500	1,450	3,600
आसाम	गोहाटी	10,000	11,050	11,050
बिहार	दरभगा	6,000	1,150	1,150
	गया	8,000	-	-
	रॉची	6,000	3,350	3,350

प्लाट्स डेरी राज्य	कस्बा	क्षमता	औसत उपलब्धि	प्रतिदिन प्र0ली0
	भागलपुर	2,000	650	650
चण्डीगढ	चण्डीगढ	40,000	18,900	53,650
दिल्ली	दिल्ली दूध योजना	3,75,000	1,46,400	2,37,100
	मदर डेरी (दिल्ली)	4,00,000	1,93,050	3,36,200
गुजरात	अहमदाबाद	1,40,000	1,57,100	1,75,400
	बड़ोदा	1,00,000	74,850	74,050
	भावनगर	10,000	7,000	9,600
	सूरत	1,50,000	1,38,050	1,39,050
	जूनागढ	25,000	10,050	10,050
	बरौंच	30,000	22,750	23,000
	जाम नगर	5,000	5,150	6,100
गोवा	पोंडा	10,000	7,450	8,450
हरयाना	अम्बाला	20,000	12,250	12,250
हिमाचल प्रदेश	मण्डी	10,000	4,300	4,300
	नहान	18,00	3,400	3,400
जम्मू कश्मीर	जम्मू	10,000	1,800	2,500
	श्रीनगर	10,000	2,350	2,450

प्लाट्स डेरी राज्य	कस्बा	क्षमता	औसत उपलब्धि	प्रतिदिन प्र0ली0
कर्नाटक	बगलोर	1,50,000	89,601	43,650
	बेल्जियम	10,000	8,900	8,900
	भद्रावती (सिमोगा)	10,000	7,550	7,550
	कलवर्गा	10,000	1,900	2,000
	हुबली धरवार	10,000	11,000	12,550
	कुदीगी	4,500,	16,750	16,750
	मगलोर	10,000	6,100	6,100
	मैसूर	10,000	24,200	24,200
	देवानगिरी	6,000	1,850	1,850
केरला	अलेप्पी	2,000	5,450	5,450
	ईर्नाकुलम	10,000	14,400	14,400
	त्रिवेन्द्रम	20,000	38,600	38,600
	कालीकट	6,700	6,050	6,100
	पालघाट	6,000	3,150	3,150
	कोट्टायम	6,000	5,450	4,200
मनीपर	इम्फाल	6,000	2,600	3,500
महाराष्ट्र	औरगाबाद	35,000	33,300	33,300

प्लाट्स डेरी राज्य	कस्बा	क्षमता	औसत उपलब्धि	प्रतिदिन प्र0ली0
	बाम्बे अरे	2,50,000	85,890	8,58,950
	बाम्बे कुर्ला	4,00,000	85,890	8,58,950
	बाम्बे वर्ली	4,50,000	85,890	8,58,950
डेरी प्लाट्स	धुलिया	1,60,000	1,18,500	1,18,300
	कोल्हापुर	85,000	63,400	63,850
	नागपुर	1,00,000	55,050	55,050
	नासिक	50,000	39,250	42,850
	पुने	1,00,000	1,09,350	1,16,300
	शोलापुर	60,000	58,250	58,250
मध्य प्रदेश	भोपाल	20,000	20,000	23,350
	ग्वालियर	10,000	5,600	5,600
	इन्दौर	20,000	23,600	23,600
	जबलपुर	10,000	4,250	5,430
उडीसा	कटक	6,000	3,450	3,450
पाण्डेचेरी	पाण्डेचेरी	10,000	9,200	9,750
पजाब	जालधर	50,000	25,650	25,650
राजस्थान	जयपुर	20,000	25,650	25,650

प्लाट्स डेरी राज्य	कस्बा	क्षमता	औसत उपलब्धि	प्रतिदिन प्र0ली0
	अजमेर	50,000	32,700	32,700
तमिलनाडू	मद्रास महादेव वरम्	1,25,000	85,850	1,41,300
	मद्रास अम्बाटर	2,00,000	57,900	68,000
	इरोड	1,60,000	68,150	68,150
	चितम्बरम्	5,000	1,550	1,550
	कोयम्बटूर	16,000	15,700	17,250
	कोडाईकनाल	2,000	1,900	1,900
	कन्याकुमारी	2,000	11,050	11,050
	तन्जौर	16,000	5,800	6,800
	ट्रीची श्रीनगर	16,000	5,850	5,850
त्रिपुरा	अगरतल्ला	2,000	1,400	1,650
उत्तर प्रदेश	आगरा	10,000	10,050	10,050
	इलाहाबाद	10,000	2,350	2,350
	अल्मोडा	3,000	500	500
	हल्द्वानी	10,000	3,850	3,850
	मथुरा	10,000	3,600	3,600

प्लाट्स डेरी राज्य	कस्बा	क्षमता	औसत उपलब्धि	प्रतिदिन प्र0ली0
	लखनऊ	4,000	11,250	11,250
	देहरादून	20,000	2,600	2,600
	वाराणसी	4,000	1,260	1,260
	गोरखपुर	10,000	300	300
	कानपुर	50,000	10,500	10,500
	बरेली	10,000	1,900	1,900
पश्चिमी बगाल	कलकत्ता हरीघाट	3,00,000	45,750	2,22,550
	धनकुनी	4,000	12,250	23,750
	दुर्गापुर	55,000	5,500	9,150

स्रोत - उपरोक्त "भारत में दुग्ध विज्ञान 1979"

6- जैन, गिरीलाल - " डाईरेक्ट्री एण्ड इयर बुक इन्कूडिंग हूज हू 1982 डेयरिंग इन इंडिया 1979, पेज 34 - 35 द टाइम्स आफ इण्डिया, फ्रेस इन बाम्बे "

तालिका 6 12

भारत मे दूध पैदावार फैक्ट्रीज सार्वजनिक व सहकारी क्षेत्रो मे विभिन्न राज्य, कस्बे मे दूध की क्षमता, प्रतिशत उपलब्धि, प्रतिदिन लीटर क्षमता मे क्रमश 1979 मैं प्रगति

दूध कारखाने पैदावार		क्षमता	प्रतिशत	प्रतिदिन उत्पादन ली0
आन्ध्र प्रदेश	हैदराबाद	2,00,000	1,33,750	1,33,750
	विजयवाडा	1,50,000	81,500	81,500
	सगम जगरेलमुडी	1,50,000	32,000	34,150
बिहार	बरोनी	1,00,000	10,450	10,450
	पटना	1,00,000	7,260	7,260
गुजरात	आनन्द	7,00,000	4,69,450	4,69,450
	बनासकथा	1,50,000	1,13,750	1,13,750
	मेहसाना	4,50,000	3,48,950	3,48,950
	सबरकथा	1,50,000	1,95,450	1,95,450
	राजकोट	45,000	23,060	23,060
हरयाना	भिवानी	25,000	9,000	9,000
	जिंद	50,000	19,600	19,600
	रोहतक	1,00,000	29,750	29,750

दूध कारखाने पैदावार		क्षमता	प्रतिशत	प्रतिदिन उत्पादन ली0
महाराष्ट्र	मिराज	1,20,000	85,550	85,550
	जलगॉव	1,00,000	70,550	70,550
	वर्नानगर	1,00,000	38,200	38,000
	उदगिर	1,20,000	35,900	35,900
राजस्थान	बीकानेर	1,00,000	56,050	56,050
	जोधपुर	1,00,000	64,700	64,700
पजाब	अमृतसर	65,000	47,250	47,250
	भटिण्डा	60,000	23,150	23,150
	लुधियाना	1,00,000	46,350	46,350
	होशियारपुर	75,00	28,450	28,450
उत्तर प्रदेश	अलीगढ(क्रीमरी)	25,000	31,700	31,700
	मुरादाबाद	55,000	16,400	16,400
	मेरठ	1,00,000	42,250	42,250
प0 बगाल	सिलिगुढी	1,00,000	11,850	11,850
तमिलनाडू	मदुरई	31,50,000	92,150	92,150

स्रोत - डेरी डिवीजन (मिनिस्ट्री आफ एग्रीकल्चर) गर्वनमेन्ट आफ इण्डिया ।

नीचे लिखी हुई योजनाये जनवरी 1977 से प्रसार कार्यक्रम के अन्तर्गत लागू की गई।

अरूणाचल प्रदेश	एटा नगर	आन्ध्र प्रदेश	चित्तोड
एम पी एफ (न्यू)आसाम	जोरहट	डिबूगढ	तेजपुर
बिहार	बोकारों,जमशेदपुर	गुजरात	पनोमहल गोदरा
हरियाणा	फरीदाबाद	हिमाचल प्रदेश	कगरा, शिमला
कर्नाटका	बीजापुर	बंगलोर	प्रसार में
मैसूर	प्रसार मे	केरला	केनानोंरा, क्यूलन
	टुमकुर, हसन		

मध्य प्रदेश - भोपाल, इन्दोर, रतलाम, उज्जैन, राजापुर ।
महाराष्ट्र - उदगी मेघालय - शिलाग मिजोरम - अइजावल, उडीसा - बेरहमपुर। पंजाब - गुरूदामपुर, जुलुन्दर, मोहाली, सेन्गरूर। राजस्थान - अलवर, अजमेर, कोटा, जयपुर (डेरी सेकेन्ड) त्रिपुरा - अगरतल्ला (डेरी सेकेण्ड) उत्तर प्रदेश - मेरठ रायबरेली, वाराणसी, इलाहाबाद (द्वितीय डेरी), फैजाबाद, आजमगढ, जोनपुर, प्रतापगढ, उन्नाव, सीतापुर, शाहजहॉनपुर, फर्रूखाबाद, बदायूँ विजनोर। पश्चिम बगाल - बर्दवान, कलकत्ता (द्वितीय डेरी) कृष्णानगर, बेलदाग ।

7 " 1967 से 1980 के बीच बच्चों के लिए दूध का पाउडर और शिशुओं का पौष्टिक भोजन प्रतिदिन करीब 123 टन उत्पादित होता था।

विभिन्न प्रकार के दूध बच्चों के लिए 1967 से 1980 के बीच जो उत्पादित थे, उनको क्षमतानुसार वर्णित है। "

सारिणी 6 13

उत्पादन (उपज)	1967 (टन मे)		1980 (टन मे)	
	क्षमता	उत्पादन	क्षमता	उत्पादन
मिल्क पाउडर	22,416	4,050	-	32,000
इन्फेंट मिल्क फूड	12,398	9,182	-	35,500
(तरल) माल्टेड मिल्क फूड	8,915	6,766	-	22,500
(गाढा) कन्डेन्सेड मिल्क	13,860	6,600	-	5,600
(मक्खन) बटर	एन ए	एन ए	-	10,800

भारत में दुग्ध सहकारिता

एन डी डी बी नेशनल डेवलपमेन्ट डेरी बोर्ड, राष्ट्रीय दुग्ध विकास परिषद (आनंद, गुजरात 388001)भारत मे राष्ट्रीय दुग्ध विकास परिषद, गुजरात में एक स्वायत्तशासी संस्था के रूप में, कृषि व सिचाई मत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई। रा0डे0वि0स0 का उद्देश्य प्रार्थना एवं सूचना पर बुराईयों व तकनीकी सेवाओं के लिए दूध की मात्रा बढाने, पैदा करने, दूध की मात्रा मे तेजी से विकास कर खपत करना, प्रक्रिया, वितरण व शोध से सम्पन्न होता है।

दर्पन, आ0सी0 दत्त रिटायर्ड, "भारत मे दुग्ध सहकारिता " बडोदरा 390005 गुजरात

1975-76 मे 10,346 पशु अस्पताल और दवा केन्द्र थे। 149 चेक पोस्ट, 60 चौकसी इकाइया और 33 टीकाकरण केन्द्र थे। भारतीय पशु चिकित्सा शोध सस्थान, उत्तर प्रदेश के इज्जतनगर मे, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हरियाना व पजाबराय कृषि विद्यापीट, अकोला (महाराष्ट्र) मे पोस्ट ग्रेजुयेट पशु चिकित्सा विज्ञान हेतु सस्थान है। दूसरा, केन्द्रीय भेड व उन शोध सस्थान मालपुरा, राजस्थान मे स्थापित है। तीसरा, नेशनल डेरी रिसर्च इन्स्टीट्यूट प्रधान कार्यालय करनाल, हरियाणा में है।

भारत मे 24 'कृषि विश्वविद्यालय' पशु द्वारा खेती कार्य मे जुडे है।

आन्ध्र प्रदेश मे तिरूपति, हैदराबाद ।
आसाम में खन्नापारा, गोहाटी।
बिहार मे पटना, कनके राची, गुजरात मे आनन्द, हरियाणा मे हिसार। कर्नाटक मे बंगलोर, केरला मे मनोथी, त्रिचर, म0प्र0 मे म्यों, जबलपुर, तमिलनाडू मे मद्रास सिटी, महाराष्ट्र मे बाम्बे, नागपुर, प्रभानी, उडीसा मे भुवनेश्वर, पजाब मे लुधियाना, राजस्थान मे बीकानेर, उत्तर प्रदेश मे मथुरा, पतनगर। प0 बगाल मे बेलगाची, कलकत्ता।

भारत मे टीकाकरण प्लाट्स हेतु बेहरिंग सस्थान ने एक होचेस्ट फर्मासुइटिकल लि0 के माध्यम से बाम्बे मे पशुओं के पैर व मुँह के रोग सबधी टीकाकरण का कारखाना स्थापित है। टीकाकरण की वार्षिक क्षमता 3 मिलियन है जो जरूरत पडने पर यदि आवश्यक हुआ तो 10 मिलियन तक बढाया जा सकता है। भारतीय एग्रो इन्डस्ट्री ने पुणे में एक पैर व मुँह के टीकाकरण हेतु बघोली मे प्लाट स्थापित किया। यह 3 2 मिलियन 10 मिलियन के बीच टीकाकरण की क्षमता रखता है। 1980 मे एक अन्य पैर व मुँह के टीकाकरण का प्लाट बगलोर मे इण्डियन वेटनरी रिसर्च इन्स्टीट्यूट ' नाम से स्थापित है। भारत में दुग्ध सहकारिता बडोदरा अभी हाल में पैर व मुँह के रोग हेतु टीकाकरण बडे पैमाने पर हैदराबाद मे 25 मिलियन वार्षिक क्षमता से स्थापित किया गया। यह 1982 से कार्यरत है।

सारिणी 6 14

भारत में दूध का आयात और भारत मे दूध का पैदावार (टन मे

1972 से 1977 तक प्रगति

समूह	मद	1972-73	1973-74	1974-75	1975-76
दूध और मक्खन	मखनिया वाष्पित दूध	324 2	325 1	446 0	775 1
वाषित मखनिया	पूरा दूध वाषित	540 2	33 1	19 9	778 8
दूध	अन्य	504 0	83 4	136 9	742 9
	समूचा दूध हवा से टाईट	1 7	1 6	2 9	9 0
दूध और मक्खन सूखाकर	पूरा दूध सूखाकर (एन ई एस)	1190 9	2851 6	240 3	5660 3
	दूध मक्खन सुखाकर	725 6	120 2	61 2	61 8
	मखनिया दूध सुखाकर	37669 4	26846 8	27527 7	32531 2

8 स्रोत - इण्डियन डेरी मैन (मन्थली) एण्ड इण्डियन जूरनल आफ साइस क्वार्टरली बोथ ब्राट बाई इण्डियन डेरी ऐसोशियेशन

8- जैन, गिरीलाल - "डायरेक्ट्री हूज हू इयर बुक 1982 डेरी उद्योग, पेज 35,36 द टाइम्स आफ इण्डिया प्रेस इन बाम्बे"

दुग्ध सहकारिता ने आजकल दूध को गाँवों से एकत्र करने तथा इसका सतोषजनक वितरण करने मे काफी सहायता की है। प्राय सभी बडे-बडे नगरो मे सहकारी दुग्ध सघ एवं सहकारी डेरियाँ स्थापित है। उत्तर प्रदेश मे दुग्ध व्यवसाय सहकारिता के माध्यम से आवश्यक है। दूध का व्यवसाय मुख्यत गाँवों मे होता है तथा दूध की सर्वाधिक मात्रा गावों से ज्यादा शहरों मे उपभोग की जाती है। दुग्ध सहकारिता से दूध का उपभोग करने वालों को बाजार मे दूध कम दामों पर प्राप्त होता है, क्योंकि दुग्ध व्यवसाय मे जो मध्यजन होते है वे नहीं रहते तथा दूध की बडी मात्रा का आदान-प्रदान होने से दूध परिव्यय भी कम हो जाता है। दूध बेचने वालों को लाभ भी होता है। क्योंकि दूध जल्द बिक जाता है तथा दूध की माँग भी अधिक रहती है कारण प्रत्येक दूध का उपभोक्ता यह जानता है कि दूध हमें सरकारी समितियों से मिल रहा है जो अच्छे प्रकार का है। इसलिए दूध व्यवसाय मे उ0प्र0 सहकारिता के माध्यम से है एवं बडे-बडे शहरों में दूध के सहकारी संघ स्थापित होकर कार्य कर रहे है। सहकारिता की सहायता से अच्छी मशीनें तथा यातायात हेतु अच्छे साधन प्रयोग किये जाते है। इससे गाँव के छोटे-छोटे दूध पैदा करने वाले किसानों को भी लाभ पहुँचता है। गाँव से दूध सहकारिता माध्यम से दूसरे स्थान पहुँचाकर दूध एकत्र करना तथा बेचना बडी सुगमता से सम्भव हो जाता है। जहाँ पर यातायात साधन नहीं है वहाँ पर सहकारिता द्वारा दूध को दुग्ध पदार्थो मे बदलकर घी पैदा करके धनोपार्जन कर भली-भाँति उसका क्रय विक्रय करते है। उत्तर प्रदेश मे दूध के डेरी सहकारिता 3 चरणों मे पहला - दूध का उपभोग करने वालों की सहकारिता दूसरा - दूध बेचने वालों की सहकारिता तीसरा - दूध पैदा करने वालों की सहकारिता के माध्यम से दुग्ध व्यवसाय करता है।

सन् 1912 मे सहकारिताधिनियम बनने के तुरन्त बाद यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि भारत में सर्वप्रथम नगरीय क्षेत्र में सहकारिता के माध्यम से 1913 ई0 मे ' कटरा सहकारी दुग्ध समिति लि0 ', इलाहाबाद मे स्थापित तथा रजिस्टर्ड हुई।

इसके बाद दुग्ध व्यवसाय के क्षेत्र मे 1938 मे लखनऊ दुग्ध उत्पादक सहकारी सघ लि0 की स्थापना हुई। इस दुग्ध सघ की स्थापना के बाद 1948 मे कानपुर, 1949 मे हल्द्वानी, 1950 मे मेरठ तथा वाराणसी मे सहकारी दुग्धशालाओं की स्थापना हुई। इन सहकारी दुग्धशालाओं का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण अचलों के कृषक वर्ग, कृषक मजदूर एव भूमिहीनों को आर्थिक रूप से स्वालम्बी बनाने हेतु अतिरिक्त रोजगार प्रदान करना तथा नगरीय क्षेत्र के उपभोक्ताओं को स्वच्छ एव निरोगीकृत दूध उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना होता है। सहकारिताधार पर दुगधशालाओं को चलाने का तात्पर्य किसानों को प्राथमिक सहकारी समितियों का सदस्य बनाकर उनका दूध उचित मूल्य पर क्रय कर, उनके मार्ग मे दुग्ध विचौलियों के शोषण से मुक्त कराकर उनकी आय मे वृद्धि करता है। 1960-1961 मे उत्तर प्रदेश मे भैंसों से 2969 हजार टन और गायों से 1142 हजार टन दूध पैदा किया गया था। भैंस दूध पैदावार मे उत्तर प्रदेश, भारत मे प्रथम तथा गाय दूध पैदावार मे उ0प्र0 द्वितीय स्थान है। 1960-61 मे भारत मे गाय-भैंसों से, गाय 8635 हजार टन व भैंस 10862 हजार टन दूध पैदावार मे था। भारत के कुल दूध उत्पादन का (19,497 हजार टन) का लगभग 22% अर्थात् 4,111 हजार टन अकेले उत्तर प्रदेश मे पैदा होता है। दूध की पैदावार प्रति भैंस प्रतिदिन 3 किलो है। पूर्वी जिलों मे दूध की पदोवार की अपेक्षा पश्चिमी जिलों मे अधिक होती है। उत्तर प्रदेश मे दूध से प्राप्त अन्य दुग्ध पैदावार नीचे की सारणी से हम स्पष्ट करते है -

तालिका 7 ।

सन् 1961 की पशु गणनानुसार भारत एव उत्तर प्रदेश मे दुग्ध पदार्थो की प्रतिवर्ष पैदावार की तुलना

दुग्ध पदार्थ	भारतवर्ष	उत्तर प्रदेश	प्रतिशत
घी	3,16,586 टन	35,164 टन	11 1
मक्खन	64,466 टन	17,320 टन	18 2
मावा	2,40,761 टन	87,910 टन	36 4
दही	15,68,027 टन	1,40,655 टन	8 8
आइसक्रीम	1,49,765 टन	49,230 टन	32 8
क्रीम	58,797 टन	26,373 टन	44 8
छेना	75,745 टन	8,791 टन	10 5

तालिका से स्पष्ट है कि भारतवर्ष मे प्रतिवर्ष दुग्ध पदार्थो की पैदावार मे उ0प्र0 का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है। भारतवर्ष मे उत्तर प्रदेश अकेला व प्रथम राज्य है। जहाँ पर डेरी विकास योजनाये सहकारी विभाग द्वारा चलाई जाती है। बिना सहकारी सहायता के 1938 में प्रथम सहकारी दुग्ध सघ, लखनऊ मे स्थापित हुआ था। प्रथम पंच-वर्षीय योजना मे केवल 2 दुग्ध सप्लाई योजनाये एक हल्द्वानी दूसरी अल्मोडा मे स्थापित हुई। द्वितीय पच-वर्षीय योजना में एक दुग्ध सप्लाई योजना आगरा मे खोली गई, निजी क्षेत्र की सहायता से दुग्ध पदार्थ बनाने की फैक्ट्री खोलने की योजना बनाई गई। यह फैक्ट्री अलीगढ, आगरा, एटा और मुजफ्फरनगर मे क्रमानुसार गिल्कसो, हिन्दुस्तान

लीवर एवं इडोडन की सहायता से स्थापित की गई। सन् 1960 मे अलीगढ मे स्थापित गिल्कसो फैक्ट्री की क्षमता प्रतिवर्ष 25000 टन दुग्ध चूर्ण बनाने एव 1,00,000 टन प्रतिदिन दूध निरोगन करने की है। दूध 600 सहकारी समितियों द्वारा इक्ट्ठा किया जाता है। यह समितियाँ अलीगढ, मथुरा एव बुलदशहर जिलों मे 40 दुग्ध सग्रह केन्द्रों पर चारों ओर स्थापित हैं। आजकल इस फैक्ट्री पर 60,000 किलो दूध आता है।

दुग्ध वितरण के साथ दुग्ध से निर्मित पदार्थो की विक्री का कार्य बडा ही जटिल था परन्तु इस जटिल कार्य को 1962 मे प्रादेशिक कोआपरेटिव डेरी फेडरेशन लिमिटेड की स्थापना करके किया गया। शुरू मे फेडरेशन एक सलाहकार (प्राविधिक) के रूप मे कार्य किया। इसकी अनुशसा पर लखनऊ, आगरा, बरेली, देहरादून, मथुरा व गोरखपुर मे दुग्धशालाओं की स्थापना का कार्य किया गया। सन् 1964 मे हिन्दुस्तान लीवर की सहायता से एक दुग्ध पदार्थ फैक्ट्री, एटा मे स्थापित की गई। इसका शुद्ध देशी घी एवं सम्प्रेटा दुग्ध चूर्ण पैदा करने का उद्देश्य था। अब यह फैक्ट्री बच्चों तथा प्रति रक्षा सेना (डिफेन्स फोर्सेस) के लिए दुग्ध चूर्ण भी पैदा करती है। इस फैक्ट्री मे 50 प्रतिशत केन्द्रों द्वारा इकट्ठा किया हुआ दूध आता है। इस फेक्ट्री द्वारा किसानों को अच्छे प्रकार के पशु रखने एवा उनके लिए रातब क्रय करने की सहायता भी दी जाती है।

सन् 1963 मे इन्डोडन दुग्ध पदार्थ बनाने की फेक्ट्री मुजफ्फरनगर मे स्थापित हुई। इसमे मीठा सघनित दूध केसिन व दुग्धम बनाया जाता है। फैक्ट्री की क्षमता प्रतिदिन 4 टन संघनित दूध की है। इसमे प्रतिदिन 15000 लीटर दूध आता है। इस फैक्ट्री मे सम्प्रेटा दूध चूर्ण, मक्खन व पनीर बनाने की योजना है।

तृतीय पच-वर्षीय योजना मे केन्द्र की ओर से दुग्ध विकास योजनाओं पर खर्च होने वाली 35 85 करोड रूपया खर्च होने वाली कुल मुद्रा मे से उत्तर प्रदेश

को केवल 4 50 करोड रूपया की नियतन रकम प्राप्त हुई, जिसकी सहायता से उत्तर प्रदेश मे डेरी उद्योग की नींव मजबूत हुई।

तालिका 7 2

सन् 1966 तक स्थापित उ0प्र0 मे विभिन्न दुग्ध योजनाओं की स्थिति लीटर मे

जगह	प्लाट की किस्म	क्षेत्र	क्षमता लीटर मे	अवस्था अब तक
लखनऊ	मिश्रित दुग्ध प्लाट	सहकारी	40,000	चालू है।
कानपुर	" "	" "	50,000	" "
इलाहाबाद	दुग्ध प्लाट	" "	10,000	" "
वाराणसी	" "	" "	10,000	" "
आगरा	" "	सरकारी	10,000	" "
देहरादून	" "	सहकारी	20,000	" "
बरेली	" "	" "	10,000	" "
मथुरा	" "	" "	10,000	" "
गोरखपुर	" "	" "	10,000	" "
हल्द्वानी	" "	" "	20,000	" "
अल्मोडा	" "	" "	4,000	" "

जगह	प्लाट की किस्म	क्षेत्र	क्षमता लीटर मे	अवस्था अब तक
अलीगढ	दुग्ध चूर्ण	निजी	1,00,000	चालू है।
एटा	घी, दुग्ध चूर्ण	" "	1,00,000	" "
मुजफ्फरनगर	सघनित दूध	" "	15,000	' '
डेरी फार्म अलीगढ	मक्खन, घी	सरकारी	3,000	'
10 अवशीतन केन्द्र (देहली दुग्ध योजना)	दुग्ध प्राट	" "	1,50,000	' '
लखनऊ	फुहार शुष्क दुग्धचूर्ण	निजी	15,000	" '
नैनी(इलाहाबाद)	दुग्ध प्लांट	" '	5,000	' "
मुरादाबाद	दुग्ध चूर्ण एव हत जीवाणु दुग्ध प्लाट	सहकारी	60,000	' "

चतुर्थ पच-वर्षीय योजना मे केन्द्र ने उ0प्र0 की दुग्ध योजनाओं पर खर्च करने के लिए 10 करोड मुद्रा देने की सिफारिश की है। जिसके अन्तर्गत नीचे की योजनाये पूरी की जा चुकी है।

ग्रामीण पदार्थ फैक्ट्रीज - 2, शहरी दुग्ध सप्लाई योजनाये - 6, ग्रामीण दुग्ध केन्द्र - 100 स्थापित योजनाओं का विकास 1 लाख ली० प्रतिदिन। प्रथम पंच-वर्षीय योजनात तक भारत मे केवल 2 सस्थाये थी, जहाँ पर इण्डियन डेरी डिप्लोमा (आई डी डी)

की उपाधि मिली थी। इनमे एक बगलौर तथा दूसरी इलाहाबाद मे थी। तृतीय पच-वर्षीय योजना मे कृषि सस्था (नैनी), इलाहाबाद को यू एन आई सी ई एफ एव केन्द्रीय सरकार से वित्तीय सहायता प्राप्त हुई जिससे वहाँ पर इण्डियन डेरी डिप्लोमा कोर्स डेरी प्रबध (डी एच) के अतिरिक्त डेरी टेक्नालाजी (डी टी) मे भी जुलाई 1967 से कार्य करना शुरू किया है।

दुग्ध सघ के आयोजन मे (शुरूआत) सबसे पहले एक आयोजन कमीशन बनता है। जो गाँव के प्रतिष्ठित तथा प्रसिद्ध मनुष्यों के गाँव मे चक्कर लगाकर वहाँ के लोगों को सहकारी सघ बनाने का अनुरोध करता है। इसके बाद सहायक रजिस्ट्रार तथा सहकारी इन्सपेक्टर गाँवों मे जाते है, स्थिति का अध्ययन करते है। इसका प्रचार कर दूध की उपयोगिता का ज्ञान कराते है। इसके बाद सहकारी समिति बनाई जाती है जो महीनों तक नाम निर्दिष्ट कमेटी (नामिनेटेड कमेटी) द्वारा चलाई जाती है। समिति का मुख्य कार्य दूध को एकत्र करना, उसको शीघ्रता से यातायात साधनों से पहुँचाने वाले स्थान पर पहुँचाना तथा दूध का घरों या डिपोज मे विक्रय करना होता है। शुरू मे दूध गाँवों से एकत्र किया जाता था परन्तु अब साधनों की उपलब्धता से दूर दराज तक भी गाँवों से दूध लिया जा रहा है। दुग्ध सघ बहुत सी सहकारी समितियों के मिलने से बनता है। दुग्ध सघ सहकारी समितियाँ ही नहीं होती वरन् व्यक्तिगत मनुष्य होते है जिन्हें " इन्डीवीजुअल शेयर होल्डर " कहते है। सदस्यता के लिए इन्हे 100/- का शेयर लेना पडता है। इस प्रकार सहकारी समिति बनाने के लिए कम से कम 10 व्यक्तियों की आवश्यकता होती है तथा प्रत्येक समिति मे एक सचिव सेक्रेटरी होता है जो दूध को एकत्र करके सघ को दूध भेजता है। इस प्रकार से दुग्ध सघ मे एक सचालकों का मण्डल (बोर्ड आफ डायरेक्टर्स) होता है जो इसके कार्यभार को सभाँलता है तथा इसी को शासी निकाय (गवर्निंग बाडी) भी कहते है। सचालक मण्डल में मुख्यत शहर का प्रतिष्ठित एवं डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेड होता है। तीन व्यक्तिगत सदस्य होते

है। छह दूध पैदा करने वाली समितियों के सदस्य। एक सहकारी बैंक का सदस्य, एक सहकारी विभाग का सदस्य तथा एक दूध का विशेषज्ञ होता है। इस प्रकार दुग्ध सघ कार्य करने मे दुग्ध सघ मण्डल मे 13 सदस्य होते है।

दूध सहकारी सघ अपने कार्यो मे दूध को विभिन्न समितियों तथा डिपोज मे एकत्र करता है, दूध की गुणवत्ता का परीक्षण करता है, दूध की विधा तथा इसका विक्रय करता है, सघ की देखभाल करना तथा आर्थिक स्थिति को अच्छी हालात में बनाये रखता है, लाभ को सघ के सदस्यों मे बॉटता है। दूध व्यवसाय के साथ - साथ दूसरा व्यवसाय मक्खन, केसीन बनाने का भी कार्य करता है।

दुग्ध सघ के कार्यक्रम मे हर गॉव के अन्दर सुबह 3 बजे से 7 बजे तक तथा शाम को 4 बजे से 7 बजे तक दूध दुहा जाता है। इस दूध की मात्रा को समिति या सेक्रेटरी नापता है तथा प्रत्येक समिति से 40 या 60 किलों दूध एक समय मे सघ के लिए इकट्ठा करने वालों के द्वारा एकत्र कर लिया जाता है। वहॉ पर इस दूध की मात्रा व वसा का प्रतिशत मात्रा डिपों सुपरवाइजर द्वारा नापी जाती है। दूध केवल उसकी वसा प्रतिशत पर ही ग्रहण किया जाता है। इसके लिए दूध की वसा प्रतिशत पहले ही निर्धारित की जाती है। इस प्रकार दूध की वसा प्रतिशत परिक्षित दूध को सुपरवाइजर मोटर चालक को देता है, इसमे हर समिति से प्राप्त दूध अलग वर्तनों मे रखा जाता है। दुग्ध संघ केन्द्र पर जब दूध प्राप्त किया जाता है तो इसके गुणवत्ता को मालूम करने के लिए बहुत से परीक्षण किये जाते है जिनसे दूध की शुद्धता ज्ञात की जाती है। यहॉ पर दूध अधिक तापक्रम पर कम समय वाले निरोगक से किया जाता है और बाजार में दूध बिकने चला जाता है। इस प्रकार दूध 5 से 8 बजे तक उपभोक्ता के निवास स्थान तक पहुँच जाता है। 1970-71 में सरकार के सहयोग से मुरादाबाद के दलपतपुर में फेडरेशन ने एक दुग्ध शिशु आहार निर्माण

केन्द्र की स्थापना की ।

पौष्टिक आहार का मनुष्य जीवन मे एक-एक महत्वपूर्ण अग होने के नाते दुग्ध विकास कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से 1971 मे 'विश्व खाद्य कार्यक्रम' के अन्तर्गत 'आपरेशन' फ्लड - । योजना को कार्यान्वित किया गया। इस योजना को प्रभावी ढग से काम करने का दायित्व प्रादेशिक डेरी फेडरेशन को दिया गया। इस योजना के अन्तर्गत चार पश्चिम के (मेरठ, मुजफ्फर, गाजियाबाद एव मुरादाबाद) के अलावा चार पूर्वी जनपदों - वाराणसी, गाजीपुर, बलिया एवम् मिर्जापुर को सम्मिलित किया गया। इस योजना की परिधि मे मेरठ व वाराणसी जनपदों मे एक एक लाख लीटर दैनिक दुग्ध हैडलिंग क्षमता की 2 दुग्धशालाओं के अतिरिक्त 100 मीटर टन क्षमता की 2 पशु आहार निर्माणशालाये स्थापित की गई। इसी के साथ रायबरेली मे एक जर्सी गौ प्रजनन इकाई भी गई। 1975 वर्ष मे एच एफ सी ब्रिटेन एवं प्रदेश सरकार से प्राप्त अनुदान से संघ द्वारा एक मुरादाबाद मे संकर प्रजनन परियोजना चलाई गई। इस योजना ने अपने उद्देश्य मे नस्ल सुधार करके गायों मे गायों की दुग्ध उत्पादन क्षमता मे वृद्धि करना रहा है। मेरठ तथा बनारस जनपदों मे लगभग 300 आनंद पद्धति पर कार्यरत सहकारी दुग्ध समितियों का गठन हुआ। वर्ष 1982 मे इस योजना की समीक्षा करने के बाद दुग्ध उत्पादनकर्ता को उसके उत्पादन का पर्याप्त मूल्य बिचौलियों के कारण न मिलने पर शासन द्वारा नीति - विषयक निर्णय लेकर कार्यक्रम को गति प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय डेरी निगम व राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के सहयोग से ' आपरेशन फ्लड ।। नवम्बर, 1982 ' मे शुरू करके कार्य किया गया ।

आपरेशन फ्लड ।। ने प्रदेश के मुख्य नगरों लखनऊ, कानपुर, मेरठ, गाजियाबाद, वाराणसी, आगरा, इलाहाबाद आदि में तरल पदार्थो (दूध) की आपूर्ति 29,000 से

बढकर 85,000 हो गई। दुग्ध बाहुल्य वाले क्षेत्रों को दुग्ध की दैनिक आपूर्ति " स्टेट मिल्क ग्रिड " के अन्तर्गत सुनिश्चित उत्तम गुणवत्तायुक्त दूध की उचित मूल्य पर आपूर्ति भी था। इससे पराग, मक्खन, घी की ग्राहयता बढी है, सतुलित आहार (पशु) की विक्री बढकर चार गुना हुई थी। इस योजना से दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों मे सदस्यों की संख्या 30,000 से बढकर 84,000 हो गई है। इससे दूध उत्पादकों की सहकारिता मे आस्था व निष्ठा बढी है। परियोजना मे 22 नियमित 8 आपातकालीन सचल पशु चिकित्सालयों के माध्यम से जनवरी, 1984 से अगस्त 1984 तक 53,000 पशु चिकित्सा की गई और 70,000 दुधारू पशुओं को रोग निरोधक टीके लगे। 1980 से कानपुर डेरी बंद होने से, उसे 20 फरवरी, 1983 से पुन चालू कर दुग्ध आपूर्ति शहर मे 17,000 लीटर किया गया। लखनऊ दुग्ध सघ देश की प्रथम सहकारी सस्था है जो नवम्बर, 1982 तक बद होने की स्थिति मे पहुँचने पर पी सी डी एफ के प्रशासनिक एवं प्रबंधकीय नियंत्रण मे लाकर एक स्वस्थ व्यवसाय सस्था का रूप दिया गया। वर्तमान समय में लखनऊ संघ द्वारा दूध की आपूर्ति नवम्बर 1982 में 13,000 से बढकर 30,000 लीटर प्रतिदिन हो गई है। रायबरेली की बुलमेंदर फार्म की व्यवस्था को सुदृढ करके देश मे द्वितीय स्थान प्राप्त है।

दुग्ध व्यवसाय के आधुनिकीकरण से प्रदेश के लघु कृषक, सीमात कृषक तथा भूमिहीन मजदूर दुग्ध उत्पादकों के विचौलियों के शोषण से मुक्त करके उनकी सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति मे सुधार करके विकास हो रहा है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के नगरों व महानगरों के उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर निश्चित गुणों का तरल दूध तथा दुग्ध पदार्थ की सामयिक उपलब्धि सुनिश्चित हो रही है ।

तालिका सख्या – 7

लखनऊ दुग्ध सघ प्रगति (82 से 89 तक)

विवरण	1982 ओएक–1से पूर्व	1984 वर्तमान	1989 वर्तमान
आनन्द पद्धति पर गठित ग्रामीण समितियो की सख्या	---	198	1650
उत्पादक समितति सदस्यो की सख्या	----	13,000	187000
वर्तमान प्रस्थापित 40,000 लीटर दुग्ध प्रतिदिन क्षमता का उपयोग%	35%	79%	90%
तरल दुग्ध (लीटर प्रतिदिन)	15,000	31,000	88,000
मक्खन विक्रय प्रतिमाह (किलोग्राग)	7,150	9,084	1,189
घी विक्रय प्रतिमाह (किलोग्राम)	2,523	3,686	4,859
टन ओवर (लाख में)	212	394	489

दुग्ध उत्पादको को दुग्ध विक्रय हेतु दुग्ध समितियो के माध्यम से सीधा दुग्ध बाजार मे विक्रय कराने की व्यवस्था की गई । उनके दुधारू पशुओ हेतु निवेश सेवाऐ भी समितियों के स्तर पर उपलब्ध कराने से उत्पादको के कार्यक्रम के प्रति विश्वास भाव जागृत होता है । सितम्बर 1987 से यह योजना समाप्त होकर अक्टूबर 1987 से आपरेशन फ्लड तृतीय योजना प्रदेश मे प्रथम योजना उद्देश्य के साथ प्रारम्भ की गई । इस योजना मे दुग्ध विकास कार्यक्रम के साथ दुग्ध – उत्पादको की आर्थिक स्थिति को सदृढ़ करने पर भी दिया गया ध्यान अनवरत है । आपरेशन फ्लड क्षेत्र मे 9 प्लाटस और 12 अवशीत गृह स्थापित किये गये जिनकी हैण्डलिग क्षमता 7 80 लाख लीटर 4 80 लाख लीटर प्रतिदिन रही ।

दुग्ध उत्पादन एव वितरण के क्षेत्र मे उत्तर प्रदेश प्रादेशिक कोआपरेटीव डेरी

ढग से बेरोजगारी को समाप्त करने के उद्देश्य से सघन मिनी डेरी परियोजना का क्रियान्वयन 1991–92 मे किया गया । इसके अन्तर्गत 1995 तक 54 जनपदो को ही सम्मिलित किया जा सका है । इस अवधि मे ग्रामीण स्तर के लाभार्थियो हेतु 5370 87 लाख रूपये का ऋण बैको के माध्यम से 32271 पशु क्रय कराते हुए 46,567 व्यक्तियो परिवारो को रोजगार हेतु सुविधा उपलब्ध करायी गई ।

दुग्ध उत्पादन मे महिलाओ का श्रम पुरूषो की अपेक्षा अधिक लगता है । श्रम के अनुपात मे महिलाओ को पुरूषो की अपेक्षा मात्र 10% ही धन प्राप्त होता था । इसका मात्र कारण शिक्षा की कमी से था । अत इस बात को ध्यान मे रखते हुए सन् 1991–92 मे यूनीसेफ व भारत के सरकार द्वारा सम्मिलित सहयोग से "महिला डेरी परियोजना को प्रारम्भ कर ग्राम स्तर पर महिला सदस्यो की दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियाँ गठित की गई । महिलाओ को शिक्षित व प्रशिक्षित करके उनमे स्वास्थ, स्वच्छता व परिवार कल्याण जैसे विषयो के प्रति जागरूकता पैदा की गई ।

1995 तक प्रदेश के 34 जनपदो मे महिला डेरी परियोजनाओ को प्रारम्भ किया गया । वर्षांत 1990 तक इस परियोजना मे 990 समितियाँ कार्यरत थी। इस परियोजना मे 39755 ग्रामीण महिलाओ को रोजगार प्राप्त है । ग्रामीण क्षेत्रो मे गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति की महिलाओ को आर्थिक दृष्टि से सुदृढ बनाने के उद्देश्य से दुग्ध विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत लाभ प्राप्त कराया गया । इसके पहले से उच्च वर्ग के यहाँ खेतो मे कार्य करते थे जिससे उनका शोषण होता था । इस योजना के क्रियान्वयन से उन्हे शोषण मुक्त कराया गया। पी0सी0डी0एफ0 द्वारा सितम्बर 1995 तक सामान्य कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 23,393 अनुसूचित जाति की महिलाओ को रोजगार उपलब्ध कराया गया । वर्षान्त 1995–96 तक 76,921 अनुसूचित जाति/जनजाति की महिलाओ को दुग्ध सहकारिता विकास कार्यक्रम माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया ।

डा0 अम्बेडकर भीमराव शताब्दी वर्ष मे प्रदेश के अनुसूचित जाति जनजाति तथा पिछड़ी जाति बाहुल्य ग्रामो मे सघन विकास को ध्यान मे रखते हुए ग्राम्य विकास

विभाग के अन्तर्गत गावो मे सहकारी दुग्ध समितियाँ कार्यरत है ।

गाँधी ग्राम विकास योजना मे महात्मा गाँधी की 125वी जयती के अवसर पर चलाये जा रहे कार्यक्रमो के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड मे एक गाँधी ग्राम का चयन किया गया है । इस प्रकार हमे सहकारिता माध्यम से दुग्ध व्यवसाय मे वृद्धि करके किसानो की आय मे वृद्धि करके लोगो को रोजगार प्रदान करके, उपभोक्ताओ की सस्ते दाम व गुणवत्ता पर दूध उपलब्ध करा दिया जाता है ।

उत्तर प्रदेश मे सहकारिता माध्यम से दुग्ध विकास का कार्यक्रम का इतिहास तो 80 वर्ष पुराना है । परन्तु योजना बद्ध कार्यक्रम का क्रियान्वयन आपरेशन फ्लड योजना के माध्यम से ही हुआ । इस योजना मे दूध उत्पादक सहकारी समितियाँ बनाकर अच्छे नस्ल के गाय व भैस के उत्पादित दूध को दूध सघ को बेचकर अच्छे आमदनी प्राप्त की गई । धीरे-2 इस योजना का विस्तार होने से लोगो ने दुग्ध व्यवसाय किया। जनसख्या बढने के साथ-2 निरन्तर दूध की माँग व सभावनाऐ बढी । दुग्ध सहकारी समितियो मे पुरूष/महिला सदस्य बने । वर्ष 1990 मे प्रादेशिक कोआपरेटिव डेरी दुग्ध सघ के प्रबध निदेशक श्री आर0एस0 टोलिया ने कार्यभार ग्रहण के बाद दुग्ध सहकारी समितियाँ को ग्रामीण महिलाओ को एक मच पर लाकर उनके सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए प्रयास किया और एक महिला डेरी परियोजना का शुभारम्भ किया गया । पहले चरण मे यह परियोजना उत्तर प्रदेश के 5 जनपदो मे सीतापुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई व फरूखाबाद मे लागू करके ग्रामीणो के बीच स्वय सेवी सस्थाओ का सहारा लिया गया । हरदोई मे सर्वोदय सेवाश्रम तथा शाहजहाँपुर मे विनोभा सेवाश्रम से महिला कार्यकर्ताओ को इन जिलो प्रसार कार्यकर्ता तथा महिला प्रशिक्षक के रूप मे नियुक्त करके यहाँ ग्रामीण महिला डेरी फेडरेशन महिला उत्थान कार्य शुरू हुआ । महिलाओ को सदस्य बनाने मे बहुत कठिनाई होने के बाद भी इन कार्यकर्ता महिलाओ ने ग्रामीण क्षेत्रो मे महिलाओ को एकता कर महिला दुग्ध समितियाँ बनाई । जहाँ अशिक्षित महिलाऐ थी, उन्हे साक्षर बनाकर सहकारिता माध्यम से परिवार एव समाज का प्रमुख अग होने

के बाद भी उन्हे आत्म विश्वास की कमी के स्थान पर जागरूकता एव निर्णय लेने की क्षमता का विकास करके उन्हे समाज के कुठित लोगो से उबारकर उन्हे विकास की मुख्य धारा से जोडा गया । इस परियोजना मे महिलाओ को आर्थिक रूप से सुदृढ करके दुग्ध सहकारी समितियो के माध्यम से महिलाओ को दुग्ध व्यवसाय से जोडकर सहकारी डेरी, प्रशिक्षण तथा शोध केन्द्रो के माध्यम से प्रबन्ध कमेटी महिला सचिव, दुग्ध, टेस्टर पशुपालन चारा, प्राथमिक चिकित्सा कृत्रिम गर्भाधान सम्बन्धी प्रशिक्षण से लाभान्वित कर उनका मनोबल बढाया ।

प्रबध कमेटी के माध्यम से प्रत्येक महिला दुग्ध समिति की 9 महिलाओ को दुग्ध समिति का दुग्ध हेतु कुशल सचालन नेतृत्व, विकास का प्रशिक्षण दिया गया । इस प्रशिक्षण मे महिलाओ को समिति के निबधन, नियमो, दुग्ध व्यवसाय की तकनीकी जानकारी, नेतृत्व व आत्मविश्वास को बढाया गया । महिला दुग्ध समितियो मे सारा कार्य महिला सदस्यो द्वारा ही होता है । अत दुग्ध समिति के कार्यों मे स्फूर्ति लाने हेतु उसी गाव की महिला सदस्य को दुग्ध समिति क्रियाकलापो की जानकारी का प्रशिक्षण देकर दुग्ध कार्य का क्रियान्वयन भी वही करे । इस प्रशिक्षण को सचिव प्रशिक्षण का नाम दिया गया । इसमें महिला सचिव दुग्ध सकवन, दुग्ध परीक्षण, रिकार्ड रख–रखाव का भी प्रशिक्षण दिया जाता है । महिलाओ को प्रशिक्षण माध्यम से अच्छे चारे का प्रबध अच्छे नस्ल के जानवर व उनका रख – रखाव प्रारम्भिक चरण मे आवश्यक होता है पशु बीमारी का महिलाओ को उनके लक्षण देखकर प्राथमिक उपचार का इलाज बताया गया ।

गाँवो मे देशी नस्ल के पशु सख्या मे सर्वाधिक होने से अच्छे नस्ल के जानवर रखकर दुग्ध उपार्जित किया जाय । इसके लिए कृषक वर्ग गाँव का गरीब होता है। अत उनके लिए गाँव में ही नस्ल सुधार कार्यक्रम बनाई गई । देशी पशुवर्ग को अच्छे

सीमन (बीज) से गर्भाधान कराकर नस्ल सुधारा गया । इस कार्य हेतु दुग्ध समिति स्तर पर ही एक कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया गया । इसके अलावा नैसर्गिक अच्छे साड व भैसा उपलब्ध कराकर नस्ल/पीढी सुधारा गया । समिति मे दुग्ध समिति व्यवसायिक कार्य के साथ-2 सामाजिक दायित्व जैसे टीकाकरण स्वास्थ, भोजन, पोषण, सफाई शिशु व माह कल्याण की जानकारी हेतु प्रशिक्षण दिलाती है । इस प्रशिक्षण को स्वास्थ शिक्षा कार्यक्रम के नाम से जाना जाता है । इस प्रशिक्षण से ग्रामीण पशु रख रखाव व स्वास्थ के साथ-2 महिला दुग्ध समिति अपने परिवार का भी कल्याण करती है । महिला दुग्ध समिति के सदस्यो को प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ स्वास्थ विभाग से बाल एव महिला टीकाकरण, दवा, वितरण , ब्लाक एव जिक्स एजेन्सी सहयोग से निर्धूम चूल्हा, स्वच्छ पेयजल, पौढ शिक्षा अल्प बचत इत्यादि महिला दुग्ध समिति माध्यम से बचत होने लगी ।

वर्तमान मे भारत सरकार द्वारा सचालित महिला समृद्धि योजना मे प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 300/- जमा करने पर 75/- ब्याज का विशेष लाभ होता है। इस योजना मे भी (महिला दुग्ध समितिया) खाते खुलवाया गये । गरीबी रेखा से नीचे जीवन का निर्वाह करने वाले अनुसूचित जाति / जनजाति एव पिछडी जाति की महिला सदस्यो को एकीकृत ग्राम्य विकास परिधि योजनान्तर्गत ब्लाक स्तर से ग्रामीण पशुओ हेतु ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है । इसके अलावा दुधारू पशुओ को ऋण प्रदान कराने हेतु ऋण प्रदान करने की एक योजना सघन मिनी डेरी परियोजना भी लागू करके पशुओ के यूनिट हेतु ऋण प्रदान किया गया ।

इस योजना मे प्रारम्भिक स्तर पर कठिनाइयाँ अनुभव करते हुए महिला सदस्यो अधोलिखित सुविधाएँ प्रदान की गई ।

प्रथम सुविधा मे सदस्यो के पोषण हेतु भारत सरकार ने वित्त से पोषित परियोजना जनपदो मे 300 किग्रा व व विशेष रोजगार योजनान्तर्गत आच्छादित जनपदो मे 150 किलोग्राम पशु आधार पर 50% अनुदान दिया जाता है। द्वितीय सुविधा मे सदस्यो के पशुओ को उचित मात्रा मे खनिज लवण उपलब्ध कराने हेतु प्रति सदस्य 2 यूरिया मोलासिस लिक पर अनुदान दिया जाता है । तृतीय स्तर पर सदस्यो को 2 बछिया/पडिया के डिबमिग की दवा हेतु अनुदान का प्रावधान था । चतुर्थ सुविधा मे सदस्यो के पशुओ को 2 डोज खुरपका । मुँहपका रोग के टीकाकरण हेतु अनुदान था। पाँचवे मे हरे-चारे की उपयोगिता एव महत्व को बताने हेतु प्रत्येक समिति के 30 सदस्यो को एक-2 बार रखी व खरीफ मे चारे के उन्नतिशील बीज का मिनीकट अनुदान पर उपलब्ध कराया जाता है । छठवे मे भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित जनपदो मे सदस्यो के दुधारू पशुओ बछिया/पडिया का बीमा कराये जाने का प्रावधान किया गया है। इससे महिला सदस्यो को अर्जित किये हुए पशुधन की समुचित सुरक्षा प्राप्त हो सके । सातवे सुविधा मे महिला समिति सदस्यो को सम्ग्र विकास हेतु विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण व्यवस्था की गई ।

वर्तमान मे इस परियोजना का विस्तार 33 जनपदो मे हो चुका है । इसमे भारत सरकार के प्रादेशिक कोआपरेटिव डेरी फेडरेशन उत्तर प्रदेश, उ0प्र0 सरकार के यूनीसेफ द्वारा वित्तीय सहयोग विभिन्न चरणो मे प्रदान किया गया है। परियोजना का विकास अब तक 7 चरणो मे हो चुका है जिसका विवरण अधोलिखित निम्नवत है -

तालिका स0 - 7 4

भारत सरकार के पी0सी0डी0एफ0य0पी0, उ0प्र0 सरकार के यूनीसेफ द्वारा 33 जनपदो मे 1991 से 95 तक चरणो मे वित्तीय सहयोग

चरण	आच्छादित जनपद	वित्तिय स्रोत	प्रारम्भ वर्ष	परियोजना व्यय (लाख रू0 में)
1	2	3	4	5
प्रथम	1 हरदोई	90%	1991-92	2 92 506

1	2	3	4	5
	2 सीतापुर	⟮महिला एव बाल विकास विभाग भारत सरकार ⟯		
	3– बरेली			
	4– शाहजहाँपुर	10%		
	5– फर्रूखाबाद	महिला एव बाल विकास कल्याण विभाग उ0प्र0 सरकार/आर0सी0डी0एफ0		
द्वितीय	1– फैजाबाद		1992–93	292 00
	2– बस्ती			
	3– गोण्डा			
तृतीय	1–सुल्तानपुर	तदैव	1993–94	295 33
	2– गाजीपुर			
	3– जौनपुर			
चतुर्थ	1– देवरिया	तदैव	1993–94	271 679
	2– गोरखपुर			
	3– आजमगढ			
पचम	1– प्रतापगढ		1994–95	
	2– बाराबकी	तदैव		296 466
	3– वाराणसी			

1	2	3	4	5
षष्ठम्	1- रायबरेली	तदैव	1994-95	441 368
	2- इटावा			
	3- फतेहपुर			
	4- जालौन			
	5- बिजनौर			
सप्तम्	1- गाजियाबाद	तदैव	1994-95	247 938
	2- एटा			
	3- इलाहाबाद			
अष्टम	1- लखनऊ	अम्बेडकर विशेष रोजकार योजना		157 128
(1)	2- उन्नाव	एवम् यूनीसेफ		125 268
	3- मथुरा			282 396
	4- मेरठ			
	5- मुरादाबाद			
	6- बलिया			
अष्टम्	1- आगरा	अम्बेडकर विशेष रोजगार योजना		70 479
	2- बदायूँ			

1	2	3	4	5
नवम्	1– कानपुर नगर	प्रस्तावित		-----
	2– कानपुर देहात			
	3– मैनपुरी			
	4– फिरोजाबाद			

श्रीवास्तव शैलेन्द्र कुमार "सहकारिता विशेषाक" अक्टूबर–नवम्बर 97 प्रभारी (प्रकाशन) पी0सी0डी0एफ0 29 पार्क लखनऊ प्रधान यू0पी0 को आ0 यूनियन लि0 पेज स0 77 78

इन प्रयासो के फलस्वरूप जो महिला उत्थान का बीडा उठाया गया था उसने शनै –3 दुग्ध सहकारिता माध्यम से विस्तार पाया जो अपने–आप मे सफलता का परिचायक है । वर्ष 1991–92 मे शुरू हुई परियोजना का विकास पथ अब छह वर्षो का सफर तय कर चुका है । वर्ष 1996–97 तक वर्षवार इसकी प्राप्तियाँ निम्नवत है –

तालिका स0 7 5

महिला दुग्ध उत्थान प्रगति (वर्ष 1991 से 1997 तक)

	1991-92	92-93	93-94	94-95	95-96	96-97
आच्छादित जनपद	5	18	22	30	33	33
महिला दुग्ध समितियाँ	119	248	266	966	1,303	1,433
कुल महिला सदस्य	4679	10762	18966	38753	54791	60704
अनुसूचित जाति/जनजाति सदस्य	------	2363	4316	8299	13634	15931
औसत दुग्ध उत्पार्जन प्रतिदिन (लीटर)	3254	12488	13170	30291	46450	52384
उपलब्ध करायी गई सुविधाएँ –						
चारा बीज मिनी किट वितरण	1617	10553	30378	40912	67774	79062

तालिका स0 7 6

पशु आहार अनुदान (कुन्तल) वर्ष 95 से 97 तक प्रदत्त सुविधा –

(क) गाभिन पशु 6 5 हेतु	1087 6	4294 5	14053 2	27735 8	44583 69
(ख) बछिया/पडिया 80हेतु	342 1	2664 63	6695 2	13407 9	17005 0
एफ0एम0डी0 टीकाकरण 1193	9824	18992	44564	74701	98480
कीटनाशक दवा वितरण	4017	12525	34954	65577	87853
बीमा (क) दुधारू पशु	3052	3931	6454	12987	21766
(ख) बछिया/पडिया	494	1152	1602	3308	3139
साड क्रय	---	----	---	156	253

तालिका 7 7

महिला सदस्यो को प्रदत्त एक प्रशिक्षण सुविधाऐ 91 से 97 तक

प्रबध कमेटी	4991	1707	2494	5639	9913	11609
सचिव	33	166	266	548	940	1166
प्रा0 चिकित्सा	10	91	152	258	432	1134
कृ0वी0का0 कर्ता	10	91	152	358	618	691
पशुपालन व चारा	665	6180	8137	16682	26229	34038
महिला शिक्षा	3089	12810	14380	25655	35444	61125
स्वास्थ शिक्षा	----	8165	8309	21701	29409	35218
फार्मर्स इण्डकशन	-----	-----	33	139	149	675
रोजगार सृजन						
प्रत्यक्ष	357	744	1338	2898	3309	4299
अप्रत्यक्ष	4679	10762	18873	38753	54791	60704
योग –	5036	1106	20211	41651	58100	65003

इन प्रयासो के फलस्वरूप इस परियोजना ने 65003 महिलाओ के लिए रोजगार सृजित किया गया था तथा प्रतिदिन उन्हे गाँव मे घर बैठे उनके द्वारा उपार्जित 4 5 लाख रू0 प्रतिदिन दूध मूल्य के रूप मे प्राप्त हो रहा है । इस आर्थिक उपलब्धि से उन गावो मे एक आर्थिक व सामाजिक परिवर्तन की लहर आ गई है । जहाँ पर महिला दुग्ध समितियाँ कार्यरत है, उनके पारिवारिक रहन–सहन, जीवन–स्तर, शिक्षा, स्वस्थ एव आचार – विचार मे व्यापक रूप दिखाई दिया है । इस महिला दुग्ध परियोजना ने हमे एक सामाजिक रास्ता दिखाया है, जिस पर हमेशा चलते हुए ग्रामीण महिलाओ की सामाजिक चेतना को जागृत कर जोड जा सकता है । जहाँ रूढियो, परम्पराओ ने माहिलाओ को समाज का एक प्रमुख अग होने के बाद भी उसमे भागीदारी न होने दी थी, इस महिला दुग्ध समिति परियोजना ने महिलाओ को आर्थिक रूप से सुदृढ करके उनका आत्म विश्वास जगाया है तथा निर्णय लेने की क्षमता प्रदान की है।

महिला दुग्ध सहकारी समितियाँ महिला कल्याण मे अभी मजिल नही है, बल्कि एक उदाहरण है । हमे इन उपलब्धियो की सहायता से प्रेरणा लेकर प्रदेश के हर कोने मे इसका विस्तार करके लाभ पहुँचाना है । प्रारम्भिक अनुभवो से यह कार्य बहुत कठिन प्रतीत हुआ था । मगर प्रसार कार्यकर्ताओ, फील्ड एव प्रबधकीय स्टाफ के कठिन परिश्रम से यह सफलता मिली है कि अब हमे दुग्ध उत्थान मे इसी पथ पर निरतर आगे बढते रहना चाहिये ।

साधन मिनी डेरी परियोजना मे 1,28,376 ग्रामीणो को रोजगार मिलने की सुविधा प्रदान की गई है । उ0प्र0 के कुल 32 जिलो मे सघन मिनी डेरी परियोजना

लागू की गई है । प्रथम चरण मे 15 जिलो मे लागू की गई थी फिर द्वितीय चरण मे 17 जनपदो मे लागू किया गया । तीन वर्षों की इस परियोजना मे 128,376 ग्रामीण जनो को रोजगार मिला है ।

सघन मिनी डेरी परियोजना के प्रथम चरण मे 15 जनपदो मे 4 दुधारू पशु प्रति इकाई की दर से 7050 मिनी डेरी स्थापित किया गया था । द्वितीय चरण के 17 जनपदो के 4 दुधारू पशु की 3200 इकाइयाँ एव 2 दुधारू पशुओ की 5600 कुल 8,800 मिनी डेरी परियोजना स्थापित की गई थी । इस प्रकार दोनो चरणो मे 15850 मिनी डेरी स्थापित किया गया । इससे कुल 42,792 लोगो को रोजगार प्राप्त है । रोजगार परक सघन मिनी डेरी परियोजना का शुभारम्भ 1991 से प्रदेश के 17 जनपदो मे शुरू करके सघो के माध्यम से क्रियान्वित किया गया था । इस परियोजना की माँग बढने पर सरकार ने इसे अप्रैल 1993 से प्रदेश के 13 अन्य जनपदो मे लागू करके बढ़ाई गई । माँग बराबर बनी रहने से सितम्बर 1993 मे 10 और जनपदो मे शुरू किया गया । अप्रैल 1994 से पिथौरागढ़ सहित प्रदेश के 14 और जनपदो मे परियोजना सचालित की गई । अब तक प्रदेश के 54 जनपदो के दुग्ध उत्पादको को कृषको को सघन मिनी डेरी परियोजना से लाभन्वित किया गया । इस अवधि मे कुल 24,118 मिनी डेरी परियोजना स्थापित करके 86714 व्यक्तियो को रोजगार दिलाया गया । परियोजना के अन्तर्गत कुल 51 10 करोड रूपये बैको से ऋण के रूप मे उपलब्ध कराकर 60,112 दुधारू पशुओ को क्रय कराया गया है।

मुख्यमत्री कहते है कि कम पूजी वाले ग्रामीण तथा कम जोत वाले किसान सघन मिनी डेरी परियोजना का लाभ उठाकर अपने आप के स्रोत मे वृद्धि करे । उनका मानना है कि कम आदमी वाले, ग्रामीणो की जेब मे पैसा होने से उनकी क्रय शक्ति बढेगी और बेरोजगारी दूर करने मे काफी मदद मिलेगी । सघन मिनी डेरी परियोजना के अन्तर्गत पहली बार छोटे दुग्धा उत्पादको तथा कृषको को लाभान्वित करने के

उद्देश्य से दो दुधारू पशुओ को ही इकाई मान लिया गया । इससे पूर्व चार दुधारू पशुओ की इकाई का ही प्रावधान था सरकार द्वारा किये गये इस महत्वपूर्ण निर्णय से बुन्देलखण्ड तथा पर्वतीय क्षेत्र के दुग्ध उत्पादको को काफी लाभ हुआ । उल्लेखनीय है कि प्रदेकश के बुन्देलखण्ड तथा पर्वतीय क्षेत्रो मे हरे चारे तथा पानी की समम्या है।

सघन मिनी डेरी परियोजना के अन्तर्गत परियोजना की इकाई लागत और लाभार्थियो को देय अनुदान की धनराशि भी बढा दी गयी है । परियोजना के अधीन लाभार्थियो को बैको से व्यवसायिक दरो पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है । प्रत्येक लाभार्थी को चार दुधारू पशुओ के क्रय हेतु 39,750 रूपये तक का ऋण एव मार्जिन मनी दिलायी जा रही है । इकाई लागत बढाकर अव चार पशुओ के लिए 45,630 रूपये एव दो पशुओ के लिए 22,815 रू0 कर दी गयी है।

इस परियोजना की विशेषता यह भी है कि अनुसूचित जाति/जानजाति के लाभार्थी के लिए 33% एव अन्य वर्ग के लाभार्थी के लिए 25% अनुदान की धारणा है जबकि पहले लागू की गयी परियोजना मे लाभार्थी को 2000/= प्रति मिनी डेरी पर मार्जिन मनी उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान था ।

सघन मिनी डेरी परियोजनान्तर्गत गरीबी व बेरोजगारी प्रबन्ध की 2 भयावह समस्याऐ है । गरीबी बेरोजगारी का परिणाम है घर मे रोजगार मिल जाने पर बेरोजगारी स्वत पलायन कर जाती है । जिस घर मे बेरोजगारी रहती है गरीबी स्वत बनी रहती है। अतएव उत्तर प्रदेश सरकार ने गरीबी मिटाने के लिए प्रदेश मे बेरोजगारी मिटाने को प्राथमिकता दी । इसमे सघन मिनी डेरी परियोजना का प्रमुख स्थान है । इस योजना मे रोजगार सृजन की व्यवस्था की गई है । वर्ष 1997–98 मे सघन मिनी डेरी परियोजना

दो चरणो मे क्रियान्वित कर प्रथम चरण मे 15 जिले तथा द्वितीय चरण मे 17 जनपद शामिल किये गये है –

तालिका 7 8

	प्रथम चरण के जनपद
1–	मऊ
2–	हरदोई
3–	नैनीताल
4–	बदायूँ
5–	कानपुर
6–	सीतापुर
7–	गाजीपुर
8–	फतेहपुर
9–	फिरोजाबाद
10–	बरेली
11–	मेरठ
12–	बलिया
13–	लखनऊ
14–	इलाहाबाद
15–	बाराबकी

द्वितीय चरण के जनपद

1-	लखीमपुर खीरी
2-	उन्नाव
3-	बुलन्दशहर
4-	एटा
5-	महामायानगर
6-	मथुरा
7-	अम्बेडकर नगर
8-	सुल्तानपुर
9-	उधम सिंह नगर
10-	चन्दौली
11-	जौनपुर
12-	जालौन
13-	बिजनौर
14-	ज्योतिबाद राव फूले नगर
15-	देवरिया
16-	हमीरपुर
17-	फर्रूखाबाद

इससे पूर्व भी हम 1992 मे सघन मिनी डेरी परियोजनाओ को तरीके से प्रदेश के कई जनपदो मे देख चुके है । इस योजना मे 26,238 लाभार्थियो को 90 करोड की धनराशि स्वीकृत करके 83,355 व्यक्तियो को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराया गया था ।

सघन मिनी डेरी परियोजना के अन्तर्गत चारा दुधारू पशुओ की ईकाई हेतु ऋण दिये जाने की व्यवस्था की गई है जिसके अन्तर्गत न्यूनतम 8 लीटर दूध देने वाली चार ग्रेड मुर्रा भैसो/चारा क्रास बीड गाय हेतु 40,000 रू0 2 पशुओ के एक माह के चारे – दाने हेतु 1200/– रूपये, दो पशुओ के मासिक चिकित्सा हेतु 300/– रूपया पशु बीमा हेतु मास्टर पालिसी के अन्तर्गत रियायती व्यवस्था हेतु 2,130रू0 पशुओ के लाने हेतु 2,0,00 रूपये अर्थात् 45,630 रू0 ऋण की व्यवस्था है ।

इस सघन मिनी डेरी परियोजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति तथा पर्वतीय क्षेत्र के लाभार्थियो को लागत का 33% तथा अधिकतम 10,000 रू0 का अनुदान दिया जाता है । यह अनुदान नकद न देकर पशु बीमा प्रीमियम एव बैक अनुदान के रूप मे उपलब्ध कराया जाता है । इससे दुरूप्रयोग को रोका जाता है। वास्तविक लाभ लाभार्थी को ही मिलता है । लाभ के सहायतार्थ बैक की ऋण राशि पर सरकार द्वारा 45,000/– रू0 भूमि बधक अभिलेखो पर स्वाम्ब शुल्क प्रभार से छूट प्रदान की गई है।

इस परियोजनान्तर्गत ऐसे सदस्य पशुपालक जिनके पास इस परियोजना के लिए उपलब्ध कराये जाने वाले ऋण बैक की राशि के मूल्य के बराबर सिचित/असिचित भूमि उपलब्ध हो, वह किसी बैक का बकायेदार न हो तथा कम से कम एक एकड़ भूमि बैक ऋण के सापेक्ष बधक रखने मे सक्षम हो अथवा पर्वतीय जनपदो मे जहाँ 2 पशुओ की योजनाओ का आधा एकड़ या 10 नाकी भूमि बैक के पक्ष मे बधक रखने मे सक्षम हो, उन्ही को ऋण प्राप्त हो सकता है ।

इस परियोजना मे लाभार्थियो हेतु गॉंव–2 मे स्थापित सहकारी दुग्ध समितियों पर पूरे वर्ष दूध विक्रय की सुविधा हो, जहॉं पर इस योजनान्तर्गत ऋण प्राप्त करके दुग्ध व्यवसाय प्रारम्भ कर सकते है जिससे तल्लीन आय मिलना शुरू हो जाता है । किसी भी व्यवसाय से इतनी शीघ्र प्राप्ति सम्भव नही है ।

तीन वर्षीय परियोजना के प्रथम चरण – द्वितीय चरण मे प्रत्येक वर्ष क्रमश 7050 एव 8800 डेरियॉं स्थापित की गई । जिसमे सापेक्ष जनवरी 1998 तक प्रथम चरण के अन्तर्गत 10765 तथा द्वितीय चरण के अन्तर्गत 13032 लाभार्थियो को चयनित किया गया । इसके द्वारा क्रमश 8431, 9953 प्रार्थना पत्र प्राप्त हो चुके है। जनवरी 1998 प्रथम चरण के अन्तर्गत 3952 प्रार्थना पत्रो पर क्रमश 1562 52 लाख का ऋण स्वीकृत हो चुका है । तथा 1828 लाभार्थियो को 416 36 लाख का ऋण वितरित कराके 1778 पशुओ का क्रय कराके 2,565 व्यक्तियो हेतु रोजगार सृजित किया जा चुका है ।

द्वितीय चरणान्तर्गत 3102 प्रार्थना पत्रो पर 829 76 लाख रू0 का ऋण स्वीकृत कराकर 360 पशुओ का क्रय कराके 520 व्यक्तियो हेतु रोजगार सृजित किया जा चुका है । इस परियोजनान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर रोजगार की व्यापक सम्भावनाऐ विद्यमान है इसे तो अपने दरवाजे पर ही प्रारम्भ किया जा सकता है । इतनी कम लागत मे कोई उद्योग धन्धा स्थापित करना सम्भव नही है । साथ ही साथ इतनी सुगमता से न तो कोई रोजगार या आय का साधन ही सुलभ कराकर लाभार्थियो को लाभ एव आय का साधन ही सुलभ कराया जा सकता है।

उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत दुग्ध विकास के सन्दर्भ मे यदि हम उत्तराखण्ड राज्य जो अलग राज्य बनने वाला है के क्षेत्र मे गो जाति 19,78,331 एव महिष जाति

की 846,577 पशु है । पर्वतीय क्षेत्र मे प्रति हजार सख्या पर दुधारू पशुओ की सख्या वर्ष 1993-94 मे 178 है जोकि न केवल प्रदेश की 108 से बल्कि बुदेलखण्ड 167 पश्चिमी 115, केन्द्रीय 106 एव पूर्वी 87 से अधिक है । इसी प्रकार प्रति लाख दुधारू पशुओ पर दुग्ध देने वाले पशुओ पर दुग्ध उत्पादन सहकारी समितिया की सख्या सर्वाधिक केन्द्रीय क्षेत्र मे 87 है । पर्वतीय क्षेत्र 85 का दूसरा स्थान है । तथा सबसे कम बुदेलखण्ड मे 22 है ।पश्चिमी एव पूर्वी क्षेत्र के क्रमश 79 एव 56 है -

तालिका स0 - 7 9

उ0प्र0 को प्रति हजार, जनसख्या पर दुधारू पशु स0 तथा प्रति लाख दुधारू पशुओ पर दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियो की सख्या वर्ष 93 से 94 तक प्रगति

आर्थिक सम्भाग	प्रति हजार जनसख्या पर दुधारू पशुओ की सख्या वर्ष (1993-94)	प्रति लाख दुधारू पशुओ पर दुग्ध समितियो की सख्या (1993-94)
पर्वतीय क्षेत्र	178	85
बुदेलखण्ड	167	22
पूर्वी क्षेत्र	87	56
केन्द्रीय क्षेत्र	186	87
पश्चिमी क्षेत्र	115	79
उत्तर प्रदेश	108	69

स्रोत - उ0प्र0 के आर्थिक स्थिति के अभिज्ञान हेतु जिलेवार विकास सकेतक (1995)

उत्तराखण्ड मे प्रति हजार जनसख्या पर दुधारू पशुओ की सख्या सर्वाधिक है । उत्पादन के दृष्टिकोण से उत्पादकता अत्यन्त कम है । अत दुग्ध विकास कार्यक्रम को सर्वाधिक प्रोत्साहित करना चाहिए जिससे दुग्ध उत्पादन बढने के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रो मे स्थानीय लोगो की आय एव रोजगार में वृद्धि हो सके । यह व्यवसाय कृषि के बाद दूसरा मुख्य व्यवसाय है । इसलिए दुग्ध उत्पादन के साथ ही साथ इसके परिवहन, प्रसस्करण एव विपणन के लिए भी सुविधाओ का विस्तार करना आवश्यक है । पर्वतीय क्षेत्र मे गाव दूर दूर होने तथा पहाडी स्थान पर एक स्थान से दूसरे स्थान पर कच्चा माल के जाने मे काफी परेशानी होती है । दूध खराब होने का भी डर बना रहता है । अत इसके प्रसस्करण व विपणन की सुविधाओ का विस्तार होना अति आवश्यक है । उत्तराखण्ड क्षेत्र मे आठवी योजना पचवर्षीय योजनावधि मे दुग्ध विकास की दिशा मे किये गये प्रयासो को निश्चुलिखित तालिका मे दर्शाया गया है।

तालिका 7 10

आठवी पचवर्षीय योजना मे विकास प्रगति

मद	इकाई	भौतिक उपलब्धियाँ
1	2	3
ग्रामीण दुग्ध समितियो	सख्या	1045
कार्यरत ग्रामीण दुग्ध समितियाँ	"	1006
औसत दुग्ध उत्पादन	लीटर प्रतिदिन	36310
शहरो मे तरल दुग्ध विक्री	" "	45000
राज्य दुग्ध ग्रिड की विक्री	" "	7000
ग्रामीण दुग्ध स0 मे पजीकृत दुग्ध	" "	56550

1	2	3
उत्पादक सदस्य	हजार मी0टन	2124
पशु आहार की विक्री	सख्या	6
वुध सयन्त्र	"	10
दुग्ध शतिकरण केन्द्र		
दूग्ध सयत्रो की दुग्ध प्रोसेसिग क्षमता	लीटर प्रतिदिन	90,000
दुग्ध शतिकरण केन्द्रो की शक्तिकरण क्षमता	" "	45,000
दुग्ध सयत्रो के दुग्ध प्रोसेसिग क्षमता का उपयोजु	प्रतिशत	33–55%

डा0 निगम सुधीर कुमार – "सहकारिता" जिलेवार विकास सकेतक मासिक प्रगति ज0फ0 98 पेज 27 प्रकाशन यू0पी0 कोआपरेटिव यूनियन लि0 14 डा0 अम्बेडकर मार्ग, लखनऊ ।

गरीबी व बेरोजगारी इस समय देश व प्रदेश की सबसे बडी विकराल समस्या है । यह दोनो एक ही सिक्के के 2 पहलू है । क्योकि गरीबी बेरोजगारी का ही जटिल रूप है । भयावह बेरोजगारी ही गरीबी का एक मात्र कारण है । रोजगार अवसर बढाये जाने पर ही गरीबी उन्मूलन सम्भव है । इस अभियान मे दुधारू पशुपालन ही अह भूमिका निभाती है । दुधारू पशु–पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी है । क्योकि लघु एव सीमात कृषक के लिए पशुपालन एक बहुत बडा सहारा है । दुधारू पशु एक प्रकार उद्योग मेरे विचार से है जो सहजता से एक स्थान से दूसरे स्थान स्थानान्तरित किया जा सकता है । पशुपालन जहाँ कुपोषण व अल्प–पोषण का सुगम उपाय है, वही

स्वरोजगार के अवसर भी सृजित करता है । इसे अपनी क्षमतानुसार बढाया जा सकता है । हर परिवार द्वारा पशु पालन ककरे अपने परिवार के उपभोग के अतिरिक्त दुग्ध का विक्रय किया जा सकता है । और दूध का सकलन, उपार्जन, परिवहन, प्रसस्करण एव दुग्ध उत्पादको के बाजार से लगातार ग्रामीण क्षेत्रो मे ही नही एवम् नगरीय क्षेत्रो मे भी रोजगार सृजित होता है । दुग्ध, प्रसस्करण, परिवहन और उत्पादन से कृषि आधारित दुग्ध उद्योगो की अवस्थापना को भी बल मिलता है, जिससे रोजगार के अवसर निरतर बढते रहते है ।

दुग्ध क्षेत्र मे निजी व सहकारी क्षेत्र दोनो द्वारा कार्य किये जा रहे है। निजी क्षेत्रो द्वारा ग्रामीण एजेट बनाये जाते है, जिसके द्वारा दूध क्रय किया जाता है। उनका विक्रेता से दूध क्रय-न विक्रय का सबध रहा है । जबकि सहकारी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो मे जनतान्त्रिक आधार पर दुग्ध उत्पादक किसानो का सहकारी सगठन बनाया जाता है । इसमे कम से कम एक दुधारू पशु रखने वाले 30 सदस्यो की सदस्यता जरूरी होती है । इन्हीं सदस्यो को मिलाकर एक दुग्ध समिति बनाई जाती है। तथा इस 30 सदस्यो मे से एक दुग्ध समिति के प्रबध समिति के 7 सदस्यो का चुनाव करते है। ये 7 सदस्य अपने मे से एक सचिव चुनकर दुग्ध सग्रह केन्द्र से एकत्र कर परिवहन से दुग्ध सघ डेरी भेजवाने का कार्य करते है । अवशीतन केन्द्र से साप्ताहिक प्रत्येक दुग्ध समिति को दुग्ध मूल्य का भुगतान बैक एडवाइज के माध्यम से किया जाता है जिसे सचिव बैक मे जमा करके धनराशि निकाल करके सदस्यो मे उनकी मात्रा व सृजक्ताधार पर वितरित करता है । सचिव, दुग्ध समिति का वैतनिक कर्मचारी के साथ उसे दुग्ध समिति द्वारा किये जा रहे व्यवसाय अनुपात मे वेतन प्राप्त करता है ।

उपरोक्त के अलावा दुग्ध समिति के सदस्यो को और भी सुविधाऐ प्राप्त होती है । ये सुविधाए निजी क्षेत्र द्वारा नही प्रदान की जाती है । दुग्ध सहकारिताऐ अपनी

समिति के सदस्यो से सिर्फ व्यावसायिक जुडाव न रखकर उनकी उन्नति व सुरक्षा पर भी पर्याप्त ध्यान रखती है । क्योकि बहुत सी ऐसी व्यवस्थाऐ है, जो भूमिहीन एव लघु सीमात कृषक स्वत नही कर पाते है । दुग्ध समितियो के माध्यम से हरा चारा, बीज, सतुलित पशु आहार, कृत्रिम गर्भाधान, पशु चिकित्सा तथा आवश्यकता पडने पर आकस्मिक पशु चिकित्सा व्यवस्था व सक्रामक रोगो से बचाव हेतु पशुओ के टीकाकरण की व्यवस्था उचित मूल्य पर करायी जाती है जिसके लिए सदस्यो को अलग से कोई भागदौड नही करनी पडती है । इसके अलावा सहकारी डेरी प्रशिक्षण केन्द्रो के माध्यम से सदस्यो को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण भी दिये जाते है जिससे वे हरा चारा उगाने, पशुओ की उचित देख–रेख आदि के सबध मे उचित जानकारी प्राप्त करते है । इसके अलावा विभिन्न ऋण योजनाओ जैसे सघन मिनी डेरी योजना तथा ग्राम्य विकास योजनाओ के माध्यम से पशुओ के ऋण की व्यवस्था हेतु भी दुग्ध सहकारिताऐ मददगार साबित होती है ।

इसके अलावा दुग्ध समिति को वर्षान्त मे जो भी व्यावसायिक लाभ प्राप्त होता है, उसमे से काफी हिस्सा पुन सदस्यों के बीच मे बोनस के रूप मे बाँट देती है। जबकि निजी व्यावसायियो को इस प्रकार का कोई भी विकास एव उन्नति का कार्य ग्रामीण क्षेत्रो मे दुग्ध क्रम के अलावा नही किया जाता है। इस प्रकार दुग्ध सहकारिता, दुग्ध उत्पादको की, दुग्ध उत्पादको द्वारा तथा दुग्ध उत्पादको को हितो की रक्षार्थ बनायी गई सस्था है, जोकि आनन्द पद्धति पर आधारित होने के साथ–साथ सहकारी सिद्धान्तो पर कार्य करती है।

सहकारी दुग्ध समिति व्यक्तियो की एक ऐसी स्वायत्त शासी सस्था है, जो सयुक्त स्वामित्व वाले और लोकतान्त्रिक आधार पर नियन्त्रित उद्यम के जरिये अपनी सामान्य आर्थिक, सामाजिक, और सास्कृतिक आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए स्वेच्छा से एकजुट होते है । हम अपने विचार से सहकारी दुग्ध समितियो को स्वालम्बन

स्वउत्तरदायित्व तथा दूसरो के हितो को चिन्तन करने जैसे नैतिक मूल्यो पर विश्वास करते है ।

इस प्रकार सहकारी दुग्ध समितियाँ सहकारिता के सात सिद्धान्तो जैसे स्वेच्छिक व खुली सदस्यता/प्रजातान्त्रिक सदस्य नियत्रण/सदस्यो की आर्थिक भागीदारी/स्वायत्तता एवम् स्वतन्त्रता/शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना/सहकारी समितियो मे परस्पर सहयोग/समुदाये के प्रति निष्ठा जैसे नैतिक मूल्यो पर विश्वास करती है ।

वर्ष 1992–93 मे उत्तर प्रदेश मे दुग्ध उत्पार्जन 5 79 लाख लीटर प्रतिदिन था इसी प्रकार 93–94 मे 5 80 लाख लीटर प्रतिदिन वर्ष 94–95 मे 5 52 लाख लीटर प्रतिदिन व वर्ष 1995–96 मे 6 73 लाख लीटर प्रतिदिन था ।

उत्तर प्रदेश मे कार्यरत दुग्ध समितियाँ वर्षवार निम्नवत सख्या हजार थी। वर्ष 1992–93 में 6,686 वर्ष 1993–94 मे 70,17 वर्ष 1994–95 मे 7827 वार्ष 1995–96 मे 8,933 हजार थी । साथ ही साथ उत्तर प्रदेश मे कार्यरत दुग्ध समितियो के सदस्यो की सख्या वर्षवार सदस्यता लाख की सख्या मे निम्नवत रही। वर्ष 92–93 मे 3 83 लाख, वर्ष 93–94 मे 3 99 लाख, वर्ष 94–95 मे 4 29 लाख तथा वर्ष 95–96 मे 4 86 लाख थी

तालिका - 7 11

उत्तर प्रदेश मे वर्ष 1992593 से लेकर वर्ष 1995-96 तक कृतिम वीर्यदान सेवा व सीमेन डोजेज वितरण एव उत्पादन प्रगति

वर्ष	कृतिम वीर्यदान सेवा लाख मे	सीमेन डेजेज कुल उत्पादक (लाख)	दुग्ध सघ वितरण सीमेन डेजेज	पशु पालन(सीमेन)
1992-93	186,378	347,554	2041,168	152,941
1993-94	229,326	381,642	210,474	375,692
1994-95	2001,001	403,203	2020,90	724,077
1995-96	228,983	430,899	242,736	807,603

उत्तर प्रदेश मे औसत दुग्ध विक्रय (लाख लीटर प्रतिदिन) वर्ष 1992-93 मे 3 14 वर्ष 93-94 मे 3 61, वर्ष 94-95 मे 3 76 व वर्ष 95-96 मे 3 66 लाख लीटर प्रतिदिन रहा । इस प्रकार वर्ष 1995-96 मे दुग्ध विक्रय की मात्रा वर्ष 94-95 की अपेक्षा कम आई है । इसका प्रमुख कारण भारत सरकार की

पी0सी0डी0एफ0 - "पराग वार्षिक विवरण 1995-96" पेज स0 13 प्रकाशक, प्रादेशिक कोआपरेटिव डेरी फेडरेशन लिमिटेड 29 पार्क रोड, लखनऊ ।"

उदारीकरण के फलस्वरूप निजी व्यवसायो का दुग्ध व्यवसाय मे प्रवेश है । निजी व्यवसायियो का सहकारिता क्षेत्र से कडी स्पर्धा रही है । परन्तु अपेक्षित गुणवत्ता को बनाये रखते हुए पूरे प्रयास किये गये । वर्ष 95–96 मे विभिन्न दुग्ध उत्पादो का विक्रय (मी0टन) निम्नवत रहा जोकि मक्खन 2063 66, घी 2883,21, एस एम पी 71 8, डेगी हवाइटनर 36 62 मीटरीटन उत्पादन किया गया ।

वर्ष 1994–95 की अपेक्षा वर्ष 1995–96 मे मक्खन के विक्रय मे 4 8 तथा घी के विक्रय मे 43 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई । वर्ष 1983 के बाद पराग शिशु आहार का उत्पादन कतिपय कारणो से नही किया जा रहा था परन्तु इसकी आवश्यकता को देखते हुये सामान्य निकाय की बैठक मे इसका उत्पादन पुन प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया तथा वर्ष 1995–96 मे इसकी विक्री शुरू करते हुए 4 3 मीटरीटन की विक्री की गई । इस वर्ष क्षेत्रीय विपणन कार्यालयो के माध्यम से वर्ष 1995–96 मे उत्पाद विक्रय के समक्ष सर्वाधिक शुद्ध लाभ लगभग 70 17 लाख रू0 आर्जित किया गया । वर्ष 1985 से अर्जित की जा रही विपणन कार्यालयो के माध्यम से यह अर्जित की जाने वाली राशि से सर्वाधिक राशि की है ।

• प्रसस्करण एव उत्पादन प्रक्रिया द्वारा प्रदेश की समस्त इकाइयो मे स्टेट मिल्क ग्रिड मे तरल दुग्ध एव दुग्ध पदार्थो के परिवहन सचालन प्रक्रिया कार्य हेतु प्रतिगाह प्रोडक्शन प्लान के माध्यम से कार्य सम्पादित किया जाता है । दुग्ध उत्पार्जन के अनुसार माँग को देखते हुए दूध एव दुग्ध पदार्थ विपणन हेतु योजना बनाकर समय–समय पर विभिन्न इकाइयो को प्रेषित करता है । इस अनुभाग द्वारा उत्तर प्रदेश की दोनो पशु आहार इकाइयो को वार्षिक योजना, प्रगति, मासिक, प्रोडक्शन प्लान, एव प्रसस्करण कार्य का दिशा निर्देशन भी किया जाता है । समय –2 पर प्रदेश की बाहरी फेडरेशनो, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्डो, एन0सी0डी0एफ0आई0 योजना दिल्ली दुग्ध योजना, परिवहन हेतु टैकरो की व्यवस्था, आपरेशन फ्लड श्रम डेरियो के साथ–2 नोएडा डेरी प्लाट के कार्य नियोजन की समीक्षा व नियत्रण निरीक्षण करते हुए सचालन कार्य का विश्लेषण कर प्रभावी कार्य योजना प्रस्तुत की जाती है –

उदारीकरण के फलस्वरूप निजी व्यवसायो का दुग्ध व्यवसाय मे प्रवेश है । निजी व्यवसायियो का सहकारिता क्षेत्र से कडी स्पर्धा रही है । परन्तु अपेक्षित गुणवत्ता को बनाये रखते हुए पूरे प्रयास किये गये । वर्ष 95–96 मे विभिन्न दुग्ध उत्पादो का विक्रय (मी0टन) निम्नवत रहा जोकि मक्खन 2063 66, घी 2883,21, एस एम पी 71 8, डेरी हवाइटनर 36 62 मीटरीटन उत्पादन किया गया ।

वर्ष 1994–95 की अपेक्षा वर्ष 1995–96 मे मक्खन के विक्रय मे 4 8 तथा घी के विक्रय मे 43 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई । वर्ष 1983 के बाद पराग शिशु आहार का उत्पादन कतिपय कारणो से नही किया जा रहा था परन्तु इसकी आवश्यकता को देखते हुये सामान्य निकाय की बैठक मे इसका उत्पादन पुन प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया तथा वर्ष 1995–96 मे इसकी विक्री शुरू करते हुए 4 3 मीटरीटन की विक्री की गई । इस वर्ष क्षेत्रीय विपणन कार्यालयो के माध्यम से वर्ष 1995–96 मे उत्पाद विक्रय के समक्ष सर्वाधिक शुद्ध लाभ लगभग 70 17 लाख रू0 आर्जित किया गया । वर्ष 1985 से अर्जित की जा रही विपणन कार्यालयो के माध्यम से यह अर्जित की जाने वाली राशि से सर्वाधिक राशि की है ।

• प्रसस्करण एव उत्पादन प्रक्रिया द्वारा प्रदेश की समस्त इकाइयो मे स्टेट मिल्क ग्रिड मे तरल दुग्ध एव दुग्ध पदार्थो के परिवहन सचालन प्रक्रिया कार्य हेतु प्रतिमाह प्रोडक्शन प्लान के माध्यम से कार्य सम्पादित किया जाता है । दुग्ध उत्पार्जन के अनुसार माँग को देखते हुए दूध एव दुग्ध पदार्थ विपणन हेतु योजना बनाकर समय–समय पर विभिन्न इकाइयो को प्रेषित करता है । इस अनुभाग द्वारा उत्तर प्रदेश की दोनो पशु आहार इकाइयो को वार्षिक योजना, प्रगति, मासिक, प्रोडक्शन प्लान, एव प्रसस्करण कार्य का दिशा निर्देशन भी किया जाता है । समय –2 पर प्रदेश की बाहरी फेडरेशनो, राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्डो, एन0सी0डी0एफ0आई0 योजना दिल्ली दुग्ध योजना, परिवहन हेतु टैकरो की व्यवस्था, आपरेशन फ्लड श्रम डेरियो के साथ–2 नोएडा डेरी प्लाट के कार्य नियोजन की समीक्षा व नियत्रण निरीक्षण करते हुए संचालन कार्य का विश्लेषण कर प्रभावी कार्य योजना प्रस्तुत की जाती है –

वर्ष 1995–96 मे विभिन्न दुग्ध सघो हेतु अभियन्त्रण के अन्तर्गत निम्नानुसार कार्य सम्पन्न कराये गये । लखनऊ डेरी क्षमता को विस्तारीकरण 50,000 ली0 प्रतिदिन से 150,000 लीटर प्रतिदिन कराया गया । कानपुर, डेरी क्षमता का विस्तारीकरण 60,000 ली0 प्रतिदिन से 150,000 ली0 प्रतिदिन कराया गया । अलीगढ मे 60,000 ली0 प्रतिदिन दुग्ध शाला ने कार्य प्रारम्भ किया । इलाहाबाद मे 60,000 लीटर प्रतिदिन दूध दुग्धशाला ने कार्य आरम्भ किया ।

तालिका स0 7 13

अवशीतन केन्द्र	लीटर प्रतिदिन क्षमता के अवशीतन केन्द्र स्थापना/कमिशनिग
बलिया	20,000
बुलन्दशहर	100,000
एटा	20,000
गाजियाबाद (हापुड)	30,000
गाजीपुर	20,000
हरदोई	30,000
सहारनपुर	30,000
उन्नाव	20,000
सुल्तानपुर	20,000
मथुरा	क्षमता विस्तारीकरण कार्यक्रम पूर्ण कराते हुए ब्वायलर की स्थापना
फतेहपुर (खागा)	20,000
बिल्हौर (कानपुर)	20,000
अकबरपुर (कानपुर)	30,000

निम्नलिखित दुग्ध शालाओ/अवशीतन केन्द्रो पर ई0टी0पी0 की स्थापना का कार्यपूर्ण कराया गया जो निम्नवत है ------ इलाहाबाद, अलीगढ, बिदकी (फतेहपुर) इटावा, रायबरेली, इत्यादि इसके साथ ही साथ निम्न अवशीतन केन्द्रो पर ई0टी0पी0 कार्य प्रारम्भ किया गया जो निम्नवत है – मथुरा, बुलन्दशहर, बलिया, आगरा, सीतापुर, उन्नाव, फतेहपुर (खागा) सुल्तानपुर, जौनपुर इत्यादि ।

पशु आहार गोदाम निम्न दुग्ध सघो ओ0एफ0-3 के अन्तर्गत प्राप्त वित्तीय सहायता से पशु आहार गोदाम का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया जो निम्नवत है। उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई, सुल्तानपुर, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, सहारनपुर, बाराबकी इत्यादि ।

प्रौद्योगिकी मिशन डेरी विकास की स्थापना विशेष कार्यक्रम के अन्तर्गत अगस्त 1988 मे की गई । यह कार्यरत विभिन्न सस्थाओ को एक साथ लाने एक जुट होकर समन्वित करने के तरीके से कार्य करने का एक फोरम है । ताकि प्रदेश के कास्तकारो को चालू योजनाओ का अधिकतम लाभ कम व्यय पर प्रदान किया जा सके । इस कार्यक्रम के प्रथम चरण 1991-92 मे 17 दुग्ध सघो, द्वितीय चरण वर्ष 1992-93 मे 10 दुग्ध सघो तथा तृतीय चरण वर्ष 93-94 मे 02 दुग्ध सघो को वित्तीय सहायता शत प्रतिशत अनुदान रूप मे उपलब्ध कराई गई है । वर्ष 1991-92 मे 171, वर्ष 92-93 1049, वर्ष 1993-94 मे 1232 वर्ष 94-95 मे 1622 एव 95-96 मे 2096 समितियो को आच्छादित किया गया ।

इस कार्यक्रम से सम्बद्ध पशु चिकित्सालयो के पशु चिकित्साधिकारी तथा प्रत्येक जनपद से 2 वरिष्ठ जिला स्तरीय अधिकारियो एवम् मुख्य विकास अधिकारियो के ओरियेन्टेशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ओरियेन्टेशन भी कराया गया । अब तक 154 पशु चिकित्साधिकारियो को लखनऊ से 47 वरिष्ठ जिला स्तरीय अधिकारियो एव 27 मुख्य विकास अधिकारियो को आनन्द से ओरियेन्टेशन कराया जा चुका है।

निम्नलिखित दुग्ध शालाओ/अवशीतन केन्द्रो पर ई0टी0पी0 की स्थापना का कार्यपूर्ण कराया गया जो निम्नवत है ----- इलाहाबाद, अलीगढ, बिदकी (फतेहपुर) इटावा, रायबरेली, इत्यादि इसके साथ ही साथ निम्न अवशीतन केन्द्रो पर ई0टी0पी0 कार्य प्रारम्भ किया गया जो निम्नवत है – मथुरा, बुलन्दशहर, बलिया, आगरा, सीतापुर, उन्नाव, फतेहपुर (खागा) सुल्तानपुर, जौनपुर इत्यादि ।

•

पशु आहार गोदाम निम्न दुग्ध सघो ओ0एफ0–3 के अन्तर्गत प्राप्त वित्तीय सहायता से पशु आहार गोदाम का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया जो निम्नवत है। उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई, सुल्तानपुर, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, सहारनपुर, बाराबकी इत्यादि ।

प्रौद्योगिकी मिशन डेरी विकास की स्थापना विशेष कार्यक्रम के अन्तर्गत अगस्त 1988 मे की गई । यह कार्यरत विभिन्न सस्थाओ को एक साथ लाने एक जुट होकर रागन्वित करने के तरीके से कार्य करने का एक फोरम है । ताकि प्रदेश के कास्तकारों को चालू योजनाओं का अधिकतम लाभ कम व्यय पर प्रदान किया जा सके । इस कार्यक्रम के प्रथम चरण 1991–92 मे 17 दुग्ध सघो, द्वितीय चरण वर्ष 1992–93 मे 10 दुग्ध सघो तथा तृतीय चरण वर्ष 93–94 मे 02 दुग्ध सघो को वित्तीय सहायता शत प्रतिशत अनुदान रूप मे उपलब्ध कराई गई है । वर्ष 1991–92 मे 171, वर्ष 92–93 1049, वर्ष 1993–94 मे 1232 वर्ष 94–95 मे 1622 एव 95–96 मे 2096 समितियो को आच्छादित किया गया ।

इस कार्यक्रम से सम्बद्ध पशु चिकित्सालयो के पशु चिकित्साधिकारी तथा प्रत्येक जनपद से 2 वरिष्ठ जिला स्तरीय अधिकारियो एवम् मुख्य विकास अधिकारियो के ओरियेन्टेशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ओरियेन्टेशन भी कराया गया । अब तक 154 पशु चिकित्साधिकारियो को लखनऊ से 47 वरिष्ठ जिला स्तरीय अधिकारियो एव 27 मुख्य विकास अधिकारियो को आनन्द से ओरियेन्टेशन कराया जा चुका है।

प्रौद्योगिकी मिशन भारत सरकार के माध्यम से मार्च, 1996 तक कुल 93 444 लाख रूपया प्राप्त हुआ । जिसके समुख 78 186 लाख रू0 का उपयोग किया गया । तथा 14 628 लाख रू0 का उपयोग किया जाना अवशेष रकम पूरी की गई ।

आजादी के 50वी वर्षगाठ पर दुग्ध विकास की प्रगति 93 से मई 98 तंक

तालिका 7 14

दुग्ध विकास प्रगति की एक झलक (1997-98)

आच्छादित जनपद-71	आपरेशन फ्लड जनपद-36						
प्रमुख गतिविधियाँ	1993-94	94-95	95-96	96-97	97-98	% वृद्धि	%
1	2	3	4	5	6	7	8
1 कार्यरत दुग्ध समितिया	9,641	10,950	12,647	14,107	14,592	14	-
ओ0एफ0	7,071	7,827	8,933	9621	10,501	09	-
दुग्ध परिषद	2,624	3,123	3,714	3938	4,614	19	
2 सदस्यता (लाख में)	5 40	5 97	6 77	7 25	7 66	10	
ओ0एफ0	3 99	4 29	4 88	5 14	5 45	9	
दुग्ध परिषद	1 41	1 68	1 89	2 03	2 32	11	

1	2	3	4	5	6	7	8
4 तरल दुग्ध विक्रय	5 40	5 47	6 42	6 96	7 60	05	
(लाख लीटर प्रतिदिन)							
ओ0एफ0	-----	----	----	----	----	----	
नगरीय विक्रय	3 51	3 76	3 66	3 56	3 64	----	
एन0एम0जी0	1 01	0 91	1 86	2 66	2 97	11	
दुग्ध – परिषद	-----	----	----	----	----	----	
नगरीय विक्रय	0 88	0 80	0 90	0 95	1 05	09	
एन0एम0जी0	-----	----	----	----	---	----	
5 पशु आहार विक्रय	22,662	27117	32628	40021	41000	11	
(मीट्रिक टन)							

अन्य महत्वपूर्ण दुग्ध कार्यक्रमो का विवरण निम्नवत है –

अन्य परियोजनाऐ –

परियोजना	(माह मार्च 97 तक) आच्छादित जनपद	(माह मार्च 97 तक) रोजगार सृजन लक्ष्य	(माह मार्च 97 तक) रोजगार सृजन पूर्ति	(माह दिसम्बर 97 तक) आच्छादित जनपद	(माह दिसम्बर 97 तक) रोजगार सृजन लक्ष्य	(माह दिसम्बर 97 तक) रोजगार सृजन पूर्ति	%पूर्ति
सघन मिनी डेरी परियोजना	54	81,672	87,081	15	1,691	410	24
महिला डेरी परियोजना	33	42,870	60,541	33	45,060	63,593	142
अनसूचित जाति/जनजाति	64	99,250	69,651	64	69,103	61,549	89

रोजगार सृजन	1996–97		1997–98		
सेन्ट्रल सेक्टर योजना	लक्ष्य	पूर्ति	लक्ष्य	पूर्ति	%पूर्ति
समिति सख्या	1,000	876	1,000	997	100
सदस्यता	33,900	31,278	33,900	32,965	97
औसत दुग्ध उत्पार्जन लीटर	31,000	22,000	23,500	22,361	95
कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र	200	189	200	200	100

गॉधी ग्राम योजना	76 माह दिसम्बर 97 तक		
आच्छादित ग्राम)			
योजना प्रारम्भ से क्रमिक	458		
प्रगति			
अम्बेडकर ग्राम्य विकास योजना	275 (माह दिसम्वर 97 तक)		
योजना प्रारम्भ से क्रमिक	2301		
सेन्ट्रल सेक्टर प्रगति	0 (1997 दुग्ध समितियॉं आच्छादित)		
अनुसूचित जाति/जनजाति की महिलाओ हेतु			
		71	86762
	(रोजगार सृजन)		

चारा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत पशुओ के पोषण एवम् उत्पादन (दुग्ध) लागत मे कमी लाने हेतु पी0सी0डी0एफ0 द्वारा चारा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देकर अच्छे परिणाम प्राप्त हो रहे है । चारा बीज वितरण हेतु चारे हेतु प्रयुक्त भूमि मे परम्परागत चारा फसलो के स्थान पर चारे की उन्नतिशील/सकर किस्मो का बीज दुग्ध उत्पादको को वितरित किया जाता है । योजनावार प्रगति निम्नवत है –

तालिका स0 7 15

पी0सी0डी0एफ0 द्वारा पशुओं के पोपणमे योजनावार चारा प्रगति (वर्ष 92 से 96 तक)

वर्ष	चारा बीजवितरण (कुन्तल में)
1992–93	232 50
1993–94	3538 10
1994–95	5141 33
1995–96	5141 00

चारा बीजोन्त्पादन हेतु चारे के उन्नतिशील प्रजातियो के बीजो का अभाव चारा उत्पादन मे बाधक रहा है । इस कमी को पूर्ण करने के लिए पी0सी0डी0एफ0 द्वारा बीजोत्पादन कराया जा रहा है । यह कार्यक्रम वर्तमान में मुख्यत बुलदशहर अलीगढ एव आगरा दुग्ध सघो मे बीज विद्यायन इकाई अलीगढ़ के माध्यम से क्रियान्वित हो रहा है ।

तालिका स0 7 15 ए

पी0सी0डी0एफ0 द्वारा पशुओ के पोषण मे योजनावार बीजोत्पाद कुन्तल मे 92से 96 तक प्रगति

वर्ष	बीजोत्पादन (कुन्तल में)
1992–93	1210
1993–94	1500
1994–95	1937
1995–96	2380

हरा चारा प्रजाति प्रदर्शन मे वर्ष 1991 – 92 मे एन0डी0डी0बी0 के सहयोग से चलायी जा रही इस योजनान्तर्गत उत्पादको को नि शुल्क बीज उपलब्ध कराया जाता है ।

तालिका स0 1 15 बी

एन0डी0डी0बी0 द्वारा हरा चारा प्रजाति मे 91 से 96 तक नि शुल्क बीज उपलब्ध प्रगति

वर्ष	हरा चारा प्रजाति प्रदर्शन सख्या
1991–92	8152
1992–93	13062

वर्ष	हरा चारा प्रजाति प्रदर्शन सख्या
1994-95	17570
1994-95	6593
1995-96	9682

चारा बीज मिनीकिट वितरण भारत सरकार से प्राप्त मिनीकिट प्रोग्राम के अन्तर्गत प्राप्त मिनीकिट को दुग्ध उत्पादको मे वितरित किया जाता है।

तालिका स0 7 15 सी

भारत सरकार से चाराबीज वितरण मिनीकिट दुग्ध उत्पादको मे 94 से 96 तक प्रगति

वर्ष	वितरित मिनीकिट
1994-95	5333
1995-96	11750

पी0सी0डी0एफ0 – वार्षिक विवरण पराग 1995-96 हरा चारा विकास कार्यक्रम पेज 27 से 28 ।

स्वयके दायित्वो के कुशल निर्वहन की रणनीति के अन्तर्गत प्रदेश के नौ जनपदो मे सहकारिता विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है । जिसमे 171 सदस्य शिक्षा कार्यक्रम आयोजित कर 12081 सदस्यो को प्रशिक्षित किया गया और 102 फालोअप कार्यक्रम आयोजित किया गया । 180 महिला शिक्षा कार्यक्रम आयोजित कर 14,375 सदस्यो को शिक्षित किया गया । 118 महिला शिक्षा कौंर्यक्रम आयोजित कर 6,124 सदस्यो को प्रशिक्षित किया गया । 50 प्रबध कमेटी प्रशिक्षण आयोजित कर 667 सदस्यो को प्रशिक्षित किया गया 26 प्रबध कमेटी फालोअप कायक्रम आयोजित कर 381 किया गया 26 प्रबध कमेटी फालोअप कार्यक्रम आयोजित कर 381 सदस्यो को प्रशिक्षित किया गया । 15 सचिव प्रशिक्षण आयोजित कर 289 सचिवो को प्रशिक्षित किया गया । स्कूल चिल्ड्रेन कार्यक्रम आयोजित कर 31 सदस्यो को प्रशिक्षित किया गया । 29 नेतृत्व विकास कार्यक्रम आयोजित कर 565 सदस्यो को प्रशिक्षित किया गया । इसके अतिरिक्त 100 क्षेत्रीय दुग्ध दिवस आयोजित कर 20,065 सदस्यो तथा 15 जनपदीय दुग्ध दिवस आयोजित कर 20,065 सदस्यो तथा 15 जनपदीय दुग्ध दिवस आयोजित कर 10,747 सदस्यो को प्रशिथिक किया गया । इस प्रकार उपरोक्त कार्यक्रमो के परिणाम बडे ही उत्साहवर्धक रहे तथा समितियों की कार्य प्रणाली मे आशातीत सुधार परिलक्षित हो रहा है।

दुग्ध सहकारी समितियाँ के सदस्यो का तकनीकी निवेश, सेवाओ तथा कृतिम गर्भाधन, पशु स्वास्थ रक्षा एव चिकित्सा हरा चारा बीज, सतुलित पशु आहार, डेरी विकास, नई योजनाओ, प्रदेश व जनपदीय गतिविधियो की जानकारी हेतु प्रतिमाह "दुग्ध सहकारियाँ समाचार पत्र का इस अनुभाग द्वारा प्रकाशन किया जा रहा है। इसका विक्रय आपरेशन फ्लड एव दुग्ध परीषदीय जनपदो के सदस्य किसानो को जनपदीय दुग्ध सघो के माध्यम से किया जाता है ।

दुग्ध समाचार पत्र की यह व्यवस्था स्वालम्बी है तथा प्रकाशन अनुभाग के स्टाफ का वेतन एव समाचार पत्र की छपाई का व्यय निकालने के बाद वर्ष 95-96 मे

एक लाख रूपये की बचत की गई । इसके अतिरिक्त वर्ष 1995–96 मे इस अनुभाग द्वारा 1428,452 रू0 की बचत की गई ।

सघो से सेवक दुग्ध समितियो की लेखा परीक्षा हेतु अभिलेख एव सतुलन पत्रो को 1995–96 तक तैयार करने की दिशा मे प्रयत्न किये गये । फलस्वरूप 8833 पजीकृत कार्यरत समितियो मे से प्राप्त सूचनाओ के आधार पर करीब 1995–96 तक पूर्ण करवाई जा चुकी है।

आयकर अधिनियम की धारा–44 के अधीन समस्त दुग्ध सघो एवम् पी0सी0डी0एफ0 मुख्यालय मे टैक्स आडीट सत्यापन का कार्य सहकारी सम्प्रेक्षको के माध्यम से पूर्ण कराकर आयकर रिटर्न ससमय विभाग मे टैक्स प्लानिग करवाते हुए जमा करवाया गया वर्ष 95–96 मे दुग्ध सघो (ओ0एफ0 क्षेत्र) तथा पी0सी0डी0एफ0 मुख्यालय मे एवम् उसकी समस्त इकाइयो का समवर्ती आडीट, चाटर्ड लेखाकार फार्मो के माध्यम से करवाया गया ।

तालिका स0 16

1995–96 मे निम्नानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन –

नाम प्रशिक्षण	आगरा	कानपुर	लखनऊ	मेरठ	वाराणसी	रायबरेली
सचिव	244	24	226	111	127	55
टेस्टर	102	12	70	62	09	11
प्रबन्ध कमेटी	2226	124	1687	1089	1323	823
कृत्रिम गयदिस	62	59	120	31	83	68
प्रा0प0चि0	299	122	179	912	134	50
मू0 गयदिस स्फिसर	03	--	02	38	02	--

नाम प्रशिक्षण	आगरा	कानपुर	लखनऊ	मेरठ	वाराणसी	रायबरेली
प्रगतिशील कृषक	2243	1207	1750	1750	11201	1110
मू0गर्या0कलस्तर	15	17	38	64	08	14
पशुपालन एव हरा चारा विकास	351	--	293	1440	1485	--
दुग्ध उपार्जन एव तकनीक निविम	--	--	13	--	--	--
पशुपालन कार्यकर्ता	19	--	06	--	62	--
कुल कास्टोडियन	--	--	--	84	--	--
एफ0आई0पी0	17	--	104	--	--	--
सघन मिनी लाभार्थी	602	127	184	--	760	---
अन्य	--	--	87	--	---	--
लाभ की स्थिति लाख रूप मे	4 05	6 62	9 85	9 36	5 78	7 73

वर्ष 1995-96 मे परियोजना द्वारा फेज-7 के अन्तर्गत 3 अन्य जनपद एटा, गाजियाबाद एवं इलाहाबाद आच्छादित करके मार्च 1998 तक कुल 135

समितियो का सगठन किया गया । इस फेज मे कुल सदस्य 4050 तथा 6690 लीटर प्रतिदिन दूध उपार्जन किया जाता है । इस फेज की लागत कुल 247 930 रू0 है इस वर्ष फेज–7 के आच्छादन से कुल आच्छादित जनपदो की सख्या 30 से 33 होकर 33 जनपदो मे 8 जनपद उ0प्र0 ग्राम्य विकास विभाग की अम्बेडकर ग्राम्य विकास की विशेष रोजगार योजना वित्त पोषित है । तथा 25 जनपद भारत सरकार के महिला एव ग्राम्य विकास विभाग, मानव ससाधन मत्रालय के स्टेज कार्यक्रम द्वारा पोपित है।

वर्ष 1995–96 मे अम्बेडकर विशेष रोजगार योजना ग्राम्य विकास प्रशिक्षण विभाग उ0प्र0 शासन के अन्तर्गत 4 जनपदो यथा फिरोजाबाद, मैनपुरी, कानपुर, कानपुर देहात मे महिला डेरी योजना के सचालन हेतु शासन से स्वीकृति प्राप्त की गई । इसके साथ ही साथ महिला एव बाल विकास विभाग, मानव ससाधन मत्रालय, भारत सरकार स्तर से स्टेप कार्यक्रम के अन्तर्गत 3 जनपदो यथा अलीगढ, सहारनपुर, बुलदशहर हेतु महिला डेरी परियोजना प्रस्ताव स्वीकार किया गया ।

पूरे वर्ष कुल 333 समितियो का सगठन करके 16038 अतिरिक्त महिला दुग्ध सघ सदस्यो को लाभान्वित किया गया जिसका औसत दुग्ध उत्पार्जन प्रतिदिन 4 6450 लीटर रहा । हरा बीज का कुल 26862 मिनीकिट सदस्यो को अनुदान (सदस्यो को) मे वितरित कर 20395 35 कुन्तल पशु आहार 50% अनुदान रूप मे सदस्यो को बॉटा गया । सदस्यो के पशुओ की स्वास्थ रक्षा हेतु 30137 एफ0एम0डी0 के टीक तथा 30623 डोज कृमिनाशक दवा समिति सदस्यो को नि शुल्क उपलब्ध करायी गई।

पशुधन की सुरक्षा हेतु 8854 पशु बीमा (अनुदान) कराया गया। कुशल कार्य सचालन हेतु वर्ष 1995–96 हेतु 4274 प्रबध कमेटी सदस्य 402 सचिव, 260ए0आई0/ए0एफ0ए0 वर्कर तथा 7547 महिलाओ को पशु पालन व हरा चारा उपलब्ध कराया गया । बहुमुखी उद्देश्यो को देखते हुये सदस्यो को स्वास्थ शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 7,708 लाभार्थियो को प्रशिक्षित करके महिलाओ को भी 9789 की सख्या मे प्रशिक्षित किया गया।

इस योजना मे 17,049 अतिरिक्त महिलाओ को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराके बच्चो के पल्स पोलियो टीकाकारण के अन्तर्गत 95–96 मे 0 से 5 वर्ष के बच्चो को 25,000 की सख्या मे टीकाकरण कराया गया ।

सघन मिनी डेरी परियोजना के अन्तर्गत गावो मे स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराके शहरो की तरफ पलायन को रोकने हेतु सघन मिनी डेरी परियोजना लागू की गई है । इस योजना का प्रारम्भ 17 जनपदो से हुआ था जिसका विस्तार विभिन्न चरणो मे हेतु हुए 54 जनपदो तक हुआ । योजना की चरणवार प्रगति निम्नवत है –

तालिका स0– 7 17

सघन मिनी डेरी परियोजना का स्वरोजगार विस्तार हेतु 54 जनपदो मे प्रगति –

	प्रथम चरण	द्वितीय चरण	तृतीय चरण	चतुर्थ चरण	पचम चरण	योग
आच्छादित जनपद	17	47	10	13	01	54
स्वीकृत प्रार्थना पत्र	140,33	7044	2510	1198	124	24909
लाभार्थी	11041	5222	1793	810	111	18977
मिनी डेरी स्थापना						
(क) चारा पशु	5,757	3,324	811	201	50	10,143
(ख) दो पशु	5,284	1,898	982	609	61	8,834
रोजगार सृजन	46147	23901	7278	2109	222	98639

उक्त के अतिरिक्त बडे पशुपालको हेतु तीन जनपदो मे मिनी डेरी ब्रीडर परियोजना क्रियान्वित है जिसकी प्रगति निश्चुलिखित है।

तालिका स0 7 18

स0मि0डेरी परियोजना का 3 जनपदो मे प्रगति –

जनपद	स्वीकृत प्रार्थना पत्र	वितरित ऋण	क्रय किये गये पशु	रोजगार सृजन
सीतापुर	04	01	05	07
बलिया	06	06	048	69
मुरादाबाद	14	10	55	79
योग	24	17	108	155

पी0सी0डी0एफ0 ग्रामीण परिवार कल्याण परियोजना सिप्सा

(जो कि उ0प्र0 सरकार की एक एजेन्सी के रूप मे कार्यरत है, द्वारा पोषित है। इसके लिए धन यू0एस0एड0 द्वारा उवलब्ध कराया जाता है । इसके अन्तर्गत ग्राम स्तर पर परिवार नियोजन के अस्थाई साधन उपलब्ध कराना, परिवार कल्याण, शिक्षा, ग्रामीण परिवेश मे नवयुवक और नवयुवतियो को पारिवारिक, ग्रामीण टीकाकरण एव नसबदी हेतु योग्य दम्पत्तियो को प्रोत्साहित कर उनकी मदद की जाती है।

पी0सी0डी0एफ0 द्वारा

इस परियोजना का पायलत चरण मार्च, 1994 से अगस्त 1995 तक क्रियान्वित किया गया । पयालट चरण मे सीतापुर, मेरठ जनपद के क्रमतश 22 एव 43 दुग्ध समितियो का चयन कर उनमे कार्य किया गया, जिसमे रू0 30 843 लाख उपयोग हुआ ।

सिप्सा द्वारा इन्ही 2 जनपदो मे एक विस्तार परियोजना भी स्वीकृत की गई है। जिसका कार्यकाल सितम्बर 95 से प्रारम्भ होकर 5 वर्ष के लिए है। इस परियोजना हेतु लगभग 4 28 रू0 करोड का बजट स्वीकृत है । विस्तार परियोजना मे दोनो जनपदो मे पी0सी0डी0एफ0 वर्ग के स्टाफ की तैनाती की जा चुकी है। अन्य स्टाफ की चयन प्रक्रिया भी पूरी की जा चकी है । इनकी तैनाती का कार्य भी अतिम चरण मे पूरा हो गया है।

दोनो जनपदो मे लगभग 100 नई दुग्ध समितियो का चयन किया गया है। इनके लिए ग्राम्य स्वास्थ एव सेविकाओ का चयन कर उनका प्रशिक्षण कराया जा चुका है । इसके अलावा यही कार्य 100 अन्य दुग्ध समितियो मे युद्ध स्तर पर चल रहा है। मेरठ एव सीतापुर जनपद मे परियोजना की सफलता को देखते हुए सिप्सा द्वारा इसी प्रकार का परिपेक्षण शाहजहाँ जनपद मे स्वीकृति मिलने पर कार्यारम्भ है। उपरोक्ताधार पर अन्य 4 जनपदो ‍‍(दुग्ध सघो) के लिए परियोजना प्रस्ताव विचाराधीन है इसमे मुरादाबाद इटावा, कानपुर ओर उन्नाव सम्मिलित है ।

नगरीय उपभोक्ताओ को शुद्ध, प्राकृतिक एवं स्वास्थ्यप्रद दूध उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को पूर्ण करने के लिए दुग्ध सहकारिताएँ निरतर प्रयास कर रही है। गुणवत्ता की साख के कारण ही सहकारी क्षेत्र से बदली हुई । जन अपेक्षाओ के अनुरूप निरतर इसे आगे बढाना है । यह विचार उ0प्र0 शासन के दुग्ध विकास सचिव, आयुक्त

एव पी0सी0डी0एफ0 के प्रबध निदेशक श्री अशोक प्रियदर्शी ने तरल दुग्ध विपणन हेतु आयोजित दुग्ध सघो की 2दिवसीय कार्यशाला मे व्यक्त किये । उन्होने विभिन्न दुग्ध सघो के लिए आगामी वर्ष हेतु अधिक मात्रा मे तरल दुग्ध हेतु आपूर्ति के निर्देश दिये । प्रदेश का प्रतिदिन औसत दुग्ध विक्रय 4 33 लाख लीटर करने का लक्ष्य रखा गया । इसके पूर्व 97–98 मे औसत 3 58 लाख लीटर प्रतिदिन दूध की विक्री की गई थी । इस कार्यशाला मे दुग्ध विकास सचिव श्री प्रियदर्शी ने गत वर्ष की अपेक्षा सर्वाधिक वृद्धि प्रतिशत प्राप्त करने वाले तीन दुग्ध सघो मे मुरादाबाद, बिजनौर तथा सुल्तानपुर को भी पुरूस्कृत किया गया । मुरादाबाद दुग्ध सघ ने सर्वाधिक 25 5% वृद्धि करते हुए 16 7 हजार लीटर दुग्ध प्रतिदिन की बिक्री की थी।

तालिका स0 7 19

क्षेत्रीय विपणन कार्यालय लखनऊ ने अपने पुराने कीर्तिमान तोडते हुए अपने लिए हैट्रिक प्लस अर्थात 4 कीर्तिमान स्थापित किये है ।

1–	घी बिकी	101 425 मीटर टन
2–	घी टिन (15 क्रिलोग्राम)	46 470 मीटर टन
3–	टर्न ओवर	129 66
4–	फन्ड ट्रान्सफर	100 51

लखनऊ विपणन कार्यालय की स्थापना वर्ष 1983 से लेकर माह सितम्बर 96 मे सर्वाधिक बिक्री 77 52 लाख रू0 थी जिसे माह अगस्त, 1997 मे 41 46 लाख की बिक्री कर इस रिकार्ड को तोडा गया तथा इसे सितम्बर 1997 तक मे 100 03 लाख रू0 हुई । इससे पूर्व घी की बिक्री अधिकतम अगस्त 1996 मे 57 99 मितृिक टन की गई थी जिसमे 19 49 मीटरी टन घी 15 किग्रा0 टिन पैक था । शेष 39 5 मीटर टन कन्जूमर पैक था । माह 1998 मे की गई घी की बिक्री 101 425 मीटर टन 15 किग्रा0 पैक मे 54 955 मीटर टन कनजूमर पैक मे थी।

पी0सी0डी0एफ0 द्वारा 1995–96 मे 42 58 लाख रू0 का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया । यह विगत वर्ष 74 95 की तुलना मे 28 57 लाख रू0 अधिक है । पी0सी0डी0एफ0 द्वारा सचालित जे0सी0बी0यू0सी0यू0 रायबरेली इकाई को छोडकर समस्त इकाइयो द्वारा लाभार्जन किया जा रहा है । क्षेत्रीय (विपणन) कार्यालय द्वारा अपने कार्यकलापो मे आशातीत वृद्धि की गई है । विगत वर्ष 1994–95 मे सापेक्ष वर्ष लाभ 61 28 रू0 लाख की वृद्धि की गई है । वर्ष 94–95 मे दूध की अनुलब्धतो के कारण व्यवसाय काफी बाधित रहा है । इसलिए व्यवसायिक दृष्टिकोण से दोनो वर्ष की धनराशि तुलनात्मक नही है । उपरोक्त के अलावा पी0सी0डी0एस0 लि0 मुख्यालय द्वारा आर्जित हानि मे काफी वृद्धि हुई । इसका प्रमुख कारण राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड एव राज्य सरकार से प्राप्त ऋणो पर देय ब्याज को प्राविधान किया जाना है। उपरोक्त के अतिरिक्त जी0सी0बी0यू0 रायबरेली जो वर्तमान मे एक प्रशिक्षण केन्द्र के रूप मे कार्य कर रही है के द्वारा भी अपने कार्य कलापो मे आशातीत सुधार किया गया है।

तालिका स0 7 20

धनराशि रू0 लाख मे

	1993–94	1994–95	1995–96
एफ0एफ0सी0	+ 2 74	+ 2 60	+ 4 01
जे0सी0बी0यू0रायबरेली	–13 53	– 5 69	– 4 89
तरल दुग्ध इकाई, नोयडा	+25 09	–41 56	+2710
बीज विधायन इकाई	+ 3 97	+ 6 43	+ 6 91
पशु आहार निर्माण शाला बनारस	–––––	+ 73	+11 37
क्षेत्रीय विपणन कार्यालय लखनऊ	+ 49 75	+ 8 89	+70 17

	1993-94	1994-95	1995-96
प्रशिक्षण केन्द्र	+53 28	+43 45	+31 22
पशु आहार निर्माण शाला मेरठ	------	+16 22	+31 22
मुख्यालय	-28 34	-17 06	-137 17
योग	+92 96	+14 01	+42 58

तालिका स0 7 21

दुग्ध सहकारिता के विगत 2 बर्षो की तुलनात्मक दुग्ध-स्थिति दुग्ध-सघो के गाध्यग रो वित्तीय स्थिति निम्नवत है -

क्र0स0	एम0एफ0डेरी इकाई	1995-96 टर्न ओवर	1995-96 नकद लाभ/हानि
(अ)	दुग्ध एव	22150 76	402 27
1-	आगरा	1215 83	22 09
2-	इलाहाबाद	878 75	21 41
3-	कानपुर	2941 57	84 11
4-	लखनऊ	4150 65	80 33
5-	मेरठ	6596 74	163 56
6-	मुरादाबाद	4783 26	33 42
7-	वाराणसी	1583 96	-2 64

(ब)	दुग्ध – सघ	14710 25	97 31
1–	अलीगढ	1388 22	29 50
2–	बलिया	225 86	17 72
3–	बदायूँ	635 47	1 95
4–	बाराबकी	1078 42	11 77
5–	बिजनौर	392 18	46
6–	बुलदशहर	2933 43	33 05
7–	एटा	310 83	3 86
8–	इटावा	327 52	3 06
9–	फरूखाबाद	430 60	2 64
10–	फतेहपुर	868 86	26 61
11–	फिरोजाबाद	1038 53	16 67
12–	गाजियाबाद	1171 10	24 83
13–	गाजीपुर	223 08	–13 53
14–	हरदोई	495 20	8 04
15–	जौनपुर	253 34	2 20
16–	मथुरा	649 92	18 16

1	2	3	4
17–	मुजफफर नगर	660 93	22 56
18–	रायबरेली	212 33	–12 38
19–	सहारनपुर	431 45	=4 96
20–	सीतापुर	409 00	–2 07
21–	सुल्तानपुर	313 03	– 2 58
22–	उन्नाव	254 95	10 05
23–	मैनपुरी	244 56	0 26
	योग	3686 07	499 58

द–	कुल दुग्ध सघ		30
	लाभ मे		21
य–	डेरी इकाई वाले सघ		6
	उपार्जन वाले सघ		15
र–	फेडरेशन	6319 11	34 20
ल–	कुल योग	43180 12/533 18	

पी0सी0डी0एफ0 पराग वार्षिक विवरण 1995–96 पेज 44–45
प्रकाशक पी0सी0डी0एफ0 लि0 29 पार्क रोड लखनऊ।

अष्टम अध्याय

इलाहाबाद दुग्ध उत्पादकता सहकारी संघ लिमिटेड का दुग्ध व्यवसाय में योगदान

यह हमारे उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि भारत मे सवप्रथम नगरीय क्षेत्र मे सहकारिता के माध्यम से दुग्ध वितरण का कार्य इलाहाबाद मे सन् 1914 मे कटरा मुहल्ले मे सहकारी दुग्ध समिति की स्थापना करके शुरू किया गया। इसके बाद दुग्ध उत्पादक सहकारी सघ इलाहाबाद मे सहकारिता के माध्यम से डेरी उद्योग के रूप मे 17 जून 1976 से कार्य कर रहा है। तभी से दुग्ध सघ, इलाहाबाद उत्तरोत्तर प्रगति के रास्ते पर चलकर दुग्ध उत्पादकों, किसानों के आर्थिक उत्थान प्राथमिकता देकर ग्रामीण बेरोजगारी को कम करके दुग्ध सहकारिता आन्दोलन को सफल बना रहा है। अपने शरीर को स्वस्थ व शक्ति सम्पन्न बनाये रखने के लिए दूध और दूध से बने पदार्थ की मानव जीवन मे बहुत ही उपयोगिता है। दुग्ध उत्पादन सघ के नित्य निष्ठ प्रयासों के फलस्वरूप हमारा जिला इलाहाबाद दुग्ध क्षेत्र मे आत्म निर्भर व खुशहाल है। दुग्ध क्रान्ति को सफल बनाने मे हमारा उत्तर प्रदेश शासन पशु बढोत्तरी व चारागाहों के विकास पर विशेष बल दे रहा है। दुग्ध व्यवसाय द्वारा ही हम श्वेत क्रान्ति लाकर जिले के समस्त नागरिकों को स्वस्थ जीवन दे सकते है।

इलाहाबाद जनपद मे सर्वप्रथम सहकारिता सिद्धान्त पर 25 फरवरी 1941 मे इलाहाबाद मिल्क सप्लाई के नाम से दुग्ध सघ की स्थापना की गई थी। इसका निबधन दिनाक 12 2 75 को निबधन संख्या 3177/108 द्वारा इस सस्था का परिवर्तन कर 20,000 लीटर क्षमता (दैनिक) का एक सयत्र स्थापित करके सस्था का नाम बदल करके ' इलाहाबाद सहकारी मिल्क बोर्ड ' रखा गया। उत्तर प्रदेश सहकारिता अधिनियम के अन्तर्गत दुग्ध सहकारिताओं की उपलब्धियों मे ' आनन्द पद्धति ' के आधार पर कतिपय मूलभूत परिवर्तन करके सस्था का नाम 1979 मे ' इलाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी सघ लिमिटेड ' रखा गया, जो इलाहाबाद के 165, बाई का बाग, स्टेशन के पीछे स्थापित किया गया। इस सस्था मे 20,000 लीटर दैनिक क्षमता की दुग्धशाला के स्थान पर वर्तमान समय में 60,000 लीटर दैनिक क्षमता का एक नया सयत्र स्थापित

करके एक नई दुग्धशाला की स्थापना 'राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड' द्वारा की गई है। यह नई - नई दुग्धशाला इसी नाम से इलाहाबाद/कानपुर राष्ट्रीय मार्ग पर शहर से 13 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। इस नई दुग्धशाला का कार्य आरम्भ 17 नवम्बर 1995 से प्रारम्भ हुआ। यह दुग्धशाला शासन द्वारा नवनिर्मित जनपद कौशाम्बी मे स्थित है। इलाहाबाद और कौशाम्बी दोनों जनपदों मे दुग्ध विकास कार्यक्रम एवम् समस्त कार्यो का सम्पादन दुग्ध उत्पादकता सहकारी सघ लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। इस दुग्धशाला का मुख्य उद्देश्य सहकारिता माध्यम से जनपद के ग्रामीण अचलों के निर्बल वर्ग के कृषकों, कृषक, मजदूरों एवम् भूमिहीन किसानों को स्वालम्बन व जागरूक बनाने हेतु दुग्ध समिति के माध्यम से अतिरिक्त रोजगार प्रदान करना एवम् नगरीय क्षेत्र के उत्पादकों को, उपभोक्ताओं को स्वच्छ एवम् विसक्रमित दूध एव दुग्ध पदार्थ उचित मूल्य पर उपलब्ध कराना है। वर्तमान समय मे इलाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी सघ लिमिटेड नई दुग्धशाला, इलाहाबाद व कौशाम्बी जनपद के 14 मार्गो पर 28 विकास खण्डों मे से 27 विकास खण्डों मे दुग्ध समितियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 12,000 लीटर दूध उपार्जित किया जा रहा है। दुग्धशाला द्वारा लगभग 28,000 (हजार) लीटर दूध प्रतिदिन तरल नगरीय दूध की विक्री 600 (सौ) विक्रय केन्द्र समितियों के माध्यम से किया जा रहा है।

इस प्रकार मेरे विचार से इलाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी सघ लिमिटेड जनपद/नगर की दुग्ध उत्पादकों की जिला स्तरीय सहकारी सस्था है। यह सस्था ग्रामीण अचलों मे स्थापित प्राथमिक स्तर की दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों के माध्यम से सीधे उत्पादकों द्वारा दूध प्राप्त करती है। वर्तमान मे दुग्ध सघ का औसत दुग्ध उर्पाजन 50,000 लीटर प्रतिदिन है। दुग्ध सघ दूध को प्राप्त कर दूध को प्रोसे कर, पाश्चुराइज्ड (दूध को निष्कीट करना) कर विभिन्न उत्पाद जैसे - पाश्चुराइज्ड तरल दूध, घी, मक्खन, पनीर, मट्ठा, दही एवम् फ्लेवर्ड दूध (स्वादिष्ट, जायकेदार) आदि का उत्पादन

करती है। ये समस्त पदार्थ जनता को 24 घंटे पूर्व की माग पर सुलभ रहता है। कार्यालयों मे विभिन्न आयोजनों एव अवसरों पर प्रयोग होने वाले ठडे पेय पदार्थो के स्थान पर उपरोक्त स्वदेशी उच्च गुणवत्तायुक्त, प्राकृतिक पेय पदार्थो का प्रयोग किया जाता है। शासन की मंशा भी यही रहती है कि स्वदेशी पर विशेष बल देकर जन स्वास्थ्यको उच्चतम स्तर का रखा जाय न कि विदेशी वस्तु अधिक दर पर प्राप्त कर क्षणिक तृप्ति की जाय। स्वदेशी के प्रयोग से जहाँ अधिक पौष्टिकता कम मूल्य पर उपलब्ध होगी, वहीं स्वदेशी के उपयोग से देश प्रेम भी मजबूत होगा। उपरोक्त दुग्ध पदार्थ नई डेरी मन्दर रोड, विकास भवन मिल्कवार, उत्तर मध्य क्षेत्र सास्कृतिक केन्द्र, इलाहाबाद स्थित मिल्कवार एवम् पुरानी डेरी (पराग) 165, बाई का बाग, इलाहाबाद नगर मे स्थित हर मुहल्लों कालोनियों मे स्थित एजेन्सियों के माध्यम से उपलब्ध है। अभी तक दूध उपार्जन एवम् नगरीय दूध की विक्री की व्यापक सम्भावनाये विद्यमान हैं जिसके लिए अथक प्रयास की आवश्यकता है। निजी व्यवसाइयों से दुग्ध सहकारिताओं की प्रतिस्पर्धा निरंतर बढ रही है। अत आवश्यकता है कि दुग्ध सहकारितायें अपने दूध एव दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता को श्रेष्ठता बनाये जिससे उपभोक्ताओं मे ' पराग ' उत्पादों की साख स्थापित हो सके। अत पराग दुग्ध पदार्थ, पराग दूध पेय का प्रयोग कर अपने अद्योलिखित उत्पादों से देश प्रेम की भावना मजबूत बनाये रखने के लिए जन स्वास्थ्याधिक उत्पाद इस प्रकार करती है। दुग्ध सघ के दुग्ध पदार्थ निम्न पैक में उपलब्ध हैं ।

तालिका 8 ।

क्रमाक	नाम पदार्थ	मात्रा	पैक का प्रकार	मूल्य
।	पराग ढोंड दूध	500 मिलीलीटर	पाली पैक	7 00 प्रति पैक
2	पराग देशी घी	500 ग्राम	पाली पैक	72 50 प्रति पैक
3	पराग देशी घी	। किलोग्राम	पाली पैक	।45 00 प्रति पैक
4	पराग मक्खन	500 ग्राम	कार्टन पैक	60 00 प्रति पैक
5	पराग मक्खन	।00 ग्राम	कार्टन पैक	।22 00 प्रति पैक
6	पराग मक्खन	20 व 40 ग्राम	रैपरके पैक	।23 00 प्रति पैक
7	पराग पनीर	।00 व 500 ग्राम	पाली पैक	90 00 प्रति केजी
8	पराग मीठा दही	200 ग्राम	कुल्हड मे	6 00 प्रति कुल्हड
9	पराग मट्ठा	200 मिलीग्राम	पाली पैक	2 50 प्रति पैक
।0	पराग फ्लेवर्ड दूध	200 मिली ग्राम	पाली पैक	3 00 प्रति पैक

इलाहाबाद जनपद मे सहकारिता के माध्यम से ।984 मे आपरेशन फ्लड-।। योजना के लागू होने के बाद दुग्धशाला के क्षेत्र में सीमित साधनों द्वारा काफी परिवर्तन हुए है। ग्रामीण क्षेत्र मे रहने वाली जनता का विश्वास भी दुग्धशाला विकास की ओर बढ़ता गया है। वर्ष ।992 के अत तक इलाहाबाद जनपद के 28 विकास खण्डों मे से 22 विकास खण्डों मे लगभग 360 सहकारी दुग्ध समितियाँ सगठित की गई थी।

इन समितियों के माध्यम से लगभग 16,000 समिति सदस्यों द्वारा औसत 15,000 लीटर दूध प्रतिदिन उपार्जित किया जाता था। उस समय सभी दुग्ध सहकारी समितियाँ लाभ पर चल रही थी। बोनस आदि का वितरण सदस्यों को किया गया था। विगत कुछ वर्षो से दूध की मात्रा मे कमी को देखते हुए राज्य सरकार ने राष्ट्रीय विकास बोर्ड • समितियों के माध्यम से कुछ नये कार्यक्रम (जैसे - सहकारिता विकास कार्यक्रम, साधन मिनी डेरी परियोजना, आई आर डी पी) के अन्तर्गत पशु क्रय हेतु क्रय प्रणाली अपनाई गई। इस प्रकार इन कार्यक्रमों से दुग्ध उत्पार्जन अस्थिरता समाप्त होकर वृद्धि हो रही है। दुग्ध समिति मे तकनीकी निवेश को विशेष वढावा देने के लिए कृतिम गर्भाधान, पशु चिकित्सा सेवा, चारा विकास, सतुलित पशु आहार वितरण, बॉझपन निवारण केम्प, प्राथमिक तथा पशु आकस्मिक चिकित्सा आदि की व्यवस्था यथा सम्भव करायी गई है। इसका विस्तारीकरण भी किया जा रहा है।

कृषक सगठन व पशु सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1991-92 के अन्तर्गत औसत दुग्ध उत्पार्जन 1452 किलो रहा। वर्ष 1990-91 के विगत बीच 1314 किलो था। मार्च 1992 के अत तक कुल सगठित कुल 387 दुग्ध समितियों मे 16400 सदस्य थे। कार्यरत 270 समितियों मे सदस्यों की सख्या 13900 तक थी। दूध देने वाले सदस्यों का प्रतिशत 40 तक था। दुग्ध उपार्जन के दृष्टिकोण से इसे और बढने की आशा है। विपणन क्षेत्र मे वर्ष 1991-92 के अत तक शहर मे तरल दुग्ध आपूर्ति का औसत 163 47 लीटर था। जबकि विगत वर्ष मे (90-91) मे यह औसत 20487 लीटर था। घी, मक्खन, पनीर का विपणन क्रमश 37 मीटरी टन, 38 मी टन एव 12 मीटरी टन था। विपणन क्षेत्र मे आई इस गिरावट का विस्तृत विश्लेषण करके वर्ष 1992-93 मे शहर दुग्ध एव दुग्ध पदार्थ मे विक्री मे वृद्धि लाई जा सके।

इस प्रकार दुग्ध सघ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए मै अवगत कराना चाहूँगा कि वर्ष 1940 से 1975 तक इलाहाबाद जनपद मे दुग्ध संघ कार्यरत था। इस अवधि तक 5,000 लीटर क्षमता का दुग्ध उपार्जन पुरानी डेरी मे किया जाता था। क्षमता से अधिक दुग्ध हैडलिग को देखते हुए वर्ष 1982-83 से 20,000 लीटर क्षमतायुक्त नई डेरी को प्रारम्भ किया गया। वर्तमान समय मे फ्लश सीजन मे इससे अधिक क्षमता का उपभोग होता देख करके, 'राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड ' द्वारा शीघ्र ही एक 60,000 लीटर की एक नई क्षमतायुक्त डेरी का कार्यारम्भ योजना बनाई गई।

इलाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड को जनवरी 1984 से आपरेशन फ्लड ।। के अन्तर्गत सम्मिलित करके दुग्ध सघ व उससे सबंधित दुग्ध सघ समितियों को आनन्द पद्धति पर सचालित किया गया। इस प्रकार इन सशोधनों के फलस्वरूप दुग्ध समितियों एव दुग्ध सघ के प्रबध मे उत्पादकों का सर्वोपरि हित प्रति–स्थापित किया जा सके। फलस्वरूप दुग्ध सघ के कार्य-कलापों मे तीव्र प्रगति हुई। विगत एक दशक मे दुग्धशाला विकास कार्यक्रम का एक स्थाई स्वरूप उभरकर ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादकों को एवं शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को दिखाई देने लगा है। मेरे विचार से ग्रामीण व शहरी सभी लोगों का मत है कि ग्रामीण अचलों में विकास हेतु दुग्धशाला विकास कार्यक्रम एक उद्योग रूप मे विकसित हो गया है।

इलाहाबाद दुग्ध सघ ने विगत वर्ष मे विभिन्न क्षेत्रों मे जो भी प्रगति आलोच्य वर्ष मे की है, उसका हम तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत करते है। मार्च 1991 तक 260 समितियाँ तथा 1992 के अत तक 360 सहकारी दुग्ध समितियाँ कार्यरत थी। वर्ष 1984-85 में 110, 1985-86 मे 180, वर्ष 1986-87 मे 240 तथा 1991-92 में 360 सहकारी दुग्ध समितियाँ कार्यरत थीं। मार्च 1991 तक समिति सदस्यता संख्या 16589 थी। इनमें 2505 अनुसूचित जाति 11028 पिछडी जाति के सदस्य है।

इलाहाबाद दुग्ध सघ का दुग्ध उर्पाजन क्षेत्र 3 भागों मे बटॉ हुआ है। प्रथम भाग - गगापार द्वितीय - जमुनापार तृतीय - द्वाबा। इन्हीं क्षेत्रों मे कार्यरत विभिन्न दुग्ध समितियों के माध्यम से दुग्ध उपार्जन किया जा रहा है। इसके अलावा प्रतापगढ/कर्बी से भी दूध स्टेट ग्रिड के अन्तर्गत आता है। जरूरत पडने पर मॉग फतेहपुर, मुरादाबाद, लखनऊ व कानपुर से भी की जाती है।

1 वर्ष 1990-91 मे इलाहाबाद स्वय का दुग्ध उपार्जन औसत 13114 किलोग्राम जिसमे गत वर्ष की अपेक्षा 15% की गिरावट आई थी। वर्तमान वर्ष (1991-92) का दुग्ध उपार्जन औसत 13473 किलो रहा। दुग्ध उपार्जन क्षमता मे आई गिरावट के कारण दूध देने वाले सदस्यों की सख्या मे आई कमी के कारण हुई, विपरीत उपार्जित दर अन्य सभी वर्षो की तुलना मे काफी अधिक रही। 1984 मे आपरेशन फ्लड के क्रियान्वयन के बाद दुग्ध समितियों के माध्यम से दुग्ध उपार्जन का विवरण अद्योलिखित है। वर्ष 1984-85 में 4844 लीटर, 85-86 मे 9,781, 1986-87 मे 9,880 लीटर, 1987-88 मे 7,885 लीटर, वर्ष 1988-89 मे 10276 लीटर, वर्ष 1989-90 मे 15703 लीटर, वर्ष 1990-91 मे 13114 लीटर, वर्ष 1991-92 मे 13473 लीटर रहा। उपरोक्त स्थितियों की विवेचना करते हुए इस तत्थ्य पर पहुँचा जा सकता है कि इलाहाबाद मे दुग्ध उर्पाजन/सदस्यता आदि मे एक स्थिरता उत्पन्न हो गई है, जिसे बढाने हेतु सभी के सहयोग से अपेक्षित है।

प्रदेश मे सहकारिता माध्यम पर अग्रसारित दुग्ध समितियॉ प्रतिवर्ष अर्जित लाभ से दुग्ध उत्पादक सदस्यों को बोनस वितरण करने वाली प्रथम समितियॉ है। विगत वर्षो से सबंधित आकडे निम्नवत् है।

---

1 पराग प्रगति प्रतिवेदन - " 16वा वार्षिक अधिवेशन " 17 जून 1992 पृष्ठ सं0 4 प्रकाशक ' इलाहाबाद दुग्ध सहकारी संघ लि0, 165, बाई का बाग, इलाहाबाद।

तालिका 8 2

विवरण	1986-87	87-88	88-89	89-90	90-91	91-92
समिति सख्या	06	53	29	29	31	40
वितरित बोनस राशि(रू0 मे)	14296 97	73337 62	67724 14	31044 30	51472 85	95522 9 0

वर्तमान समय मे दुग्ध मूल्य निर्धारण की स्वायत्तता दुग्ध सघों को दी गई है। जिसके कारण एक क्रान्तिकारी परिवर्तन इस क्षेत्र मे आया है। अत दुग्ध सघ दर निर्धारण नीति का अधिकाधिक लाभ सबंधित समितियों का दुग्ध उपार्जन बढाते हुए लेना चाहेगे। विगत् वर्षो मे समितियों व एस0एम0जी0 के माध्यम से क्रय किये जाने वाले दुग्ध मूल्य राशि निम्न है -

तालिका 8 3

क्रमाक	वर्ष	समितियों व एस0एम0जी0 के माध्यम से	कुल आय का %	औसत क्रय दर सख्या
1	1988-89	234 17 लाख	51%	4 02
2	1989-90	264 51 "	58%	4 07
3	1990-91	316 08 "	62%	4 25
4	1991-92	320 62 "	56%	5 26

2- पराग प्रगति प्रतिवदेन - " 16वा वार्षिक अधिवेशन " 17 जून 1992 पृष्ठ स0 4 प्रकाशक 'इलाहाबाद दुग्ध सहकारी संघ लि0' 165 बाई का बाग, इला0

3- उपरोक्त पृष्ठ स0 5

4 दुग्ध सहकारिता के उत्थान एवं आनन्द पद्धति मे सम्बन्धी विशेष कार्यक्रम की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्तमान समय मे ही समिति स्तर पर ही प्रशिक्षित दुग्ध उत्पादक कार्यकर्ताओं द्वारा प्राथमिक पशु चिकित्सा द्वारा प्राथमिक पशु चिकित्सा/टीकाकरण आदि की सुविधाये उपलब्ध कराई गई। पूर्व मे सचल पशु चिकित्सा भी उपलब्ध करायी जा रही थी। परतु अधिक व्यय भार के कारण इसे स्थगित करना पडा।

तालिका 8 4

आकस्मिक पशु चिकित्सा शत% समितियों के लिए उपलब्ध (1986-92)

क्र0स0	विवरण	86-87	87-88	88-89	89-90	90-91	91-92
1	पशु चिकित्सा के अन्तर्गत समितियाँ	210	260	250	251	260	270
2	सचल पशु चिकित्सा इकाई	30	-	-		--	-
3	आकस्मिक पशु चिकित्सा द्वारा उपचारित पशु सं0	2212	2223	2065	2080	2996	3863
4	प्राथमिक पशु चिकित्सा इकाई उपचारित पशुओं की स0	922	5081	8151	7189	6588	4749
5	केम्प संख्या	78	89	94	83	58	36
6	केम्प से इलाज किये गये पशुओं की सख्या	1225	2319	3113	2708	1788	887

4- पराग प्रगति प्रतिवेदन " 16वा वार्षिक अधिवेशन " 17 जून 1992, पृष्ठ स05, प्रकाशक, इलाहाबाद दुग्ध सहकारी समिति लि0 ।

अधिक से अधिक दुग्ध उत्पादन हेतु नस्ल सुधार कार्यक्रम सर्वोच्च महत्व रखता है। इसके लिए समिति स्तर पर ही हिमीकृत वीर्य ससाधन सुलभ कराकर ग्राम के ही प्रशिक्षित युवक द्वारा कृतिम गर्भाधान सेवा दुग्ध उत्पादकों को सुलभ करायी जा रही है। इस कार्यक्रम को व्यापक स्वरूप प्रदान करने हेतु वर्तमान समय मे ग्राम समूह के अन्तर्गत ए0आई0 केन्द्र बनाये जा रहे है। प्रगति निम्नवत हे -

तालिका 8 5

हिमीकृत वीर्य ग्राम समूह के अन्तर्गत ए0आई0 केन्द्र प्रगति 1986 से 1992 तक

क्रमाक	विवरण	86-87	87-88	88-89	89-90	90-91	91-92
1	कृत्रिम गर्भाधान के अन्तर्गत दुग्ध समितियाँ	41	41	38	35	32	45
2	कृतिम गर्भाधान कृत संख्या	1,589	3,598	4,613	4,470	5,135	5,686
3	उत्पन्न वशज (गाय)	84	264	508	770	688	842
	(भैंस)	68	175	521	616	705	562

बॉझपन निवारण शिविर एवम् टीकाकरण केन्द्र कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर समिति स्तर पर ही होता है। इससे दुग्ध उत्पादकों के पशुओं को प्रमुख

महामारी बीमरियों से बचाया जाता है। वर्ष 1990-91 मे 6100 खुरपका मुँहपका एव 7,925 गलाघोंटू के टीके तथा वर्ष 1991-92 मे 13,896 खुरपका मुहँपका एवं 7,900 गलाघोंटू के टीके लगे। धीरे-धीरे इस कार्यक्रम की मॉग बढती जा रही है।

पशु आहार एव हरा चारा विकास उत्पादकों को समिति स्तर पर ही पराग पशु आहार बाई पास प्रोटीन, पशु आहार यूरिया, मोलोसिस, लिक आदि दुग्ध सघ के माध्यम से उपलब्ध कराये जा रहे है। हरा चारा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत उन्नतिशील बीज की व्यवस्था भी दुग्ध सघ, समितियों के माध्यम से करता है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड द्वारा सचालित 150 किसान वन का गठन भी इलाहाबाद जनपद मे किया जा चुका है। इलाहाबाद दुग्ध सघ द्वारा सहकारिता विकास कार्यक्रम सघन मिनी डेरी परियोजना, तकनीकी मिशन के अन्तर्गत कार्यक्रम चलाये जा रहे है।

विपणन प्रगति क्षेत्र मे इलाहाबाद शहर के प्रत्येक भाग में पराग दुग्ध एव पदार्थो की आपूर्ति व्यवस्था को क्रियान्वित किया गया है। वर्तमान समय मे लगभग 450 कमीशन ऐजेन्टों के माध्यम से दुग्ध एव दुग्ध पदार्थ की विक्री की गई थी। विपणन भौतिक परिलब्धियों का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत है -

तालिका 8 6

इलाहाबाद विपणन प्रगति 1984 से 92 तक

क्रमाक	विवरण	1984-85	1985-86	1986-87	1987-88	1988-89	1989-90	1990-91
1-	तरल दूध औसत विक्री (लीटर)	3,237	8,304	18,707	18,408	17,423	15,828	20,497
2-	पराग घी (मी0 टन)	18	88	40	37	85	51	40
3-	पराग मक्खन (मी0 टन)	05	24	37	27	24	28	23
4-	पराग पनीर (मी0 टन)	05	20	21	18	28	34	21

5- पराग प्रगति प्रतिवेदन - "16वां वार्षिक अधिवेशन", सत्रह जून बानवे, पृष्ठ स0 7, इलाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी सघ लिमिटेड, प्रकाशक सुप्रीम प्रिन्टर्स, 4/2, वाई का बाग, इलाहाबाद ।

तालिका 8 7

प्रस्तावित आय व्यय विवरण (वर्ष 1992-93 तक)

व्यय (रूपये मे) — आय (रूपये मे)

माह	समितियों से	प्रतापगढ	एस0एम0जी0	योग	दूध	घी	मक्खन	पनीर	एम0एम0जी0
अप्रैल 1992	164419 00	00	1260000 00	2904192 00	4800000	195000	160000	50000	-
मई 92	1501573 35	00	1519000	3020573 35	5022000	195000	160000	35000	219800 00
जून 92	1356259 80	00	1470000	2826259 80	4860000	312000	160000	100000	-
जुलाई 92	1487196 48	00	1302000	2789196 48	5022000	273000	200000	150000	-
अगस्त 92	1766045 82	929449 78	1085000	2943995 60	4743000	234000	240000	150000	-
सितम्बर 92	2248785 00	143922 24	00	2392707 24	4590000	240000	280000	150000	-
अक्टूबर 92	2831664 00	171616 00	00	3003280 00	4743000	240000	320000	150000	-
नवम्बर 92	3155520 00	2492 00	00	3404640 00	4590000	320000	320000	125000	327840

तालिका 8 7

प्रस्तावित आय व्यय विवरण (वर्ष 1992-93 तक)

व्यय (रूपये मे)					आय (रूपये मे)					
माह	समितियों से	प्रतापगढ	एस0एम0जी0	योग	दूध	घी	मक्खन	पनीर	एम0एम0जी0	योग
अप्रैल 1992	164419 00	00	1260000 00	2904192 00	4800000	195000	160000	50000	-	5205000
मई 92	1501573 35	00	1519000	3020573 35	5022000	195000	160000	35000	219800 00	5631800
जून 92	1356259 80	00	1470000	2826259 80	4860000	312000	160000	100000	-	5432000
जुलाई 92	1487196 48	00	1302000	2789196 48	5022000	273000	200000	150000	-	5595000
अगस्त 92	1766045 82	929449 78	1085000	2943995 60	4743000	234000	240000	150000	-	5317000
सितम्बर 92	2248785 00	143922 24	00	2392707 24	4590000	240000	280000	150000	-	5260000
अक्टूबर 92	2831664 00	171616 00	00	3003280 00	4743000	240000	320000	150000	-	5453000
नवम्बर 92	3155520 00	2492 00	00	3404640 00	4590000	320000	320000	125000	327840	5707840

माह	समितियों से	प्रतापगढ	एस0एम0जी0	योग	दूध	घी	मक्खन-	पनीर	एस0एम0जी0	योग
दिसम्बर 92	3947168 00	257424 00	00	4204592 00	4743000	320000	320000	125000	1039952 82	6572295
जनवरी 93	466787 00	371799 12	00	5019288 12	4743000	280000	280000	125000	1654864 82	7082864
फरवरी 93	3694004 16	201491 14	00	4895495 30	4284000	240000	280000	125000	843301 40	5772301
मार्च 93	3203356 48	160167 82	420000	3783524 30	500600	200000	280000	125000	-	5611500

दूध का समितियों एवम् एस एम जी के अन्तर्गत क्रय	40187744 19	दुग्ध/दुग्ध पदार्थ विक्रय एव एस एम जी	69141258 22
एस एम जी क्रय	5033903 28	अन्य आय	200000 00
व्हाइट बटर क्रय	2494853 55		
योग =	47711650 01	लाभ अर्जित 296 25 लाख रु0	6934158 21

6- प्रभारी एम0आई0एस0, इलाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, पराग प्रगति प्रतिवेदन 1992, 17वाँ वार्षिक अधिवेशन पृष्ठ 12, प्रकाशक आदित्य स्टेशनर्स 86 साउथ मलाका, इलाहाबाद ।

तालिका 8 9

समितियों से प्राप्त दूध की उर्पाजन दरे तथा दुग्ध/दुग्ध पदार्थो की विक्रय दरे

वर्ष 1992 से 1993 तक प्रगति

माह	औसत/दर	फैट किलो	एस एन एफ किलो	स्टेण्डर्ड दूध प्रति लीटर	टोण्ड दूध प्रति लीटर	घी प्रति किलो	मक्खन प्रति किलो	पनीर प्रति किलो
अप्रैल 92	6 60	52 80	35 20	-	8 00	78	80	50
मई 92	7 00	56 00	37 33	-	9 00	78	80	50
जून 92	7 00	56 00	37 33	-	9 00	78	80	50
जुलाई 92	6 50	52	34 66	-	9 00	78	80	50
अगस्त 92	6 50	52	34 66	-	8 50	78	80	50
सितम्बर 92	6 50	52	34 66	-	8 50	78	80	50
अक्टूबर 92	6 00	48	32 00	8 50	-	80	80	50

माह	ओसत/दर	फैट किलो	एस0एन0एफ0 किलो	स्टैण्डर्ड दूध प्रति लीटर	टोण्ड दूध प्रति लीटर	घी प्रति किलो	मक्खन प्रति किलो	पनीर प्रति किलो
नवम्बर 92	6 00	48	32 00	8 50	-	80	80	50
दिसम्बर 92	6 00	48	32 00	8 50	-	80	80	50
जनवरी 93	6 50	52	34 66	8 50	-	80	80	50
फरवरी 93	6 50	52	34 66	8 50	-	80	80	50
मार्च 93	7 00	56	37 33	8 50	-	80	80	50

स्रोत प्रभारी - एम0आई0एस0, इलाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारिता लिमिटेड, 1992

दुग्ध उत्पादक सहकारी सघ लिमिटेड, इलाहाबाद जिस मनोयोग से दुग्ध उत्पादकों एव उपभोक्ताओं की सेवा मे रत रहते हुए उनके सर्वागीण विकास मे योगदान दे रहा है। नि सन्देह एक सराहनीय कदम है। कृषि प्रधान देश मे पशुओं का सीधा सम्बन्ध कृषि से है। भारतीय कृषि से यदि पशुओं को अलग कर दिया जाय तो सम्भवत इलाहाबाद दुग्ध उत्पादकता सहकारी सघ, लिमिटेड का स्वरूप ही समाप्त हो जायेगा। दुग्ध विकास मे इलाहाबाद दुग्ध उत्पादकता सहकारी सघ लिमिटेड का स्थान प्रथम श्रेणी व उच्च कोटि का है। इस प्रकार दुग्ध सघ उत्पादकों व उपभोक्ताओं के मध्य एक सुदृढ कडी के रूप मे कार्य करते हुए अपने जिम्मेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए इलाहाबाद, कौशाम्बी की जनता की सेवा मे कार्यरत है। साथ ही साथ अपने उत्पादकों के हितों की रक्षार्थ सदेव तत्पर रहकर दुग्ध सहकारिता आन्दोलन में अपनी सक्रिय एव सार्थक भूमिका निभाकर स्वालम्बी बना हुआ है।

जब से आपरेशन फ्लड योजना के तहत आनन्द पद्धति पर गॉव-गॉव मे दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का गठन हुआ है, तब से ग्रामीण क्षेत्रों मे दूध व्यवसाय के प्रति अधिक उत्साह एव आकर्षण का दृष्टिपात हुआ है। उपरोक्त बातों के वर्णन के पश्चात् आज मै बडे दावे के साथ कह सकता हूँ कि इस योजना ने न केवल दुग्ध व्यवसाय के प्रति आकर्षण पैदा किया है, बल्कि आर्थिक ग्रामीण विकास मे जनपद मे एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। दुग्ध सघ, दुग्ध उत्पादन एवं उपार्जन के क्षेत्र मे उत्तरोत्तर वृद्धि करता हुआ एक ऐसा मिशाल कायम कर रहा है जिस पर हम गर्व करते है। ऐसा तभी सम्भव है, जब दुग्ध उत्पादकगण दूध उत्पादन मे एकरूपता बनाये रखेंगे। इसके लिए जरूरी है कि समस्त उत्पादकगण भैंस पालन के साथ - साथ शकर नस्ल की गायों को भी पालने का सकल्प लें ताकि वर्ष भर दूध की उपलब्धता बनी रहे। इससे जहॉ उत्पादकों का वर्ष भर नगद आमदनी होने से आर्थिक स्तर ऊँचा होगा, वहीं शहरी क्षेत्रों मे उपभोक्ताओं को वर्ष भर ताजा दूध उपलब्ध रहेगा।

आलोच्य वर्ष 1992-93 मे लगभग 267 दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियॉ कार्यरत रही है, जिनके माध्यम से औसतन 13 389 लीटर दूध प्रतिदिन उपार्जित किया जाता रहा है। वर्ष 93-94 मे 290 कार्यरत समितियॉ रही है। जिनसे 15 261 लीटर दूध उपार्जित किया गया। सन् 93-94 तक 21,000 लीटर दूध का उपार्जन प्रतिदिन रहा है जो अपने आप मे दुग्ध सघ की प्रगति को प्रतिबिम्बित करता है। इलाहाबाद जनपद के सभी गॉव योजना के तहत आच्छादित होकर लाभ प्राप्त कर रहा है। समितियों के माध्यम से तकनीकी निवेश सेवाये, कृत्रिम गर्भाधान, प्राथमिक चिकित्सा, आकस्मिक चिकित्सा, बाझपन निवारण कैम्प, हरा-चारा एव पशु आहार विपणन आदि की व्यवस्थाये की गई है। पशु स्वास्थ एव सेवाओं को और अधिक व्यापक एव उपयोगी बनाने के विचार से गगापार क्षेत्र की 50 दुग्ध समितियों को टेक्नालॉजी मिशन के अन्तर्गत वहॉ के राजकीय स्थानीय पशु चिकित्सालयों से सम्बद्ध कर समिति स्तर पर सुविधा उपलब्ध करायी गई है ताकि त्वरित स्थानीय सेवा पशु चिकित्सालयों से दुग्ध उत्पादकों को मिल सके। इसी प्रकार द्वाबा क्षेत्र की 50 दुग्ध समितियों को टेक्नालॉजी मिशन के तहत स्थानीय पशु चिकित्सालयों से सम्बद्ध किया गया है। सामुदायिक विकास योजना के तहत महिलाओं की भागीदारी बढाने का विशेष प्रयास किया जा रहा है।

वर्तमान मे सत्र (92-93) तक दुग्ध सघ, इलाहाबाद द्वारा लगभग एफ ओ एम 15000 लीटर दूध प्रतापगढ निवासियों को भी उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा पावन नगरी प्रयाग स्थल पर लगने वाले अर्द्ध कुम्भ मेले के तीर्थ यात्रियों एव कल्पवासियों को दुग्ध आपूर्ति करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी दुग्ध सघ की है। कुम्भ मेला व अर्द्ध कुम्भ मेले के अवसर पर दुग्ध आपूर्ति की सम्पूर्ण तैयारियॉ पहले ही पूरी कर ली जाती है। मेले के दौरान लगभग 25 से 35 हजार लीटर दूध प्रतिदिन आपूर्ति करता है। शहर में दुग्ध आपूर्ति की व्यापक विस्तार योजनायें है, इसके लिए विपणन व्यवस्था

को सुदृढ करते हुए इस ओर विशेष प्रयास करने का प्रयत्न किया गया है। वर्ष 1993-94 मे दुग्ध सघ ने 1 17 लाख रू0 लाभ शुद्ध अर्जित किया है।

इस प्रकार दुग्ध संघ की ऐतिहासिक पृष्ठिभूमि पर प्रकाश डालते हुए मै अवगत कराना चाहूँगा कि इलाहाबाद जनपद मे सर्वप्रथम कटरा मुहल्ले मे इलाहाबाद मिल्क सप्लाई यूनियन के नाम से दुग्ध संघ ने दिनांक 25 2 41 को निबंधन संख्या 547/3 के अन्तर्गत कार्य करना शुरू किया। इसके बाद दिनाक 12 2 75 को इसी इलाहाबाद मिल्क सप्लाई यूनियन का नाम पजीकृत सख्या 3177/108 के तहत दुग्ध के अन्तर्गत इलाहाबाद कोआपरेटिव मिल्क बोर्ड के नाम से नामित होकर पुन वर्तमान मे इलाहाबाद मिल्क प्रोड्यूसर्स कोआपरेटिव यूनियन लिमिटेड जनपद की शीर्ष सस्था के रूप मे कार्यरत है। इलाहाबाद मिल्क सप्लाई यूनियन के गठन से लेकर अब तक की अवधि मे दुग्ध सघ ने अनेक प्रकार के उतार-चढाव देखे है। इलाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी सघ लिमिटेड, इलाहाबाद को जनवरी 1984 से आपरेशन फ्लड द्वितीय योजना से आच्छादित करके दुग्ध सघ एव दुग्ध सघ मे उत्पादकों का सर्वोपरि महत्व प्रतिस्थापित किया गया है। इसके फलस्वरूप दुग्ध सघ के कार्य-कलापों मे तीव्र प्रगति हुई है। विगत् एक दशक मे दुग्धशाला विकास कार्यक्रम का एक स्थाई स्वरूप उभरकर ग्रामीण क्षेत्रों मे दुग्ध उत्पादकों को एव शहरी क्षेत्रों मे दिखाई देने लगा है। मेरे विचार से सभी इस पर सहमत है कि ग्रामीण अचलों मे आर्थिक विकास हेतु दुग्ध शाला विकास कार्यक्रम एक उद्योग के रूप मे विकसित होने लगा है।

जनवरी 1984 आपरेशन फ्लड द्वितीय योजना से पूर्व दुग्धशाला का कार्य 4000 लीटर क्षमता वाली दैनिक पुरानी डेरी मे किया जाता था वही आपरेशन फ्लड द्वितीय के लागू होने के बाद 20,000 लीटर दैनिक क्षमता डेरी की स्थापना करके 30,000 लीटर प्रतिदिन तक विस्तारित की गई थी। वर्तमान में दुग्धशाला विकास कार्यक्रम

की सफलता एव उत्पादकों तथा उपभोक्ताओं के हितलाभ को ध्यान मे रखते हुए एक नई डेरी क्षमता 60,000 लीटर प्रतिदिन है, की स्थापना राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के द्वारा टर्न के आधार पर की जा रही है, जिसकी स्थापना कमिशनिग वर्ष जुलाई 1995 मे की गई। उक्त डेरी की स्थापना/कमिशनिग के बाद इलाहाबाद मण्डल के अन्य दुग्ध सघों का दूध भी प्रोसेस किया गया। मुझे यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि दुग्ध सघ द्वारा हर वर्ष सर्वप्रथम 1991-92 मे नगद लाभ की स्थिति मे आते हुए वित्तीय प्रबंधन हेतु 1991-92 की चल बैजन्ती प्राप्त की। उसी क्रम में वर्ष 1992-93 मे भी दुग्ध सघ ने 1 75 लाख रू0 का नगद लाभ अर्जित किया। वर्ष 1993-94 मे नगद लाभ 11 67 लाख रू0 एव शुद्ध लाभ 1 17 लाख रू0 रहा। सस्था वर्ष 1993-94 मे नगद लाभ के साथ-साथ शुद्ध लाभार्जन की तरह अग्रसर रही है। वर्ष 1994-95 मे शुद्ध लाभ 7 लाख रू0 हुआ।

इलाहाबाद दुग्ध सघ के विभिन्न कार्य-कलापों की जो प्रगति आलोच्य वर्ष मे हुई है, उसका विगत वर्ष के साथ-साथ तुलनात्मक विवरण निम्नवत् सामान्य निकाय के सज्ञान हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है। समिति के सदस्यों का सगठन, सदस्यता एवम् दुग्ध उपार्जन निम्नवत् है।

सारिणी 8 9

इलाहाबाद जनपद के 28 विकास खण्डों मे से 22 विकास खण्डों मे 286 समितियाँ कार्यरत रहीं -

मद	1985-86	86-87	87-88	88-89	89-90	90-91	91-92	92-93	93-94
कार्यरत समितियाँ	185	210	260	250	251	260	270	268	286
सगठित समितियाँ	185	249	283	314	339	372	387	389	398

स्रोत - पराग प्रगति प्रतिवेदन - " 18वॉं, 19वॉं वार्षिक अधिवेशन वर्ष 1992-93, 1993-94 इलाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी सघ लिमिटेड पृष्ठ सख्या 03, प्रकाशक सिह एस0पी0 आदित्य स्टेशनर्स 86, साउथ मलाका, इलाहाबाद ।

आपरेशन फ्लड योजना आरम्भ होने के वर्ष 1984-85 मे दुग्ध समितियों की सदस्यता मात्र 3885 थी। जो अब 17000 हो गई है। सदस्यता बढाने का अभियान सतत् जारी है और प्रयास यही है कि समिति मे दूध दे रहे समस्त दुग्ध उत्पादकों को उसकी सदस्यता के अन्तर्गत आच्छादित किया जाय। दुग्ध समितियों के सदस्यों की सदस्यता का तुलनात्मक विवरण (1985 से 95 तक)।

तालिका 8.10

मद	1985-86	86-87	87-88	88-89	89-90	90-91	91-92	92-93	93-94	94-95
कुल सदस्यता कार्यरत	6966	7894	12108	12122	11772	11504	13956	13677	14949	14582
कुल सदस्यता अकारत	360	1403	760	2468	3440	4085	2441	3244	3216	3617

स्रोत - पराग प्रगति प्रतिवेदन - " 18वॉं, 19वॉं वार्षिक अधिवेशन वर्ष 1992-93, 93-94 इलाहाबाद दुग्ध उत्पादक सहकारी सघ लिमिटेड, पृष्ठ सख्या 03, प्रकाशक सिंह एस0पी0 'आदित्य स्टेशनर्स, 86, साउथ मलाका, इलाहाबाद ।

इलाहाबाद दुग्ध सघ का दुग्धोपार्जन 3 क्षेत्रों गगापार, यमुनापार एवम् द्वाबा मे बटे होने से इन क्षेत्रों मे कार्यरत दुग्ध समितियो के माध्यम से दुग्धोपार्जन किया जाता है। इसके अलावा प्रतापगढ एवम् कर्बी का भी दूध स्टेट मिल्क ग्रिड (एस एम जी) के अन्तर्गत आता है। जरूरत पडने पर लखनऊ, कानपुर तथा फतेहपुर से भी दूध आता है। वर्ष 1992-93 मे इलाहाबाद दुग्ध सघ का स्वय का दुग्धोपार्जन औसत 13839 लीटर प्रतिदिन रहा। यह विगत वर्ष की तुलना मे 2% अधिक रहा। दूध उत्पादन मे अनुकूल वृद्धि न होने के कारण दूध देने वाले सदस्यों की सख्या कम रही जबकि अन्य वर्षो की तुलना मे दूध क्रय दर अधिक रही।

तालिका 8 11

आपरेशन फ्लड योजना के क्रियान्वयन बाद दुग्धोपार्जन का विवरण (1985 से 1995 तक प्रगति)

मद	1985-86	86-87	87-88	88-89	89-90	90-91	91-92	92-93	93-94	94-95
औसत दुग्धोपार्जन	9865	9998	7736	10722	15244	13118	13570	13839	15261	11220

उपरोक्त स्थिति की विवेचना करते हुए हम इस तत्थ्य पर पहुँचते है कि इलाहाबाद मे दुग्धोपार्जन, दूध देने वाले सदस्यों की तुलना मे एक स्थिरता सी उत्पन्न हो गई है जिसे बढाने के लिए जनता एव दुग्धोत्पादकों का सहयोग अपेक्षित है ।

प्रादेशिक सहकारी दुग्ध विकास सघ, लखनऊ द्वारा दुग्ध मूल्य निर्धारण की स्वायत्ता दुग्ध सघ को दी गई है जिसके कारण इलाहाबाद दुग्ध सघ द्वारा नियमित रूप से उचित दर पर दुग्ध मूल्य देना सम्भव हुआ है। यही नहीं प्रबध तन्त्र आगे आने वाले दिनों के लिए भी कृत सकल्प है कि अधिकाधिक दुग्ध क्रय दर दिया जाय, जिसके लिए अनेक व्यवसायिक रणनीति अपनाई जा रही है। वर्तमान मे सन् 1993-94 मे दूध मूल्य मे बाजार भावों मे अचानक गिरावट आने से प्रदेश एव राष्ट्रीय स्तर पर डेरियों के कार्य प्रभावित हुये है। ऐसी दशा मे भी दुग्ध सघ लाभ की स्थिति मे बरकरार है। दुग्ध सघ सस्था की लाभालाभ की स्थिति से जनता सीधे जुडी है। दूध अधिक उपार्जन पर अधिक लाभ, कम उपार्जन पर कम लाभ स्वाभाविक है। ग्रामीण अचलों मे दुग्ध मूल्य के रूप मे जो राशि 1986 से 95 तक विभिन्न वर्षों में समितियों को दी गई है, का तुलनात्मक विवरण निम्नवत् है।

तालिका 8 12

ग्रामीण अचलों मे दुग्ध मूल्य के रूप मे राशि (1986 से 95 तक प्रगति)

विवरण	86-87	87-88	88-89	89-90	90-91	91-92	92-93	93-94	94-95 नवम्बर 94 तक
दुग्ध मूल्य भुगतान	174 11	172 25	273 00	281 20	224 02	295 25	310 42	312 30	171 00

प्रदेश मे सहकारिता माध्यम पर अग्रसारित दुग्ध समितियाँ प्रतिवर्ष लाभ से उत्पादक सदस्यों को बोनस वितरण करने वाली प्रथम समितियाँ है। अधिकाशत समितियाँ अपने अर्जित लाभ से 2 सप्ताह का नियमित दूध का मूल्य भुगतान करने मे सक्षम है।

तालिका 8 13

समितियों द्वारा वितरित बोनस धनराशि 1986 से 94 तक

मद	86-87	87-88	88-89	89-90	90-91	91-92	92-93	93-94
बोनस वितरण अर्न्तगत समितियाँ	60	68	43	33	49	37	40	06
वितरित धनराशि	-	-	14764	37657	100175	93070	64762	15055

इलाहाबाद दुग्ध सघ मे आनन्द पद्धति पर कार्यरत दूध सहकारिताओं मे तकनीकी निवेश कार्यक्रम की एक अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वर्तमान समय मे सस्था स्तर पर ही प्रशिक्षित दुग्ध उत्पादक कार्यकर्ताओं द्वारा आकस्मिक पशु चिकित्सा, कृतिम गर्भाधान, टीकाकरण आदि सुविधाये उपलब्ध करायी गई है। पहले सचल पशु चिकित्सा की सुविधाये थी, किन्तु व्यय भार अधिक पड़ने पर बद कर दी गई। सचल पशु चिकित्सा के जगह पर आकस्मिक पशु चिकित्सा की सुविधाये शत % समितियों के लिए उपलब्ध है। यह आकस्मिक पशु चिकित्सा भारत सरकार द्वारा डेरी तकनीकी मिशन के अन्तर्गत राजकीय पशु-पालन विभाग के सहयोग से कराया जा रहा है। इसके अलावा समितियों मे सतुलित पशु आहार वितरण, हरा-चारा विकास, किसान वन, ग्राम वन आदि कार्यक्रम के अन्तर्गत सुवधियों उपलब्ध करायी जा रही है। समय-समय पर समिति द्वारा बाझपन निवारण कैम्प एवम् टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इससे दुग्ध उत्पादकों के पशुओं को प्रमुख महामारी की बीमारियों से बचाया जाता है। अधिक दुग्धोपार्जन हेतु नस्ल सुधार कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके लिए समिति स्तर पर ही अति हीमीकृत वीर्य ससाधन सुलभ कराकर ग्राम के ही प्रशिक्षित युवकों द्वारा प्रशिक्षित कृतिम गर्भाधान सेवा दुग्ध उत्पादकों को सुलभ करायी जा रही है। इस कार्यक्रम को व्यापक समूह/स्वरूप देने के लिए वर्तमान समय मे ग्राम - समूह के अन्तर्गत ए0आई0 केन्द्र बनाये जा रहे है। तकनीकी निवेश कार्यक्रम के अन्तर्गत हुई प्रगति वर्षवार निम्नवत् है ।

तालिका 8 14

तकनीकी निवेश कार्यक्रम के अन्तर्गत हुई प्रगति (1985 - 95 तक)

विवरण	85-86	86-87	87-88	88-89	89-90	90-91	91-92	92-93	93-94	94-95
पशु चिकित्सा समितियाँ	185	210	260	250	251	260	270	268	286	280
इलाज किये गये पशु सख्या	8957	11989	6387	7211	7090	6938	4747	3995	8821	3693
आकस्मिक इलाज पशु संख्या	903	2212	2233	2065	2080	2988	1976	766	961	306
बाझपन निवारण केम्प	06	03	58	105	183	139	45	34	62	11
केम्प मे उपचारिता पशु सख्या	231	131	2319	3212	3669	2956	931	509	870	284
वेक्सीनेशन	4506	10340	19080	12560	11480	14425	31450	18202	23710	19250
कृतिम गर्भाधान समिति	30	30	40	40	35	35	31	31	31	32
कृत गर्भाधान	927	1915	3599	4613	4485	5135	6266	6862	7249	2784

9- पराग प्रगति प्रतिवेदन - " 18वॉ, 19वॉ वार्षिक अधिवेशन वर्ष 92-93, 93-94 इलाहाबाद दुग्ध उत्पादन सहकारी स0 लि0, पृष्ठ सख्या 6, प्रकाशक सिंह एस0पी0 "आदित्य स्टेशनर्स, 86 साउथ मलाका, इलाहाबाद ।

वर्तमान समय मे इलाहाबाद मे दुग्ध सघ मे सघन मिनी डेरी परियोजना कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लघु एव सीमात कृषको के लिए जहॉ एकीकृत ग्राम्य विकास अभिकरण से दुधारू पशु क्रय करने की योजना चल रही है, वहीं राष्ट्रीयकृत बैंकों से एक-एक कृषक व्यक्ति को चार-चार दुधारू पशु एक साथ अथवा 2 किस्तों मे क्रय कराकर स्वरोजगार का साधन सुलभ कराकर सघन मिनी डेरी परियोजना से चलाया जा रहा है। आई0आर0डी0पी0 कार्यक्रम मे जो दुधारू पशु से सेवा जो ग्रामीणाचलो मे उपलब्ध कराये जा चुके है और उनका जो भावी प्रस्ताव है उनका विवरण निम्नवत् है।

1- लक्ष्य 300 2- तेयार फार्म 1056 3- बैंकों को प्रेषित फार्म 1056 4- स्वीकृत फार्म 426 5- ऋण वितरित 178

मेरे विचार से यह सत्य है कि दुग्धशाला विकास कार्यक्रम ने ग्रामीणाचलो में सहकारी माध्यम से दुग्ध व्यवसाय की ओर किसानों को आकर्षित करने मे महत्वपूर्ण सफलता पाई है लेकिन अभी तक जहॉ आच्छादन का प्रश्न है वह सहकारी क्षेत्र में मात्र 25 से 30 प्रतिशत से अधिक सामान्यतया नहीं पाया जाता है। इसका प्रमुख कारण यह है कि अभी तक सहकारिता के प्रति जो आस्था (विश्वास) किसानों के बीच होनी चाहिए वह पूरी तरह विकसित नहीं हो पाई है। इस दिशा मे वांछित प्रगति लाने के लिए जो राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की सहायता से एव मार्ग-दर्शन मे सहकारिता विकास कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया जिसके फलस्वरूप बडे उत्साहवर्धक परिणाम हमे देखने को मिले है। जहॉ पर पूर्व मे दुग्ध व्यवसाय मे महिलाओं की भागीदारी न के बराबर भी वहीं पर शनै शनै बडी तीव्र गति से बढती जा रही है। उसने दुग्ध सहकारी समितियों के सचालन, भावी नियोजन तथा प्रगति मे, प्रबध मे सीधे भागीदारी का भाव प्रचुर मात्रा मे विकसित हुआ है।

विपणन प्रगति क्षेत्र मे इलाहाबाद शहर के प्रत्येक भाग मे पराग दूध पदार्थो

की आपूर्ति व्यवस्था क्रियान्वित कर वर्तमान समय मे 544 कमीशन एजेन्टों के माध्यम से दुग्ध पदार्थो की विक्री की जा रही है। इसके अन्तर्गत कचेहरी, हाईकोर्ट, ए0जी0 आफिस जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर पराग मिल्क बार निर्माण कराये गये है। विपणन की प्रगति दूध क्षेत्र मे बहुत ही उपयोगी साबित हुई है। विपणन व्यवस्था की भौतिक परिलब्धियों का तुलनात्मक विवरण नीचे प्रस्तुत है ।

तालिका 8 15

विपणन दुग्ध व्यवसाय की 1986 से 95 तक प्रगति

विवरण	86-87	87-88	88-89	89-90	90-91	91-92	92-93	93-94	94-95
औसत दुग्ध विपणन (प्रतिदिन ली0)	16661	16382	17532	15842	20497	16389	15668	1669	16162
घी विपणन (मीटरी टन मे)	49 16	36 98	65 47	50 51	39 67	35 02	41 46	64 40	48 12
मक्खन विपणन (मीटरी टन मे)	37 30	26 53	24 24	26 25	23 41	36 45	39 44	55 9	23 73
पनीर विपणन (मीटरी टन मे)	19 95	18 56	25 51	35 65	20 99	10 78	12 59	21 6	15 53
एजेन्टों की संख्या	342	385	398	432	518	431	452	525	544

10- सिंह एस0पी0 - "पराग प्रगति प्रतिवेदन 92-93, 93-94 18वॉ व 19वॉ वार्षिक अधिवेशन पृष्ठ सख्या 7, प्रकाशक आदित्य प्रिन्टर्स, 86, साउथ मलाका, इलाहाबाद ।

दुग्ध प्रगति का व्यवसायिक टर्न ओवर सम्मानित सदस्यों की जानकारी हेतु निम्नवत् है ।

तालिका 8 16

दुग्ध प्रगति का व्यवसायिक टर्न ओवर (1985 से 94 तक प्रगति)

मद	85-86	86-87	87-88	88-89	89-90	90-91	91-92	92-93	93-94
व्यवसायिक टर्न ओवर(करोड रू0 मे)	0 98	2 45	3 06	3 61	4 56	5 08	5 66	5 80	6 07

इलाहाबाद दुग्ध सघ के बढते हुए व्यवसाय, प्रभावी प्रबधन एव अपेक्षित जागरूकता के फलस्वरूप सस्था की वित्तीय स्थिति मे सुधार हुआ है। वर्ष 92-93 मे जहाँ 1 74 लाख रू0 का शुद्ध लाभ हुआ था, वहीं पर वित्तीय वर्ष (93-94) मे 1 17 लाख रू0 का शुद्ध लाभ हुआ था। राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की सहायता से इलाहाबाद दुग्ध संघ मे आधुनिकता कम्प्यूटर प्रणाली लोकल नेटवर्क एरिया की स्थापना की गई जिसकी सहायता से समितियों के दुग्ध मूल्य भुगतान हेतु विलिग, वेतन, एम0आई0एस0, विपणन, वित्त स्टोर उत्पादन जैसे अति महत्वपूर्ण विभागों के कार्य कम्प्यूटर की मदद से किये जा रहे है। दुग्ध संघ को आधुनिकतम् प्रबध प्रणाली की ओर ले जाने हेतु यह एक सफल प्रयास है। समितियों के प्रतिनिधिगण दुग्ध व्यवसाय को बढाने हेतु अपने-अपने क्षेत्रों मे प्रयासरत है। महिला डेरी मे महिलाओं की भागीदारी द्रुतगति से बढाकर बल्कि बच्चों को भी दुग्ध व्यवसाय हेतु प्रशिक्षित व प्रोत्साहित किया जा रहा है। दुग्ध व्यवसाय को ग्रामीणाचलीय आर्थिक विकास का आधार बनाकर अपनी सम्पूर्ण शक्ति लगाकर देश हित मे श्वेत क्रान्ति का सपना साकार किया जा रहा है।

तालिका 8 17

सहकारिता विकास कार्यक्रम (वार्षिक प्रगति/वित्तीय व्यय विवरण) 1991 से 94 तक

मांक		वर्ष 1991 - 92					वर्ष 1992 - 93					वर्ष 1993 - 94			
स0	कार्यक्रम का नाम सदस्य शिक्षा कार्यक्रम	लक्ष्य/ पूर्ति	कुल प्रतिभागी	कुल कार्य दिवस	कुल बजट (रू0मे)	कुल व्यय (रू0मे)	लक्ष्य/ पूर्ति	कुल प्रतिभागी	कुल कार्य दिवस	कुल बजट (रू0मे)	कुल व्यय (रू0मे)	लक्ष्य/ पूर्ति	कुल प्रतिभागी	कुल कार्य दिवस	कुल व्यय (रू0मे)
	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16
	सदस्य फालोअप	14/14	1129	42	81600	38978	30/23	2014	69	193200	61201	30/21	1776	63	55759
	शिक्षा कार्यक्रम	15/03	185	03	4800	676	30/07	382	07	9600	988	30/15	883	15	2666
	महिला शिक्षा	15/14	1358	42	816000	40366	30/23	2070	99	163200	42436	30/21	1730	63	58541
	फालोअप महिला														
	शिक्षा कार्यक्रम	15/03	179	03	4800	6243	30/07	410	07	9600	1040	30/15	948	15	3010
	प्रशिक्षण	07/04	45	12	9450	1918	15/08	9998	24	20250	4239	15/06	71	18	3210

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1म3	14	15	16
6	फालोअप प्रबंध कमेटी														
	सदस्य प्रशिक्षण	-	-	-	-	-	15/01	112	01	4050	104	15/06	76	06	312
7	नेतृत्व विकास कार्यक्रम	15	-	-	1000	-	30/1	119	02	4200	104	30/07	140	14	1566
8	युवा मडल	15/02	43	02	1500	130	30/11	295	14	3000	728	30/07	142	07	472
9	महिला क्लब	15/02	45	02	1500	130	30/14	222	14	3000	728	30/07	150	07	472
10	सचिव ओरियेटेशन प्रोग्राम	01	-	-	1650	-	02/01	15	02	3300	609	02/01	17	02	974
11	स्कूल छात्र कार्यक्रम	-	-	-	-	-	/101	146	01	-	208	01/01	166	01	224
12	अन्य प्रबंध कमेटी सेमिनार	07/04	46	12	9450	2158	02/22	06	-	493	-	01/01	30	03	4197

11- सिंह एम0पी0 - "पराग प्रतिवेदन 92-93, 93/94 18वॉ, 19वॉं वार्षिक अधिवेशन पृष्ठ सख्या 8, प्रकाशक आदित्य स्टेशनर्स, 86, साउथ मलाका, इलाहाबाद ।

1965 मे राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड की स्थापना का उद्देश्य डेरी उद्योग को कोआपरेटिव सेक्टर के रूप मे सगठित करने के उद्देश्य से किया गया था। इसके लिए आपरेशन फ्लड - प्रथम योजना का प्रारम्भ मूलत डे री सयत्रों की स्थापना व अवस्थापन सुविधाओं को बढाने तथा आपरेशन फ्लड द्वितीय योजना का शुभारम्भ मुख्यत दुग्धोत्पादन बढाने हेतु दुग्ध उत्पादकों के तकनीकी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के मन्तव्य से किया गया था। तकनीकी सेवाये दुग्ध उत्पादकों तक पहुँचे इस आशय से दुग्ध महासंघों, दुग्ध संघो, दुग्ध समितियों का त्रिस्तरीय ढाँचा पूरे देश में मजबूत किया गया, इसे ही आपरेशन फ्लड चलाने की जिम्मेदारी दी गई तथा श्वेत क्रान्ति का नारा बुलद किया गया।

12 " आज इलाहाबाद ही नहीं, पूरे विश्व मे सहकारिताधार पर दुग्ध व्यवसाय को संगठित करने मे प्रथम स्थान पर तथा दुग्धोत्पादन मे द्वितीय स्थान है। आजादी पूर्व जहाँ प्रति व्यक्ति दुग्ध आपूर्ति 75 मिली ग्राम थी। वह बढकर आज 195 मिलीग्राम हो गई है। वर्ष 1947 से 1947 तक जहाँ दुग्धोत्पादन मे वार्षिक वृद्धि दर 1% से भी कम रही है वहीं पर आपरेशन फ्लड योजना लागू होने से औसत वार्षिक वृद्धि पर ∆ 50 है। इस प्रकार दुग्ध व्यवसाय में प्रबंध तंत्र को मजबूत करते हुए अधिक मेहनत, लगन व ईमानदारी से कार्य करने की आवश्यकता है, तभी हम उत्पादकों व उपभोक्ताओं के बीच आत्मविश्वास कायम कर सकेगें। "

इलाहाबाद जनपद कृषि प्रधान जनपद है इसमे कुल जनसख्या का 80% जनसख्या गाँवों मे रहती है। गाँवों के लोगों का मुख्य व्यवसाय कृषि एव पशुपालन है, जिसकी आमदनी से ही पारिवारिक खर्चो की पूर्ति होती है। इलाहाबाद जनपद की जनसंख्या जिस गति से बढ रही है। उसके अनुसार कृषि के अतिरिक्त अन्य आय के स्रोतों पर ध्यान देने से बेरोजगारी व आर्थिक सकट उत्पन्न की स्थिति से निजात दिलाई जा

12- टाइम्स आफ इण्डिया, दिनाक 19 2 1994

सकती है। ग्रामीण विकासार्थ सफल पशुपालन व कृषि से ही गाँवों मे आर्थिक व सामाजिक क्रान्ति लाई जा सकती है। आपरेशन फ्लड प्रथम व द्वितीय लागू किये जाने से दुग्धोत्पादन व नस्ल सुधार कार्यक्रम मे आशातीत सफलता मिलने से इलाहाबाद दुग्धोत्पादन मे अपनी एक निजी पहचान व साख बनाये है। पशुओं की जनसख्यानुपात मे चूँकि दुग्धोत्पादन कम है अत पशु रख-रखाव व नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। दुग्ध उत्पादन मे नस्ल सुधार एवं संतुलित खान-पान तथा पशु इलाज में बीमारियों से बचाव एक महत्वपूर्ण पहलू है। पशुओं मे घातक बीमारी से पूर्व इलाज होना जरूरी है। आज के दैनिक मँहगाई के जीवन मे पशुओं के दाम इतने बढ गये है कि एक भी गाय/भैंस (पशु) के मरने पर परिवार की स्थिति डगमगा जाती है। कभी - कभी पशुओं के लगातार 2-3 वर्ष गर्भ धारण न करने पर भी आर्थिक नुकसान होता है। अत पशुपालन को दूध की दृष्टि से व्यवसाय मे लेना चाहिए। इससे पशुओं के अच्छे प्रबध एवम् संतुलित खान-पान से आधे से अधिक बीमारियाँ स्वत समाप्त हो जाती है। वर्तमान समय मे क्रास बीड की गायों के रख-रखाव एवम् पालने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लेकिन अधिकतर गाये क्रास बीड जर्सी एवम् एच0एफ0 गाये खराब हो जा रही है तथा वर्षो गाभिन नहीं होती है, विना दुग्धोत्पादन के रहती है। मृत्युदर भी अधिक है जिसके कारण कृषकों को क्रास बीड के जानवर पालने मे झिझक होने लगी है। अत अधिक दुग्धोत्पादन के लिए क्रास बीड की गायों को पालने मे वर्ष मे पेट मे होने वाले कीडों की दवा पिलानी चाहिए। दूसरा क्रास बीड गायो का शरीर जू एवं किलनी रहित होना चाहिए। तीसरा गन्दे पानी पीने से पेट मे कीडे के प्रवेश को बचाने हेतु गायों को स्वच्छ पानी दिया जाय। चौथा पशुओं के स्थान को माह मे कम से कम एक बार डी0डी0टी0 या गैमक्सीन से साफ करना चाहिए। पाँचवा पशुओं को संतुलित आहार दे। छठा पशुओं मे बीमारियों से बचाव हेतु समय-समय पर टीके लगवायें। क्रास बीड गायों को लगने वाले टीकों का विवरण निम्नवत् है।

तालिका 8 18

क्रास बीड गायों को लगने वाले टीकों का विवरण

क्रम संख्या	बेक्सीन का नाम	प्रथम टीकाकरण	मात्रा	अवधि
1-	रक्षा एच0एस0 वेक्सीन	4 माह के बाद	2 एम0एल0 मॉस मे	वार्षिक
2-	रक्षा बी0क्यू0 वेक्सीन	4 माह के बाद	2 एम0एल0 मास मे	वार्षिक
3-	रक्षा एफ0एम0डी0 वेक्सीन	3 माह के बाद	3 एम0एल0 खाल के नीचे	6 माह मे
4-	आर0पी0 वेक्सीन	3 माह के बाद	1 एम0एल0 खाल के नीचे	वार्षिक
5-	एन्थ्रेक्स स्पोर वेक्सीन	4 माह के बाद	1 एम0एल0 खाल के नीचे	वार्षिक
6-	ब्रसेला वेक्सीन स्टेन - 19	6 माह के बाद	5 एम0एल0 खाल के नीचे	वार्षिक

उपरोक्त के आधार पर हम कह सकते है कि तथागत वर्तमान आर्थिक दौड मे हमारे किसान भाई बहुत पीछे है। हमारी गरीबी का मुख्य कारण हम सब मे आत्म सोच व आत्म विश्वास की कमी है। सभी साधन मेरे पास सुलभ है, कार्यरूप देने की बात है। अत हम सभी को दुग्ध सघ के माध्यम से कृषक भाइयों को आर्थिक स्रोत के जीविकोपार्जन हेतु रोजगार सुलभ कराने हेतु अच्छी नस्ल की गायों व भैसों को पालने हेतु अधिक दुग्धोत्पादन हेतु प्रोत्साहन देना चाहिए। इलाहाबाद डेरी उद्योग हर किसान के लिए आय का स्रोत मुहैया कराने का सबसे सरल एवम् कम लागत का स्रोत है। इसी कार्यक्रम का व्यापक पैमाने पर चलाकर सफल बनाने का जो अभियान चलाया जा रहा है। इसी को श्वेत क्रान्ति के नाम से जाना जा रहा है। इस श्वेत क्रान्ति को सहकारिताधार पर ग्रामीण अचलों मे लाने के लिए भारत सरकार ने राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के माध्यम से देश के कोने-कोने मे आपरेशन फ्लड योजना चलाया है। प्रत्येक जिले मे विभिन्न दुग्ध सघों के माध्यम से तथा प्रदेश स्तर पर प्रादेशिक कोआपरेटिव डेरी फेडरेशन के माध्यम से इसका सचालन किया जाता है। इस योजना मे ग्रामीण अचलों मे दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का गठन आनन्द पद्धति पर किया जाता है। इसमे प्रत्येक जाति-पाति, धर्म, छोटा-बडा आदि भेदभाव को भुलाकर मात्र दुग्धोत्पादक के हेसियत से खुली सदस्यता सुलभ होती है। इन दुग्ध सहकारी समितियों का सचालन दुग्ध उत्पादक स्वय अपने द्वारा निर्वाचित प्रबध कमेटी के माध्यम से करते है। सत्र 1994-95 का दुग्ध पदार्थ दर व आय-व्यय निम्न है ।

तालिका 8 19

सत्र 1994-95 का दुग्ध पदार्थ दर व आय-व्यय निम्न प्रस्तावित उपार्जन दर/समिति इ0दु0उ0स0स0लि0, इलाहाबाद द्वारा प्रस्तावित दुग्ध/दुग्ध पदार्थ की विक्री

1994-95	औसत दर	फ्रंट प्रति किलो	एस0एन0एफ0 प्रति किलो	टोड दूध प्रति किलो	फुल क्रीम दूध प्रति किलो	घी प्रति किलो	मक्खन प्रति किलो	पनीर प्रति किलो
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अप्रैल 94	6 50	52	34 66	7 70	9 70	80 00	85 00	50 00
मई 94	6 50	52	34 66	8 70	10 70	80 00	85 00	60 00
जून 94	7 00	56	37 33	8 70	10 70	80 00	85 00	60 00
जुलाई 94	7 00	56	37 33	8 70	10 70	80 00	85 00	60 00
अगस्त 94	6 50	52	34 66	8 20	9 70	75 00	85 00	50 00
सितम्बर 94	6 50	52	34 66	8 20	9 70	75 00	85 00	50 00
अक्टूबर 94	6 50	52	34 66	8 20	9 70	75 00	85 00	50 00

	2	3	4	5	6	7	8	9
नवम्बर 94	6 00	48	32 00	8 00	9 70	75 00	85 00	50 00
दिसम्बर 94	6 00	48	32 00	8 00	9 70	75 00	85 00	50 00
जनवरी 95	6 00	48	32 00	8 00	9 70	75 00	85 00	50 00
